RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 39
लखनऊ, शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





अय्यर ने भारत को संभाला
स्पोर्ट्स-10


# अंतरराष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है उत्तर प्रदेश: प्रधानमंत्री

- कहा, हमारी राष्ट्र भक्ति के सामने कुछ राजनीतिक दलों की स्वार्थ नीति कभी नहीं टिक सकती
- मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमानतल की आधारशिला रखी

**भाषा।** जेवर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमानतल की आधारशिला रखी और केंद्र तथा उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्हें राज्य के इस पश्चिमी हिस्से के विकास को नजरअंदाज करने का दोषी ठहराया। भारत के विकास को बाधित करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और दावा किया कि उनकी राष्ट्र भक्ति के आगे कुछ राजनीतिक दलों की स्वार्थ नीति कभी नहीं टिक सकती। प्रधानमंत्री ने विमानतल की आधारशिला रखने के बाद वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों ने कैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को नजरअंदाज किया, उसका जीता-जागता उदाहरण जेवर विमानतल है। उन्होंने कहा कि दो दशक पहले उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस परियोजना का सपना देखा था लेकिन बाद में यह विमानतल कई सालों तक दिल्ली और लखनऊ की सरकारों की खींचतान में उलझा रहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने तो बाकायदा चिट्ठी लिखकर तत्कालीन केंद्र सरकार को इस परियोजना को बंद करने को कह दिया था। उन्होंने कहा, अब डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से आज हम उसी विमानतल के भूमि पूजन के साक्षी बन रहे हैं। केंद्र व राज्य में एक ही दल की सरकार को आम तौर पर भाजपा की ओर से डबल इंजन की सरकार कहा जाता है। विपक्षी दलों पर प्रधानमंत्री ने स्वार्थ को सर्वोपरि रखने का आरोप लगाया और कहा कि इसके उलट भाजपा-नीत सरकारों का मंत्र सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास रहा है। उन्होंने कहा, हमारे देश में कुछ राजनीतिक दलों ने हमेशा अपने स्वार्थ को सर्वोपरि रखा है। इन लोगों की सोच रही है... अपना स्वार्थ, सिर्फ अपना... खुद का परिवार, या जहां रहते हैं उस इलाके का... उसी को वो विकास मानते थे। जबकि हम राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलते हैं। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास, यही हमारा मंत्र है। उन्होंने कहा, देश के लोग गवाह हैं... बीते कुछ हफ्तों में कुछ राजनीतिक दलों द्वारा किस तरह की राजनीति हुई, लेकिन भारत विकास के रास्ते से नहीं हटा। विगत एक महीने में देश के अलग-अलग हिस्सों में विकास योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी राष्ट्रभक्ति के सामने... हमारी राष्ट्र सेवा के सामने... कुछ राजनीतिक दलों ( शेष पेज 9 )



नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के शिलान्यास समारोह में एक प्रदर्शनी देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## इस हवाईअड्डे से एक लाख नौकरियां पैदा होंगी: सिंधिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नागर** विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्देश था कि एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश में बनाया जाए और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से एक लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सिंधिया यहां जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में बनने वाले हवाई अड्डा पर 34,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा और ग्रीनफील्ड परियोजना के पहले चरण के 2024 में पूरा होने की उम्मीद है और इसकी क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। सिंधिया ने कार्यक्रम में कहा कि विकास के आखिरी चरण तक, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी पीछे छोड़ देगा और भारत का प्रमुख हवाई अड्डा बन जाएगा।

## पश्चिमी उप्र के विकास को मिलेगी नई ऊंचाई: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश को यह फैसला करना होगा कि गन्ने की मिठास बढ़ेगी या पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के अनुयाई उत्पात मचाएंगे। योगी ने कहा कि जेवर विमानतल के बन जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को एक नई ऊंचाई मिलेगी और यहां के किसानों द्वारा पैदा किए गए गन्ने की मिठास को अंतरराष्ट्रीय उड़ान मिलेगी।

आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में गौतम बुद्ध नगर के जेवर इलाके में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आधारशिला रखे जाने के लिए आयोजित समारोह में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के मार्ग पर अग्रसर है। भाजपा नेता ने बिना किसी विवाद के हवाई अड्डे के लिए अपनी भूमि के अधिग्रहण की अनुमति देने वाले 7,000 से अधिक किसानों का भी धन्यवाद किया। आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक बहुप्रतीक्षित क्षण है। उन्होंने कहा कि यहीं से किसानों ने गन्ने से क्षेत्र में मिठास बढ़ाने की पहल शुरू की थी।

उन्होंने हजारों लोगों की सभा को संबोधित करते हुए कहा, कुछ लोगों ने गन्ने की मिठास को कड़वाहट में बदल कर यहां दंगों की एक श्रृंखला खड़ी की थी। आज देश को फैसला करना है कि क्या वह गन्ने की मिठास बढ़ाएगा या जिन्ना के अनुयायियों से फिर दंगा करने की अनुमति देगा। आदित्यनाथ ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को जन कल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाना हो या विकास के लिए नए बुनियादी ढ़ांचों का निर्माण करना हो या फिर लोगों की आस्था का सम्मान करना हो, उत्तर प्रदेश मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूरी धारणा बदलकर यह ( शेष पेज 9 )

## भाजपा किसानों के प्रति संवेदनशील इसलिए कृषि कानून वापस लिए

- रक्षामंत्री ने सपा शासन को गुंडों और माफियाओं की सरकार बताया

**संवाददाता।** सीतापुर



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों को वापस ले लिया क्योंकि भाजपा किसानों के प्रति बहुत संवेदनशील है। सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारी पार्टी हमेशा किसानों के प्रति संवेदनशील रही है, इसलिए हमारे प्रधानमंत्री ने कृषि कानूनों को वापस ले लिया है।

हमारी पार्टी कभी भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की तरह किसानों और राम भक्तों पर गोलियां नहीं चला सकती। समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वह विभाजनकारी राजनीति में विश्वास करती है क्योंकि उनके नेता जिन्ना के बारे में बात करते हैं जो देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने कहा कि यहां तक कि मुस्लिम समाज ने भी इसके लिए समाजवादी पार्टी की निंदा की।

उन्होंने सपा के शासन को गुंडों और माफियाओं की सरकार करार देते हुए कहा कि आज योगी का नाम सुनते ही गुंडों और माफियाओं की धड़कनें तेज हो जाती हैं, यह उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कंधे पर हाथ रखकर चल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वायरल तस्वीर का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, ऐसा लग रहा था कि प्रधानमंत्री, योगी के कान में फुसफुसा रहे हैं कि बस योगी जी बल्लेबाजी करते रहो और भाजपा की जीत ( शेष पेज 9 )

## दक्षिण अफ्रीका में मिला कोरोना वायरस का नया वैरिएंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूरोप** के कई देशों में तेजी से कोविड-19 संक्रमण मामलों में उछाल और दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना में उभरे कोरोना वायरस के नए घातक संस्करण को लेकर ब्रिटिश विशेषज्ञों ने खतरे की घंटी बताया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कोविड का यह नया संस्करण वायरस का सबसे नया उत्परिवर्तित (म्यूटेंट) स्वरूप है। दक्षिण अफ्रीका में पिछले साल कोविड वायरस के बीटा संस्करण का पता चला था। हालांकि अभी तक सबसे अधिक लोग डेल्टा संस्करण से संक्रमित हुए, जो मूल रूप से पहली बार भारत में पाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार बोत्सवाना में मिला कोविड वायरस के नए संस्करण में 32 बार म्यूटेट (उत्परिवर्तित) होते हैं, जिनमें से कई तेजी से फैलने वाला और वैक्सीन प्रतिरोधी है। इसके अलावा स्पाइक प्रोटीन में किसी भी अन्य प्रकार की तुलना में तेजी से बदलाव होता है। केवल 10 मामलों में स्ट्रेन का अब तक पता चला है।

## ईडब्ल्यूएस के लिए आय सीमा पर फिर से गौर करेगा केंद्र

**नीट आरक्षण**

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने नीट परास्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले में आरक्षण को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की श्रेणी निर्धारित करने के लिए आठ लाख रुपए सालाना आय की तय सीमा पर फिर से गौर करने का फैसला लिया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से बताया कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी निर्धारित करने के लिए मानदंड तय करने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी और समिति को यह काम करने के लिए चार हफ्तों का वक्त लगेगा।

मेहता ने कहा कि अदालत में पहले दिए आश्वासन के अनुसार नीट (पीजी) काउंसिलिंग और चार हफ्तों के लिए स्थगित की जाती है। शीर्ष न्यायालय छात्रों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जिसमें मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) में चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए केंद्र तथा मेडिकल काउंसिलिंग कमिटी के 29 जुलाई के नोटिस को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण बहुत सक्षम और प्रगतिशील प्रकार का आरक्षण है और सभी राज्यों को केंद्र के इस प्रयास में उसका समर्थन करना चाहिए।

पीठ ने कहा कि एकमात्र सवाल यह है कि श्रेणी का निर्धारण वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए और वह इसकी सराहना करती है कि केंद्र ने पहले से तय मानदंड पर फिर से गौर करने का फैसला किया है। याचिकाकर्ताओं (छात्रों) की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि चूंकि काफी समय बीत गया है तो केंद्र को अगले अकादमिक वर्ष के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण के ( शेष पेज 9 )

## प्रयागराज में एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रयागराज** जिले के गंगापार स्थित फाफामऊके लाल मोहन गंज गांव में बुधवार की रात एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने बताया कि लाल मोहन गंज गांव में कल रात एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई, ऐसा दिखाई दे रहा है कि चारों के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है,। पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतकों की पहचान फूलचंद (50), पत्नी मीनू देवी (45), बेटी सपना (17) और बेटा शिवा (13) के रूप में की ( शेष पेज 9 )

## बसपा विधानमंडल दल के नेता जमाली ने दिया इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजमगढ़** जिले की मुबारकपुर विधानसभा से बसपा के विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने गुरुवार को अपने पद व पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। शाह आलम ने अपना इस्तीफा बसपा सुप्रीमो मायावती को भेज दिया है। दो दिन पूर्व गुड्डू जमाली को सबसे अधिक संपत्ति वाले विधायकों की सूची में एडीआर ने सबसे ऊपर रखा था।

इनके पास 118 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई गई थी। विधायक के रूप में गुड्डू जमाली का यह दूसरा कार्यकाल है। इससे पूर्व 2012 के विधानसभा चुनाव में भी मुबारकपुर विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। हाल ही में लालजी वर्मा व राम अचल राजभर को पार्टी से निष्काषित कर दिए जाने के बाद मायावती ने गुड्डू जमाली को नेता विधानमण्डल दल बनाया था। मायावती को भेजे गए पत्र में शाह आलम ने मायावती के साथ 21 नवम्बर 2021 की मीटिंग का जिक्र किया है।

जिसमें उनका कहना है कि मेरी पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी के बाद भी आप संतुष्ट नहीं हैं और मीटिंग के दौरान हमारे बीच हुई कई बातों पर विचार करने के बाद अब मैं यही उचित समझता हूं कि यदि मेरी नेता मुझसे या मेरे कार्यों से संतुष्ट नहीं हैं या ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,795 | ↑ | 454 | |
| निफ्टी | 17,536 | ↑ | 121 | |
| सोना | 46,625 | ↑ | 195 | /10g |
| चांदी | 61,763 | ↑ | 569 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### एडीबी ने टीके के लिए भारत को 1.5 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक(एडीबी) ने कोविड-19 रोधी टीके खरीदने के लिए भारत को 1.5 अरब डॉलर (लगभग 11,185 करोड़ रुपए) के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने कहा कि कोविड रोधी टीके की खरीद के लिए एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक से अतिरिक्त 50 करोड़ डॉलर का सह-वित्त दिए जाने की उम्मीद है। वहीं केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने वाले या इन देशों के रास्ते आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी स्क्रीनिंग और जांच की जाए। इन देशों में कोविड-19 के गंभीर जनस्वास्थ्य प्रभावों वाले नए स्वरूप सामने आने की सूचना है।

## एनएफएचएस सर्वेक्षण: भारत में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में जनसांख्यिकीय बदलाव का संकेत देते हुए पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो गई है तथा लिंगानुपात 1,020 के मुकाबले 1,000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) -5 के निष्कर्षों से मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि लिंगानुपात 1000 को पार कर जाने के साथ ही हम कह सकते हैं कि भारत विकसित देशों के समूह में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका श्रेय महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उपायों जैसे वित्तीय समावेश और लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से निपटने आदि को है। जन्म के समय का लिंगानुपात भी 2019-20 में 929 हो गया जो 2015-16 में 919 था। यह उठाए गए विभिन्न कदमों और संबंधित कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। वर्ष 2005-06 में कराए गए राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 में यह अनुपात 1000:1000 था जो 2015-16 (एनएचएफएस-4) में घटकर 991:1000 पर आ गया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत एवं 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए जनसंख्या, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पोषण और अन्य विषयों के प्रमुख संकेतकों से जुड़े तथ्य एनएफएचएस -5 के चरण दो के तहत 24 नवंबर को जारी किए। पहले चरण में शामिल 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एनएफएचएस-5 के तथ्य दिसंबर, 2020 में जारी किए गए थे। एनएफएचएस-5 के अनुसार, देश में 88.6 प्रतिशत जन्म (सर्वेक्षण से पहले के पांच साल में) अस्पताल में हुए। अधिकारियों ने कहा कि एनएफएचएस -4 (78.9 प्रतिशत) के बाद से महत्वपूर्ण वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि भारत सार्वभौमिक संस्थागत जन्म की ओर बढ़ रहा है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों में कहा गया है कि देश में कुल प्रजनन दर (प्रति महिला बच्चे) प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर पर पहुंच गई है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय उपलब्धि है। 2015-16 में कुल प्रजनन दर 2.2 थी जो 2019-21 में प्रति महिला 2.0 बच्चों तक पहुंच गई है। इसका मतलब है कि महिलाएं अपने प्रजनन काल में पहले की तुलना में ( शेष पेज 9 )

## पनडुब्बी आईएनएस वेला सेवा में शामिल

**भाषा।** मुंबई

**देश** की नौसैन्य शक्ति में और बढ़ोतरी करते हुए भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी आईएनएस वेला को यहां बृहस्पतिवार को सेवा में शामिल किया और नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने इसे सभी प्रकार के पनडुब्बी अभियान करने में सक्षम एक शक्तिशाली मंच बताया। भारतीय नौसेना को कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी प्रोजेक्ट-75 के तहत कुल छह पनडुब्बियों को सेवा में शामिल करना है। आईएनएस वेला सेवा में शामिल की गई इस श्रेणी की चौथी पनडुब्बी है। इससे पहले, नौसेना ने 21 नवंबर को युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम को सेवा में शमिल किया था। इस प्रकार नौसेना को एक सप्ताह में आईएनएस विशाखापट्टनम के बाद आईएनएस वेला के रूप में दो उपलब्धियां हासिल हुई हैं। नौसेना प्रमुख ने पनडुब्बी को सेवा में शामिल किए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम ( शेष पेज 9 )




# 29 सितंबर 2024 से संचालित होगी पहली उड़ान

## भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा जहां कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हवाईअड्डे** के लिए आवश्यक करीब 6200 हेक्टेयर जमीन में से पहले चरण के निर्माण के लिए 1334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण और सभी प्रकार की स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकीं हैं। निर्माण करने वाली कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की भारतीय इकाई ने निर्माण की पूरी योजना तैयार कर ली है। पहले चरण में एक रनवे एवं एक टर्मिनल के साथ निर्माण शिलान्यास के 1095 दिनों के भीतर किया जाएगा।

इसके बाद 29 सितंबर 2024 में पहली यात्री अथवा कार्गो उड़ान संचालित होने लगेगी। सरकार ने निर्माण की समयावधि को लेकर बहुत कठोर शर्तें रखीं हैं। निर्माण में देरी होने पर कड़े दंडात्मक प्रावधान रखे हैं। जमीन के अधिग्रहण के पश्चात 3002 परिवारों के पुनर्वास का कार्य भी पूरा हो गया है। सबको वैकल्पिक भूमि एवं आवास प्रदान किया जा चुका है। विमानों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए भी अलग से बड़ा भूभाग आवंटित किया गया है। इससे पहले एमआरओ के लिए विमानों को विदेश भेजना पड़ता था लेकिन अब नोएडा में ये सुविधा हो जाएगी। यह भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा। जहां कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य होगा। जेवर के अलावा गोवा और नवी मुंबई के हवाई अड्डे भी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे होंगे। इस हवाई अड्डे के अंतर्गत एक ऐसा समर्पित भूखंड चिन्हित किया है जहां परियोजना स्थल से हटाये जाने वाले वृक्षों को लगाया जायेगा। इस तरह उसे जंगलमय पार्क का रूप दिया जायेगा। एनआईए वहां के सभी मूल जीवजंतुओं की सुरक्षा करेगा और हवाई अड्डे के विकास के दौरान प्रकृति का पूरा ध्यान रखा जायेगा।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण के निर्माण की लागत 4588 करोड़ रुपए की होगी जो निवेशक कंपनी व्यय करेगी जबकि भूमि अधिग्रहण की लागत 4326 करोड़ आयी है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार वहन कर रही है। इस प्रकार प्रथम चरण की कुल लागत 8914 करोड़ रुपए आयी है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार पूरी परियोजना की निर्माण लागत 29 हजार 560 करोड़ रुपए की होगी। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे एनआईए के साथ उत्तर प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य होगा जहां पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। कुशीनगर हवाई अड्डे का हाल में उद्घाटन हो चुका है और अयोध्या में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण-कार्य चल रहा है। लखनऊ एवं वाराणसी पहले ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में काम कर रहे हैं।

# वित्तमंत्री सीतारमण आज करेंगी प्रत्यक्ष कर भवन का उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लखनऊ में केंद्रीय अप्रत्क्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अलंकरण समारोह-2021 के अवसर पर विजेताओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री लखनऊ के नवनिर्मित कार्यालय प्रत्यक्ष कर भवन का उद्घाटन भी करेंगी वर्ष 2017 में भवन निर्माण के लिए मेसर्स एनबीसीसी के साथ समझौता जापन पर हस्ताक्षर किए गए। अंतिम रूप वर्ष 2020 को एनबीसीसी से इस भवन का कब्जा लिया गया। यह भवन सर्वोत्तम वैश्विक तकनीक द्वारा निर्मित किया गया है। 86483 वर्ग फीट की भूमि पर बना यह भवन 7 मंजिला है। जिसमें से भवन का निर्मित क्षेत्रफल 21527 वर्ग फीट है और सभी सात मंजिलों के लिए निर्मित क्षेत्रफल अनुमानत: 130000 वर्ग फीट है जिसमें से दो बेसमेंट एवं रिकार्ड रूमद्ध बनाए गए हैं। इस भवन में अनुमानत: 150 अधिकारियों एवं 350 कर्मचारियों के बैठने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त इस भवन में 180 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक प्रेक्षागृह और 3 सम्मेलन कक्ष भी हैं। 7वीं मंजिल पर एक अतिथि गृह है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 2 सुइट बनाए गए हैं और अन्य अधिकारियों के लिए 9 कमरों के साथ साथ उस तल पर जिम, रीडिंग लाउंज एवं अत्याधुनिक किचन बना है। भवन में एक बड़ी लाइब्रेरी एवं महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रेच की सुविधा भी उपलब्ध है। भवन में स्थापित सौर पैनलों के माध्यम से अनुमानत: 20 प्रतिशत बिजली उत्पन्न होती है। यह भवन पारिस्थितिक तंत्र में बिना कोई अवरोध उत्पन्न किए पारिस्थितिक अनुकूल भवन है। भवन में बैठने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधाओं के साथ बिना कोई समझौता किए भवन में कम से कम ऊर्जा एवं पानी की खपत की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में प्रत्यक्ष कर भवन परिसर की सुरक्षा एवं संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा कांट्रैक्ट पर लिए गए सुरक्षा गार्डों के अतिरिक्त पीएसी की एक चौकी भी स्थापित की गई है।

# 44 जिले पूरी तरह संक्रमण मुक्त घोषित

**लखनऊ।** ठोस रणनीति के दम पर यूपी ने कम समय में कोरोना संक्रमण पर तेजी से लगाम लगाई है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 135398 टेस्ट किए गए जिसमें 6 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। प्रदेश के 44 जिलों में एक भी सक्रिय केस के बीते दिन पुष्टि नहीं हुई वहीं 71 जिलों में एक भी नया संक्रमण का मामला सामने नहीं आया। इस अवधि में 7 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 91 पहुंच गई है। प्रदेश में टीकाकरण को तेजी से बढ़ाने के लिए क्लस्टर मॉडल, स्कूल कॉलेजों में टीकाकरण कैंप, गांवों में अधिक बूथ, कोरोनारोधी टीकाकरण से कोई न छूटे, इसके लिए जिला संयुक्त अस्पताल में रात दस बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार को हर जिले में एक केंद्र पर रात दस बजे तक टीकाकरण कराए जाने के निर्णय से भी गति मिली है। प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक नई रणनीति के तहत टीके की डोज दी जा रही है। अब तक प्रदेश में 15 करोड़ 42 लाख 43 हजार 985 टीकाकरण किया जा चुका है जिसमें 10 करोड़ 82 लाख को पहली डोज और 4 करोड़ 59 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा लखनऊ में भूखण्ड संख्या-10-B/776, वृंदावन योजना-2 लखनऊ में बंधक किया जा रहा है। उक्त भूखण्ड का मूल आवंटन पत्र भूखण्ड स्वामी पंकज कुमार पाल द्वारा कहीं खो गया है। इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्था/बैंक को कोई आपत्ति/हित हो वह 7 दिनों के भीतर इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ में आपत्ति/हित दर्ज करा सकता है। -शाखा प्रबन्धक इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा लखनऊ में EWS भवन संख्या-B-2197 इन्दिरा नगर लखनऊ में बंधक किया जा रहा है। उक्त भूखण्ड का मूल नामान्तरण पत्र संख्या 7752/स.प्र.न. दिनांकित 27.09.1999 जिसके द्वारा श्री एस.एन. सिंह का नाम काट करके श्री श्रीप्रकाश सिंह के नाम उक्त सम्पत्ति दर्ज की गयी थी जो भवन स्वामिनी श्रीमती उमा देवी द्वारा कहीं खो गया है। इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्था/बैंक को कोई आपत्ति/हित हो वह 7 दिनों के भीतर इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ में आपत्ति/हित दर्ज करा सकता है। -शाखा प्रबन्धक इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ

# यूपी को मिलेगी मुफ्त राशन की डबल डोज

● केंद्र सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त राशन अभियान को मार्च तक बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के 15 करोड़ से अधिक राशन कार्ड धारकों को सरकार मुफ्त राशन की डबल डोज देने जा रही है। यूपी के लोगों को राशन दुकानों से दोगुना मुफ्त राशन मिलेगा। योगी सरकार के बाद केंद्र सरकार ने भी पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त राशन वितरण अभियान को मार्च तक बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार के फैसले के बाद अब यूपी के पात्र कार्ड धारकों को हर महीने 10 किलो राशन मुफ्त मिलेगा। केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मार्च 2022 तक बढ़ा दिया है। राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार गेहूं और चावल मुफ्त मिलेगा। दाल, खाद्य तेल और नमक भी मुफ्त दिया जाएगा। कोविड काल से चल रहे मुफ्त राशन वितरण के जरिये सरकार आर्थिक रूप से कमजोर गरीबों, मजदूरों को बड़ा सहारा देने की योजना पर काम कर रही है। महामारी के दौर में शुरू हुई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नवंबर में खत्म हो रही थी इसको देखते हुए सीएम योगी ने 3 नवंबर को अयोध्या में राज्य सरकार की ओर से होली तक मुफ्त राशन वितरण की घोषणा की थी। अंत्योदय राशन कार्डधारकों और पात्र परिवारों को दिसंबर से दोगुना राशन वितरण किया जाएगा। अंत्योदय अन्न योजना के तहत लगभग 13007969 इकाइयां और पात्र घरेलू कार्डधारकों की 134177983 इकाइयां प्रदेश में है। केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से कोरोना काल के दौरान शुरू हुए राशन वितरण में अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021 तक कुल 122 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित कर रिकार्ड कायम किया गया था। इसमें राज्य सरकार की ओर से अप्रैल 2020 से अगस्त 2021 तक 2339556.740 मीट्रिक टन अनाज वितरित किया गया जबकि पीएमजीकेएवाई के तहत अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021 तक 9853889.085 मीट्रिक टन राशन बांटा गया था।

# समय से जागे होते तो नहीं होती पीड़ा

## अखिलेश यादव व मायावती के ट्वीट का सिद्धार्थनाथ सिंह ने दिया जवाब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने गुरुवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखे तंज कसे। अखिलेश के जेवर एयरपोर्ट को लेकर किए गए ट्विीट पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि मैं सोच ही रहा था कि जेवर पर अभी तक कोई ट्वीट क्यों नहीं आया, अखिलेश जी समय से जग गए होते तो आज जिस विश्व के चौथे सबसे बड़े एयरपोर्ट के शिलान्यास से आपको पीड़ा हो रही है वहां से आप उड़ान भर रहे होते।

दरअसल अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में कहा था कि अगर सपा सरकार के समय फिरोज़ाबाद में प्रस्तावित एयरपोर्ट बनने की अनुमति केंद्र की भाजपा सरकार ने रोकी न होती तो इस समय जेवर के साथ चूड़ियों को भी जुड़ने का मौका मिलता और उप्र का वैकासिक शृंगार पूर्णता की ओर बढ़ता। यही नहीं इससे पहले भी कई बार अखिलेश यादव प्रदेश में योगी सरकार के विकास कार्यों को खुद के काम बताने की झूठी कोशिश करते रहे हैं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बसपा अध्यक्ष मायावती पर जेवर हवाई अड्डे के शिलान्यास पर किये गये निरर्थक विलाप पर तीखा तंज किया है। उन्होंने कहा कि मायावती ने तो नाच न आये आंगन टेढ़ा की कहावत चरितार्थ कर दी है। तत्कालीन केंद्र सरकार पर दोषारोपण करके अपनी सरकार के नकारेपन से नहीं बच सकती हैं। सिद्धार्थ नाथ ने कहा मायावती जी आपकी सरकार के पॉलिसी पैरालैसिस की तरह योगी सरकार ठहरी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित हो रहे सैकड़ों प्रोजक्ट में से जेवर भी एक प्रोजेक्ट मात्र है। विश्व के चौथे सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शिलान्यास पर विरोध रुपी राग अलापना सही नहीं।

## मथुरा में गैंगरेप को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**लखनऊ।** कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने मथुरा के कोसींकलां में दरोगा परीक्षा देकर वापस आ रही बेटी के साथ गैंगरेप की घटना पर भाजपा की योगी अदित्यनाथ सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश की भाजपा सरकार की कानून ब्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मोना ने कहा कि प्रदेश में दिन पर दिन अपराध बढ़ते चले जा रहे हैं बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में कोई दिन नहीं जाता जब महिलाओं के साथ घटनाएं न घटित हो रही हों। यह घटना दिखाती है कि प्रदेश में दिन में भी चलना सुरक्षित नहीं रहा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ रात 12 बजे सुरक्षा का वादा कर रहे थेए प्रदेश को नंबर वन बताकर झूठा प्रोपोगेंडा फैलाते रहे। गृहमंत्री अमित शाह दूरबीन लेकर अपराध ढूंढ रहे हैं लेकिन जिम्मेदार पद पर बैठकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को प्रदेश अपराध का जंगलराज और महिलाओं पर अत्यचार दिखाई नही देता। गृहमंत्री दूरबीन नहीं अपने विभाग के आंकड़ों पर नजर डाल लीजिए भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते महिला अपराध में उप्र नंबर1 बन गया, कोई दिन नहीं जाता जब महिलाओं के साथ बलात्कार ना होता हो घटनाएं न होती हों।

## संदीप सालुंके बने डीजी राज्य मानवाधिकार आयोग

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वर्ष 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी संदीप सालुंके को उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के डीजी पद पर नियुक्ति प्रदान की है। सालुंके के अभी तक डीजी, एडीजी तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश के पद पर कार्यरत थे।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या: 234 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 ओम मेडिकल स्टोर, प्रो0 श्री अभिषेक कुमार ठाकुर पुत्र श्री लल्लन ठाकुर, 724/सेक्टर-17, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
2. श्री अभिषेक कुमार ठाकुर पुत्र श्री लल्लन ठाकुर, नि0 724/सेक्टर -17, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
3. श्रीमती सोनी राय पत्नी श्री अभिषेक कुमार ठाकुर, नि0 724/सेक्टर -17, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या: 238 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 अम्बा हेल्थ केयर प्रोडक्टस्, प्रो0 श्री मुकेश श्रीवास्तव, प्लाट सं0 37, निजामपुर, मल्लौर निकट एमेटी कैम्पस, लखनऊ।
2. श्री मुकेश श्रीवास्तव, नि0 प्लाट सं0 37, निजामपुर, मल्लौर, निकट एमेटी कैम्पस, लखनऊ।
3. श्रीमती ममता श्रीवास्तव पत्नी श्री मुकेश श्रीवास्तव, नि0 प्लाट सं0 37, निजामपुर, मल्लौर, निकट एमेटी कैम्पस, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

## सपा हर माह की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस मनाएगी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को प्रदेशवासियों से हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस के रूप मनाने की अपील की है जिससे बीजेपी का दलित विरोधी चेहरा बेनकाब हो सके। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश वासियों सपा व सहयोगी दलों से अपील है कि हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस मनाएं। उप्र की भाजपा सरकार ने पिछले साल 30 सितंबर को जिस अभद्र तरीक़े से बलात्कार पीड़िता के शव को जलाने का जो कुकृत्य किया था उसकी याद दिलाएं। जिससे भाजपा का दलित एवं महिला विरोधी चेहरा बेनक़ाब हो। गौरतलब है कि हाथरस के एक गांव में पिछले साल 14 सितंबर को 19 साल की युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। युवती की हालत बिगड़ने के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था जहां घटना के एक पखवाड़े बाद उसकी मौत हो गयी थी।

# मुलायम सिंह यादव से राजा भैया ने की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कहा, जन्मदिन की बधाई देने आया था चुनाव से जोड़कर न देखा जाए

**प्रतापगढ़** के कुंडा से निर्दलीय विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। करीब आधा घंटा की इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि इस मुलाकात को चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। मुलाकात के बाद राजा भैया ने कहा कि नेता जी के जन्मदिन पर मैं हमेशा मिलकर शुभकामनाएं देते रहा हूं लेकिन इस बार मैं बाहर था। इसलिए जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने नहीं आ पाया था। इसे चुनाव से जोड़कर न देखा जाए और न इसका कोई अलग से निहितार्थ निकाला जाए। गौरतलब है कि पिछले दिनों राजा भैया ने कहा था कि उनकी पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक यूपी में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और वहां से कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी जहां से योगी आदित्यनाथ उम्मीदवार होंगे। मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे राजा भैया पिछले काफी समय से अपनी पार्टी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं।

# नफरत की राजनीति करती है भाजपा: अखिलेश

● जनवादी सोशलिस्ट पार्टी की रैली में सपा अध्यक्ष ने बीजेपी पर जमकर साधा निशाना



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के पास नफरत के सिवाय और कुछ नहीं है। वे इसी की राजनीति करते हैं। वे भाईचारा और गंगा जमुनी संस्कृति को खत्म करना चाहते है। भाजपा ने लोगों का हक और सम्मान छीना है और अपमानित किया है। इस बार सन् 2022 में होने वाला चुनाव ऐतिहासिक होगा। इसमें भाजपा की ऐतिहासिक हार होगी।

अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में जनवादी पार्टी सोशलिस्ट की जनवादी जनक्रांति महारैली को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के अध्यक्ष डॉण् संजय चौहान ने अपने समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को सबक सिखाने के लिए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। भाजपा वोट लेती है हिस्सेदारी नहीं देती है। भाजपा सामाजिक न्याय नहीं चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज का नारा यही है कि भाजपा हटाओ प्रदेश बचाओ, नहीं चाहिए भाजपा। इस सरकार से हर वर्ग के लोग दु:खी हैं। इतना दु:ख और तकलीफ किसी सरकार ने नहीं दी। भाजपा ने जनसामान्य को परेशान कर दिया है। बाबा साहेब ने जो सपना देखा था वो सपना पूरा नहीं हुआ। खुशहाली का सपना तब पूरा होगा जब आपकी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा चौहान समाज विकास में बहुत पीछे छूट गया है। भाजपा ने उसे पीछे कर दिया है। उन्होंने चौहान समाज से साइकिल को जिताने की अपील की। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। धान की लूट हो गई है। किसान को धान की कीमत नहीं मिली। खाद का अभाव है।

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I have changed the name of my daughter Diksha and son Ojash to Diksha Patel and Ojash Patel. In future, they should be read and to be known by this name. Ravindra Kumar resident of SeniPur Sanganva, Fatehpur.

**कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी**

पत्रांक 245/न0पं0ब0/14वॉ वि0आ0/2021-22 दिनांक- 25.11.2021

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वॉं वित्त आयोग के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय खीरी के पत्र संख्या 742/21एम कार्यवृत्ति-बैठक-25.09.2021/एलबीसी, दिनांक 28.10.2021 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। तत्क्रम में पोर्टल पर ई-निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि कार्य हेतु अलग-अलग(सूची में उल्लिखित धनराशि के बराबर) RTGS/NEFT द्वारा नगर पंचायत बरवर के खाता संख्या 003500320000221, IFSC Code ICICOOKHIRI जिला सरकारी बैंक, बरवर में जमा कराकर, प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर ई-निविदा अपलोड होने की तिथि व समय | 29.11.2021 समय 12.00 बजे अपरान्ह से। |
| ई-निविदा खरीदने/व डालने की तिथि व समय | 29.11.2021 समय 01.00 बजे अपरान्ह से 21.12.2021 को समय 12.00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 22.12.2021 समय 01.00 बजे तक |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बरवर
(खीरी)

अध्यक्ष
नगर पंचायत बरवर
(खीरी)

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर**

पत्रांक - 1264/निविदा विज्ञापन/36 दिनांक : 25-11-2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु जी0एस०टी० विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा दिनांक-26.11.2021 की प्रातः 10:00 बजे से 02.12.2021 की सायं 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। अल्पकालीन निविदा की टेण्डर शुल्क जमा कर रसीद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशी निम्नानुसार की F.D.R./C.D.R./N.S.C. जो अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर के नाम बन्धक होगी, संलग्न करना होगा। बिना धरोहर एवं टेण्डर धनराशि निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर की धनराशि (रु0 में) | टेण्डर धनराशि (रु0) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हमीरपुर नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत सहायक अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 1.635 | 3500.00 | 200.00 | 30 दिन |
| 2 | हमीरपुर नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत जलकल अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 2.029 | 4100.00 | 250.00 | 30 दिन |
| 3 | राठ नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत सहायक अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 2.410 | 5000.00 | 300.00 | 30 दिन |
| 4 | मौदहा नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत जलकल अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 1.963 | 4000.00 | 250.00 | 30 दिन |
| 5 | सुमेरपुर नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत जलकल अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 1.654 | 3400.00 | 200.00 | 30 दिन |

अधिशासी अभियन्ता
जल संस्थान हमीरपुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 26 नवम्बर, 2021



# गोमती नगर से तीन जालसाज गिरफ्तार

## ● सेना में भर्ती कराने के नाम पर करते थे लाखों की ठगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सेना में भर्ती** कराने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले शातिर ठग व उसके दो साथियों को एसटीएफ ने गोमती नगर थाना क्षेत्र के कैप्टन मनोज पांडे चौराहे से गिरफ्तार किया। एसटीएफ मुख्यालय को 15 नवंबर से चालू आर्मी भर्ती में फर्जीवाड़ा करके अभ्यर्थियों से ठगी करने के गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। कार्रवाई के लिए एसटीएफ की कई टीमों को लगाया गया था। इस बीच 17 नवंबर को नारायण सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट लूणावासखारा थाना झांवर जोधपुर राजस्थान ने एसटीएफ मुख्यालय में उपस्थित होकर अपने पुत्र धर्मेन्द्र को आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले जिस गिरोह की आप तलाश कर रहे हैं वह लोग मनोज पाण्डेय चौराहे के पास बुलेरो गाड़ी से आये हैं तथा टीन शेड के पास कुछ लोगों से पैसे लेकर भर्ती कराने की बात कर रहे हैं। एसटीएफटीम ने बताए गए स्थान पर पहुंच कर सर्वेश कुमार, हरी सिंह और हरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। हिमांशु पुत्र अज्ञात साइबर कैफे की दुकान तोपखाना सदर बाजार लखनऊ का नाम भी पूछताछ के दौरान प्रकाश में आया है।

सर्वेश कुमार ने पूछताछ पर बताया कि बीती 16 नवंबर को अपने साथी हरी सिंह के साथ अपनी बुलेरो गाड़ी नं. यूपी-83 बीबी 0790 से लखनऊ सेंटर आया था। गाड़ी का चालक हरेन्द्र यादव है। नारायण सिंह से मुलाकात हुई और वह अपने लड़के को सेंटर के अंदर भर्ती कराने के लिए लाया था। उसका बेटा सेंटर के अन्दर था। नारायण सिंह सेंटर के बाहर खड़े थे। मेरे द्वारा नारायण सिंह से भर्ती के सम्बन्ध में बातचीत की जा रही थी। उसी दौरान चालक हरेन्द्र बुलेरो खड़ी करके हरी सिंह के साथ आ गया। नारायण सिंह से आर्मी में भर्ती कराने के लिए मेरे जानने वाले हिमांशु के खाते में दो लाख रुपये जमा करने की बात तय हुई। तब नारायण सिंह ने अपने पुत्र धर्मेन्द्र के कागज दिए। भर्ती का आश्वासन मिलने पर नारायण सिंह ने हिमांशु के एयरटेल पेटीएम बैंक खाता नं-1013062869 में एक लाख रुपया ट्रान्सफर कर दिए। हिमांशु यह काम 2 प्रतिशत कमीशन पर करता है। मैं वर्ष 2005 में एएमसी सेंटर असम रायफल डोगरा रेजीमेंट सेन्टर अयोध्या में भर्ती हुआ था। 2011 में अवकाश पर घर आया और बीमार हो गया उसके बाद वापस नौकरी पर नहीं गया। फौज ने केस किया था जिसके बाद मेरे द्वारा पहचान पत्र आर्मी को डाक से भेज दिया था जिसकी कलर फोटो बनवा ली थी। जिसका इस्तेमाल असली के रूप में करता था। फौज का परिचय पत्र दिखाकर विश्वास में ले लेता था एवं आर्मी में भर्ती कराने के नाम से बैंक आफइण्डिया के खाते में पैसा यूपीआई और चेक के माध्यम से लेता था। 16 नवंबर 2021 को नारायण सिंह से एक लाख रुपए, 23 नवंबर 2021 को स्वरूप कुमार सावंत से 25000 रुपए, सरकार से 50000 हजार रुपए, आनंद से 60000 रुपए लिये थे। गिरफ्तार अभियुक्त हरी सिंह ने पूछताछ पर बताया कि सर्वेश के कहने पर काम करता हूं। जो अभ्यर्थी फेल हो जाते हैं उनके अभिभावकों को झांसे में लेकर पैसा खाते में ट्रान्सफर करा लेते हैं। सर्वेश ने बुलेरो गाड़ी चलाने के लिए हरेन्द्र को रखा है। अभियुक्त हरेन्द्र यादव ने पूछताछ पर बताया कि दिल्ली में ट्रक चलाता हूं। कोई काम न होने के कारण सर्वेश के कहने पर बुलेरो गाड़ी चला रहा था। जिसके एवज में खाना एवं खर्चा देते हैं। धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 भादवि से अवगत कराकर हिरासत में लिया गया और मौके पर गिरफ्तारी मेमो तैयार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना कैण्ट में दाखिल किया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना कैण्ट पुलिस द्वारा की जा रही है।

# चालीस साल बाद हत्या का आरोपी किशोर घोषित

## ● तीन साल से हैं जेल में, हाईकोर्ट ने रिहा करने का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हत्या** के एक मामले में दोषी करार दिए गए 56 वर्षीय वृद्ध मुल्जिम को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 40 साल बाद किशोर घोषित किया है। पीठ ने इसकी अपील पर सुनवाई करते हुए पाया कि यह तीन साल से अधिक समय जेल में काट चुका है। पीठ ने इस पर इसी अवधि तक के कारावास की सजा सुनाते हुए उसे तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस विवेक वर्मा की पीठ ने यह आदेश संग्राम की ओर से दाखिल अपील पर दिया है। 25 नवंबर 1981 को अम्बेडकर नगर की सत्र अदालत ने मुल्जिम राम कुमार व संग्राम को हत्या के एक मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। आठ जनवरी 1981 को इस मामले की एफआईआर थाना इब्राहिमपुर में दर्ज हुई थी। उसी साल इस फैसले के खिलाफ दोनों की ओर से हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने अपील पर सुनवाई के दौरान संग्राम की एक अर्जी पर अम्बेडकरनगर की जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड को उसकी उम्र के निर्धारण पर जांच का आदेश दिया था। 11 अक्टूबर 2017 को बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि घटना के समय संग्राम करीब पंद्रह साल का था।

11 अक्टूबर 2018 को हाईकोर्ट ने अपील पर अपना फैसला सुनाया व दोनों अभियुक्तों की दोषसिद्धि बरकरार रखा लेकिन उनकी सजा आईपीसी की धारा 302 के तहत उम्र कैद से बदलकर आईपीसी की धारा 304 की उपधारा 1 के तहत दस साल कर दी। हाईकोर्ट के इस फैसले को संग्राम ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। कहा कि घटना के समय वह किशोर था लेकिन हाईकोर्ट ने बिना उस पर सुनवाई किए अपील को निस्तारित कर दिया। 27 अगस्त 2021 को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की पुर्नसुनवाई के लिए वापस हाईकोर्ट को भेज दिया।

हाईकोर्ट ने पुनः सुनवाई में पाया कि 11 अक्टूबर 2017 को बोर्ड ने जो रिपोर्ट भेजी थी उसके खिलाफ न तो वादी और न ही राज्य सरकार ने कोई आपत्ति की है। पीठ का कहना था कि किशोर साबित होने पर अपीलार्थी को अधिकतम तीन साल की ही सजा दी जा सकती है। संग्राम पहले ही तीन साल से अधिक समय की अवधि जेल में काट चुका है। पीठ ने बोर्ड की राय को मंजूर करते हुए अपीलार्थी को किशोर घोषित किया। कहा कि यदि वह किसी अन्य मामले में जेल मे न होए तो उसे तुरंत रिहा कर दिया जाए।

# राजधानी में डेंगू के 11 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। गुरुवार को डेंगू के 11 नए मरीज सामने आए है। यह मरीज इन्दिरानगर, अलीगंज, सिल्वर जुबली, टूडियागंज, एनके रोड, रेडक्रास, मलिहाबाद, चन्दरनगर, सरोजनीनगर, ऐशबाग क्षेत्र में आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू.मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा त्रिवेणीनगर द्वितीय, जानकीपुरम द्वितीय, कल्बे आबिद प्रथम, कल्बे आबिद द्वितीय, इस्माइलगंज, बाबू बनारसी दास, राजेन्द्रनगर, मालवीय नगर वार्ड के आस-पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। इन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है।

भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली करके साफकपडे से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बाह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की। आज कुल 3828 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 3 घर में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। आज जीका वायरस रोगियों के क्षेत्रान्तर्गत अर्बन सीएचसी रेडक्रास की टीम द्वारा सफदलबाग, कुर्मी टोला क्षेत्र में कुल 18 टीमों द्वारा 407 घरों में 2147 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन के अन्तर्गत नगर मलेरिया इकाई की टीम द्वारा एण्टी लार्वा का छिडकाव तथा नगर निगम की टीम द्वारा फॉगिंग का कार्य कराया गया।

# प्रापर्टी डीलर का अपहरण करने व रंगदारी वसूलने में दो और मुल्जिमों के खिलाफआरोप पत्र दाखिल

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा ने राजधानी के एक प्रापर्टी डीलर का अपहरण कर देवरिया जेल में मारने-पीटने व जबरिया रंगदारी वसूलने के मामले में मुल्जिम मो हमजा अंसारी व मो आमिर कुरैशी के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान ले लिया है। उन्होंने मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को मुकर्रर की है। गुरुवार को इस मामले के विवेचक व सीबीआई के सब इंसपेक्टर नीरज वर्मा ने यह आरोप पत्र दाखिल किया। अब तक इस मामले में पूर्व सपा सांसद अतीक अहमद व उसके बेटे मो उमर समेत 18 मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। 28 दिसंबर 2018 को इस मामले की एफआईआर रियल स्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी लेकिन 23 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी।

# 27 को प्रदेश में निकलेगा मशाल जुलूस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कर्मचारी शिक्षक** संयुक्त मोर्चा के अवाहन पर 27 नवम्बर को प्रदेश भर के कर्मचारी जनवरी 2020 से जुलाई 2021 तक के फ्रीज डीए का एरियर दिए जाने सहित 12 सूत्रीय मांगपत्र की पूर्ति को लेकर जनपद मुख्यालयों पर मशाल जुलूस निकालकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजेंगे। इस मशाल जुलूस में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद महत्वपूर्ण भागीदारी करेगा। इस बाबत गुरुवार को परिषद की बैठक अध्यक्ष सुरेश रावत की अध्यक्षता में बलरामपुर चिकित्सालय में सम्पन्न हुई।

बैठक के बारे में परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि मोर्चा के नेताओं द्वारा मांगों पर निर्णय करने के लिए निरंतर पत्र भेजा गया। इसके बाद 20 से 30 सितंबर तक सभी मंत्री, विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आग्रह किया गया कि मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके उन मांगों पर तत्काल निर्णय कराएं जो लंबे अरसे से लंबित हैं। परंतु प्रदेश सरकार द्वारा मांग पूरी करना तो दूर वार्ता तक नहीं की। जिससे कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। 9 दिसम्बर को कार्यबन्दी में प्रदेश की समस्त आवश्यक सेवाएं स्वास्थ, परिवहन वन, सिंचाई, रोडवेज सहित लगभग 200 संवर्गों के कर्मचारी शामिल होंगे और सरकार के उपेक्षित रवैया का पुरज़ोर विरोध करते हुए विधानसभा चुनाव में जवाब देंगे। राजकीय नर्सेस संघ के महामंत्री व परिषद के प्रवक्ता अशोक कुमार ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार कर्मचारियों के बकाये का भुगतान 6 फीसद ब्याज के साथ किया जाना चाहिए। लैब टेक्नीशियन संघ के प्रवक्ता व परिषद के मीडिया प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि सरकार वेतन समिति के निर्णय को 4 वर्ष से रोके हुए हैं। जिससे सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# महिला के साथ मिलकर युवक का वीडियो बना वसूले लाखों

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली पुलिस ने एक महिला के सहयोग से उसके दो सहयोगियों द्वारा लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए वसूलने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ऑल्टो कार, माइक, जनता भारत न्यूज चैनल की आईडीए और नकदी बरामद की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई धर्मपाल सिंह ने बताया किए रामसुरेश यादव निवासी गोसाईं गंज ने अपने साथ हुई हनी ट्रैप की घटना की तहरीर पुलिस को दी थी जिसका मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। पीड़ित ने बुधवार सुबह सूचना दी कि आरोपी फोन कर बाकी पैसा मांग रहा है। पुलिस टीम ने बुधवार दोपहर पुलिस बल ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने खुद को पत्रकार बताते हुए पुलिस को दबाव में लेने की कोशिश की, एक आरोपी ने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र स्व राधेश्याम निवासी ग्राम भपटामऊ थाना पारा लखनऊ, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम कौशल किशोर पुत्र राजाराम निवासी सिरसहाखेड़ा थाना असोहा उन्नाव हाल पता दरोगाखेड़ा थाना सरोजनीनगर लखनऊ बताया है। पीड़ित राम सुरेश यादव द्वारा पहचान कर बताया कि 15 नवंबर को इन्हीं दोनों लोगों ने मुझे कमरे में बन्द करके कपडे उतरवाकर एक महिला के साथ लिटाकर अश्लील विडियो बनाया था तथा 10 लाख रुपया की मांग की थी। 17 नवंबर को इन्ही लोगों ने डराकर हमसे मिलेनियम स्कूल के पास रुपया लिया था। यहाँ पर बकाया रूपए देने के लिए बुलाया है। अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमें में विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। वहीं आरोपी महिला और कुछ अन्य सहयोगियों की तलाश की जा रही है।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या: 235 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 ए0 पी0 इण्टरप्राईजेज्, प्रो0 मो0 वकील, ई-3/135, विनीत खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
2. मो0 वकील पुत्र अली हुसैन, नि0 ई-3/135, विनीत खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
3. श्रीमती अकेतुन उर्फ अकीला बानो पत्नी मो0 वकील, नि0 ई-3/135, विनीत खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या: 239 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 प्रतिज्ञा फर्मस्, प्रो0 श्री बृज भान सिंह यादव, सी-2 / 54, सेक्टर-एफ, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ।
2. श्री बृज भान सिंह यादव पुत्र श्री राज कुमार यादव, नि0 सी -2/54, सेक्टर - एफ, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ व मकान सं0 575, रूचि खण्ड, शारदा नगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

**एलयू में मनाया गया स्थापना दिवस**

# पकिस्तान ने यूएन रिजोल्यूशन का हमेशा उल्लंघन किया:दिनकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लविवि का 101वां** स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को मनाया गया। संस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में एमबीए की छात्राओं ने बॉलीवुड के डांस नम्बरों पर बेहतरीन पैरोडी और मेडले प्रस्तुत किया। यह गीत ऐसे थे जिन पर डांस करने में काफी शक्ति की जरुरत होती है। हालांकि इन छात्राओं अपने डांस से यह साबित कर दिया कि वह भी किसी से कम नहीं हैं। जेंडर सेनसेटाइजेंशन सेल की ओर लविवि की छात्राओं द्वारा बनाया गया बैंड रूहानी ने मंच पर पहली बार प्रस्तुती दी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए पूर्व राजनयिक और लविवि के पूर्व छात्र दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव को सम्मानित भी किया गया। उन्हें समारोह के अध्यक्ष और लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, एलुमिनाई एसोसिशन की अध्यक्ष प्रो निशि पांडेय ने सम्मानित किया। दिनकर ने बतौर भारतीय राजदूत ईरान, मिडल ईस्ट, यूएसए, यूरोपियन यूनियन, पाकिस्तान आदि देशों में सेवा दी है। दिनकर श्रीवास्तव ने अपनी किताब फॉरगॉटेन कश्मीर दि अदर साइड ऑफ द लाइन ऑफ कन्ट्रोल पर बात की।

उन्होंने कहा कि किताब में शामिल तथ्यों पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे कश्मीर की आजादी की बात करके, अपने हिस्से के कश्मीर को पाकिस्तान ने खुद ही भुला दिया और वहां के लोगों को भी धोखा दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिस यूएन रिजोल्यूशन की हमेशा दुहाई देता रहा है वह हमेशा खुद ही उसका उल्लंघन भी करता है। लविवि के पूर्व छात्र रहे दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थी जीवन की याद करते हुए कहा कि कुछ भी भूला नहीं हूं। सत्र 1975-76 में लविवि के राजनीति शास्त्र विभाग में एमए का छात्र था। दशक गुजरे गए दुनिया घूमा कई देशों में रहा लेकिन यहां गुजारे गए वक्त का कहीं से कोई जोड़ नहीं। उन्होंने बताया कि उनके दादाजी, विशम्भर नाथ श्रीवास्तव, 40 के दशक में देश विभाजन से पहले लविवि के विधि विभाग के डीन थे और वह पाकिस्तान बनने से पहले लखनऊ के मेयर भी रहे और यहां महिला डिग्री कॉलेज की नींव रखी। वह 21 साल तक इस कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष रहे। बाद में उनके पिता दयानन्द श्रीवास्तव भी कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रहे।

# दो मंजिला मकान में लगी भीषण आग

## ● दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुँच कर आग पर पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में स्थित डीपी बोरा कॉलोनी के एक दो मंजिला मकान में बुधवार की आधी रात के बाद अचानक भीषण आग लगने के बाद पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया। जिस मकान में आग लगी थी उस मकान की दूसरी मंजिल पर एक 22 वर्षीय युवती फस गई थी चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे और पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। मकान की दूसरी मंजिल पर फंसी 22 वर्षीय युवती को सीढ़ी लगाकर किसी तरह से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों की मदद से भीषण आग को बुझा दिया गया। जिस मकान में आग लगी थी वह मकान प्रिंटिंग का काम करने वाले नूर का है जिसमें नूर के अलावा उनके भाई और परिवार के लोग रहते हैं किसी रिश्तेदार की मृत्यु होने के कारण परिवार के लोग अपने गांव गए हुए थे और घर में 22 वर्षीय जरीन नाम की एक युवती थी बुधवार की देर रात मकान में नीचे की मंजिल से आग लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मकान में आग लगने के बाद पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया मकान की दूसरी मंजिल पर भीषण आग में फंसी युवती को मोहल्ले वालों ने पुलिस की मदद से अपनी जान पर खेलकर किसी तरह से बाहर निकाल लिया। मकान में आग लगने से किसी तरह कि कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# डी मैट खाता अपडेट करने के बहाने महिला के खाते से उड़ाए लाखों रूपए

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली में आफीसर कालोनी में रहने वाली महिला के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने डीमैट खाता अपडेट करने के बहाने बैंक खाते से लाखों रुपए निकाल लिए, मोबाइल पर मैसेज आने पर पीड़ित महिला ने बैंक को सूचित कर पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रेखा गुप्ता ने बताया कि वह डी मैट खाता संचालित करती हैं। बीते सोमवार को खाते को अपडेट करने के लिए सुबह करीब 10.18 बजे आईसीआईसीआई बैंक के इस टोल फ्री नंबर 18002084193 स पर काल किया था पर उठा नहीं। उसके मोबाइल नंबर 917017677470 पर मेसेज आया कि यह नंबर 9827497262 कस्टमर केयर का है इस पर बात करें। थोड़ी देर में नंबर 9339219303 से काल आया और कहा कि वह आईसीआईसीआई टोल फ्री से बोल रहा हूं। उसने हमारी समस्या पूछी जो डीमैट खाता से संबंधित थी। उन्होने हमारा रजिस्टर मोबाइल 8791365005 पूछा क्योंकि मैं दूसरे नंबर से बात कर रही थी। उसने कहा आपको अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करने के लिए 9 रुपए का पैमेंट् करना होगा उसके लिए कोटक बैंक ऐप खोलने को कहा कि इसी प्रकार उलझाने के बाद कई निर्देश देता रहा और खाते से साढ़े चार लाख रुपए निकाल लिए। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या: 233 रीडर–2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे० के०जी०एन० इण्टरप्राईजेज्, प्रो० श्री निसार अहमद, 544/1009, सरदार नगर, बरौरा हुसैन बाड़ी, निकट बिलाली मस्जिद, बालागंज, लखनऊ।
2. श्री निसार अहमद पुत्र श्री खुर्शीद अहमद, नि० 476/234, टी०जी० हास्टल रोड, पुरानी बॉस मण्डी, सीतापुर रोड, लखनऊ।
3. श्रीमती शमीम पत्नी मो० सुऐब नि० 544/1009क, अल्मास बाग, हसरत टाउन, बरौरा हुसैन बाड़ी, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या: 237 रीडर–2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे० एक्सप्रेस मोटर्स, प्रो० मो० नसीम हैदर, गैराज ऑन पार्ट ऑफ प्लाट सं० 20, 21, 22, खसरा सं० 812 मि०, ग्राम अमरई गॉव, इन्दिरा नगर, वार्ड–शहीद भगत सिंह, लखनऊ।
2. मो० नसीम हैदर पुत्र मो० हनीफ, नि० मकान सं० 86, बिहाइन्ड दयाल इन्क्लेव, एहसान नगर, सेक्टर–9, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
3. मो० सलीम हैदर, पुत्र हनीफ सिद्दीकी, नि० फ्लैट सं० जे–706, स्प्रिंग ग्रीनस् फेस–2, अनौरा कला, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ।
4. श्री वसीउल्लाह खान हैदर, पुत्र हाजी मुस्ताक अली, नि० 12/ए, विस्तार, पटेल नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

# खराब मीटर की आपूर्ति करने वाली फर्म पर कार्रवाई की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद् ने कहा है कि पावर कार्पोरेशन से जारी किये गये 20925 स्मार्ट मीटर में 13227 स्मार्ट मीटर खराब पाये गये। परिषद ने खराब मीटर की आपूर्ति करने वाली कम्पनी के खिलाफसख्त कदम उठाने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद् ने पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज से मिलकर यह अनुरोध किया है की जो भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाय वह उच्च तकनीकी के हो और उच्च गुणवक्ता के हो जिस पर उनके द्वारा भरोषा दिया गया की स्मार्ट मीटर उच्च गुणवक्ता के ही लगेंगे।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा बुधवार को स्मार्ट मीटर के मामले में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से यह मांग उठाई गई थी की की प्रदेश में जो खराब स्मार्ट मीटर की शिकायत 20925 सामने आई है उस पर पावर कारपोरेशन प्रबंधन को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह किस कारण से खराब थे। गुरूवार को कारपोरेशन के चेयरमैन द्वारा यह जारी किया गया है की उसमें से 13227 स्मार्ट मीटर जो खराब थे उन्हें बदल दिया गया कुल खराब मीटर का प्रतिशत 1.15 है उपभोक्ता परिषद पुन: पावर कारपोरेशन से मांग करता आगे यह सुनिश्चित करें की जो भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएं वह 4जी तकनीकी पर आधारित हो और उनकी गुणवत्ता उच्च कोटि की हो जिससे उपभोक्ताओं को कोई समस्या ना उत्पन्न हो, उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर के मामले में केंद्र सरकार द्वारा जो भी कानून बनाए गए हैं उनके आधार पर यदि स्मार्ट मीटर में कोई खराबी आती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाना चाहिए।

## स्मार्ट मीटर से बिजली आपूर्ति को बेहतर किया जा रहा है: देवराज

**लखनऊ।** यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने कहा है कि स्मार्ट मीटरों की प्रतिस्थापना में विद्युत प्रदाय संहिता के निर्धारित माप दण्डों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में पूर्व में ही निर्देश दिये गये है। जहॉ भी नियमों के पालन में षिथिलता या कमी पायी जायेगी वहॉ कड़ी कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये सहयोग करें। निगम उपभोक्ताओं के हितों के प्रति पूर्ण रूप से सजग एवं कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर प्रतिस्थापन के माध्यम से बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस मीटर से लाइन हानियॉ, राजस्व वसूली एवं उपभोक्ता सेवा आदि में व्यापक सुधार होगा। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के उदेश्य को लेकर अप्रैल 2018 में पावर कारपोरेशन एवं भारत सरकार की संस्था ईईएसएल के मध्य उप्र में 40 लाख उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर प्रति स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये थे। इस परियोजना में अब तक उप्र के 12 शहरों और वाराणसी ग्रामीण में 11.47 लाख स्मार्ट मीटर प्रतिस्थापित किये जा चुके हैं। इन प्रतिस्थापित 11.47 लाख मीटरों के सापेक्ष 2018 से अब तक तीन सालों में कुल 20925 स्मार्ट मीटरों में खराबी की शिकायतें प्राप्त हुयी। इसमें भी जॉच में केवल 13227 मीटर खराब पाये गये जिन्हें बदल दिया गया है।

**कार्यालय–नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर**

पत्रांक–2581 / न0पा0 दिनांक–22.11.2021

**अति अल्पकालिक ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से लकड़ी की आपूर्ति हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन दिनांक 30.11.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 30.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
खलीलाबाद, संतकबीरनगर।

## 9वीं से 12वीं कक्षा तक के अर्धवार्षिक परीक्षाओं के अंक बोर्ड को होंगे भेजने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 9 वीं से 12 वीं कक्षा तक के अर्धवार्षिक परीक्षाओं के अंक बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत यूपी परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने आदेश जारी कर 3 दिसंबर तक अर्धवार्षिक परीक्षाओं के अंक बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। कोरोना काल को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन से लेकर यूपी बोर्ड तक ने अपने परीक्षा के पैटर्न में बड़ा बदलाव किया है। सीबीएसई और आईसीएसई 10 वीं और 12 वीं की कक्षा में सेमेस्टर पेटर्न जैसी व्यवस्था लागू कर दी है। जिसको देखते हुए यूपी बोर्ड ने भी व्यवस्था में बदलाव कर दिया है। स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं विद्यालयों के स्तर पर कराई जा रही है लेकिन इसके अंक बोर्ड ने मांगे हैं।

## एलयू का 64 वां दीक्षांत समारोह आज

### 35 हजार स्टूडेंट्स को मिलेगी डिग्रियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लविवि** का 64 वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को सम्पन्न होगा। मालवीय सभागार में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पहले सुबह दस बजे से शुरू होना था पर संविधान दिवस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के कारण इसके समय में बदलाव किया गया है। अब यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे के स्थान पर 11.20 बजे से शुरू होगा। दीक्षांत समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर कुलाधिपति व स्टेट के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में मंच पर 15 मेडल और डिग्री दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने बताया कि जिन 35 हजार स्टूडेंट्स की डिग्रियां उनके घर भेजी जाएंगी इसकी प्रक्रिया दीक्षांत के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी। इस बार चांसलर गोल्ड मेडल फाइव इयर लॉ आनर्स फाइनल इयर की छात्रा स्वाति सिंह को मिलेगा। वहीं डॉ चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए फाइव इयर लॉ आनर्स 9 वें सेमेस्टर के स्टूडेंट देवधर दुबे और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल बेस्ट एनसीसी कैडेट मीतेंद्र श्रीवास्तव को दिया जाएगा। इसके अलावा दो चांसलर सिल्वर मेडल पीजी के सभी संकायों के स्टूडेंट्स में बेस्ट छात्रा और यूनिवर्सिटी की बेस्ट वूमेन स्टूडेंट लवी शुक्ला को मिलेगा। इसके अलावा 10 टॉपर्स को चांसलर ब्रांज मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वहीं शेष 188 मेडल विभागों के लेवल पर वितरित किया जाएगा। इस बार दीक्षांत में पहली बार बीटेक के पहले बैच को डिग्री दी जाएगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी की तरफ से डीन लॉ प्रो सीपी सिंह को अधिकृत किया गया है।

### पहले ट्राइबल म्यूजियम का भी होगा उद्घाटन

64वें दीक्षांत समारोह के विशेष आकर्षण में से एक यहां बनाया गया ट्राइबल म्यूजियम होगा। रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस विशेष संग्रहालय का लोकार्पण दीक्षांत समारोह में होना है। एंथ्रोपोलॉजी विभाग में बनाए गए इस संग्रहालय में प्रदेश की आदिवासी जनजातियों से जुड़ी चीजें रखी गई हैं। यह प्रदेश में बनने वाला पहला आदिवासी संग्रहालय होगा। इस संग्रहालय में थारू व अन्य 18 जनजातियों के जीवन, उनकी संस्कृति, वेशभूषा, खानपान आदि को दर्शाती कई चीजें इस संग्रहालय में रखी जा रही हैं। लोकार्पण के बाद छात्रों के अलावा अन्य लोग भी इसे देख सकेंगे।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खीरी।**

संख्या : मु0चि0अ0 / एन0एच0एम0 / संविदा चयन / 2021–22 / 347-A – दिनॉक : 24 नवम्बर 2021

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या–10 / एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / 2012 / 2618 दिनांक– 09.04.2018 तथा जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति खीरी के अनुमोदन के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सृजित संविदा विशेषज्ञ एवं चिकित्सक (एम0बी0बी0एस0) के निम्न पदों पर संविदा पर चयन (वाक–इन–इन्टरव्यू) हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। साक्षात्कार की तिथि व समय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी एवं ई0–मेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

**Vacancies Detail-Doctors and Specialist under UP-NHM**

| S. No. | Programme Name | Division | Designation | Vacant | Reservation | Essential and Desirable Qualification | Honoraria in Rs. | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maternal Health | Maternal Health | LMO | 2 | UR-1, SC-1 | MBBS- Female Only | | 60000 to 65000 As par Guideline |
| 2 | Maternal Health | Maternal Health | Gynecologist / Surgen | 2 | UR-2 | Diploma/MD/MS/OBS/gyn. | | 65000 to 120000 As par Guideline |
| 3 | NCD | CHC NCD Clinic | General Physician | 16 | UR-6, OBC-5, SC-5 | MBBS | 60000 | Base Salary 45000+ PBI 15000 |
| 4 | National Urban Health Mision | NUHM | Medical Officer | 3 | OBC-1, SC-1 UR-1 | MBBS | 55000 | |
| 5 | NPHCE | NPHCE | Consultant Medicine | 1 | SC-1 | DNB/MD Medicine/Equivalent degree | 80000 | |
| 6 | Child Health | SNCU | Paediatrician | 2 | UR-1, SC-1 | DCH/DNB/MD-Paediatrician | 71500 | |
| 7 | NTEP | DRTB SMO | DRTB SMO | 1 | UR-1 | (1. MBBS or equivalent degree from institution recognized by National Medical Commission 2.Must Have Completed Compulsory rotatory internship. 3.One Year experience of working in NTEP) (1.MD Pulmonary Medicine/Diploma in TB and Chest Diseases /MD Community Medicine/Diploma in Public Health/Masters in Public Health 2. Basic Knowledge of computers and Nikshay) | 60000 | |

**आवेदन हेतु निर्देश :–**
1– उपरोक्त समस्त पदों पर वाक–इन–इंटरव्यू दिनांक 08–12–21 को 10 बजे से 5 बजे तक CMO Office (स्थान का नाम) में सम्पन्न कराया जायेगा।
2– इच्छुक अभ्यर्थी वाक–इन–इंटरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।
3– यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4– उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5– कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।
6– साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
7– इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हों।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
खीरी।

## लविवि और मोंटगोमरी के बीच अनुबंध



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लविवि** व मोंटगोमरी अलबामा, यूएसए के बीच गुरुवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए ताकि अकादमिक उत्कृष्टता, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास, छात्रों के लिए शिक्षा, संकाय को मजबूत किया जा सके। साथ ही कर्मचारी, छात्रों और शिक्षकों द्वारा दौरा और अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा दिया जा सके। प्रो आलोक कुमार राय वीसी एलयू और डॉ मृणाल मुग्ध वर्मा प्रोवोस्ट और वरिष्ठ कुलपति मोंटगोमेरी अलबामा संयुक्त राज्य औबर्न विवि अमेरिका द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू दोनों विवि के संकाय के बीच सीधे संपर्क और सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर प्रो सुधीर कुमार विभागाध्यक्ष, प्राणी विज्ञान विभाग, प्रो पूनम टंडन, डीन छात्र कल्याण डॉ शैली मलिक, एसोसिएट प्रोफेसर, जूलॉजी विभाग और डॉ शांता गोस्वामी वर्मा, विशेष सलाहकार, कुलपति मोंटगोमेरी अलबामा, संयुक्त राज्य औबर्न विवि एवं कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एसोसिएट प्रोफेसर उपस्थित थे।

## बाराती बनकर पहुंची एसडीएम ने पकड़े खनन में लगे डम्पर



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**बाराती** बनकर पहुंची एसडीएम ने बुधवार की आधी रात खनन में लगे आधा दर्जन डम्परों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनन अधिकारी को जांच के बाद एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। मोहनलालगंज के शिवलर में बुधवार की रात मिट्टी लादकर पांच डम्पर जेल के पीछे डालने के लिए जा रहे थे जबकि एक डम्पर खाली था। प्राइवेट गाड़ी से बाराती बनकर पहुंची एसडीएम शुभी सिंह ने छापेमारी कर खनन और मिट्टी ढुलाई की परमीशन मांगी तो डम्पर ड्राइवर नहीं दिखा पाए। जिस पर गोसाईगंज पुलिस को बुलाकर डम्पर उनके सुपुर्द कर दिए गए। एसडीएम के मुताबिक बेली के निकट खनन कर डम्परों से मिट्टी जेल के पीछे ले जाई जा रही थी। खनन अधिकारी को जांच पूरी कर एफआईआर दर्ज कराने को कहा गया है। मोहनलालगंज में खनन की परमीशन लेकर रात के अंधेरे में मिट्टी बिक्री कर मोटी कमाई का गोरखधंधा चल रहा है। शिकायतें मिलने के बाद प्रशासन ने छापेमारी कर इस गोरखधंधे पर लगाम कसने की कार्रवाई शुरु कर दी है।

**पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

**निविदा सूचना**

कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, इन्दिरानगर, विकास भवन, द्वितीय तल, लखनऊ में प्रतिदिन विभागीय योजनाओं के स्थलीय सत्यापन एवं अन्य शासकीय कार्यों के निष्पादन हेतु माह दिसम्बर 2021 से एक वाहन मय चालक सहित प्रतिदिन औसत संचालन 100 किलोमीटर तथा उसके सापेक्ष भुगतानित अधिकतम धनराशि रू0 25000.00 प्रतिमाह की दर से समस्त करों सहित सेवा में देने वाली पंजीकृत फर्मों के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं, इच्छुक फर्मों द्वारा किसी भी कार्य दिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, इन्दिरानगर, विकास भवन, द्वितीय तल, लखनऊ से सम्पर्क कर निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 28 नवम्बर, 2021 होगी।

कार्यालय में प्राप्त निविदायें दिनांक 29 नवम्बर, 2021 को प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह से अपरान्ह 3:00 बजे की अवधि में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखनऊ कार्यालय में डाली जायेगी। उक्त दिवस में ही फर्मों के समक्ष निविदायें खोली जायेगी तथा न्यूनतम दर वाले सेवा प्रदाता एजेन्सी के वाहन सम्बद्ध करने की नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। किसी भी निविदा को बिना किसी कारण / सूचना के निरस्त करने तथा विभाग से सम्बद्ध किये जाने वाले वाहन की संविदा निरस्त का अधिकार समिति / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

सत्येन्द्र प्रताप सिंह
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखनऊ

## विवाहिता ने जन्मदिन के दिन लगाई फांसी

**लखनऊ।** पति को छोड़कर प्रेमी से विवाह रचाने के बाद हंसी खुशी रह रही एक विवाहिता ने पीजीआई कोतवाली के कल्ली पश्चिम में अपने मकान में पंखे के सहारे दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।पीजीआई कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। योगेश सिंह सेना में सैनिक हैं और अपनी पत्नी मांडवी 25 वर्ष के साथ कल्ली पश्चिम में अपने मकान में रहते हैं। योगेश सिंह इस समय राजस्थान में अग्रिम क्षेत्र में तैनात हैं। मृतका मांडवी अपनी माता रमन सिंह और अपने भाई के साथ रहती हैं। रमन सिंह ने बताया कि बुधवार को मांडवी सिंह का जन्मदिन था। योगेश सिंह को छुट्टी नहीं मिली थी, देर रात तक दोनों में मोबाइल पर बात होती रही थी, उसके बाद क्या हुआ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह जब आवाज लगाई गई तो देखा उसका कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक कर देखा तो उसका शव पंखे के सहारे लटका हुआ था। मांडवी सिंह के माता पिता ने मांडवी सिंह की इच्छा के विपरीत उसका विवाह करीब 3 साल पहले विक्रम सिंह से किया था लेकिन वह इससे खुश नहीं थी। योगेश सिंह से उसकी दोस्ती थी। उसने विक्रम सिंह से विवाह विच्छेद कर लिया और फिर योगेश सिंह से डेढ़ साल पहले विवाह किया था।

## स्कूटी सवार युवक की वाहन टक्कर से मौत

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र स्थित शहीद पथ पर तेज र तार अज्ञात वाहन ने गुरुवार सुबह स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ स्कूटी सवार को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से स्कूटी सवार के परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशियाना थाना प्रभारी के मुताबिक गुरुवार सुबह लगभग सात बजे थाना क्षेत्र स्थित रमाबाई चौकी के निकट शहीद पथ पुल पर सरोजनीनगर से चिनहट की तरफजा रहे स्कूटी सवार युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया है।

## ई-रिक्शा चालक की मौत

**लखनऊ।** अलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर रोड पर स्थित नवीन गल्ला मंडी में आज दोपहर एक केले की आढ़त के पास खड़े ई रिक्शा पर बैठे 35 वर्षीय चालक की अचानक रिक्शे से गिरकर मौत हो गई। भीड़भाड़ वाले स्थान पर गल्ला मंडी में ई-रिक्शा चालक की मौत की सूचना पाकर अली गंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समझा जा रहा है कि ई रिक्शा चालक की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है हालांकि मृतक के सर पर चोट का एक मामूली सा पुराना निशान भी नजर आ रहा था। नवीन गल्ला मंडी में ई रिक्शा पर बैठे-बैठे मौत के मुंह में समाने वाले ई रिक्शा चालक का नाम लक्ष्मी गौतम है और वह सिधौली सीतापुर का रहने वाला था। उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी से उसका तलाक हो चुका था और वह लखनऊ में निराला नगर में अपने एक मित्र ई रिक्शा चालक छोटू के साथ रहता था।

## गाड़ी की डिग्गी से उड़ाई डेढ़ लाख की नकदी

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उच्चको ने एक मिठाई की दुकान पर समोसा खा रहे अधेड़ की मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखें डेढ़ लाख रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए। मोटरसाइकिल की डिक्की से पैसा निकलाने की जानकारी होने पर पीड़ित ने कन्ट्रोल रूम पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला जहां चोरों की करतूतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित की शिकायत पर स्थानीय पुलिस जांच में जुटी है। आशियाना थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बंगला बाजार में गुरुवार दोपहर नरपत खेड़ा पारा निवासी चंदिका प्रसाद बैक से डेढ़ लाख रुपए निकालकर औरंगाबाद की तरफअपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे उस दौरान बंगला बाजार में सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल खडी कर मिठाई की दुकान पर समोसा खाने के लिए रूक गए और उसी दौरान चोरों ने सड़क पर खडी मोटरसाइकिल की डिग्गी से डेढ़ लाख रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए।

## दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**निगोहां।** लखनऊ। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपना ढाबा के पास बुधवार मध्य रात सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली में लखनऊ से इलाहाबाद जा रहा हाफ डाला अनियंत्रित होकर टकरा गया। जिसमे चालक और उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा जहां पर डॉक्टरों ने चचेरे भाई को मृत घोषित कर दिया। गोंडा करनैलगंज नरायणपुर मांझा गांव निवासी सुनील कुमार अपने चचेरे भाई अनिल कुमार-24 के साथ बुधवार रात लखनऊ से एक हाफ डाले में प्लाई बोर्ड लादकर प्रयागराज जा रहा था रात लगभग 12 बजे निगोहां के दखिना स्थित अपना ढाबा के पास हाइवे किनारे खड़े एक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से हाफडाला टकरा गया जिसमे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएससी मोहनलालगंज भेजा जहां पर डॉक्टरों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया।

## इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन आज से

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2021' का उदघाटन 26 नवम्बर शुक्रवार को अपरान्हः 4.30 बजे प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक द्वारा ऑनलाइन किया जायेगा। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस, नेपाल, यू.ए.ई. एवं भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्री-प्राइमरी, प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं के छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में अपने ज्ञान-विज्ञान के प्रदर्शन एवं बहुमुखी प्रतिभा के विकास का अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतियोगिता देश-विदेश के छात्रों को नये विचारों एवं ज्ञान से परिपूर्ण करने के साथ ही उन्हें एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी। श्री शर्मा ने बताया कि विभिन्न देशों के छात्र इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन की रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिनमें लॉ इमैजिनेशन (पोस्टर मेकिंग), क्यूिन्टस्टा (स्टोरी टेलिंग-एक्सटेम्पोर), सुपर एक्टर्स (रोल प्ले), टेमा म्यूजिकल (कविता पाठ), कैरीकेचर्स (फैन्सी ड्रेस), लॉ ससेशन (भाषण) एवं ला नोवेला (थियेटर) आदि प्रमुख हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 'कॉस्प्ले इण्टरनेशनल' का समापन 28 नवम्बर रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

## एकेटीयू का दीक्षांत समारोह 16 दिसम्बर को

लखनऊ। इस बार डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि का 19 वां दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर को होगा। समारोह की अध्यक्षता विवि की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी कानपुर के पूर्व निदेशक पद्मश्री प्रो एसजी धांडे शामिल होंगे। इस बार के दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी मेडल प्रदान किये जाएंगे। दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में से टापर विद्यार्थी को मेडल प्रदान किया जाएगा।

# 2022 में फिर बनेगी भाजपा सरकारः राजनाथ

**● रक्षामंत्री ने किया प्रचंड बहुमत का दावा**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** ग्रास फर्म में आयोजित 15 जिलों के बूथ अध्यक्षों को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सम्बोधित किया व उनमें जोश भरते हुए विपक्षी पार्टियों पर हमला भी बोला। कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका भाजपा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। रक्षामंत्री ने दीप प्रज्वलित कर पं. दीन दयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किया। उनके साथ डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, संगठन मंत्री सुनील बंसल भी पहुचे थे। भीड़ देखकर रक्षामंत्री ने कहा कि 2022 में फिर से बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी। इस दौरान कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम दिनेष शर्मा, कानून मंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री महेन्द्र कुमार सिंह, केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर से बूथ अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला। बूथ अध्यक्ष कार्यक्रम के मौके पर मंच पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, यूपी भाजपा प्रभारी राधा मोहन, सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, मोहसिन रजा, प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह, सांसद साक्षी महाराज, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेयी, कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री, कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, राज्यमंत्री पलटू राम, सांसद राजेश वर्मा, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत, लल्लू सिंह, प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष शेश नरायण मिश्र, उपेन्द्र रावत, प्रदेश प्रभारी अर्चना मिश्रा, डा. राजेष मिश्रा, बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा मंच पर मौजूद रहे। संचालन अवध क्षेत्र प्रभारी व प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने किया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मौजूद विधायक रामकृष्ण भार्गव, सुरेश राही, महेन्द्र यादव, ज्ञान तिवारी, षंषाक त्रिवेदी, सुनील वर्मा, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, रजनी तिवारी, मंजू त्यागी, योगेश वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, पूर्व एमएलसी राकेष सिंह, षंषाक वर्मा, राजेष षुक्ला, विश्राम सागर राठौर, अवनीष रावत, रामजीवन जायसवाल, दीपक सिंह दीपू, सलिल सेठ, राकेष त्रिपाठी, पंकज पांडेय, नैमिश रत्न तिवारी, सलिल सेठ, संतोश सिंह, मोहन प्रसाद बारी, आषा मौर्या, नीरज झल्लर, प्रकाष पाल, प्रमोद वर्मा, आदित्य सिंह, साकेत मिश्रा, उमाकान्त मिश्रा, मुनीन्द्र अवस्थी, विकास वर्मा, विपुल सिंह, सचिन मिश्रा, षिवांषू मिश्रा, नीरज अवस्थी, वैभव मिश्रा, रामनरायण त्रिवेदी, अमरजीत सिंह बाटू, मनोज तिवारी, जया सिंह, टीपी सिंह, बबलू अवस्थी सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## लखीमपुर कांड पर नहीं बोलूंगाः गृह राज्य मंत्री



संवाददाता। सीतापुर

**लखीमपुर कांड का** पीछा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का भले ही न छूट रहा हो लेकिन भाजपा उन्हें अभी भी अपनाए हुए हैं तमाम विरोध और मांगों को दरकिनार कर भाजपा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र तेनी को महत्त्व दिए हुए हैं जबकि किसान नेता राकेश टिकैत लखीमपुर कांड मामले के 120 बी के मुजरिम अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त कर जेल भेजने की बराबर मांग करते आ रहे हैं सभी विपक्षी पार्टियां सपा कांग्रेस बसपा उनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग कर रही हैं लेकिन भाजपा पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है जबकि जांच में अब यह तक साबित हो गया है कि लखीमपुर कांड में चली गोली केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के लाइसेंसी असलहे से चली थी विरोध के चलते अजय मिश्र टेनी को चीनी मिल के पिराई सत्र का शुभारंभ डालना पड़ा गुरुवार को सीतापुर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने भी मंच साझा किया जिन पर सभी की नजरें लगी हुई थी कार्यक्रम के बाद गोंदलामऊ से ब्लाक प्रमुख निमिता अवस्थी के आवास पर पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने लखीमपुर कांड को लेकर कहा कि वह इस पर कुछ भी नहीं बोलेंगे क्योंकि जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं अखिलेश यादव के गठबंधन पर भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने तंज कसा।

## योगी और अखिलेश तय करें, मैं किसका एजेंटःओवैसी



**जौनपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश दोनों को तय करना चाहिए कि मैं किसका एजेंट हूं। ओवैसी ने सूम्बुलपुर गुरैनी में शोषित वंचित समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि मैं सपा का एजेंट हूं और अखिलेश (यादव) कहते हैं कि मैं भाजपा का एजेंट हूं। दोनों को तय करने दें कि मैं किसका एजेंट हूं?" उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी को छोड़कर कोई अन्य सियासी पार्टी मुसलमानों की शुभचिंतक नहीं है और मांग की कि कृषि कानूनों की तरह नागरिका संशोधित कानून (सीएए) को भी वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "मैं सीएए के खिलाफ हूं और जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता मैं इसका विरोध करता रहूंगा।" उनका कहना था कि कृषि कानूनों की तरह इसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वापस लेना चाहिए। ओवैसी ने कहा, सियासी पार्टियों ने मुसलमानों को सिर्फ वोट लेने के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने कभी मुसलमानों का भला नहीं किया। उत्तर प्रदेश में एक बड़ी ताकत होने के बावजूद मुसलमानों को यहां कभी न्याय नहीं मिला। उन्होंने लोगों से किसी से नहीं डरने की अपील करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की।

# हादसों में पांच लोगों की मौत, महिला हुई घायल

संवाददाता। बीकापुर अयोध्या

**स्थानीय कोतवाली क्षेत्र** के अलग.अलग स्थानों पर हुई सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत एक महिला हुई घायल। पहला सड़क हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा बाजार में प्रयागराज अयोध्या हाईवे मार्ग पर देर रात पिकअप और इंडियन आयल टैंकर के बीच हुई भिड़ंत में पिकअप पर सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पिकअप गाड़ी अयोध्या की तरफ से खजुराहट आते समय सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या की ओर जा रही इंडियन आयल टैंकर की आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से पिकअप पर सवार अरविंद यादव उम्र 30 पुत्र स्वर्गीय राम भुवाल यादव निवासी कटारीए राम अरज उम्र 21 पुत्र सतीश यादव निवासी कटारीए पवन यादव उम्र 20 पुत्र विजयपाल यादव निवासी भैरोपुर टिकरा की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे की सूचना उच्चाधिकारियों को मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार जैनए क्षेत्राधिकारी पुलिस सत्येंद्र भूषण तिवारीए प्रभारी निरीक्षक

**● पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

श्याम सुंदर पांडेए उप निरीक्षक मिथिलेश चौहान समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर। पिक अप के अंदर से मृतकों बाहर निकलवाया गया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वही इस घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरा हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे पुलिस चौकी अंतर्गत मंगारी के पास आज सुबह विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर और टाटा हैरियर के बीच टक्कर होने से स्विफ्ट डिजायर पर सवार हसीब अहमद उम्र 65 पुत्र हबीब अहमद निवासी आजाद नगर जनपद प्रतापगढ़ए महताब आलम उम्र 30 पुत्र स्वर्गीय हाफिजद्दीन निवासी कंधारी बाजार नियावां कोतवाली नगर अयोध्या की घटनास्थल पर मौत हो गई।

जबकि टाटा हैरियर गाड़ी पर सवार अर्पणा सिंह उम्र 35 पत्नी आनंद सिंह निवासी जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और चौरे पुलिस चौकी के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों और घायल महिला को बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस के माध्यम से पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया और घायल महिला का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पांडे ने शव का पंचनामा करवाके पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक परिवार सूचना मिलते ही कोहराम मच गया।

## रेलों की परिवहन अवसंरचना महत्वपूर्ण घटक-एसपीएस चौहान



**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर प्रयागराज में भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी वडोदरा के महानिदेशक एस पी एस चौहान का आगमन हुआ। इस मौके पर कोर के अधिकारियों के लिए उचित एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण की उपयोगिता पर व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने संगठन के पंचशील सभागार में उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सीपीआरओ अमिताभ शर्मा ने बताया कि भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी द्वारा भारतीय रेलवे के उत्कृष्ट अधिकारी तैयार किये जाते हैं। जो भारत में रेलों की परिवहन अवसंरचना का बहुत ही महत्वपूर्ण घटक हैं। अकादमी लगभग एक सौ साठ वर्ष पहले स्थापित हुई थी। इस मौके पर एस पी एस चौहान ने कोर के अधिकारियों के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इन्वेन्टरी मैनेजमेंट बजटिंग एवं आर्विट्रेशन जैसे विषयों पर पर्याप्त प्रशिक्षण की उपयोगिता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कोविड प्रोटोकाल के कारण अभी भी सभी कोर्स ऑनलाइन माध्यम से संचालित किये जा रहे हैं। निकट भविष्य में वडोदरा परिसर के अंदर भी कोर्स का संचालन सम्भव हो सकता है। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन किसी भी संगठन का बहुत ही महत्वपूर्ण संसाधन है। जिसकी दक्षता से सफलता निर्धारित होती है।

# सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग बेहद जरूरी:अरुण

**प्रयागराज।** पंडित रामचन्द्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल पीपलगांव झलवा में गुरुवार को यातायात पुलिस प्रयागराज की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात अरुण कुमार दीक्षित रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य आकाश मिश्र ने की। पुलिस अधीक्षक यातायात अरुण कुमार दीक्षित को प्रधानाचार्य आकाश मिश्र ने अंगवस्त्र एवम स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक यातायात अरुण कुमार दीक्षित ने बच्चों को यातायात चिन्ह के बारे में समझाया। साथ ही सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग हमेशा करने की सलाह दी। सीओ यातायात संत लाल सरोज ने कहा युवाओं को जागरूक करने से जनजागरण का कार्य और तेजी से सफल हो सकता है। उप निरीक्षक पवन पांडेय ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। वरिष्ठ पार्षद अखिलेश सिंह ने यातायात के नियमों का पालन सदैव करने की अपील की। इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रयागराज के विद्यालय कॉलेज और बहुत से संस्थान में यातायात पुलिस की टीम पहुँचकर जागरूकता का कार्यक्रम कर रही है। इंस्पेक्टर धूमनगंज तारकेश्वर राय ने बच्चों को सुरक्षित यात्रा कैसे की जाए इस विषय पर चर्चा की। प्रधानाचार्य आकाश मिश्र ने बच्चों से अभिभावकों को जागरूक करने के लिए कहा। विद्यालय के निदेशक



**● पुलिस अधीक्षक यातायात अरुण कुमार दीक्षित ने बच्चों को बताए यातायात के नियम**

सुभाष मिश्रा ने यातायात पुलिस के जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर सीओ यातायात संत लाल सरोज इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह इंस्पेक्टर धूमनगंज तारकेश्वर राय वरिष्ठ पार्षद अखिलेश सिंह चन्द्रशेखर ओझा राजीव मिश्र सुनील शुक्ला सौरभ शुक्ला जितेन्द्र पांडेय सुशील सिंह अमित मिश्रा दिलीप द्विवेदी सरोजिनी त्रिवेदी चेतना चौहान आदि उपस्थित रहे।

# अमन हत्याकांड का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। बांदा

**बाँदा में** विगत 13 अक्टूबर को हुई पुत्र की हत्या का आज हमीरपुर की क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा सकुशल अनावरण करते हुए हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का काम किया गया है बताते चलें कि जिले की जनता व मृतक अमन त्रिपाठी के परिजनों के द्वारा तमाम जद्दोजहद करने के बाद और राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस के द्वारा मामले का खुलासा किया गया है। बांदा जनपद के शहर कोतवाली अंतर्गत का है जहां बीते अक्टूबर माह मैं बंगाली पुरा मोहल्ले में रहने वाला अमन त्रिपाठी 11 अक्टूबर को रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था और उसके बाद अचानक अमन त्रिपाठी का शव नदी में तैरता हुआ पाया गया था मृतक अमन त्रिपाठी के परिजनों के द्वारा उसके रहस्यमय तरीके से गायब होने पर संबंधित थाने पहुंच कर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए तलाश शुरू कर दी गई थी पुलिस की काफी तलाश के बाद अचानक जब उसका सव नदी में तैरता हुआ पाया गया तो गुमशुदगी का मामला हत्या में तब्दील हो चुका था जिसके बाद पुलिस के द्वारा हत्या के मामले को दबाते हुए उसे आत्महत्या का रूप देने का काम किया जा रहा था लेकिन जिले की जनता ने अमन त्रिपाठी की हत्या को लेकर सड़कों पर उतरते हुए कई दिनों तक नारेबाजी की जुलूस निकाले धरने प्रदर्शन भी किए लेकिन उसके बाद भी कोई हल नहीं निकला अंत में हारकर अमन त्रिपाठी के दुखी मां बाप ने उसकी अस्थियों का कलश लेकर जनपद के अनशन स्थल अशोक लाट में बैठने का काम किया गया अमन त्रिपाठी के परिजनों के द्वारा अस्थि कलश लेकर आमरण अनशन पर बैठने के बाद पुलिस के द्वारा हरकत में आते हुए कार्यवाही को तेज करने का काम किया गया जिसके चलते आज पुलिस ने अमन त्रिपाठी की हत्या को अंजाम देने वाले 8 आरोपियों को हिरासत में लेने का काम किया सभी आरोपियों को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने पूरे मामले की जानकारी देते हुए हमीरपुर क्राइम ब्रांच के क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने बताया कि अमन त्रिपाठी हत्याकांड में नामित सम्राट हुआ उसके अन्य 7 साथियों को हिरासत में ले लिया गया है पहले अमन त्रिपाठी हत्याकांड की जांच बांदा जनपद की पुलिस के द्वारा किया जा रहा था लेकिन परिजनों के दबाव के चलते इसकी जांच हमीरपुर क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी।

# दलित प्रमुख के गांव के दलितों की बदकिस्मती तो देखिए!

**पायनियर टीम की पड़ताल**

**● खुले में शौच और चारपाई और फटी साड़ी की आड़ में स्नान करने को मजबूर गांव की महिलाएं**

संवाददाता। बस्ती

**ब्लॉक** प्रमुखों के गांव के विकास का सच जानने के लिए 'पायनियर' टीम पिछले कई दिनों से गांव का पड़ताल कर रही है। इसी क्रम में साउंघाट के दलित ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार के गांव 'बायपोखर' का पड़ताल किया गया। वैसे विकास के मामले में यह गांव अन्य ब्लॉक प्रमुखों के गांवों से बेहतर हैं, मगर अन्य गांव की तरह इस गांव के दो दलित बस्ती में रहने वाली महिलाओं और बच्चों का बुरा हाल है। इन दलित परिवार को आजादी के बाद से ही आवास नहीं मिला, आज भी दलित परिवार की बहु-बेटियों को चारपाई या फिर फटी हुई साड़ी के आड़ में खुले में स्नान करना पड़ रहा है। हालत यह है, कि झोपड़ी में दरवाजा न होने से महिलाओं को हमेशा अपने साथ होने वाली अनहोनी घटनाओं का डर रहता। एक तरह से इस वीआईपी गांव की महिलाओं के चेहरे से मायूसी





और दुख स्पष्ट देखा जा सकता है। यह पहला ऐसी दलित बस्ती है, जहां पर चार अविवाहित महिलाएं अपने मां के साथ खुली झोपड़ी में सिलाई का काम करके किसी तरह जीवन यापन कर रही है। इन दलित परिवारों के बच्चों और उनकी महिलाओं को देखकर नहीं लगता कि अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने इनके विकास के लिए कभी कुछ किया हो। पूर्व प्रधान ने यह कहकर चौंका दिया कि इस गांव में अब तक पांच लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिला। जबकि आवश्यकता 50 की है, क्यों नहीं बीडीओ, एडीओ और सेक्रेटरी की नजर सबसे अधिक जरुरतमंदों पर पड़ी यह आसानी से समझा जा सकता है। गांव वालों ने सबसे अधिक शिकायत कोटेदार के खिलाफ की, कहा कि भले ही सरकार उन्हें निःशुल्क अनाज दे रही है, मगर यहां के कोटेदार पैसा लेकर ही निःशुल्क वाला अनाज देते है। जब इसकी जानकारी प्रधान और ब्लॉक प्रमुख को दी गई तो वह हरकत में आएं, सवाल उठ रहा है, कि जनप्रतिनिधि क्या कर रहे हैं? क्यों नहीं शिकायत करने के बाद भी अनाज नहीं दिलाया जा रहा है। कोटेदार के दंबगई का आलम यह कि कैमरे के सामने कोटेदार गरीबों से निःशुल्क वाले राशन का पैसा ले रही है। गांव में अंडरग्राउंड नाली काफी दिनों बाद देखने को मिली। मगर सफाईकर्मी के न आने से नालियां जाम हो गई। सड़कों का जाल बिछा मिला। मनरेगा श्रमिकों को काम और पूरी मजदूरी मिलने की बाते भी सामने आई।

## सरकार अदालतों में कब तक दे पाएगी सुरक्षा हाईकोर्ट ने पूछा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि राज्य की अदालतों में सुरक्षा, बायोमीट्रिक और सीसीटीवी कैमरे के संबंध में व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने में कितना समय लगेगा। न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ वर्ष 2019 में बिजनौर की जिला अदालत में हुई गोलीबारी की घटना के बाद दायर इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यह बताने के लिए कि आजमगढ़ और लखनऊ की अदालत में बायोमीट्रिक कब तक लगाकर उसे क्रियाशील कर दिया जाएगा, सरकारी अधिवक्ता को एक सप्ताह का समय दिया। सुनवाई की पिछली तारीख पर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर प्रत्एक जिला अदालत में तैनात सुरक्षा कर्मी और सुरक्षाकर्मी के वास्तविक मंजूर पद के बारे में बताने को कहा था।

## लाखों की आबादी के लिए बन रही सड़क में उड़ रहीं मानकों की धज्जियां

**रायबरेली।** ऊंचाहार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लाखों की आबादी के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण में भारत सरकार सड़क निर्माण नियमों को धता बताकर काम किया जा रहा है। अधिकारी इस कदर बेपरवाह है कि छह माह से इस सड़क पर अभी तक गिट्टी भी नहीं पड़ पाई है। लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग से पट्टी रहस कैथवल , कल्याणी गांव होते हुए खरौली मार्ग तक बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के साथ ही मानकों को धता बता दिया गया है। सात जून 2021 से इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ है । इसे एक साल के अंदर पूरा करना है । साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क की लंबाई करीब 12 किमी है। इसमें 34197 घन मीटर गिट्टी पड़नी है। किन्तु सड़क खोदकर उसी गिट्टी के ऊपर नाम मात्र की गिट्टी डाली जा रही है। राजमार्ग से शुरू होकर जैसे ही अड्डा गांव पहुंचेंगे आपको डाली गई गिट्टी का मानक नजर आ जाता है। पहले से बनी सड़क को खोदा गया है और इसमें पहले की गिट्टी को उखाड़ कर नए निर्माण में प्रयोग किया जा रहा है। सड़क के किनारे मिट्टी की भराई भी नहीं की गई है । जिससे सड़क के जीवन पर अभी से सवाल उठने शुरू हो गए है।

### काली बालू के साथ मिट्टी भी

सड़क में गिट्टी के साथ काली बालू का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमे मिट्टी मिली हुई है। इसी के ऊपर आगे का निर्माण होना है। किन्तु जब शुरुआती गुणवत्ता के साथ समझौता किया जा रहा है तो आगे का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है।

### काफी हिस्से में अभी भी गिट्टी नहीं

राजमार्ग से शुरू होकर खरौली मार्ग तक पूर्व में निर्मित सड़क में कई स्थानों पर ऊंचाई है । जहां अभी तक गिट्टी नहीं डाली गई है । आसपास के लोगों ने आशंका जाहिर की है कि यहां पर बिना गिट्टी डाले ही सड़क निर्माण करने की तैयारी है। कल्याणी गांव निवासी बुधराम ने बताया कि गांव के अंदर जहां सड़क बनाई जा रही है, उसके किनारे नाली निर्माण जरूरी है, किन्तु नाली बनाने के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है। जिससे निर्माण एजेंसी की नियति पर सवाल खड़ा होता है।

### गंगा के कछारी क्षेत्र में होता है कटान

यह सड़क पूरी तरह गंगा नदी के कछारी क्षेत्र में हो रहा है। यहां की मिट्टी में बालू है। जिससे बरसात के दिनों में काफी मिट्टी का कटान होता है। बनाई जा रही सड़क के किनारों को यदि मजबूत नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में सड़क बहने का खतरा बना रहेगा।

# तालिबान को मान्यता

## महिला अधिकार जरूरी

**तालिबान** को भले ही सहायता दी जाए, पर उनको उस समय तक मान्यता नही मिलनी चाहिए जब तक वे महिला अधिकारों को स्वीकार न कर लें। तालिबान विश्व समुदाय के लिए कठिन स्थिति पैदा कर रहे हैं जिससे उनकी अफगानिस्तान में अंतरिम सरकार को मान्यता नहीं मिल रही है। महिलाओं को दिया नया आदेश इसका नवीनतम कारण है। उनका एक मंत्रालय- मूल्यों को बढ़ावा देने तथा दुर्गुण रोकने वाला मंत्रालय, अफगान महिलाओं के जीवन को नियमित व नियंत्रित करना चाहता है। मंत्रालय ने महिलाओं को टीवी नाटकों और मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लेने से रोक दिया है। महिलायें हिजाब पहन कर खबरें पढ़ती हैं। मीडिया पर लगे नियंत्रणों की पहली किश्त में आठ निर्देश दिए गए हैं। इस्लामी कानून और 'अफगान मूल्यों' का विरोध करनी वाली फिल्मों का प्रसारण नहीं हो सकता है। 'विदेशी मूल्यों' को प्रोत्साहित करने वाली विदेशी फिल्मों पर प्रतिबंध है। कामेडी शो द्वारा किसी का अपमान नहीं किया जा सकता है। 'पैगंबर व उनके साथियों' को दिखाने वाले शो को अनुमति नहीं है। आलोचक कह सकते हैं कि लोगों पर कुछ ही नियंत्रण लगाए गए हैं क्योंकि पिछली बार तालिबानों ने सत्ता में आने पर टेलीविजन व मीडिया के अन्य रूपों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन महिलाओं के प्रति तालिबान के दृष्टिकोण पर अनिवार्य रूप से बार-बार विचार होना चाहिए। वे चाहे जितना कहें कि उन्होंने स्वयं को आधुनिक व नरम बना लिया है, पर यह बात उनके प्रमुख लोगों के लिए सही नहीं है। वे 1996-2001 की तुलना में जरा भी नहीं बदले हैं। मूल्यों व दुर्गुणों पर मंत्रालय जिस तरह महिला मुद्दों से निपटता है, उससे रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है। कहीं इसी कारण तो तालिबान महिला व बाल कल्याण मंत्रालय की आवश्यकता नहीं अनुभव करते हैं?



तीन महीने पहले तालिबानों ने सत्ता पर कब्जे के दो दिन बाद 17 अगस्त को टेलीविजन होस्ट के रूप में पहली बार बहिश्ता अरगंद ने एक तालिबान नेता का साक्षात्कार लिया था। इसके बाद ऐसा कोई दूसरा अवसर नहीं आया जिससे तालिबान का नरमपंथी मुखौटा उतर गया। इसके बाद निजी व सरकारी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को घर जाने के लिए कह दिया गया। महिला-उन्मुख रोजगारों की भी समीक्षा हो रही है। लड़कियों से कह दिया है कि वे विश्वविद्यालयों में अलग कक्षाओं में पढ़ सकती हैं। कुछ महिलायें पिछले दो देश में मिली तुलनात्मक स्वतंत्रता की आदी हो गई थीं। उन्होंने प्रदर्शन करने के प्रयास किए, लेकिन उनको तालिबान अधिकारियों ने पीटा और उनको कोड़े लगाए। तालिबान ने आश्वासन दिया था कि महिला आधिकारों का सम्मान किया जाएगा, पर इसके उलट महिलाओं को लगातार सार्वजनिक जीवन से बाहर किया जा रहा है। दुनिया को समझना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और खराब है जहां तालिबान लड़ाकुओं और कबीलाई प्रमुखों का वर्चस्व है और दशकों से केवल वे ही तय करते आए हैं कि महिलाओं को कैसे जीना चाहिए। अनेक सुदूर प्रांतों में महिलाओं के लिए अलग नियम हैं जो स्थानीय तालिबान प्रमुखों की उग्रता पर निर्भर करते हैं। महिला समूह चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता के साथ यह शर्त जोड़े कि वहां महिलाओं की स्थिति में सुधार हो। लेकिन यह स्थिति विरोधाभासों से भरी है क्योंकि सहायता की कमी से वहां व्यापक पैमाने पर भुखमरी फैल सकती है तथा मौतें हो सकती हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने आपात सहायता के लिए 600 मिलियन डालर से अधिक धनराशि एकत्र की है। जाड़ा शुरू होने के साथ ही खाद्य पदार्थों व दवाओं की सप्लाई महत्वपूर्ण हो गई है। विडंबना है कि राहत सहायता देने वाली अधिकांश कामगार महिलाये हैं, ऐसे में देखना होगा कि तालिबान इस बारे में क्या कहते हैं।

# भारतीय मछुआरों के हितों पर खतरा

**यदि बड़े पैमाने पर मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों की समस्या बनी रही तो इसका छोटे मछुआरों तथा उनकी आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।**



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



पिछले कुछ समय से विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में वार्ताओं का दौर जारी है जिसका लक्ष्य अवैध, अज्ञात एवं अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने का समझौता है। इन वार्ताओं को संरा. के टिकाऊ विकास लक्ष्यों- एसडीजी का हिस्सा बताया जाता है जिनमें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने तथा विकासशील व कम विकसित देशों को विशेष दर्जा व उनके साथ विशेष व्यवहार की बात कही गई है। लेकिन यदि यह समझौता होता है तो इससे भारत तथा अन्य विकासशील व गरीब देशों में छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

यह सच है कि दुनिया वर्तमान समय में बहुत अधिक मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों का सामना कर रही है। यदि यही स्थिति बनी रही ता इसका असर छोटे मछुआरों व उनकी आजीविका पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ का यह विचार पूरी तरह सही है कि बहुत अधिक मछलियां पकड़ने से टिकाऊ विकास प्रभावित होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि समुद्र में अधिक मछलियां पकड़ने का जिम्मेदार कौन है? कम से कम भारत या अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरे इसके जिम्मेदार नहीं हैं जिनकी मछली पकड़ने की क्षमता बहुत कम है और इसके लिए उनको किसी प्रकार दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। मछलियां दो प्रकार से पकड़ी जाती हैं। छोटे मछुआरे अपनी नावों से मछलियां पकड़ते हैं, जबकि बड़ी कंपनियों के ट्रालर और बड़े जहाज मछलियां पकड़ते हैं। पिछले कुछ दशकों में बड़ी कंपनियों के बड़े जहाजों व ट्रालरों द्वारा मछलियां पकड़ने के प्रमाण मिले हैं और उनकी क्षमता काफी बढ़ गई है।

भारत में छोटे मछुआरे बरसात के मौसम में समुद्रों में मछलियां नहीं पकड़ते हैं। वे जानते हैं कि यह मछलियों का प्रजनन काल होता है। लेकिन बड़े ट्रालर इस समय भी मछलिया पकड़ने में कोई संकोच नहीं करते हैं। लेकिन बड़े ट्रालरों के संगठित क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण छोटे मछुआरों को अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित माना जाता है। इस प्रकार उनको सरकारों से मिलने वाली सब्सिडी समाप्त हो जाएगी, जबकि ट्रालरों व बड़े जहाजों को मशीनी प्रक्रियाओं के माध्यम से समुद्र में मछलियां पकड़ने की अनुमति मिलती रहेगी और वे सरकारी सब्सिडी के भी अधिकारी होंगे। ऐसी स्थिति में भारत तथा अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और उनको नुकसान पहुंचा कर बड़ी कंपनियों को लाभ मिलेगा। दुर्भाग्य से डब्लूटीओ में विकसित देशों तथा बड़ी कंपनियों के दबाव में इस विषय पर समझौते को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो रही है। विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक डा. नगोजी ओकोंजो इवीला कहते हैं कि मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित वार्तायें पूरी करना डब्लूटीओ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह न केवल मछलियों, बल्कि डब्लूटीओ की व्यवस्था के लिए जरूरी है। इसे संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों के नाम पर किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में 1990 के दशकारंभ में बड़े ट्रालरों को मछली पकड़ने के लाइसेंस मिलने के बाद उन्होंने बहुत अधिक मछली पकड़ी जिससे समुद्र में मछलियों की उपलब्धता में भारी कमी आई। इसके परिणामस्वरूप छोटे मछुआरों की आजीविका प्रभावित हुई। उस समय मछुआरों की समस्यायें उजागर करने के लिए तीन बड़े आंदोलन हुए जिनका नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच तथा फादर थामस कोचरी ने किया था। इनके कारण तत्कालीन सरकार ने बड़े ट्रालरों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया था। लेकिन कुछ समय बाद ट्रालरों को फिर अनुमति मिलने लगी। एक बार फिर पर्यावरणवादियों द्वारा ट्रालरों पर प्रतिबंध की मांग तेज हो रही है। भारत सरकार की एक समिति इन ट्रालरों पर नियंत्रण के बारे में विचार कर रही है। पर्यावरणविदों का मानना है कि इन ट्रालरों पर प्रतिबंध ही समुद्र में ज्यादा मछलियां पकड़ने की समस्या से मुक्ति दिला सकता है। हालांकि, इन ट्रालरों पर सीधे प्रतिबंध तो नहीं लगाया गया है, पर केरल व ओडिशा समेत अनेक राज्यों ने परंपरागत मछुआरों की मांग पर ट्रालरों पर प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उनके द्वारा मछली पकड़ना प्रभावित न हो। तर्क दिया जा रहा है कि मछली पकड़ने संबंधी सब्सिडी पर समझौते से मछलियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा भावी पीढ़ियों के लिए समुद्री संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

इस संबंध में मछली पकड़ने के लिएदी जाने वाली सब्सिडी पर केवल विश्व व्यापार संगठन ही प्रतिबंध लगा सकता है। इस संबंध में नियम बनाने की प्रक्रिया 2001 में दोहा वार्ताओं का दौर शुरू होने के साथ प्रारंभ हुई थी। लेकिन मजेदार बात है कि जहां दोहा विकास दौर के बाकी सभी प्राविधानों को विकसित देशों ने फौरन अस्वीकार कर दिया था, वहीं आश्चर्यजनक रूप से अभी मछली पकड़ने के अधिकारों पर वार्ता जारी है।

यह सच है कि वर्तमान समय में 34 प्रतिशत अधिक मछलियां पकड़ी जाती हैं, जबकि 1974 में यह मात्रा केवल 10 प्रतिशत थी। इसके कारण धीरे-धीरे मछलियों की उपलब्धता घट रही है। इससे मछली पकड़ने पर निर्भर लोगों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा तटीय क्षेत्र पर रहने वाले लोगों में गरीबी बढ़ रही है। आज दुनिया में 40 मिलियन लोग मछलियां पकड़ने पर निर्भर हैं, इसलिए उनका जीवन गहराई से समुद्री संसाधनों पर निर्भर है। हालांकि, वर्तमान वार्तायें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करने पर केंद्रित है, पर विकासशील देश इन प्रयासों का घोर विरोध कर रहे हैं। भारत समेत विकासशील देशों का विश्वास है कि सब्सिडी समाप्त करने का छोटे मछुआरों की आजीविका व उनके अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, प्रस्ताव में कहा गया है कि विकासशील व गरीब देशों के साथ अलग व विशेष व्यवहार किया जाएगा, पर ऐसा लगता है कि समझौते से विकासशील देशों के छोटे मछुआरों पर समझौते का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। आश्चर्यजनक रूप से जब सभी चीजें ठहर गई थीं, ये वार्तायें बेलगाम जारी रहीं। आवागमन पर नियंत्रण के कारण जेनेवा में दूतावास न होने वाले छोटे देशों के विचारों को दस्तावेज में समुचित स्थान नहीं मिल सका। इस कारण भी विकासशील देशों में गुस्सा बढ़ रहा है। हाल में जब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक भारत आए तब भारत ने सीधे कह दिया कि विभिन्न देशों द्वारा मछली पकड़ने को अनुचित सब्सिडी देने तथा विकसित देशों द्वारा बहुत अधिक मछलियां पकड़ने के कारण भारत के छोटे मछुआरों पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है। इसलिए विकसित देशों द्वारा बड़े जहाजों को मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करना जरूरी हो गया है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि समझौते का प्रारूप संतुलित नहीं है। इस संदर्भ में विकासशील देशों को समझौते में मिलने वाले विशेष व्यवहार को केवल भारत के सुझावों को शामिल कर ही संतुलित किया जा सकता है।

भारत की मांग है कि विकसित देश उन मछली पकड़ने वालों को सब्सिडी देना बंद करें जो अपनी प्राकृतिक भौगोलिक सीमाओं से बाहर जाते हैं। लेकिन औद्योगिक रूप से मछली पकड़ने वाले देश इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत चाहता है कि गरीब व छोटे मछुआरों के हित संरक्षण हेतु सब्सिडी का प्राविधान जारी रखा जाए। भारत में कोई अवैध, अज्ञात या अनियंत्रित मछली पकड़ने वाले नहीं हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के बाद से ही भारत का मानना है कि विकसित देशों को खास रियायतें मिलती हैं तथा उनकी कृषि सब्सिडी बेलगाम जारी हैं, जबकि विकासशील देशों के अधिकारों को सीमित किया गया है। मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी संबंधित इस फैसले में यह गलती दुहराई नहीं जानी चाहिए। आज समय की आवश्यकता है कि भारत तथा अन्य विकासशील देश व गरीब देश अमीर देशों के पक्षपात का मुकाबला करें। उनको मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित किसी असंतुलित व अतार्किक समझौते पर तैयार नहीं होना चाहिए ताकि छोटे और गरीब मछुआरों के हितों की रक्षा हो सके।

# शिक्षण संस्थाओं के लिए समान संहिता

> निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो योग्यता को पूरा नहीं करते हैं।

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक अकादमिक क्षेत्र से जुड़े हैं)



निजी स्कूलों द्वारा बनाए रखा तथाकथित गुणवत्ता केवल भौतिक बुनियादी ढांचे और अंग्रेजी संचार प्रचार में है न कि बौद्धिक स्तर पर। खुली जगह में भी अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जा सकती है। महामारी के दौरान हुई शिक्षा में डिजिटल क्रांति ने स्कूलों की भौतिक संरचना को अप्रासंगिक बना दिया है। यह शिक्षकों की इच्छाशक्ति और समर्पण है जो मायने रखता है। हालांकि, अधिकांश निजी स्कूलों में शिक्षकों को अच्छी तरह से भुगतान नहीं किया जाता है और कोविड की स्थिति ने उनके लिए हालात और खराब कर दिए हैं क्योंकि उन्हें बिना अतिरिक्त वेतन के अतिरिक्त ड्यूटी करनी पड़ती है।

देश भर में, निजी स्कूल के शिक्षक सबसे कम वेतन पाने वाले हैं। नौकरी की कोई सुरक्षा भी नहीं है क्योंकि प्रबंधन नियमों का पालन नहीं करने पर किसी भी समय प्रबंधन शिक्षकों को बर्खास्त कर सकता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी स्थिति अलग नहीं है। महामारी के समय में, सैकड़ों शिक्षकों को निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। वैसे भी निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो आवश्यक योग्यता को पूरा नहीं करते हैं। इन निजी संस्थानों को बस एक ऐसे कार्यबल की जरूरत है जो उनकी बात मान सके। निजी सहायता प्राप्त कॉलेज भी हैं जो भर्ती प्रक्रिया के लिए मोटी रकम लेते हैं। सभी निजी उच्च शिक्षा केंद्रों में कार्यरत शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं और उनका असंतोष उनके शिक्षण के माध्यम से छात्रों को हस्तांतरित किया जाता है। हाल ही में, केरल विधानसभा ने एक ऐतिहासिक केरल स्व-वित्तपोषित कॉलेज शिक्षण



और गैर-शिक्षण कर्मचारी (नियुक्ति और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2021 पारित किया, जो निजी कॉलेजों में कर्मचारियों के लिए सेवा शर्तों की गारंटी के लिए एक कानून रखता है। केरल राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा अनुशंसित कानून को एक ऐसे कानून के रूप में देखा जा रहा है जो गैर-सहायता प्राप्त क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए सेवा शर्तों को सुनिश्चित करने के लिए नियमों का मानकीकरण करेगा। भले ही यह उच्च शिक्षा के खतरों को दूर करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है, लेकिन चिंता का एक क्षेत्र अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए दिया गया विशेष विशेषाधिकार है। केरल में, अधिकांश निजी कॉलेजों का प्रबंधन अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा किया जाता है और इन केंद्रों में शिक्षकों का अत्यधिक शोषण होता है। अल्पसंख्यक संस्थानों को प्राप्त विशेषाधिकारों के अनुसार, सरकार उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित नहीं कर सकती है। इन एजेंसियों द्वारा संचालित निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेज शायद ही कभी छात्रों को सरकारी मानदंडों के अनुसार पूर्ण वजीफा प्रदान करते हैं। कुछ मामलों में, प्रबंधन द्वारा बैकलैश के डर से, पीजी छात्रों को उनके खाते में जमा किए गए वजीफे को वापस करना पड़ता है। प्रबंधन पक्ष के कर्मचारी सदस्य, आमतौर पर एक ही समुदाय से, अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं और अन्य समुदायों के सदस्यों को मानसिक रूप से परेशान किया जाता है और उनकी व्यावसायिक उन्नति को कम कर दिया जाता है। शिक्षकों के बीच व्याप्त अस्वस्थ वातावरण छात्रों में स्थानांतरित हो जाता है और पूरी व्यवस्था खराब हो जाती है।

जब एक शिक्षण संस्थान का प्रबंधन अन्य समुदायों के छात्रों और शिक्षकों के शुल्क और दान द्वारा किया जाता है, तो कोई संस्थान विशेष अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कैसे कर सकता है? अगर वे उस स्थिति का आनंद लेना चाहते हैं तो उन्हें अपने समुदाय के छात्रों को अकेले पढ़ाना चाहिए, और उसी समुदाय के शिक्षकों की भर्ती भी करनी चाहिए। यहां तक ??कि अल्पसंख्यक समुदायों (यहां तक ??कि गैर-अल्पसंख्यक भी) द्वारा संचालित निजी सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में भी लाखों रुपये चंदा लेकर शिक्षकों की भर्ती की जाती है। यह एक खुला रहस्य है और चुनावों में प्रतिक्रिया के डर से किसी भी राजनीतिक दल में इन प्रबंधनों को लेने का साहस नहीं है। ऐसे में हमें केरल सरकार द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करनी होगी।

हालांकि, यह देखना मुश्किल होगा कि सरकार अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त संस्थानों में नए विधेयक को प्रभावी ढंग से कैसे लागू करेगी। यह उचित समय है जब हम निजी स्कूलों और कॉलेजों के कामकाज को नियंत्रित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आम कानून विकसित करें, क्योंकि शिक्षा सभी के लिए समान है, चाहे वह किसी भी वर्ग, लिंग या नस्लीय भेदभाव के लिए हो।

## आप की बात

### स्मार्ट पुलिसिंग

**वर्ष** 2014 से हर वर्ष पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी भाग ले रहे है। लखनऊ में आयोजित 56वे सम्मेलन में भाग लेते हुये आंतरिक सुरक्षा से लेकर पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुये सारे देश मे एक जैसी तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। इसके लिये प्रधान मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हाई पावर टेक्नोलॉजी मिशन गठन करने की घोषणा किया। सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग की संकल्पना किया था। जिससे पुलसिंग के गिरते स्तर को उठाया जा सके। स्मार्ट पुलिसिंग में स्मार्ट के हर अक्षर का अर्थ बताते हुये मोदी ने कहा था कि एस से स्ट्रिक्ट और सेंसटिव, एम से मॉडर्न व मोबाइल, ए से एलर्ट और अकाउंटेबल, आर से रिलायबल और रेस्पॉन्सिव तथा टी फार टेक्नोसेवी और ट्रेंड है। मोदी ने कोरोना महामारी के समय पुलिस द्वारा शानदार कार्य कोरोना वारियर्स के रूप में किये जाने पर सराहना किया। राज्यों में कानून व्यवस्था और अपराध के नियंत्रण के लिये तकनीक का दायरा बढ़ना चाहिये। राज्यों की पुलिस व जांच एजेंसियों के बीच समन्वय होना चाहिये। ड्रोन तकनीक का उपयोग भी लोगों के लाभ के लिये होना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### वर्क फ्राम होम

**कोविड**-19 के बाद ज्यादातर कंपनियों एवं संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न चल रहा था। यह दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक भी था। घर से कार्य करने के अपने फायदे एवं नुकसान हैं। व्यक्ति अपने अनुसार अपने टाइम का मैनेजमेंट करके कार्य करता है। संस्थान तक पहुंचने का खर्च, समय एवं मानसिक त्रास से भी बचाव होता है। वर्क फ्रॉम होम की खामी यह है कि इसमें होमसिकनेस की संभावना बलवती हो जाती है। सभी के पास कार्य करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां एवं जगह उपलब्ध होना भी एक समस्या है। घरेलू कामकाज एवं व्यवधान भी काम में खलल डालते हैं। ऑफिस वर्क की फीलिंग नहीं आने से व्यक्ति कार्य में थोड़ा सुस्त भी हो सकता है। ऑफिसों में कई लोग एक साथ कार्य करते हैं इसलिए व्यक्ति की भी कार्य करने की मेंटेलिटी अपने आप डेवलप होती है। कार्य करने का सही माहौल ऑफिस में ही मिल पाता है। ऑफिस खुलने से एवं कार्यालयों में पूरी क्षमता के साथ कार्य होने से व्यक्ति अपने पुराने रूटीन पर धीरे-धीरे लौट आएगा। कर्मचारियों में कोविड त्रासदी के कारण आया जड़ता का भाव ऑफिस वर्क से समाप्त होने में मदद मिलेगी।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### घरेलू सहायकों की दशा

**यह** पत्र 'घरेलू सहायक' से संबंधित है। वे सदैव अपने मालिक की दया पर आश्रित रहते हैं और यह अतिशयोक्ति नहीं होगी अगर यह कहा जाए की अधिकांश घरेलू सहायकों पर किसी ना किसी रूप मे अत्याचार होता है चाहे वह आर्थिक, मानसिक या शारीरिक हो। केंद्र सरकार की सेवायोजन नीति एक अच्छा कदम है लेकिन यह बिल्कुल जनसंख्या गणना की तरह है जिसमें अथक प्रयास की ज़रूरत है। घर घर जा कर इनकी गिनती करना पड़ेगा। शहरों मे आर डब्ल्यू ए की मदद ली जा सकती है। निसंदेह सर्वेक्षण के बाद ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमे इनके सामाजिक संरक्षण के बारे मे ध्यान दिया जाए। मगर सबसे बड़ा पहलू है इन घरेलू सहायकों के बच्चों का भविष्य ,अधिकांश यह देखा देखा जाता है की इन सहायकों के बच्चे अपनी पढ़ाई बीच मे ही छोड़ कर कुछ छोटे छोटे कामों मे लग जाते हैं और कुछ तो अपने माता पिता के साथ इन्हीं घरों मे बाल श्रमिक के रूप मे भी काम शुरू कर देते हैं. तो सरकार ने एक छोटी परंतु अच्छी शुरुआत की है लेकिन एक लंबा सफ़र अभी बाकी है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के शासनकाल में, ऐसा कुछ भी नहीं बचा है जो महंगा न हो गया हो।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**सरकार** के पीछे हटने का भी समय होता है, ताकि ऑस्ट्रेलियाई जनता आगे बढ़ सके।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री





**उत्तर** प्रदेश में कभी हर तीसरे या चौथे दिन दंगे होते थे, लेकिन अब राज्य की 'दंगा मुक्त' राज्य के तौर पर पहचान है।

– **योगी आदित्यनाथ**
यूपी के मुख्यमंत्री

# भाजपा को करें मजबूत, टीएमसी व आप को रखें दूर : नड्डा

**भाषा।** पणजी


**गोवा विधानसभा** चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) व आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को राज्य के लोगों से इन दोनों दलों से दूर रहने व भाजपा को मजबूती प्रदान कर विकास के पथ पर चलने का आह्वान किया है। गोवा में अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं।

यहां भाजपा सत्ता में है। उत्तर गोवा की वालपोई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख ने अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रमोद सावंत नीत सरकार की सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सावंत के अलावा केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक और स्थानीय विधायक व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे मौजूद थे। ममता बनर्जी नीत टीएमसी पर हमला करते हुए नड्डा ने कहा, अगर हम महिलाओं के खिलाफ अपराध में नबंर एक (राज्य), कानून एवं व्यवस्था की बदतर स्थिति और समग्र अपराध दर जैसे मानकों पर नज़र डालें तो ए सारी चीजें पश्चिम बंगाल में मौजूद हैं। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल नीत सरकार के बारे में उन्होंने कहा, अगर हम दिल्ली की बात करें तो हमें पता चलता है कि जिस भी व्यवस्था को लागू करने की जरूरत है, स्थानीय सरकार उसे केंद्र पर डालती है।

नड्डा ने कहा, विज्ञापनों के अलावा वे किसी और तरह की राजनीति नहीं कर रहे हैं। इसके बाद नड्डा ने गोवा के लोगों से विकास के पथ पर चलने और इन ताकतों को अस्वीकार करने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं आप सभी से राज्य में भाजपा को मजबूत करने में योगदान देने की अपील करता हूं। भाजपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री सावंत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह दिवंगत मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, जिन्होंने गोवा के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। नड्डा ने कहा कि (पणजी में मंडोवी नदी पर बने) अटल सेतु के उद्घाटन के दौरान खुद के जीवन रक्षक प्रणाली पर होने के बावजूद पर्रिकर ने पूछा था जोश कैसा है। भाजपा नेता ने कहा, मैं देख सकता हूं कि भाजपा कार्यकर्ताओं में अब भी सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए वही जोश है। उन्होंने कोरोना वायरस रोधी टीकों की एक खुराक 100 प्रतिशत लोगों को लगाने के लक्ष्य को प्राप्त कर पहला राज्य बनने के लिए गोवा को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में पूरी पात्र आबादी का जल्द ही पूर्ण टीकाकरण हो जाएगा। टीकाकरण ने तटीय राज्य को पर्यटन क्षेत्र को फिर से खोलने में मदद की है, जिससे पर्यटकों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 80 लाख हो गई है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने महामारी के दौरान देश के लोगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, सौ साल पहले, जब इस तरह की महामारी आई थी, तो बीमारी से ज्यादा लोग भूख से मर गए थे।



भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा गोवा में केटीसी बस स्टैंड हॉल में कार्यकर्ता मेला के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को नोएडा में किया विभाजन कालीन भारत के साक्षी पुस्तक का विमोचन

### गोवा के लोगों को मूर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं नड्डा: महुआ मोइत्रा

**पणजी।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने बृहस्पतिवार को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा पर गोवा के लोगों को मूर्ख बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। मोइत्रा ने यहां प्रेसवार्ता को संबोधित करने के दौरान नड्डा द्वारा तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में अपराध को लेकर की गई टिप्पणी पर पलटवार किया। मोइत्रा ने कहा, नड्डा आज आए और यह बताने के बजाय की उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या किया? वह गोवा के लोगों को समझाने में अपना समय बर्बाद कर रहे है। गोवा के लोग बदलाव चाहते हैं और ऐसा हो रहा है। ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने अगले साल होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरने का ऐलान किया है।

### जम्मू कश्मीर पुलिस ने जब्त की 100 करोड़ की हेरोइन, एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पंजाब जा रहे एक ट्रक से 100 करोड़ रुपए के मूल्य की 52 किलोग्राम हेरोइन जब्त की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पाकिस्तान की ओर से घाटी में आतंकवाद को वित्तपोषित करने के लिए इस नशीले पदार्थ की तस्करी जम्मू कश्मीर में की गई थी। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, गुप्त सूचना के आधार पर झज्जर कोटली के थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने राजमार्ग पर वाहनों की तलाशी के लिए चौकियां लगवाईं।

### खुर्शीद की किताब के प्रकाशन, बिक्री पर रोक लगाने संबंधी याचिका खरिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की किताब सनराइज ओवर अयोध्या : नेशनहुड इन आवर टाइम्स के प्रकाशन, प्रसार और बिक्री पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका बृहस्पतिवार को खारिज करते हुए कहा कि अगर लोग इतना संवेदनशील महसूस कर रहे है तो वह क्या कर सकता है। वकील विनीत जिंदल की याचिका पर न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा सुनवाई कर रहे थे। जिंदल की याचिका मे दावा किया गया है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री की किताब दूसरो की आस्था को चोट पहुंचाती है। इस पर न्यायमूर्ति वर्मा ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह लोगो से कहे किकिताब पढ़े ही नही। याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील ने कहा कि किताब अपने एक अध्याय द सैफरन स्काई मे हिंदुत्व की तुलना आईएसआईएस और बोको हराम जैसे कट्टरपंथी संगठनो से करती है जिससे सार्वजनिक शांति भंग हो सकती है।

### कोविड के नए स्वरूप को लेकर परामर्श जारी

नई दिल्ली। केंद्र ने बृहस्पतिवार को सभी राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशो से कहा कि दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने वाले या इन देशो के रास्ते आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियो की कड़ी स्क्रीनिंग और जांच की जाए। इन देशो मे कोविड-19 के गंभीर जनस्वास्थ्य प्रभावों वाले नए स्वरूप सामने आने की सूचना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशो के अतिरिक्त मुख्य सचिव या प्रधान सचिव अथवा सचिवों (स्वास्थ्य) को लिखे पत्र मे, उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि संक्रमित पाए गए यात्रियों के नमूने तुरंत निर्दिष्ट जीनोम अनुक्रमण प्रयोगशालाओं को भेजे जाएं। भूषण ने पत्र मे कहा है कि एनसीडीसी द्वारा अब यह सूचित किया गया है कि बोत्सवाना (3 मामले), दक्षिण अफ्रीका (6 मामले) और हांगकांग (1 मामले) में कोविड-19 के स्वरूप बी.1.1529 के मामले सामने आए है।


# परमबीर पहुंचे मुंबई, अपराध शाखा ने की पूछताछ

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह बृहस्पतिवार को यहां पहुंचने के बाद अपराध शाखा के समक्ष पेश हुए। मुंबई की एक अदालत ने सिंह को जबरन वसूली के मामले में भगोड़ा घोषित करते हुए उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश भी दिया था। परमबीर सिंह बृहस्पतिवार को मुंबई पुलिस के समक्ष पेश हुए और अपराध शाखा के अधिकारियों ने उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ की। चंडीगढ़ से मुंबई पहुंचे सिंह सरकारी वाहन से सुबह करीब 11 बजे कांदिवली में अपराध शाखा की इकाई-11 के कार्यालय पहुंचे और शाम करीब 6:15 बजे वहां से निकले। सिंह वर्तमान में महाराष्ट्र होम गार्ड के महानिदेशक हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईपीएस अधिकारी परमबीर सिंह जबरन वसूली के मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए अपराध शाखा के समक्ष पेश हुए। सिंह के खिलाफ गोरेगांव पुलिस थाने में मामला दर्ज है। अधिकारी ने कहा, उन्होंने (सिंह ने) जांच में सहयोग किया और हमारे सभी प्रश्नों का उत्तर दिया।

### हैरानी की बात है कि परमबीर को जान पर खतरा महसूस होता है : महाराष्ट्र के गृह मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी परमबीर सिंह को अपनी जान पर खतरा महसूस होता है। सिंह मुंबई और ठाणे के पुलिस आयुक्त रह चुके है। वलसे पाटिल ने यहां पत्रकारो से कहा, मुझे यह जानकर हैरानी हुई कि मुंबई और ठाणे के पुलिस आयुक्त के पद पर रहे व्यक्ति को अपनी जान पर खतरा महसूस होता है। वह सिंह की उच्चतम न्यायालय मे सोमवार को दायर उस याचिका पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होने कहा है कि वह इसलिए छिप रहे थे क्योंकि उनकी जान को खतरा है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ महाराष्ट्र मे दर्ज आपराधिक मामलो मे सोमवार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। साथ ही न्यायालय ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि अगर पुलिस अधिकारियो और वसूली करने वालो के खिलाफ मामले दर्ज करने पर उन्हे तंग किया जा रहा है तो आम आदमी का क्या होगा।



### नवाब ने निशाना साधा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने बृहस्पतिवार को परमबीर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त, अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद आखिरकार सामने आ गए। वसूली के आरोपो मे घिरे भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिंह कई महीने तक गायब रहने के बाद बृहस्पतिवार को मुंबई पहुंचे। मलिक ने पत्रकारो से कहा, सिंह का आज मुंबई मे सामने आना दिखाता है कि उन्हे भगोड़ा घोषित किया जाना जरूरी था...मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से तबादले के बाद से वह ड्यूटी पर नही आए। सिंह गिरफ्तारी से संरक्षण हासिल करने के लिए उच्चतम न्यायालय गए। शीर्ष अदालत मे उनकी इस दलील पर कोई विश्वास नही करेगा कि उनकी जान को खतरा है। उन्होने आरोप लगाया कि सिंह ने राकांपा के नेता एवं राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ गलत आरोप लगाए।

## क्विक न्यूज

### विदेशी बोर्ड छात्रों को सीबीएसई के स्कूलों में दाखिला लेने के लिए अब अनुमति नहीं लेनी पड़ेगी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला लेना चाह रहे विदेशी बोर्ड्स के छात्रों को अब पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। बोर्ड ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के एक अधिकारी ने बताया कि छात्रों के अनुमति संबंधी आवेदन की संख्या बढ़ने के बाद यह कदम उठाया गया है। कोविड-19 महामारी के बाद कई परिवार विभिन्न कारणों से विदेशों से लौट रहे हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, कोरोना महामारी के बाद कई परिवार विभिन्न वजहों से भारत आ रहे हैं। इसलिए विदेशी बोर्ड्स में पढ़ रहे कई छात्र सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। चूंकि दो अलग-अलग बोर्ड्स की कक्षाओं की समानता के आधार पर दूसरे बोर्ड्स के छात्रों को दाखिला दिया जाता है तो विदेशी बोर्ड्स से आ रहे छात्र स्कूलों के जरिए सीबीएसई को आवेदन दे रहे हैं कि उन्हें समानता के आधार पर नौवीं और 11वीं कक्षाओं में दाखिला देने की अनुमति दी जाए।

### कर्नाटक में 15 सरकारी अधिकारियों के पास 72.52 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति का पता लगा

**बेंगलुरु।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्नाटक के विभिन्न सरकारी विभागों के 15 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान 72.52 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति का पता चला। एसीबी ने बुधवार को 68 जगहों पर छापा मारा। ब्यूरो ने तलाशी लेने के लिए 68 दलों में 503 अधिकारियों को तैनात किया था। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नकद, सोने के आभूषण, निवेश दस्तावेज, शेयर, बांड, जमीन और अन्य संपत्तियों की जानकारी मिली। लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर एस एम बिरादर के यहां से नाली की पाइप में छिपाकर रखे गए 13 लाख रुपए बरामद हुए थे तथा एक अन्य अधिकारी के पास से सात किलोग्राम सोना बरामद हुआ।

### त्रिपुरा निकाय चुनाव : शाम चार बजे तक 75.04 प्रतिशत मतदान, विपक्ष ने लगाया धांधली का आरोप

**अगरतला।** त्रिपुरा के 14 नगर निकायों के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार शाम चार बजे तक 4.93 लाख से ज्यादा मतदाताओं में से लगभग 75.04 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान विपक्षी दलों ने राजनीतिक हिंसा का आरोप लगाया, हालांकि, राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) की ओर से कहा गया कि मतदान से संबंधित क्षेत्रों में झड़प या वोटिंग मशीन की समस्या से संबंधित कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मतदान की प्रक्रिया प्रात: सात बजे शुरू हुई और शाम चार बजे के बाद तक जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि दिन के अंत तक मत प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है। विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने दावा किया कि उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमला हुआ और उन्हें मतदान करने से रोका गया। आज तृणमूल नेता सुबल भौमिक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ यहां धरना प्रदर्शन किया।

### सीबीआई, ईडी निदेशकों के कार्यकाल संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा सर्वोच्च न्यायालय

**नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा जिसमें दो हालिया अध्यादेशों की वैधता को चुनौती दी गई है। इन अध्यादेशों के तहत सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशकों का कार्यकाल अब दो साल की अनिवार्य अवधि के बाद तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने इन दलीलों पर गौर किया कि इस मुद्दे पर जनहित याचिका को सुनवाई के लिए अभी सूचीबद्ध नहीं किया गया है। निजी तौर पर जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता एम एल शर्मा ने कहा कि इनमें से एक अध्यादेश के तहत प्रदत्त शक्तियों का सहारा लेकर ईडी के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल भी बढ़ा दिया गया है। पीठ ने कहा, हम इसे सूचीबद्ध करेंगे। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अध्यादेश तथा दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान (संशोधन) अध्यादेश संविधान के खिलाफ, मनमाना और कानून विरूद्ध हैं।


### भारत में अब तक टीके की 120 करोड़ से अधिक खुराक दी गई

**नई दिल्ली।** देश में बृहस्पतिवार तक कोविड रोधी टीके की 120 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। शाम सात बजे तक 74,59,819 खुराक दी गई। मंत्रालय ने कहा कि देर रात तक अंतिम रिपोर्ट आने के बाद टीकाकरण के आंकड़े बढ़ सकते हैं। देश में 16 जनवरी को टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई थी और पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया था। अग्रिम मोर्चे के कर्मियों का टीकाकरण दो फरवरी से शुरू हुआ। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया।

# उपराष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडु ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एवं अन्य महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सुधार की वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इनमें सुधार की जरूरत है ताकि ए समकालीन वास्तविकताओं का प्रदर्शन कर सकें और मौजूदा चुनौतियां का सामना कर सकें। 13वें एएसईएम शिखर बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए वेंकैया नायडु ने कहा कि विश्व तेज आर्थिक विकास और तकनीकी एवं सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है तथा मौजूदा बहुद्देश्ईय प्रणाली इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में खुद को कमजोर पा रही है। उन्होंने सुधार युक्त बहुद्देश्ईय ढांचा के मार्गदर्शक सिद्धांत की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत मौजूदा संस्थागत वैश्विक प्रणाली में सार्थक बदलाव के लिए लगातार प्रयास करता रहा है। नायडु ने यह भी कहा कि महामारी ने अविश्वनीय वैश्विक आपूर्ति तंत्र की पोल खोल दी है। असमान वैक्सीन वितरण से यह सामने आ गया है कि वैश्विक एकता व सशक्त बहुदेशीय प्रणाली की जरूरत है।



# विशेष मजिस्ट्रेट अदालतें गठित करे इलाहाबाद हाई कोर्ट : उच्चतम न्यायालय

**भाष।** नई दिल्ली

**● जन प्रतिनिधियों के खिलाफ मामूली अपराधों में चलाए जा सकेंगे मुकदमे**

**उच्चतम** न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को विशेष मजिस्ट्रेट अदालतों का गठन करने के लिए नई अधिसूचना जारी करने को कहा है जहां जन प्रतिनिधियों के खिलाफ मामूली अपराधों में मुकदमे चलाए जा सकेंगे और अपराध की गंभीरता को देखते हुए मामलों का आवंटन सत्र या मजिस्ट्रेट अदालतों में किया जा सकेगा। न्यायालय ने कहा कि उसके आदेशों का स्पष्ट रूप से गलत अर्थ निकाला गया और उनके आधार पर उत्तर प्रदेश में इस तरह की अदालतों का गठन नहीं किया गया। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने उच्च न्यायालय से वर्तमान आदेश के अनुरूप नया परिपत्र जारी करने को कहा। न्यायालय ने जन प्रतिनिधियों के खिलाफ मामूली अपराधों में मुकदमा चलाने के लिए उत्तर प्रदेश में विशेष मजिस्ट्रेट अदालतों का गठन नहीं करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शीर्ष न्यायालय के निर्देशों का स्पष्ट रूप से गलत अर्थ निकालते हुए, उनके आधार पर उच्च न्यायालय ने 16 अगस्त 2019 को अधिसूचना जारी की थी। विशेष पीठ ने यह आदेश उन याचिकाओं पर दिया जिनमें कानूनी सवाल उठाया गया था कि जन प्रतिनिधियों के खिलाफ मामूली अपराध के मामलों, जिन पर मजिस्ट्रेट अदालत में मुकदमा चल सकता है, की सुनवाई क्या सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली विशेष अदालत में होनी चाहिए। सत्र न्यायाधीश, न्यायिक मजिस्ट्रेट से वरिष्ठ होते हैं।

आरोप लगाया गया कि सत्र न्यायाधीशों द्वारा इस तरह के मुकदमों को देखने से अपील के अधिकार के लिए एक न्यायिक मंच कम हो जाता है जो आमतौर पर अन्य आरोपियों को उपलब्ध होता है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामले जिन पर मजिस्ट्रेट अदालत सुनवाई कर सकती हैं लेकिन जो अब तक सत्र अदालतों में चल रहे थे उन्हें वापस मजिस्ट्रेट अदालतों में भेजा जाएगा और कार्यवाही वहीं से शुरू होगी जहां पर छोड़ी गई थी और नई सुनवाई नहीं होगी। यह आदेश समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान की याचिका पर आया है। इसमें आरोप लगाया गया था कि उन पर मजिस्ट्रेट अदालत के बजाए विशेष सत्र अदालत में अभियोजन चलाया गया। इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय ने मजिस्ट्रेट की अदालत में चलाए जा सकने वाले मामले विशेष सत्र अदालत में स्थानांतरित करने को नहीं कहा था।

### रूस-भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 नवंबर को होगी

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, उनके चीनी समकक्ष वांग ई और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच आज डिजिटल तरीके से वार्ता होगी जिसमें मुख्य रूप से वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। रूस, भारत और चीन के त्रिपक्षीय फ्रेमवर्क के तहत शुक्रवार (26 नवंबर) को होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्री की अध्यक्षता में रूस, भारत और चीन समूह के विदेश मंत्रियों की 18वीं बैठक शुक्रवार 26 नवंबर को डिजिटल तौर पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से होगी।

# गांधी आश्रम पुनर्विकास योजना के खिलाफ तुषार गांधी की याचिका खारिज

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी द्वारा साबरमती आश्रम पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ दायर एक याचिका को उस समय खारिज कर दिया जब राज्य सरकार ने आश्वासन दिया कि वह परिसर के एक एकड़ क्षेत्र में स्थित तीन प्रमुख स्थानों को नहीं छुएगी। मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति ए जे शास्त्री की पीठ ने पहली ही सुनवाई में जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जब महाधिवक्ता कमल त्रिवेदी ने आश्वासन दिया कि पुनर्विकास मुख्य आश्रम के आसपास के 55 एकड़ क्षेत्र में ही होगा। मुख्य न्यायाधीश कुमार ने जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा, सरकार ने आश्वासन दिया है कि एक एकड़ के क्षेत्र में स्थित मौजूदा आश्रम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और इसे यथावत बनाए रखा जाएगा। इस प्रकार सरकार के बयान से याचिकाकर्ता के सभी भय और आशंकाएं दूर हो जाती हैं। मुख्य न्यायाधीश कुमार ने कहा, इस याचिका पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा दिए गए बयान के आलोक में हम इसका निपटारा कर रहे हैं। सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता त्रिवेदी ने अपने हलफनामे में पीठ को सूचित किया कि मुख्य परिसर के अंदर तीन प्रमुख आकर्षण-गांधी आश्रम, इसके अंदर संग्रहालय और मगन निवास को छुआ नहीं जाएगा। महाधिवक्ता ने कहा, यह दावा किया गया है कि हम गांधी आश्रम में एक मनोरंजन पार्क बना रहे हैं। हम ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, या साबरमती रिवरफ्रंट के समय भी लोगों को इसी तरह की आपत्ति थी।



### बंबई हाईकोर्ट ने अश्लील फिल्म मामले में राज कुंद्रा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने अश्लील वीडियो कथित तौर पर वितरित करने के लिए दर्ज एक प्राथमिकी के संबंध में कारोबारी राज कुंद्रा द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति नितिन सांबरे ने बुधवार को कुंद्रा की गिरफ्तारी से सुरक्षा के अनुरोध वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने बृहस्पतिवार को याचिका खारिज कर दी। साइबर प्रकोष्ठ ने शिल्पा शेट्टी के पति कुंद्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, महिलाओं का अभद्र तरीके से चित्रण (रोकथाम) कानून और सूचना प्रौद्योगिकी कानून की संबंधित धाराओं के तहत अश्लील वीडियो कथित रूप से वितरित, प्रसारित करने के लिए मामला दर्ज किया था।



इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने अपने शरीर पर केले के पत्तों को लपेटकर व अपने पैरों पर पॉलीथिन के पैकेट पहन कर कपड़ों और जूतों पर जीएसटी की उच्च दर लगाने के केंद्र सरकार के फैसले का विरोध किया

# नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी: राष्ट्रपति

● राष्ट्रपति ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि के शताब्दी वर्ष समारोह में कहा, बेटियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए




भाषा। कानपुर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में लागू की जा रही नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी तथा भारतीय भाषाओं की ताकत और बढ़ेगी।

राष्ट्रपति ने यहां हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में कहा, नई शिक्षा नीति द्वारा ऐसी उच्चतर शिक्षा की व्यवस्था की जानी है जो परंपरा से पोषण प्राप्त करती हो और अपने दृष्टिकोण में आधुनिक एवं भविष्योन्मुख भी हो। नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र की संस्तुति की गई है। इससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी तथा भारतीय भाषाओं की ताकत और बढ़ेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शिक्षा तथा शोध को भारतीय भाषाओं से जोड़ने की संस्तुति की गई है। मुझे विश्वास है कि आप सब इस शिक्षा नीति के सभी प्रमुख आयामों को लागू करेंगे तथा भारत को नॉलेज सुपर पावर बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आज भी बेटियों की भागीदारी संतोषजनक नहीं है। मुझे बताया गया है कि हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में भी पीएच. डी. में तो छात्र-छात्रा अनुपात लगभग बराबर है लेकिन बी. टेक. और एम. टेक. में छात्राओं की संख्या छात्रों की अपेक्षाकृत कम है।

आज समय की जरूरत है कि बेटियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश के तकनीकी संस्थानों को अपने विद्यार्थियों में अन्वेषण, नवाचार और उद्यमशीलता की सोच विकसित करने के प्रयास करने चाहिए। उन्हें शुरू से ही ऐसा वातावरण प्रदान करना चाहिए जिसमें वे नौकरी लेने वाले की जगह नौकरी देने वाले बनकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में भारत के युवा सफलता के ऐसे अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं जिनकी कुछ वर्षों पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा, एक विश्लेषण के अनुसार वर्ष 1990 के बाद जन्म लेने वाले यानी 31 वर्ष से कम आयु के 13 युवा उद्यमियों ने एक हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्ति अर्जित कर बिलियनेयर-क्लब में अपना स्थान बनाया है। उनमें एक 23 वर्ष का नवयुवक भी है जिसने तीन साल पहले यानि 20 साल की उम्र में डिजिटल टेक्नॉलॉजी पर आधारित अपना कारोबार शुरू किया। आज भारत में सौ में से 65 अरबपति पैतृक उद्यम के बल पर नहीं बल्कि स्वावलंबन के बल पर सफल उद्यमी बने हैं। कोविंद ने कानपुर की प्रशंसा करते हुए कहा, यहां के प्रशासनिक एवं नगर निगम के अधिकारियों से मैं अपेक्षा करता हूं कि वे देश में लगातार प्रथम स्थान पाने वाले इंदौर शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को जा कर देखें और वहां के अधिकारियों के साथ ताल-मेल बिठा कर कानपुर को देश के पांच स्वच्छतम शहरों में स्थान दिलाने के लिए प्रयास करें। इस मौके पर उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इतिहास की किताब का विमोचन किया और पहली किताब राष्ट्रपति को भेंट की। बाद में राष्ट्रपति कोविंद ने एक कॉफी टेबल बुक, डाक टिकट, विशेष कवर और 100 रुपए का स्मारक सिक्का भी जारी किया जिसमें शताब्दी समारोह एचबीटीयू की तस्वीर थी। हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) को 25 नवंबर 1921 को स्थापित किया गया था और 2016 से विश्वविद्यालय का दर्जा रहा है। बृहस्पतिवार को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है।

# कैंसर से बचाव का उपाय खोजने का समय आ गया है : गडकरी

भाषा। औरंगाबाद

● आज मरीजों से अस्पताल भरे हुए हैं

**केन्द्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के कैंसर अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं और अब समय आ गया है कि इस जानलेवा बीमारी से युवा पीढ़ी के बचाव का उपाय खोजा जाए। कोरोना वायरस संक्रमण महामारी के विषय में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि इसकी दूसरी लहर के दौरान अन्य राज्यों से जहां मरीजों को जरूरत थी, वहां तक ऑक्सीजन का परिवहन चुनौती भरा काम था। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री लातूर जिले में विवेकानंद मेडिकल फाउंडेशन एवं रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा, महामारी के दौरान ऑक्सीजन का परिवहन और उसे दूसरे राज्यों से लाना बड़ी चुनौती थी। हमने विमान से खाली ट्रकों को उठाया और उन्हें विशाखापत्तनम भेजा और ऑक्सीजन से भरे हुए ट्रक वापस लेकर आए। उस समय देश में सिर्फ 17,000 वेंटीलेटर थे। उस समय हमें देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की कमियां नजर आईं। मंत्री ने कैंसर से बचाव और उसके उपचार को सभी मरीजों के लिए वहनीय बनाने पर जोर दिया।

गडकरी ने कहा, आज कहीं सुविधाओं की कमी है, अगर हमारे पास दवाएं हैं भी तो वह महंगी हैं। महंगा उपचार और जांच सभी वहन नहीं कर सकते है। नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों को उनके साथ खड़े होना चाहिए जो समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज हम देख सकते हैं कि कैंसर अस्पताल भरे हुए हैं। पहले मुंबई से सिर्फ एक बड़ा कैंसर अस्पताल हुआ करता था, लेकिन अब देखें तो टाटा इंस्टीट्यूट में कैंसर के लिए कई अस्पताल शुरू किए हैं और सभी भरे हुए हैं। मंत्री ने लोगों में विभिन्न प्रकार के कैंसर के खतरे को कम करने के तरीके खोजने पर बल दिया।

# नौ तक वानखेड़े के खिलाफ कोई सार्वजनिक बयान नहीं दूंगा: मलिक

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** में मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक ने बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि वह स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े, उनके पिता और परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले के सुनवाई की अगली तारीख, नौ दिसंबर तक कोई ट्वीट नहीं करेंगे और न ही सार्वजनिक रूप से बयान देंगे।

अदालत ने मंत्री से पूछा था कि क्या उन्होंने वानखेड़े की जातीय पहचान के खिलाफ अपने आरोपों के संबंध में जाति संवीक्षा समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है और यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया है कि तो फिर मीडिया में प्रचार के पीछे क्या मंशा है। अदालत ने कहा कि मंत्री को यह चीज शोभा नहीं देती। अदालत की इस टिप्पणी पर मलिक ने उक्त आश्वासन दिया। मलिक की ओर से पेश वकील कार्ल तम्बोली ने न्यायमूर्ति एसजे कथावाला और न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की पीठ के समक्ष बयान दिया। अदालत ने कहा कि वह अगली सुनवाई तक मंत्री को वानखेड़े के खिलाफ सार्वजनिक टिप्पणी करने से रोकने के लिए एक आदेश पारित करना चाहती है। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मलिक ने द्वेष में आकर ट्वीट किए थे। उच्च न्यायालय ने सवाल किया, मंत्री ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं? हम यह जानना चाहते हैं। यह द्वेष के अलावा और कुछ नहीं है। कृपया शब्दकोश में द्वेष का अर्थ पढ़ें। पीठ, समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले को चुनौती दी गई है।

# असम के प्रत्येक मंडल में होगा भाजपा का कार्यालय : हिमंत

भाषा। बोंगाईगांव (असम)

**मुख्यमंत्री** हिमंत बिस्व सरमा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य असम के प्रत्एक मंडल में पार्टी का कार्यालय खोलना है ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके। भाजपा पदाधिकारियों के साथ यहां बैठक के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि हालांकि असम में भाजपा दशकों से मौजूद है, लेकिन संगठन के लिहाज से स्थानीय स्तर पर कार्यालय रखने के बारे में उसने कभी नहीं सोचा। उन्होंने कहा, भाजपा 2014 के बाद से तेज गति से आगे बढ़ी है। पार्टी ने शुरूआत में जिला स्तर पर अपने कार्यालय खोलने पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन लेकिन अब हम प्रत्एक जिला मुख्यालय में पार्टी का कार्यालय खोलना चाहते हैं। दिन में सरमा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता की उपस्थिति में बोंगाईगांव में भाजपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, अब हम मंडल स्तर पर जाना चाहते हैं। हमारा अगला लक्ष्य असम के प्रत्एक मंडल में पार्टी कार्यालय खोलना है। उसके लिए हमें धन की जरूरत होगी और हम आशा करते हैं कि लोग दिल खोल कर दान करेंगे।

उन्होंने पार्टी के शुभचिंतको के लिए जीवनकाल सहयोग राशि की घोषणा की। जनवरी से शुरू हो रही इस योजना में प्रत्एक व्यक्ति का न्यूनतम योगदान 50 रूपए का होगा। सरमा ने कहा, मजबूत संगठन के लिए, हमें जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता तैयार करने की जरूरत होगी और फिर हमें कार्यालय बनाने होंगे। इसलिए हमें धन जुटाने पर भी उतना ही ध्यान देना होगा।

# मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्ति पर राज्यपाल ने मांगा राज्य सरकार से स्पष्टीकरण

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार द्वारा हाल में नियुक्त मुख्यमंत्री के सलाहकारों के संवैधानिक दर्जा के बारे में मुख्य सचिव से जानकारी मांगी है। राजभवन सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने इस बारे में विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ द्वारा दिए गए ज्ञापन को मुख्य सचिव को भेजा और इन नियुक्तियों के संवैधानिक दर्जा के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है।

राठौड़ ने अपने ज्ञापन में मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्ति एवं संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति को संविधान के अनुच्छेद 164 (1 ए), 191 (1) (ए) एवं अनुच्छेद 246 के प्रावधानों तथा उच्चतम न्यायालय एवं आधा दर्जन उच्च न्यायालयों के निर्णयों का उल्लंघन बताया है और कहा है कि राज्य सरकार असंवैधानिक कृत्य कर असंतुष्ट विधायकों को खुश कर रही है। उन्होंने राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने तथा संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति नहीं करने की मांग की थी। राज्य सरकार ने रविवार को कांग्रेस विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा व दानिश अबरार तथा निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर, संयम लोढ़ा, रामकेश मीणा को मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया। राज्य सरकार द्वारा 15 विधायकों को संसदीय सचिव बनाए जाने की भी संभावना है। इससे पहले गहलोत मंत्रिपरिषद के पुनर्गठन के तहत 15 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी जिनमें तीन मौजूदा मंत्रियों को राज्यमंत्री से कैबिनेट मंत्री बनाया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन सलाहकारों के साथ पहली बैठक बुधवार रात की। वहीं, राठौड़ ने बुधवार को ट्वीट किया, संविधान के तमाम प्रावधानों के प्रतिकूल मात्र पार्टी में उभरते हुए असंतोष को दबाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छह विधायकों को उपकृत करते हुए सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। लेकिन प्रावधानों के मुताबिक किसी भी विधायक को लाभ के पद से नवाजा नहीं जा सकता है।

उन्होंने लिखा, अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस सरकार विधायकों को प्रलोभन देकर खुश करना चाह रही है। महामहिम राज्यपाल महोदय को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मुख्यमंत्री सलाहकारों की नियुक्ति एवं संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति के संबंध में मेरे पत्र पर संज्ञान लेकर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है।

## रामबाग मुठभेड़ की प्रामाणिकता पर सवाल है : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर** (भाषा)। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहर के रामबाग इलाके में हुई मुठभेड़ को लेकर जायज शक पैदा हो रहे हैं जिसमें पुलिस ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में हाल में आम नागरिकों की हत्या के मामले में वांछित द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के एक स्वयंभू कमांडर समेत तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने बुधवार को मार गिराया था। महबूबा ने ट्वीट किया, कल रामबाग में हुई कथित मुठभेड़ के बाद उसकी प्रामाणिकता को लेकर जायज शक पैदा हो गए हैं। पीडीपी प्रमुख ने आरोप लगाया कि खबरों और चश्मदीदों के मुताबिक ऐसा लगता है कि गोलीबारी एकतरफा थी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, एक बार फिर आधिकारिक बयान जमीनी हालात से मेल नहीं खाता जैसा कि शोपियां, एचएमटी और हैदरपोरा में देखा गया था।

# उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में 60 पार के लक्ष्य को भाजपा शत-प्रतिशत प्राप्त करेगी: प्रह्लाद जोशी

भाषा। देहरादून

**केंद्रीय** मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्तराखंड चुनाव प्रभारी पहलाद जोशी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने निर्धारित 60 से ज्यादा सीटों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त कर लेगी।

यहां प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति में भाग लेने के बाद जोशी ने कहा, मुझे लगता है कि पार्टी की पिछले कई चुनावों की तैयारियों की तुलना में इस बार हम काफी आगे बढ चुके हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि 60 पार का लक्ष्य जो हमने रखा है, उसे हम 100 प्रतिशत प्राप्त कर लेंगे। भाजपा ने 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में 70 में से 57 सीटों पर जीत दर्ज की थी। आगामी चुनाव के लिए रोडमैप तैयार करते हुए पार्टी ने अपने लिए इस बार, 60 के पार का लक्ष्य निर्धारित किया है। जोशी ने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह स्वयं, दोनों सहप्रभारी-आर पी सिंह और लॉकेट चैटर्जी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक सहित वरिष्ठ नेता जमीनी स्तर तक कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं और इस बात पर जबरदस्त चर्चा चल रही है कि पार्टी के विचार और रणनीति जनता तक कैसे पहुंचे। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों की कोर कमेटी की बैठकों में निचले स्तर पर हो रहे कार्यो और महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा के साथ ही आने वाले समय में मेरा घर कोरोनामुक्त के साथ शुरू होने वाले दूसरे विशेष महाजनसंपर्क अभियान को लेकर हर घर तक पहुंचने पर भी चर्चा की जाएगी। कौशिक ने बताया कि पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति में बनाई गई 33 उप समितियों की कल से लेकर आज तक 13 की बैठक हो चुकी है जिनमें घोषणापत्र, विशेष जन संपर्क अभियान और प्रबंधन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि विशेष संपर्क अभियान की प्रदेश की टीम विधानसभा क्षेत्र स्तर तक जाएगी और समाज की दिशा तय करने वाले प्रबुद्ध वर्ग के 50-100 लोगों से संपर्क और बातचीत कर उनसे प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए सहयोग का निवेदन करेगी। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह तक इसकी रूपरेखा बनाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, प्रदेश की चुनाव प्रबंधन समिति ने सभी 13 जिलों में 30 तारीख तक जिला स्तरीय और फिर विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति बनाने को कहा है ताकि चुनाव प्रबंधन का काम सक्रिय रूप से जल्द शुरू हो सके। चुनावों में टिकट वितरण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कौशिक ने कहा कि जल्द ही सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की एक समिति भेजी जाएगी।

## स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा, अदालत पहुंची भाजपा

भाषा। कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने कोलकाता नगर निगम के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, जबकि पश्चिम बंगाल के सभी स्थानीय निकायों का चुनाव एक ही दिन कराने के अनुरोध संबंधी उसकी याचिका पर अदालत में सुनवाई चल रही है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आर. भारद्वाज की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता व पश्चिम बंगाल भाजपा के उपाध्यक्ष प्रताप बनर्जी के वकील को निर्देश दिया कि वह अपनी शिकायतें हलफनामे के रूप में दायर करें। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार को ही होगी, जैसा पहले से तय है। भाजपा के वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय में उसकी याचिका लंबित होने के बावजूद कोलकाता नगर निगम के लिए 19 दिसंबर को चुनाव की घोषणा की गई।


कृष्णागिरी जिले के वेप्पनपल्ली में भारी बारिश के बाद उफनाई नदी को रस्सी के सहारे पार करतीं छात्राएं

# आईआईएम इंदौर में अध्ययनरत तीन और सैन्य अधिकारी कोरोना से संक्रमित पाए गए

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**इंदौर** के भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के एक पाठ्यक्रम के 60 प्रतिभागियों में शामिल तीन और सैन्य अधिकारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इसके साथ ही, गुजरे पांच दिनों में महामारी की जद में मिले उन सैन्य अधिकारियों की तादाद बढ़कर 14 पर पहुंच गई है जो इस पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएस सैत्या ने बृहस्पतिवार को बताया, "इंदौर में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस के पांच नए मरीज मिले हैं जिनमें थल सेना के तीन अधिकारी शामिल हैं। हालांकि, कोरोना वायरस रोधी टीके की दोनों खुराकें ले चुके इन सैन्य अधिकारियों में महामारी के लक्षण नहीं हैं। सैत्या ने बताया कि तीनों संक्रमित अधिकारी आईआईएम इंदौर के सर्टिफिकेट कोर्स इन बिजनेस मैनेजमेंट फॉर डिफेंस ऑफिसर्स (सीसीबीएमडीओ) के प्रतिभागियों में शामिल हैं। सीएमएचओ के मुताबिक पिछले पांच दिन के भीतर इस पाठ्यक्रम में शामिल 11 अन्य सैन्य अधिकारी भी महामारी की जद में पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित सभी 14 सैन्य अधिकारियों ने करीब ढाई महीने पहले सीसीबीएमडीओ में दाखिला लिया था और इस पाठ्यक्रम की कुल अवधि छह महीने है। सैत्या ने बताया कि सभी संक्रमित फौजी अधिकारियों का इलाज नजदीकी महू छावनी के सैन्य चिकित्सालय के डॉक्टरों की देख-रेख में किया जा रहा है। आईआईएम के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिभागी फौजी अधिकारियों के कोविड-19 की जद में पाए जाने के बाद सतर्कता बरतते हुए सीसीबीएमडीओ की ऑफलाइन (भौतिक) कक्षाएं पहले ही रोकी जा चुकी हैं और इस पाठ्यक्रम की बाकी पढ़ाई ऑनलाइन पूरी कराई जा रही है।

# कांग्रेस अपने नेताओं के पार्टी छोड़ने के लिए तृणमूल को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती

भाषा। कोलकाता

**मेघालय** में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायकों के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल होने संबंधी खबरों के बीच, टीएमसी ने कांग्रेस को अयोग्य और अक्षम करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पार्टी छोड़ने के लिए ममता बनर्जी की पार्टी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। तृणमूल ने अपने मुखपत्र जागो बांग्ला में प्रकाशित एक लेख में कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टक्कर देने के लिए अन्य राज्यों में भी पैठ बढाएगी। तृणमूल ने कहा, कांग्रेस में गंभीर समस्याएं हैं। उसका कोई नेता जब तृणमूल में शामिल होता है, तो वह हमारी आलोचना करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की तुलना में उसकी पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी को इससे अधिक समस्या है।

संपादकीय में कहा गया, कांग्रेस भाजपा को टक्कर देने में नाकाम रही है। दूसरी ओर, (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी और तृणमूल ने दिखाया है कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी और (गृह मंत्री अमित) शाह को कैसे हराना है। इसी कारण तृणमूल को अन्य राज्यों में भी अपनी इकाइयां गठित करने के अनुरोध मिले हैं। नेता हमारी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि ममता बनर्जी वैकल्पिक चेहरा हैं। भाजपा से लड़ने की कांग्रेस की अयोग्यता और अक्षमता के लिए तृणमूल को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मुखपत्र ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा 20 अगस्त को बुलाई गई विपक्ष की बैठक के दौरान संयुक्त संचालन समिति के गठन के बनर्जी के प्रस्ताव का जिक्र करते हुए कहा कि तब से उस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया गया है। मुखपत्र में कहा गया, कांग्रेस वातानुकूलित कमरों और सोशल मीडिया तक सीमित हो गई है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए कोई पहल नहीं की। वे भाजपा के खिलाफ मुहिम तैयार करने में भी असफल रहे। गोवा हो या त्रिपुरा, तृणमूल ही जमीनी स्तर पर लड़ रही है। टीएमसी ने कहा, हमारी पार्टी की सुप्रीमो भाजपा के खिलाफ अखिल भारतीय राष्ट्रीय गठबंधन चाहती हैं। हमने कभी नहीं कहा कि कांग्रेस के बिना विपक्षी गठबंधन बनाया जाएगा, लेकिन यदि कांग्रेस अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं कर सकती, तो इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। वे अपनी अयोग्यता के लिए हमें दोषी नहीं ठहरा सकते। मेघालय के एक बागी विधायक एच एम शंगप्लियांग ने बुधवार रात कहा था, मेघालय में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया है। हम पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा के नेतृत्व में औपचारिक रूप से तृणमूल कांग्रेस में शामिल होंगे।

# कांग्रेस का तृणमूल पर हमला, षड्यंत्र का मकसद भाजपा को मजबूत करना

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मेघालय में पार्टी के कई विधायकों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को ममता बनर्जी नीत पार्टी पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि ऐसी पार्टियां भाजपा की प्रतिनिधि हैं और इनके षड्यंत्र का मकसद देश की सबसे पुरानी पार्टी को कमजोर एवं केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को मजबूत करना है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों को सिर्फ कांग्रेस और राहुल गांधी ने उठाया है, लेकिन ए पार्टियां चाहती हैं कि भाजपा को कटघरे में नहीं खड़ा किया जाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, देश का कोई मुद्दा हो, चाहे वो चीन का मुद्दा हो, कृषि कानून का मुद्दा हो, महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा हो, इन पर लड़ाई कौन लड़ रहा है? कांग्रेस, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर कोई चाहता है कि इन मुद्दों पर सवाल नहीं पूछे जाएं और भाजपा को कटघरे में नहीं खड़ा किया जाए, तो उनके इस षड्यंत्र का एक ही मकसद है कि कांग्रेस को कमजोर करो और भाजपा को मजबूत करो। तृणमूल यही कर रही है। वल्लभ ने आरोप लगाया, जो लोग यह काम कर रहे हैं कि उससे सिर्फ भाजपा का फायदा हो रहा है। जो भी क्षेत्रीय दल ऐसा कर रहे हैं वो भाजपा के प्रॉक्सी (प्रतिनिधि) हैं, भाजपा के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिनमें वैचारिक प्रतिबद्धता की कमी है, वही कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। गौरतलब है कि मेघालय विधानसभा में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा भी शामिल हैं। इससे पहले, कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## मध्यप्रदेश के रीवा जिले में कोविड-19 रोधी टीके की 500 से अधिक खाली शीशियां बिखरी मिली

**रीवा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक निस्तारण गड्ढे के आसपास कोविड-19 रोधी टीकों की 500 से अधिक खाली शीशियां बिखरी मिलीं, जिससे बाद अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है। मऊगंज के प्रखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. एम सिद्दिकी ने बताया, काफी पहले समय की ए टीकों की खाली शीशियां हैं जो मऊगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गड्ढे में निस्तारण के लिए रखी हुई थीं। गड्ढे की दीवार शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर मंगलवार को इन्हें बिखेर दिया गया है।जिसकी शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत में कहा गया है कि मऊगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भूमिगत अपशिष्ट निस्तारण गड्ढे के आसपास कोविशील्ड की 500 से अधिक खाली शीशियां बिखरी पाई गईं।

# सेंसेक्स 454 अंक उछला

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजार** बृहस्पतिवार को शुरूआती उतार-चढ़ाव वाली स्थिति से उबरते हुए जोरदार बढ़त के साथ बंद हुए। मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में अंतिम दिन सौदा पूरा करने को लेकर की गई लिवाली और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलांयस इंडस्ट्रीज में तेजी आने से बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाभ में रहें। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट, विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख से तेजी पर अंकुश लगा।

तीस शेयरों पर आधरित सेंसेक्स 454.10 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,795.09 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121.20 अंक यानी 0.70 प्रतिशत उछलकर 17,536.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज 6.10 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा आईटीसी, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा,, टाइटन और भारती एयरटेल में भी प्रमुख रूप से



तेजी रही। दूसरी तरफ गिरावट वाले शेयरों में मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एचयूएल, एक्सिस बैंक, बजाज ऑटो और एलएंडटी शामिल हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के शोध प्रमुख (खुदरा) अरिजीत मालाकर ने कहा, मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदे खत्म होने के अंतिम दिन की गई लिवाली से बाजार में तेजी को समर्थन मिला। हालांकि मुद्रास्फीति बढ़ने और दुनिया के विभिन्न देशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण धारणा कमजोर बनी रह सकती है। आनंद राठी फर्म के इक्विटी शोध (फंडामेंटल) प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि घरेलू बाजार में शुरूआत मिली-जुली रही। इसका कारण यूरोप में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के साथ बैंक ऑफ दक्षिण कोरिया का ब्याज दर बढ़ाना था। उन्होंने कहा, दोपहर के कारोबार में बाजार में तेजी लौटी। भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत रहने के मूडीज के अनुमान से बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2021-2 में वृद्धि दर 9.3 प्रतिशत और 2022-23 में 7.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की लाभ में रहें जबकि चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के सत्र के दौरान सकारात्मक रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत फिसलकर 81.94 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 74.52 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के पास उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 5,122.65 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम की योजना से सितंबर में 13.37 लाख नए सदस्य जुड़े

भाषा। नई दिल्ली

**कर्मचारी राज्य** बीमा निगम (ईएसआईसी) की तरफ से चलाई जाने वाली सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सितंबर में करीब 13.37 लाख नए सदस्य जुड़े। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बृबस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक ईएसआईसी के साथ जुड़ने वाले नए कर्मचारियों की संख्या सितंबर में 13.37 लाख रही। अगस्त में यह आंकड़ा 13.42 लाख कर्मचारियों का था। इसके पहले जुलाई में भी ईएसआईसी योजना से 13.40 लाख नए कर्मचारी जुड़े थे। इन आंकड़ों को देश में संगठित क्षेत्र के बेहतर होते रोजगार परिदृश्य के रूप में देखा जा रहा है। खास तौर पर कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद संगठित रोजगार में सुधार होना एक राहत की बात है। एनएसओ ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सदस्य बनने वाले नए सदस्यों की संख्या के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर महीने में ईपीएफओ के पास 15.41 लाख नए पंजीकरण हुए जो अगस्त के 13.60 लाख से अधिक है। सितंबर 2017 से लेकर सितंबर 2021 के दौरान करीब 4.71 करोड़ नए सदस्य ईपीएफ योजना से जुड़ चुके हैं। हालांकि एनएसओ का यह मानना है कि कई स्रोतों से आंकड़े जुटाए जाने के कारण नए सदस्यों की संख्या में दोहराव होने की गुंजाइश रहती है।



केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक दिवसीय यात्रा के दौरान मुंबई में सीमा शुल्क की पहल की समीक्षा के दौरान

## केंद्र ने रूपरेखा पर चर्चा के लिए राज्यों के खाद्य सचिवों का समूह गठित किया

भाषा। नई दिल्ली

**सामुदायिक रसोई योजना**

**केंद्रीय** खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने राशन दुकानों के दायरे में नहीं आने वाले जरूरतमंदों के लिए सरल और पारदर्शी सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना की रूपरेखा पर विचार करने को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य के खाद्य सचिवों के एक समूह के गठन की घोषणा की। राष्ट्रीय राजधानी में राज्य के खाद्य मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान इस संबंध में निर्णय लिया गया था।

यह बैठक उच्चतम न्यायालय के एक निर्देश के बाद बुलाई गई थी। निर्देश में केंद्र को तीन सप्ताह के भीतर राज्यों की सहमति के आधार पर सामुदायिक रसोई योजना का मॉडल तैयार करने को कहा गया था। गोयल ने योजना की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य के खाद्य सचिवों के एक समूह की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा कि एक सामुदायिक रसोई योजना तैयार करने की आवश्यकता है - जो सरल, पारदर्शी और लोगों के लाभ में हो। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, स्वच्छता, विश्वसनीयता और सेवा की भावना के चार स्तंभों पर एक सामुदायिक रसोई बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह हमें, कोई भी भूखा नहीं सोए के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा। एक सरकारी बयान में बैठक में मंत्री के हवाले से कहा गया है कि सामुदायिक रसोई समुदाय द्वारा संचालित और समुदाय के कल्याण के लिए और समुदाय की ही होगी। गोयल ने आगे कहा, "हमें देश के गरीबों के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए और बच्चों को उचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए सफल और पारदर्शी खाद्य कार्यक्रम चलाने का सामूहिक संकल्प सुनिश्चित करना चाहिए। रूपरेखा प्रस्ताव पर विचार करने के लिए अधिकारियों के स्तर पर अगली बैठक 29 नवंबर को होगी। केंद्र को शीर्ष अदालत का यह निर्देश, देश भर में सामुदायिक रसोई स्थापित करके जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक आवश्यक योजना तैयार करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दायरे से बाहर के व्यक्तियों के लिए एक राष्ट्रीय खाद्य ग्रिड बनाने के संबंध में दायर एक रिट याचिका पर आया था ताकि भुखमरी और कुपोषण से लड़ा जा सके।

## क्विक न्यूज

### प्रौद्योगिकी और इंटरनेट को लेकर नया कानूनी ढांचा आएगा: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली (भाषा)** । इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि देश में प्रौद्योगिकी और इंटरनेट को लेकर एक नया कानूनी ढांचा आएगा और डेटा संरक्षण विधेयक इस दिशा में पहला कदम है। चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार और सार्वजनिक सेवाओं का तेजी से डिजिटलीकरण होगा और जल्द ही शुरू होने वाली डिजिटल इंडिया-2 योजना पिछले कुछ वर्षों में हासिल हुए लाभ का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इंटरनेट और प्रौद्योगिकी खुले, सुरक्षित और जवाबदेह बने रहें, क्योंकि अगले कुछ वर्षों में 1.2 अरब भारतीय इंटरनेट का इस्तेमाल करने लगेंगे। चंद्रशेखर ने आधार 2.0 वर्कशॉप के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, देश में प्रौद्योगिकी और इंटरनेट को लेकर एक नया आधुनिक कानूनी ढांचा आएगा। डेटा संरक्षण बिल इस दिशा में पहला कदम है जिसे आप जल्द ही अगले कुछ महीनों में देखेंगे। यह भी संचालन के पूरे वातावरण में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। उन्होंने साथ ही देश के प्रत्येक नागरिक के लिए विश्वसनीय सामान्य डिजिटल आईडी बनाने की जरूरत का भी समर्थन किया।

### सेबी ने शेयर खरीद में फर्जीवाड़े पर लगाया 1.15 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयरों के कारोबार में फर्जीवाड़े को लेकर वॉल्टेयर लीजिंग ऐंड फाइनेंस लिमिटेड और उसके कुछ अधिकारियों पर 1.15 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को अपने एक बयान में कहा कि इस कंपनी से जुड़े लोगों के अलावा 11 अन्य लोग भी इस अर्थदंड में भागीदार हैं। यह जुर्माना अगस्त 2014 से लेकर जुलाई 2015 के दौरान हुई गड़बड़ी की जांच के बाद लगाया गया है। सेबी ने बताया कि इस कंपनी के शेयरों की कीमत में छेड़छाड़ की गई थी। इस काम में बाहरी लोगों के अलावा कंपनी और उसके निदेशक दिलीप राजकुमार पटोदिया, अमलेश साधू और हरिवल्लभ मूंदड़ा की भी संलिप्तता पाई गई है। इस कंपनी पर 10 लाख रुपए और उसके तीनों निदेशकों पर 15-15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा सेबी ने 11 अन्य लोगों पर भी पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने एक अन्य आदेश में कहा कि 12 कंपनियों पर विभिन्न मानकों का उल्लंघन करने के आरोप में उसने 88 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इनमें निक्किता फॉरेक्स, नेचर इंफोसॉफ्ट, टॉपलाइन फेब्रिक्स और तुषार कमोडिटिज भी शामिल हैं।

### भारत में गैस की खपत 2030 तक तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगी: गेल निदेशक

**नई दिल्ली(भाषा)।** गेल (इंडिया) के विपणन निदेशक ई एस रंगनाथन ने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 55 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन होने का अनुमान है। यह इस समय लगभग 17.4 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह इस्पात जैसे नए उद्योगों को शामिल करने के साथ उपयोगकर्ता आधार का विस्तार होना है। रंगनाथन ने बृहस्पतिवार को ईटीएनर्जीवर्ल्ड गैस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रतिबद्धता से जुड़े क्रांतिकारी कदम ने भारतीय अर्थव्यवस्था के एक स्वच्छ और कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने को दृढ़ता से प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा, अब हमारे पास प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण से कोयले को चरणबद्ध तरीके से कम करने को लेकर एक निश्चित नीतिगत दिशा है, जिसके लिए हमारे लक्ष्य भारत की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्लू हाइड्रोजन और अमोनिया जैसे व्युत्पन्न उत्पादों के साथ... शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक बढ़ने में एक बड़ी भूमिका होगी

### सरकार ने पीएम गति शक्ति योजना के तहत 101 परियोजनाओं की पहचान की: सोनोवाल

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने खपत और उत्पादन केंद्रों के साथ बंदरगाहों का संपर्क बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत 101 परियोजनाओं की पहचान की है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने कहा, भारत के लिए लॉजिस्टिक की लागत कम करना महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार देश भर में लॉजिस्टिक संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने खपत और उत्पादन केंद्रों के साथ बंदरगाहों का संपर्क बढ़ाने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत 101 परियोजनाओं की पहचान की है। सोनोवाल ने कहा, सरकार की बुनियादी ढांचा योजनाएं जैसे सागरमाला, भारतमाला परियोजना (जिसका उद्देश्य पूरे देश में राजमार्गों का एक ग्रिड बनाना है), समर्पित माल गलियारा (डीएफसी) कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है।

### इंजीनियर महासंघ ने बिजली संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग की

**नई दिल्ली** । अखिल भारतीय विद्युत इंजीनियर महासंघ (एआईपीईएफ) ने सरकार से बिजली संशोधन विधेयक 2021 को वापस लेने की मांग करते हुए कहा है कि विधेयक लाने के पहले सार्वजनिक परामर्श की नीति का अनुसरण करना चाहिए। एआईपीईएफ ने बिजली संशोधन अधिनियम 2021 के संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की योजना के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दखल देने का अनुरोध भी किया है। महासंघ की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक उसके चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है। इसमें प्रधानमंत्री से अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि संसद में विधेयक पेश करने के पहले पूर्व-विधाई परामर्श नीति का पालन किया जाए। दुबे ने कहा है कि अगर इस विधेयक को संसद में पेश करने की योजना से सरकार पीछे नही हटती है तो देश भर के करीब 15 लाख बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस बारे में भावी रणनीति तय करने के लिए तीन दिसंबर को राष्ट्रीय बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर समन्वय समिति की एक बैठक बुलाई गई है। एआईपीईएफ की बिजली संशोधन विधेयक के बारे में यह आपत्ति है कि सरकार ने वर्ष 2014 में जारी पूर्व-विधाई परामर्श नीति का इस विधेयक के संदर्भ में पालन नही किया है।

## बिजली संयंत्रों को वाजिब दर पर प्राकृतिक गैस देने के लिए समिति का गठन

भाषा। नई दिल्ली

**पेट्रोलियम** सचिव तरुण कपूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने बिजली संयंत्रों को एक हद तक स्थिर दरों पर प्राकृतिक गैस मुहैया कराने के लिए जरूरी उपाय सुझाने के लिए एक समिति बनाई है। भारत की गैस-आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 24,900 मेगावाट की है। लेकिन वाजिब दरों पर गैस की उपलब्धता नहीं होने से 14,305 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोलियम सचिव कपूर ने ईटी एनर्जी गैस कॉन्क्लेव में कहा कि बिजली क्षेत्र को एक हद तक स्थिर दर पर प्राकृतिक गैस मुहैया कराने के बारे में उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की गई है। कपूर ने इस समिति के सदस्यों या उसकी रिपोर्ट के बारे में कोई ब्योरा न देते हुए कहा कि बिजली संयंत्र प्रकृतिक गैस को एक स्थिर दर पर चाहते हैं। इसकी वजह यह है कि उनकी पैदा की हुई बिजली लगभग स्थिर दरों पर बेची जाती है।कपूर ने कहा, अगर प्राकृतिक गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं तो भी बिजली उत्पादक कंपनियां बिजली के दाम नहीं बढ़ा सकती हैं। लिहाजा हम बिजली क्षेत्र में प्राकृतिक गैस की मौजूदगी बढ़ाने के तौर-तरीके तलाशने में लगे हुए हैं। गैस-आधारित बिजली उत्पादक संयंत्रों को आपूर्ति की जाने वाली औसत घरेलू गैस की मात्रा 2.5 करोड़ घन मीटर प्रति दिन से थोड़ी ही ज्यादा है जो जरूरत का सिर्फ 70 फीसदी ही है। पेट्रोलियम सचिव ने कहा कि बिजली ग्रिड में गैस-आधारित बिजली संयंत्रों की भूमिका एक संतुलन बनाने की होती है।

## रेलवे ने किया जन प्रतिनिधियों के साथ यात्री सुविधाओं को लेकर मंथन

**● महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे ने अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के अंतर्गत आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के सांसदों के साथ बैठक की**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**उत्तर रेलवे** के महाप्रबन्धक आशुतोष गंगल ने गुरुवार को चंडीगढ़ में उत्तर रेलवे के अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के क्षेत्राधिकार में आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के सांसदों-मंत्रियों के साथ बैठक की । यह बैठक रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों को देश की बेहतर सेवा के लिए आम जनता तक पहुँचने और उनके सुझाव प्राप्त करने के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गयी । यह बैठक उत्तर रेलवे अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में रेल से संबंधित मामलों पर जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करके उनका समाधान निकालने के लिए आयोजित की गयी थी ।कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम महाप्रबंधक ने सभी सांसदों का स्वागत किया और उन्हें उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और नई पहलों के संबंध में अवगत कराया । इस अवसर पर अम्ब्ला मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक गुरिन्दंर मोहन सिंह और फ़िरोजपुर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक डॉ सीमा शर्मा ने इन मंडलों द्वारा सेवित राज्यो केन्द्र शासित प्रदेशो जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तरर प्रदेश और चंडीगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों पर यात्री सुविधाओं, बुनियादी ढॉचे और स्टेशनों व रेलगाड़ियों में विकासात्मक गतिविधियों का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। बैठक में उत्तबर रेलवे अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया । इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश, संसद सदस्य गण लोकसभा गुरजीत सिंह औजला, संतोख सिंह चौधरी, डॉ अमर सिंह, डॉ किशन कपूर, रतनलाल कटारिया, नायब सिंह, हाजी फजलूर रेहमान और जसबीर सिंह संसद सदस्यगण राज्यसभा सुखदेव सिंह ढींढसा, इंदू बाला गोस्वामी और सरदार बलविंदर सिंह भुंदर ने बैठक में अपने विचार रखे और अपने अपने क्षेत्र के रेल उपयोगकर्ताओं की विभिन्न मांगों, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को भी सामने रखा । उन्होंने उत्तर रेलवे से आग्रह किया कि बुनियादी ढांचे और जन सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाये । उन्होंने परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए राज्य प्रशासन के साथ जरूरी समन्वय के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया। श्री गंगल ने संसद सदस्यों को आश्वासन दिया कि उत्तर रेलवे सांसदों द्वारा उठाये गये मामलों का जल्द से जल्द समाधान करेगा।

## पेज एक का शेष

### अंतरराष्ट्रीय छाप...

की स्वार्थ नीति कभी टिक नहीं सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में 21वीं सदी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक आधुनिक परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा, यही गति, यही प्रगति एक सक्षम और सशक्त भारत की गारंटी है। पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि पहले राजनीतिक लाभ के लिए आनन-फानन में रेवड़ियों की तरह अवसंरचना परियोजनाओं की घोषणाएं होती थीं लेकिन उन्हें जमीन पर उतारने को लेकर विचार ही नहीं होता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसंरचना विकास उनके लिए राजनीति का नहीं बल्कि राष्ट्रनीति का हिस्सा है और उनकी सरकार सुनिश्चित करती है कि ऐसी परियोजनाएं अटके, लटके और भटके नहीं और वह समय सीमा में पूरी हों। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने जिस उत्तर प्रदेश को अभाव और अंधकार में बनाए रखा और उसे हमेशा झूठे सपने दिखाए, वही राज्य आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि आजादी के सात दशक बाद पहली बार उत्तर प्रदेश को वह सब मिलना शुरु हुआ है, जिसका वह हमेशा से हकदार रहा है। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश, देश में संपर्क के सबसे बेहतर क्षेत्र में परिवर्तित हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विमानतल के बन जाने से परिवर्तन का एक ऐसा चक्र शुरू होता है, जो चारों दिशाओं को लाभ पहुंचाता है और रोजगार के हजारों अवसर भी बनते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरे होने से पूरे क्षेत्र के विकास को एक नई उड़ान मिलेगी और उसका सामर्थ्य भी बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय विमानतल निर्यात के एक बहुत बड़े केंद्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सीधे जोड़ेगा और क्षेत्र के किसान फल-सब्ज़ी, मछली जैसे जल्दी खराब होने वाली उपज को सीधे भी निर्यात कर पाएंगे। उन्होंने कहा, हमारे जो खुर्जा क्षेत्र के कलाकार हैं, मेरठ का खेल उद्योग है, सहारनपुर का फर्नीचर उद्योग है, मुरादाबाद का पीतल उद्योग है, आगरा का फुटवीयर और पेठा है...पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक लघु व मध्यम उद्यमों को भी विदेशी बाजार तक पहुंचने में अब और आसानी होगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह विमानतल विमानों के रख-रखाव, रिपेयर और ऑपरेशन का भी देश का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, सिर्फ रिपेयरिंग के लिए 15 हजार करोड़ रुपए बाहर जाता है... हजारों करोड़ रुपए खर्च होते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा दूसरे देशों को जाता है। अब यह विमानतल इस स्थिति को भी बदलने में मदद करेगा। नोएडा विमानतल के तैयार हो जाने के बाद उत्तर प्रदेश पांच अंतरराष्ट्रीय विमानतलों वाला देश का एकमात्र राज्य बन जाएगा।

### पश्चिमी उप्र...

हो गई है कि राज्य प्रगति और विकास कर सकता है। मुख्यमंत्री ने गौतम बुद्ध नगर के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में करोड़ों रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आगामी दिनों में क्षेत्र में रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उपहार देने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। इस समारोह में गौतम बौद्ध नगर से सांसद महेश शर्मा, स्थानीय विधायक धीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह और तेजपाल समेत कई केंद्रीय और राज्य के मंत्री भी शामिल हुए।

### भाजपा किसानों...

सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा, भाजपा देश के लिए सरकार बनाना चाहती है न कि सत्ता के सुख के लिए। हमारी पार्टी आप जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। सिंह ने कहा, हमारी पार्टी अन्य राजनीतिक दलों की तरह झूठे वादे नहीं करती है, यहां तक कि हमारा चुनावी घोषणापत्र भी झूठे दावों से मुक्त है, इसलिए मैं कहता हूं कि पार्टी जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग 37 जिलों में मेडिकल कॉलेज हैं जो या तो चालू हैं या निर्माणाधीन हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही हर जिले में अपना मेडिकल कॉलेज होगा। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कोविड की स्थिति को संभाला, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने गन्ना किसानों के भुगतान और खरीद में अच्छा काम किया है, उन्होंने उनसे रिकॉर्ड खरीद की है।

### ईडब्ल्यूएस के...

क्रियान्वयन को वापस लेना चाहिए और मौजूदा वर्ष की काउंसिलिंग को शुरू करना चाहिए। पीठ ने दातार की दलीलों पर सहमति जताई और मेहता से पूछा कि क्या वह अगले आकदमिक वर्ष तक संवैधानिक संशोधन के क्रियान्वयन को वापस ले सकते हैं और मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए काउंसिलिंग शुरू कर सकते हैं। इस पर मेहता ने कहा कि सरकार ने मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए 103वें संवैधानिक संशोधन को लागू करने का फैसला लिया और इसे वापस लेना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर श्रेणी निर्धारण की प्रक्रिया चार हफ्तों से पहले हो जाती है तो वह अदालत को सूचित करेगा। पीठ ने दातार से कहा कि चार हफ्तों का समय अनुचित नहीं है और वह नहीं चाहती है कि सरकार इसे जल्दबाजी में करें वरना मानदंड अवैज्ञानिक और बेतरतीब ढंग से तय किए जाएंगे। ओबीसी उम्मीदवारों की ओर से पेश वकील शशांक रत्नू ने अनुरोध किया कि ओबीसी छात्रों के आरक्षण की अर्जी खारिज नहीं की जानी चाहिए क्योंकि केंद्र ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए मानदंड पर फिर से गौर करने की योजना बना रहा है। इस पर पीठ ने कहा कि उसने ओबीसी छात्रों के बारे में कुछ नहीं कहा है और वह याचिका का निस्तारण नहीं कर रहा है। इसके बाद न्यायालय ने मेहता की दलीलें सुनी और मामले पर अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय कर दी।

### प्रयागराज में...

गई है। त्रिपाठी ने बताया कि सपना का शव कमरे के भीतर पड़ा मिला, जबकि बाकी तीन लोगों के शव बरामदे में थे। उनके अनुसार आज सुबह ही इस घटना की सूचना मिली और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना के पीछे की वजह क्या रही, इसका पता लगाया जा रहा है। उनका कहना था कि इसके अलावा, परिवार के लोगों ने बताया कि 2019 और 2021 में इन्होंने (फूलचंद) भूमि के विवाद में कुछ लोगों के खिलाफ एससी एसटी का मामला दर्ज कराया था लेकिन उस मामले में कार्रवाई नहीं की गई। त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों से पूछताछ के आधार पर संदिग्ध लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी।

### बसपा विधानमंडल...

मैं आप पर या पार्टी पर महज एक बोझ बन गया हूं तो ऐसी सूरत में मैं आप पर या पार्टी पर बोझ बनकर नहीं रहना चाहता हूं। इसलिए मैं पार्टी के विधानमंडल दल के नेता व विधायक पद से त्याग.पत्र दे रहा हूं। दूसरी ओर बसपा की तरफसे जारी बयान में कहा गया है कि जिस मीटिंग का जिक्र जमाली कर रहे हैं। उस मीटिंग में इनकी कम्पनी में काम करने वाली एक लड़की ने अभद्रता की शिकायत पुलिस में की है। जिसे मुख्यमंत्री पर दबाव डालकर खत्म कराना चाह रहे थे। लड़की का मामला होने पर मैंने कहा कि विवेचना से यदि आपका मामला खत्म नही होता तो फिर कोर्ट जाइए लेकिन ऐसा न करके मुझ पर केस खत्म करने का दबाव बना रहे थे। ऐसा लगता है कि इसी परिपेक्ष्य में आज इन्होंने यह सब किया। इसके अलावा और कुछ नही है।

### एनएफएचएस सर्वेक्षण...

कम बच्चों को जन्म दे रही हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यह परिवार नियोजन सुविधाओं के बेहतर उपयोग, देर से विवाह आदि को भी इंगित करता है। इसके साथ ही पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए जन्म पंजीकरण बढ़कर 89.1 प्रतिशत हो गया है जो 2015-16 में 79.7 प्रतिशत था।

### पनडुब्बी आईएनएस...

में कहा कि प्रोजेक्ट 75 आगामी वर्षों में पानी के नीचे के क्षेत्र में भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में बदलाव लाएगा। सिंह ने कहा, आईएनएस वेला सभी प्रकार के पनडुब्बी अभियानों को करने में सक्षम एक शक्तिशाली मंच है और आज की बदलती एवं जटिल सुरक्षा परिस्थिति के मद्देनजर, वेला की क्षमता और सैन्य शक्ति हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय समुद्री हितों की रक्षा करने, उन्हें बढ़ावा देने और संरक्षित करने की नौसेना की क्षमता में अहम भूमिका निभाएगी। मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड फ्रांस के मेसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का भारत में निर्माण कर रही है। प्रोजेक्ट 75 में छह पनडुब्बियों का निर्माण किया जाना है, जिनमें से तीन पनडुब्बियों- आईएनएस कलवरी, आईएनएस खंडेरी, आईएनएस करंज - को पहले ही सेवा में शामिल किया जा चुका है। नौसेना ने कहा कि आईएनएस वेला पश्चिमी नौसेना कमान की पनडुब्बी सेवा में शामिल होगी और यह उसके शस्त्रागार का एक और शक्तिशाली हिस्सा होगी। वेला का पिछला अवतार रूसी मूल की फोक्सट्रॉट श्रेणी की पनडुब्बी था, जिसे 2009 में सेवा से हटा दिया गया था। उस पनडुब्बी के चालक दल के सदस्य भी इस मौके पर मौजूद मेहमानों में शामिल थे। नौसेना ने बताया कि ए स्कॉर्पीन पनडुब्बियां अत्यंत शक्तिशाली मंच हैं और उनमें छुप कर रहने की उन्नत विशेषताएं हैं। वे लंबी दूरी की निर्देशित टारपीडो के साथ-साथ पोत-रोधी मिसाइलों से भी लैस है। इन पनडुब्बियों में एक अत्याधुनिक सोनार और सेंसर सूट है जो उत्कृष्ट परिचालन क्षमताएं मुहैया कराता है। इनके पास प्रणोदन मोटर के रूप में एक उन्नत स्थाई चुंबकीय सिंक्रोनस मोटर है। उसने बताया कि आईएनएस वेला अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं। इन सभी को सब्टिक्स के नाम से जानी जाने वाली पनडुब्बी सामरिक एकीकृत लड़ाकू प्रणाली में समन्वित किया गया है। नौसेना ने बताया कि पनडुब्बी अपने लक्ष्य को एक बार वर्गीकृत करने के बाद या तो फ्लाइंग फिश के नाम से जानी जाने वाली अपनी पोत रोधी सी स्किमिंग मिसाइलों या भारी वजन वाले तार-निर्देशित टॉरपीडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। पनडुब्बी का शुभंकर सब-रे है, जो पनडुब्बी और स्टिंग्रे (एक विशाल मछली) का मेल है। स्टिंग्रे को उसकी चकमा देने की क्षमता और आक्रामकता के लिए जाना जाता है। इसका चपटा आकार इसे सागर के तल पर बैठने में समक्ष बनाता है। यह पानी के नीचे से नजर रखने के साथ-साथ अपने शिकारियों से स्वयं को छुपाकर रखने में सक्षम है। सिंह ने कहा कि आईएनएस वेला स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण में भारत की उल्लेखनीय प्रगति के साथ साथ खरीदार नौसेना से एक निर्माता नौसेना के रूप में देश की यात्रा को दिखाती है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट 75 नौसेना की क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है और इस परियोजना की मदद से भारत पनडुब्बी निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनना चाहता है।

# पदार्पण टेस्ट में श्रेयस का दिखा जलवा

**कानपुर टेस्ट- पहला दिन**

- टीम इंडिया ने चार विकेट के नुकसान पर 258 रन बनाए
- पुजारा और कप्तान रहाणे बड़ी पारी खेलने में असफल रहे

**भाषा** । कानपुर

**श्रेयस** अय्यर ने अपने पदार्पण मैच में ही छाप छोड़कर नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और रविंद्र जडेजा के साथ अटूट शतकीय साझेदारी निभाई जिससे भारत ने काइल जैमीसन के झटकों से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 258 रन बनाए।

कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टेस्ट कैप हासिल करने वाले अय्यर 75 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। अय्यर ने अब तक 136 गेंदों का सामना करके सात चौके और दो छक्के लगाए हैं। उन्होंने जडेजा (100 गेंदों पर नाबाद 50 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए अब तक 113 रन जोड़े हैं। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल छह ओवर पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया।

इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (93 गेंदों पर 52 रन) की पारी आकर्षण का केंद्र रही। चेतेश्वर पुजारा (88 गेंदों पर 26 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 गेंदों पर 35 रन) अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाए जबकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (28 गेंदों पर 13 रन) मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन (47 रन देकर तीन) ने फिर से भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। उन्होंने सुबह के सत्र में अग्रवाल को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराने के बाद गिल और रहाणे को बोल्ड किया। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी (43 रन देकर एक) ने इस बीच पुजारा की एकाग्रता भंग की। पिच धीमी थी और उस पर गेंद नीचे रह रही थी लेकिन उस पर अपेक्षित टर्न नहीं मिल रहा था जिससे न्यूजीलैंड के तीनों स्पिनरों अयाज पटेल (21 ओवर में 78 रन), विलियम सोमरविले (24 ओवर में 60 रन) और रचिन रविंद्र (सात ओवर में 28 रन) को जूझना पड़ा। गिल और अय्यर दोनों ने स्पिनरों के सामने खुलकर बल्लेबाजी की। अय्यर शुरू में थोड़ा सा असहज दिखे लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी शुरू कर दी तथा संयमित आक्रामकता के साथ रन बटोरे। उन्होंने रविंद्र के खिलाफ खूबसूरत कट और ड्राइव लगाकर 94 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद पटेल और सोमरविले की बारी थी जिन पर उन्होंने लांग ऑन और मिडविकेट पर छक्के लगाए। जडेजा के जैमीसन पर लगाए गए लगातार दो चौके दर्शनीय थे। उन्होंने 99 गेंदों पर अपना 17वां टेस्ट अर्धशतक पूरा करने के बाद चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। जडेजा ने अपनी पारी में छह चौके लगाए हैं।

गिल ने अपने कट और डाइव का शानदार नमूना पेश करके पहले सत्र में न्यूजीलैंड के मुख्य स्पिनर पटेल को बैकफुट पर रखा था लेकिन जैमीसन की फुललैंग्थ गेंद को रक्षात्मक रूप से खेलने के लिए गिल आगे बढ़े लेकिन गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकलकर विकेटों में समा गई। जेम्स एंडरसन ने इस साल के शुरू में उन्हें इसी तरह से आउट किया था। गिल ने अपनी पारी में पांच चौके और पटेल पर छक्का लगाया। पुजारा के पास शतक का लंबा इंतजार समाप्त करने का यह बेहतरीन मौका था। उन्होंने जैमीसन और पटेल पर चौका लगाकर अभी हाथ खोलने का प्रयास किया था कि साउदी की पांचवें स्टंप की लाइन पर की गई गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई ब्लंडेल के दस्तानों में समा गई।

पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2019 में लगाया था। वह पिछले 23 टेस्ट और 39 पारियों से तिहरे अंक में नहीं पहुंचे हैं और इस बीच उनका औसत 28.78 रहा है। रहाणे ने जैमीसन की बाहर जाती गेंद को बैकफुट पर जाकर कट करने के प्रयास में अपने विकेटों पर खेला। इससे ठीक पहली गेंद पर वह डीआरएस लेने के कारण आउट होने से बचे थे। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। इससे पहले रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन भारत ने आठवें ओवर में ही अग्रवाल का विकेट गंवा दिया।


अर्धशतकीय पारी के दौरान एक गेंद को बाउंड्री के लिए भेजते श्रेयस अय्यर


शुभमन गिल ने 52 रन की शानदार पारी खेली

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: मयंक अग्रवाल का ब्लंडेल बो जैमीसन 13, शुभमन गिल बो जैमीसन 52, चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो साउदी 26, अजिंक्य रहाणे बो जैमीसन 35, श्रेयस अय्यर खेल रहे हैं 75, रविंद्र जडेजा खेल रहे हैं 50
अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 01, नोबॉल 04, वाइड 01) 07
कुल (84 ओवर में, चार विकेट पर) 258
विकेट पतन : 1-21, 2-82, 3-106, 4-145
गेंदबाजी : साउदी 16.4-3-43-1, जैमीसन 15.2-6-47-3, पटेल 21-6-78-0, सोमरविले 24-2-60-0, रविंद्र 7-1-28-0

## सुबह दूसरी नई गेंद से फायदा उठाने की कोशिश करेंगे: काइल जैमीसन

**भाषा** । कानपुर



**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने गुरूवार को कहा कि भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में जब उनकी टीम दूसरी सुबह गेंदबाजी के लिए उतरेगी तो उन्हें दूसरी नई गेंद से फायदा उठाने की कोशिश करनी होगी। न्यूजीलैंड का पहला प्रयास श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा के बीच बन रही बड़ी भागीदारी को तोड़ना होगा। पहले दिन स्टंप तक इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 113 रन बनाकर भारत को दूसरे सत्र में मिले झटकों के बाद चार विकेट पर 254 रन तक पहुंचा दिया था।

जैमीसन ने 47 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि सुबह नई गेंद थोड़ी ज्यादा स्विंग करेगी और हम उन्हें आउट कर सकेंगे। हम सुबह अच्छी शुरूआत की जरूरत है। मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल और अजिंक्य रहाणे के विकेट झटककर इस लंबे कद के गेंदबाज ने दूसरे सत्र में भारत का स्कोर चार विकेट पर 145 रन कर दिया था। हालांकि पदार्पण कर रहे अय्यर और जडेजा ने अच्छी भागीदारी निभाकर भारत को फिर से लय में ला दिया और न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने भी यह बात स्वीकार की।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत थोड़ा सा आगे चल रहा है। हमने उन्हें झटके देकर अच्छी तरह रोक दिया था।

### सनी ने सौंपी श्रेयस को पदार्पण पर भारतीय कैप

**कानपुर**। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुरुवार को श्रेयस अय्यर को भारत की टेस्ट कैप प्रदान की। इस तरह से मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों से नए खिलाड़ियों को यह प्रतिष्ठित कैप दिलाने की पुरानी परंपरा फिर से जीवंत कर दी। अय्यर भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 303वें खिलाड़ी बने।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस से पहले अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने उन्हें कैप प्रदान की। द्रविड़ ने गावस्कर को इस विशेष कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। इससे पहले टी-20 श्रृंखला के दौरान द्रविड़ ने हर्षल पटेल को राष्ट्रीय टीम की कैप प्रदान करने के लिए अजित अगरकर को आमंत्रित किया था।


मुंबई के सीसीआई क्लब में बल्लेबाजी का अभ्यास करते टेस्ट कप्तान विराट कोहली

## अय्यर और गिल के रन जुटाने से पुजारा-रहाणे पर दबाव बढ़ा

**कानपुर**। एक बार फिर विफल होने से चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के लिय समय निकलता जा रहा है और इस बार वे घरेलू परिस्थितियों में ऐसे आक्रमण के खिलाफ अच्छा नहीं कर सके जो आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जितना खतरनाक नहीं था। पुजारा और रहाणे दोनों यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके जबकि पदार्पण करने वाले श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने अर्धशतक जड़ दिए। दोनों ऐसे आक्रमण के खिलाफ जल्दी आउट हुए जिसमें प्रतिभाशाली ट्रेंट बोल्ट शामिल नहीं थे जिनकी सुबह की नमी पर बनाना इनस्विंग बल्लेबाजों के लिए खेलना मुश्किल कर देती है। अय्यर के टेस्ट मैच में इस शानदार पदार्पण से और गिल के बतौर सलामी बल्लेबाज रन जुटाने से निश्चित रूप से कप्तान रहाणे और उप कप्तान पुजारा के लिए इस टेस्ट मैच से खतरे की घंटी जरूर बज जाएगी। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा भी कुछ ही दिनों में कर दी जाएगी और अगर इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को जोहानिसबर्ग जाने के लिए चुना जाता है तो कप्तान विराट कोहली, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सफेद गेंद के कप्तान रोहित शर्मा (जो लाल गेंद के क्रिकेट की थिंक टैंक का अहम हिस्सा हैं) को उन्हें पूरी श्रृंखला देने के लिए काफी भरोसा दिखाना होगा। केएल राहुल के चोटिल होने से पहले गिल को मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उतारने के लिए विचार किया जा रहा था और इस विकल्प को लंबे समय में देखना चाहते थे। वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेले लेकिन गिल का विदेशी सरजमीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रथम श्रेणी स्कोर वेस्टइंडीज में ए टीम के लिए पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 204 रन का है। वह युवा हैं और टीम की इच्छानुसार कोई भी भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे। और अय्यर ने भी अपनी पहली परीक्षा अच्छे स्कोर से पास की है।

## ईश्वरन का शतक, भारत ए के चार विकेट पर 308 रन

**अनधिकृत टेस्ट**

**भाषा** । ब्लोमफोंटेन

**भारत** ए ने अभिमन्यु ईश्वरन (103) के शतक और कप्तान प्रियांक पंचाल (96) के साथ दूसरे विकेट के लिए उनकी 142 रन की साझेदारी से पहले अनधिकृत टेस्ट (चार दिवसीय) क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गुरूवार को दक्षिण अफ्रीका ए खिलाफ स्टंप तक चार विकेट पर 308 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी सात विकेट पर 509 रन बनाकर घोषित की थी जिससे भारत ए की टीम अब भी 201 रन से पिछड़ रही है।

स्टंप तक बाबा अपराजित 19 और विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल देर से शुरू हुआ। भारत ए ने एक विकेट पर 125 रन से खेलना शुरू किया। पंचाल और ईश्वरन ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए अपने अर्धशतक पूरे किए। पंचाल ने 45 रन की पारी को जल्द ही पचासे में तब्दील किया और ईश्वरन के साथ दूसरे विकेट की भागीदारी को मजबूत किया, पर वह अपने शतक से चार रन से चूक गए और जार्ज लिंडे ने उन्हें पगबाधा आउट कर दूसरे विकेट की शतकीय साझेदारी का अंत किया। पंचाल ने 171 गेंद में 14 चौके की मदद से 96 रन बनाए।

ईश्वरन ने भी 27 रन की पारी को अर्धशतक तक पहुंचाया। उन्होंने हनुमा विहारी (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी निभाई। ईश्वरन ने फिर अपना शतक पूरा किया और 209 गेंद का सामना करते हुए अपनी 103 रन की पारी के दौरान 16 चौके जमाए।

## टी-20 विश्व कप को दुनिया भर में रिकॉर्ड दर्शक मिले

**भाषा** । दुबई

**आईसीसी** पुरुषों के टी-20 विश्व को दुनिया भर में रिकॉर्ड दर्शक मिले और 16 करोड़ 70 लाख से अधिक लोगों ने इसे टीवी पर देखा। पांच साल बाद हुए टूर्नामेंट का करीब 10000 घंटे टीवी और डिजिटल प्लटफॉर्म पर 200 देशों में प्रसारण किया गया।

भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ। भरत-पाकिस्तान मैच को भारत में स्टार इंडिया नेटवर्क पर 15.9 अरब मिनट देखा गया। यह मैच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच हो गया। इससे पहले भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2016 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल मैच सबसे ज्यादा देखा गया था। भारत के जल्दी बाहर होने के बावजूद भारत में टूर्नामेंट को टीवी पर 112 अरब मिनट देखा गया।

## भारत ने कनाडा को 13-1 गोलों से हराया

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

- संजय व हुंडल ने जमाई हैट्रिक

**भाषा** । भुवनेश्वर



**उपकप्तान** संजय और अराइजीत सिंह हुंडल की हैट्रिक की मदद से पहले मैच में मिली अप्रत्याशित हार से उबरते हुए गत चैम्पियन भारत ने जूनियर हॉकी विश्व कप के करो या मरो के मैच में बृहस्पतिवार को कनाडा को 13-1 से हरा दिया। भारत को पहले दिन फ्रांस ने 5-4 से शिकस्त दी थी। लगातार दूसरे दिन खेलते हुए भारतीय टीम ने आज शुरू ही से आक्रामक तेवर अपनाए और कनाडा को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दर्शकों के बिना कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए मैच में भारत के लिए संजय ने एक बार फिर हैट्रिक (17वां, 32वां, 59वां मिनट)लगाई। उनके अलावा अराइजीत सिंह हुंडल ने भी तीन गोल (40वां, 50वां, 51वां मिनट) दागे। उत्तम सिंह (छठा और 47वां मिनट) और शारदानंद तिवारी (35वां और 53वां) ने दो दो गोल किए जबकि कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने आठवें, मनिंदर सिंह ने 27वें, अभिषेक लाकड़ा ने 55वें मिनट में गोल किए। कनाडा के लिए एकमात्र गोल 30वें मिनट में टार्डिफ क्रिस्टोफर ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।

इससे पहले अन्य मैचों में अर्जेंटीना ने मिस्र को 14-0 से, नीदरलैंड ने कोरिया को 12-5 से, स्पेन ने अमेरिका को 17-0 से, फ्रांस ने पोलेंड को 7-1 से हराया। भारत को अब शनिवार को पोलैंड से खेलना है.फ्रांस पूल बी में दो जीत के बाद शीर्ष पर है जबकि भारत दूसरे स्थान पर है। भारत ने शुरू ही से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और कनाडा के गोल पर लगातार हमले बोले। इसका फल जल्दी ही मिला जब उत्तम ने छठे मिनट में पहला गोल कर दिया। आठवें मिनट में कप्तान विवेक ने एक और गोल करके भारत की बढत दुगुनी कर दी। कनाडा को 11वें मिनट में मिले दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन बेकार गए। दूसरे क्वार्टर में संजय ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर दिया।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच आज से

**चटगांव**। बांग्लादेश की टीम हाल में ट्वेंटी-20 श्रृंखला में खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए शुक्रवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टेस्ट श्रृंखला में हालांकि उसे अपने सीनियर खिलाड़ियों की कमी खलेगी जिसमें शीर्ष हरफनमौला शाकिब अल हसन भी शामिल होंगे।

टी-20 विश्व कप के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से शाकिब समय पर उबर नहीं सके हैं। वहीं सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने चोट के कारण श्रृंखला से हटने का फैसला किया है और जिम्बाब्वे के खिलाफ बांग्लादेश के पिछले टेस्ट में नाबाद 150 रन की पारी खेलने वाले महमूदुल्लाह ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया है। कप्तान मोमिनुल हक ने कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी सीनियर क्रिकेटरों की जगह लेने के लिए प्रेरणा से भरे हुए हैं।

## मैनचेस्टर सिटी, रीयल मैड्रिड व पीएसजी अंतिम 16 में

**चैंपियन्स लीग**

**एपी** । लंदन


**यूरोप** की शीर्ष टीमों मैनचेस्टर सिटी और रीयल मैड्रिड ने बुधवार को अपने अपने मैच जीतकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह सुरक्षित की, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड बाहर होने की कगार पर है। पेरिस सेंट जर्मेन की टीम काइलन एमबापे के गोल से शुरुआती बढ़त हासिल करने का फायदा नहीं उठा सकी और सिटी से 2-1 से हार गई। इसके बावजूद फ्रांस की यह टीम ग्रुप ए से नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रही।

रीयल मैड्रिड ने शेरिफ को 3-0 से हराकर मोलदोवा की टीम से दो महीने पहले मिली 2-1 से हार का बदला चुकता किया और अंतिम 16 में जगह बनाई। रीयल की तरफ से डेविड अलाबा, टोनी क्रूस और करीम बेंजेमा ने गोल किए। ग्रुप डी से रीयाल के अलावा इंटर मिलान ने नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। उसने एक अन्य मैच में शख्तार डोनेस्क को 2-0 से पराजित किया।

तीन बार के यूरोपीय चैंपियन इंटर मिलान ने 10 साल के बाद अंतिम 16 में जगह बनाई। इस बीच स्पोर्टिंग लिस्बन ने पेड्रो गोंजालेज के दो गोल की मदद से बोरुसिया डोर्टमंड को 3-1 से हराकर नॉकआउट में पहुंचने का 13 साल का इंतजार खत्म किया।

स्पोर्टिंग को ग्रुप सी में सितंबर में एजाक्स और डोर्टमंड से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन लगातार तीन जीत से पुर्तगाल की यह चैंपियन टीम एक मैच शेष रहते ही आगे बढ़ने में सफल रही। एजाक्स इस ग्रुप से पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुका था। एजाक्स और लिवरपूल ने अपने अपने ग्रुप में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। एजाक्स ने सेबेस्टियन हालेर के दो गोल की मदद से बेसिकतास को 2-1 से हराया जबकि लिवरपूल ने ग्रुप बी में पोर्तो को 2-0 से पराजित किया। लिवरपूल ने अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर काबिज पोर्तो पर 10 अंक की बढ़त बना ली है। इस ग्रुप में सात दिसंबर को होने वाले आखिरी दौर के मैच काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं क्योंकि पोर्तो के अलावा एसी मिलान और एटलेटिको मैड्रिड नॉकआउट में पहुंचने की दौड़ में हैं। एसी मिलान ने जूनियर मेसियास के 87वें मिनट में किए गए गोल से एटलेटिको को 1-0 से हराकर आगे बढ़ने की उम्मीदें बरकरार रखी। मिलान को अब लिवरपूल की मेजबानी करनी है जबकि एटलेटिको को पोर्तो से उसके घरेलू मैदान पर मैच खेलना है।

### किमिच और चोपो मोटिंग कोविड-19 से संक्रमित


जोशुआ किमिच

**म्यूनिख**। कोविड-19 का टीका लगाने को लेकर हिचकिचाहट दिखाने के कारण पिछले महीने जर्मनी में चर्चा का विषय रहे बायर्न म्यूनिख के स्टार फुटबॉलर जोशुआ किमिच और उनके साथी एरिक मैक्सिम चोपो मोटिंग को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। क्लब ने कहा कि ए दोनों खिलाड़ी वायरस से संक्रमित लोगों के संपर्क में आने के कारण पहले से ही पृथकवास पर हैं। इसके बाद उनका परीक्षण करवाया गया जो पॉजिटिव आया है। क्लब के अनुसार दोनों खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं। किमिच ने पिछले महीने टीवी साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने टीका लगाने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं किया है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई थी जबकि जर्मनी में टीकाकरण की गति धीमी पड़ी हुई थी। चिकित्सा विशेषज्ञों ने तब उनकी टिप्पणी पर चिंता जताई थी जबकि टीकाकरण का विरोध करने वालों ने उनका समर्थन किया था।

## सिंधू इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**बाली**। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू ने गुरूवार को यहां जर्मनी की युवोने ली पर आसानी से सीधे गेम में जीत दर्ज कर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन और तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दूसरे दौर के मैच में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने 850,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी को 37 मिनट में 21-12, 21-18 से शिकस्त दी। ली के खिलाफ पहली बार खेल रहीं दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरू से पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं। सिंधू का दबदबा इस तरह का था कि दो बार की इस ओलंपिक पदक विजेता ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया जिसमें उन्होंने लगातार सात अंक जुटाए। दूसरे गेम में हालांकि लि ने अच्छी वापसी की कोशिश की जिससे यह गेम बराबर की टक्कर वाला रहा।

## श्रीलंका की विंडीज पर 187 रनों से जीत

**एपी** । गॉल (श्रीलंका)



**लसिथ** एम्बुल्डेनिया के पांच विकेट और साथी स्पिनर रमेश मेंडिस के चार विकेट की बदौलत श्रीलंका ने गुरूवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 160 रन पर समेटकर पहले क्रिकेट टेस्ट में 187 रन की शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 348 रन की जरूरत थी, उसने पांचवें और अंतिम दिन छह विकेट पर 52 रन से खेलना शुरू किया और लंच के थोड़ी देर बाद ही उसकी दूसरी पारी सिमट गई।

एम्बुल्डेनिया ने पारी में 46 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे उनके मैच में कुल छह विकेट रहे। मेंडिस ने 64 रन देकर चार विकेट से मैच में कुल सात विकेट हासिल किए। एनक्रुमार बोनर और जोशुआ डि सिल्वा छह विकेट पर 18 रन के स्कोर पर उतरे थे, उन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों को थोड़ा निराश किया। इन दोनों ने सुबह के सत्र में 62 रन और जोड़े। लेकिन एम्बुल्डेनिया ने डा सिल्वा को 54 रन पर आउट कर 100 रन की भागीदारी का अंत किया। बोनर 220 गेंद में सात चौके से नाबाद 68 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। यह उनका तीसरा टेस्ट अर्धशतक था। श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारात्ने को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने 147 और 83 रन की पारी खेली।

# इंग्लिश चैनल में प्रवासियों की नाव पलटी, 31 लोगों की मौत

**● फ्रांस के गृह मंत्री ने घटना को पलायन से जुड़ी सबसे बड़ी त्रासदी बताया**

**एपी** । पेरिस

**इंग्लिश** चैनल पार करते समय नौका डूबने से ब्रिटेन जा रहे कम से कम 31 प्रवासियों की मौत हो गई। फ्रांस के गृह मंत्री ने इसे प्रवासियों के खतरनाक पलायन से जुड़ी अब तक की सबसे बड़ी त्रासदी बताया है।

गृह मंत्री गेराल्ड दारमैनिन ने कहा कि अनुमान है कि नाव पर 34 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बुधवार को 31 शव मिले जिनमें पांच महिलाएं और एक लड़की शामिल है और दो लोगों को बचा लिया गया हैं। एक व्यक्ति अब भी लापता है। यात्री किस देश से हैं, इसका तत्काल पता नहीं चल पाया है।

संघर्ष, गरीबी से निजात पाने और बेहतर जीवन की आस में ब्रिटेन की ओर पलायन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है जो जीवन को जोखिम में डालकर फ्रांस से समुद्र के रास्ते नौका से यात्रा करते हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए फ्रांस-ब्रिटेन का एक संयुक्त खोज अभियान बुधवार देर रात जारी रहा। दारमैनिन ने फ्रांस के बंदरगाह शहर कैलिस में संवाददाताओं से कहा कि हादसे का शिकार हुई नौका से जुड़े होने के संदेह में चार संदिग्ध तस्करों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में दो संदिग्धों को अदालत में पेश किया गया।

क्षेत्रीय अभियोजक ने घटना के बाद हत्या, संगठित अवैध प्रवास और अन्य आरोपों की जांच शुरू की। जांच की देखरेख कर रहे लिले अभियोजक कार्यालय की अभियोजक कैरोल एटिएन ने कहा कि अधिकारी पीड़ितों की पहचान करने और उनकी उम्र और राष्ट्रीयता निर्धारित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों के बारे में अधिक जानकारी सामने आने पर, जांच में कई देश शामिल हो सकते हैं। दारमैनिन ने कहा, लोगों को इस तरह से समुद्र में मरते देखना, फ्रांस, यूरोप, मानवता के लिए बहुत बड़ा शोक का दिन है। उन्होंने ब्रिटेन के साथ समन्वय का आह्वान करते हुए कहा, प्रतिक्रिया ग्रेट ब्रिटेन से भी आनी चाहिए। प्रवासियों से जुड़ी पूर्व की अन्य घटनाओं के मद्देनजर दारमैनिन ने आपराधिक तस्करों पर हमला बोला जो हजारों लोगों का जीवन जोखिम में डालते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सरकार की संकट समिति की बैठक बुलाई। दारमैनिन और कैलिस घटना में जीवित बचे लोगों को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। दोनों देशों की सरकारों के बीच प्रवासियों का पलायन रोकने के मुद्दे पर लंबे समय से सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर इस संबंध में पर्याप्त काम नहीं करने का आरोप लगाया है। जॉनसन ने कहा कि वह घटना से हैरान, स्तब्ध हैं और उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने फ्रांस से इंग्लिश चैनल के जरिए प्रवासियों के पलायन को रोकने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि बुधवार की घटना ने इस बात को उजागर किया है कि फ्रांस के अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र के समुद्र तटों पर गश्त के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। फ्रांस के समुद्री प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि फ्रांसीसी नौसैनिकों की एक नौका ने दिन में करीब दो बजे समुद्र में कई शव देखे और कई शवों और घायलों को निकाला। क्षेत्र के लिए फ्रांसीसी समुद्री एजेंसी के अनुसार, फ्रांस की तीन गश्ती नौकाओं के साथ क्षेत्र की खोज के अभियान में एक फ्रांसीसी हेलीकॉप्टर और एक ब्रिटिश हेलीकॉप्टर भी शामिल हुए।

## बच्चों के प्रति वयस्कों के यौन आकर्षण पर किताब लिखने वाले प्रोफेसर का इस्तीफा

**एपी** । नोरफोक ( **अमेरिका** )

**वर्जीनिया** में एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने कहा है कि उनकी हाल में प्रकाशित किताब को लेकर उन्हें धमकियां मिल रही हैं और इस वजह से वह पद से इस्तीफा देंगे। किताब में 40 से अधिक ऐसे वयस्कों के साक्षात्कार हैं जो नाबालिगों की ओर यौन रूप से आकर्षित हुए लेखक का कहना है कि उनकी बात को गलत तरह से लिया गया है।

पुस्तक में तर्क दिया गया है कि बच्चों के प्रति इस आकर्षण को कलंकित करने से और अधिक लोग अपराध के खिलाफ मुकाबला करने की रणनीति विकसित करने के साथ ही अंततः बाल यौन शोषण को रोक सकेंगे।

ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एलिन वॉकर ने एक बयान में कहा कि मेरी ट्रांस पहचान के आधार पर उस शोध को मीडिया और ऑनलाइन में कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से लिया गया। परिणामस्वरूप मुझे कई धमकियां दी गईं।

# डियोर विवाद में चीनी फैशन फोटोग्राफर ने मांगी माफी

**एपी** । बीजिंग

**एक** प्रसिद्ध चीनी फैशन फोटोग्राफर ने अपने उस पिछले काम के लिए माफी मांगी है जिसे ऑनलाइन आलोचकों ने चीन के लोगों का अपमान बताया था। फैशन हाउस डियोर ने शंघाई के एक शो से फोटोग्राफर द्वारी खींची गई एक तस्वीर भी हटा दी है।

चेन मैन ने यंग पायनियर्स सहित अपने पहले के काम की आलोचना को स्वीकार किया। यंग पायनियर्स युवा मॉडलों की तस्वीरों की एक श्रृंखला है जो चीन के विशाल थ्री गोरजेस डैम जैसे प्रमुख स्थलों की पृष्ठभूमि में खींची गई हैं। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार द्वारा आलोचना की खबर छापी गई थी, जिसमें कहा गया था कि सोशल मीडिया पर टिप्पणियों में उनके काम को बाल अश्लीलता दर्शाने वाली और यंग पायनियर्स का अपमान कहा था। यंग पायनियर्स कम्युनिस्ट पार्टी से संबद्ध युवा संगठन का नाम है। चेन ने इस हफ्ते अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मैं अपनी अपरिपक्वता और लापरवाही के लिए खुद को जिम्मेदार मानती हूं। मुझे लगता है कि मुझे अब भी सभी से औपचारिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि मैं चीन में पैदा हुई हूं और यहीं पली-बढ़ी हूं। मैं अपनी मातृभूमि से बेहद प्यार करती हूं। उन्होंने लिखा, एक कलाकार के तौर पर मैं चीन की लोकप्रिय संस्कृति को दर्ज करने और प्रसारित करने की अपनी जिम्मेदारी को समझती हूं।

वह उन कई चीनी और विदेशी हस्तियों, ब्रांडों और कलाकारों में शामिल हो गई हैं जिन्होंने सरकारी मीडिया में अपने काम की आलोचना के बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। ऐसे कुछ लोगों का माफी मांगने से इनकार करने या माफी को अपर्याप्त मानने पर बहिष्कार किया गया है। डियोर द्वारा शंघाई में अपनी प्रदर्शनी में फोटो को लेकर हुई व्यापक आलोचना के करीब एक हफ्ते बाद चेन की तरफ से माफी मांगी गई है। फोटो में डियोर का पर्स पकड़े हुए एक एशियाई मॉडल को दिखाया गया था जिसकी त्वचा भूरी, झाईदार थीं और पलकें काली थीं।

आलोचकों ने तस्वीर को त्वचा के पूर्वी एशियाई सौंदर्य मानकों के विपरीत माना और कहा कि यह एशियाई चेहरों के पश्चिमी रूढ़िवादों को कायम रखता है, जैसे कि झुकी हुई आंखें।

डियोर ने भी इस तस्वीर को हटा लिया है और कहा कि यह विज्ञापन नहीं बल्कि एक कला कार्य का हिस्सा थी। चीनी सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट पर डाले बयान में डियोर ने कहा कि वह, चीन के लोगों की भावनाओं का सम्मान करता है और चीन के कानून व नियमों का सख्ती से अनुपालन करता है।

# हैती में प्रधानमंत्री ने नए मंत्रिमंडल का गठन किया

**एपी** । पोर्ट-ऑ-प्रिंस

**हैती** के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के बाद देश का नेतृत्व संभालने के चार महीने से अधिक समय बाद प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने अपने नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई। नए मंत्रिमंडल का गठन ऐसे वक्त में हुआ है जब देश हिंसा, अपहरण और ईंधन संकट से जूझ रहा है। इसके लिए उन शक्तिशाली गिरोहों को जिम्मेदार ठहराया जाता है जिन्होंने गैस वितरण टर्मिनलों को अवरुद्ध कर दिया है। हेनरी ने अपने नए मंत्रिमंडल से कहा कि आपने इसे कठिन परिस्थितियों में स्वीकार किया। उन्होंने विदेश मामलों, अर्थव्यवस्था, न्याय, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न पदों पर नौ मंत्रियों को नियुक्त किया। नियुक्त किए गए लोगों में जीन विक्टर जेनियस भी शामिल हैं, जो विदेश और धार्मिक मामलों के मंत्री के रूप में क्लाउड जोसेफ की जगह लेंगे। जब मोइसे की सात जुलाई की सुबह हत्या कर दी गई थी, उसके बाद जोसफ ने कुछ समय के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। हेनरी ने कहा कि हैती में जटिल हालात को देखते हुए आगे कठिन निर्णय लेने होंगे और उनका प्रशासन उपलब्ध संसाधनों के साथ सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की मुख्य जिम्मेदारियों में से एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण बनाना है। हेनरी ने हिंसा की लगातार हो रही घटनाओं की निंदा की और अपराधियों को चेतावनी दी कि वे अपने हथियार डाल दें, अन्यथा उन्हें जेल बंद कर दिया जाएगा या फिर मार गिराया जाएगा। हैती में अपहरण के मामलों में वृद्धि हुई है, जिसमें 16 अक्टूबर को अमेरिका के ओहायो स्थित एक धार्मिक संगठन से जुड़े 17 मिशनरियों का अपहरण भी शामिल है, जिनमें से दो को रविवार को रिहा कर दिया गया, हालांकि इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी गई। हेनरी ने ईंधन संकट और ईंधन की बढ़ती कीमतों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने गैस पर रियायत देने के लिए हजारों डॉलर का निवेश किया है, लेकिन सरकार इस स्थिति को अधिक समय तक बनाए नहीं रख सकती है। उन्होंने कहा कि वह निकट भविष्य में इस मुद्दे का समाधान करेंगे।

# साइबेरिया में कोयला खदान में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 40 से अधिक घायल

**एपी** । मॉस्को

**रूस** के साइबेरिया में बृहस्पतिवार को एक कोयला खदान में आग लग जाने से 11 खनिकों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। खदान में अब भी कुछ लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खदान के प्रशासकों ने इंटरफैक्स समाचार एजेंसी को बताया कि विस्फोट की आशंका के कारण बृहस्पतिवार दोपहर खदान में फंसे लोगों को बचाने के प्रयास रोक दिए गए और बचाव दल को खदान से बाहर निकाल लिया गया।

आग दक्षिण-पश्चिमी साइबेरिया के केमेरोवो क्षेत्र में लगी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने एक अज्ञात आपातकालीन अधिकारी के हवाला से बताया कि कोयले की धूल में आग लग गई, और उसका धुआं वेंटिलेशन सिस्टम के माध्यम से लिट्सव्याजहन्या खदान में तेजी से भर गया। केमेरोवो के गवर्नर सर्गेई सिविलोव ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के अपने पेज पर बताया कि घटना के समय कुल 285 लोग खदान में थे। उन्होंने कहा कि खदान में अब भी 35



खनिक फंसे हुए हैं। सिविलोव ने कहा, 49 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इससे पहले बृहस्पतिवार को आपातकालीन स्थितियों के लिए रूस के कार्यवाहक मंत्री अलेक्जेंडर चुप्रियन ने कहा कि 44 खनिकों को आई चोटों को लेकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विभिन्न अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी में घायलों की संख्या में विरोधाभास को अभी दूर नहीं किया जा सका है।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हादसे में मारे गए खनिकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार को घायलों को सभी आवश्यक सहायता मुहैया कराने के लिए कहा। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। वर्ष 2016 में रूस के सुदूर उत्तर में एक कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट में 36 खनिक मारे गए थे। घटना के मद्देनजर, अधिकारियों ने देश की 58 कोयला खदानों की सुरक्षा का विश्लेषण किया और उनमें से 20 या 34 प्रतिशत को संभावित रूप से असुरक्षित घोषित किया। हालांकि उस समय लिट्सव्याजहन्या खदान को असुरक्षित खदानों की श्रेणी में नहीं रखा गया था।

## इंटरपोल ने यूएई के विवादित अधिकारी को अध्यक्ष चुना

**इस्तांबुल**। अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन निकाय इंटरपोल ने इस्तांबुल में हुई वार्षिक आमसभा में बृहस्पतिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विवादित अधिकारी को अपना अध्यक्ष चुना। इंटरपोल ने संयुक्त अरब अमीरात के गृह मंत्रालय में महानिरीक्षक मेजर जनरल अहमद नसीर अल रायसी को चार साल साल के लिए अध्यक्ष चुना है। उल्लेखनीय है कि मेजर जनरल रायसी पर मानवाधिकार समूह यूएई में मनमाने तरीके से लोगों को हिरासत में रखने और यातनाएं देने के आरोप लगाते रहे हैं। गौरतलब है कि इंटरपोल के अध्यक्ष के चुनाव पर करीब से नजर रखी जा रही थी क्योंकि संगठन के पहले चीनी अध्यक्ष मेंग होंगवेई 2018 में चीन जाते वक्त रास्ते में लापता हो गए थे। तब उनका कार्यकाल पूरा नहीं हुआ था। इसके बाद पता चला कि उन्हें हिरासत में लिया गया है और उन पर रिश्वत लेने और अन्य अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन निकाय ने कहा कि ब्राजील के वालडेसी उरक्विजा को अमेरिका के लिए निकाय का उपाध्यक्ष चुना गया है जबकि नाइजीरिया के गरबा बाबा उमर, अफ्रीका के लिए इंटरपोल के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अल रायसी के खिलाफ फ्रांस और तुर्की सहित पांच देशों में यातना देने और अन्य आरोपों में आपराधिक शिकायत दर्ज है।

## विमान में यात्रियों के व्यवहार पर चिंता व्यक्त की

**वाशिंगटन**। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने देश भर के अमेरिकी वकीलों को वाणिज्यिक उड़ानों के दौरान हुए संघीय अपराधों के मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है, क्योंकि संघीय अधिकारियों को यात्रियों के व्यवहार को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। गारलैंड ने बुधवार को एक ज्ञापन जारी कर इस बात पर जोर दिया कि न्याय मंत्रालय हिंसक व्यवहार करने वाले ऐसे यात्रियों पर मुकदमा चलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो चालक दल के सदस्यों पर हमला करते हैं या अन्य यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। संघीय कानून चालक दल के सदस्यों के साथ बदसलूकी करने, उन पर हमला करने या उन्हें धमकाने पर भी रोक लगाता है। गारलैंड ने एक बयान में कहा कि ऐसे यात्री, कर्मचारियों के लिए खतरा हैं। वे उन्हें उनके आवश्यक कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकते हैं, जो सुरक्षित हवाई यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसी तरह, जब कोई यात्री किसी अन्य यात्री के प्रति हिंसक व्यवहार करता है, तो इससे विमान में मौजूद सभी लोगों के लिए खतरा उत्पन्न होता है।

## सोलोमन में सैनिक और पुलिस भेजेगा आस्ट्रेलिया

**कैनबरा**। ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह सोलोमन द्वीप के लिए सैनिकों, पुलिस और राजनयिकों को भेज रहा है। उसने यह कदम सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा लॉकडाउन की अवज्ञा करने और लगातार दूसरे दिन सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन करने के बाद उठाया है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया द्वारा द्विपीय देश में तैनाती के तहत संघीय पुलिस के 23 अधिकारियों और करीब 50 अन्य सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अहम अवसंरचना स्थलों की सुरक्षा के लिए की जाएगी। इनके साथ ही सशस्त्र बलों के 43 जवानों, गश्ती नौका और कम से कम पांच राजनयिकों को भेजा जाएगा। मॉरिसन ने बताया कि अधिकारियों की पहली तैनाती बृहस्पतिवार रात को हो जाएगी और शुक्रवार को और सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी संभाल लेंगे। इनकी तैनाती की उम्मीद पिछले कई हफ्तों से की जा रही थी। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य स्थिरता और सुरक्षा कायम करना है। म्ारिसन ने कहा कि सोलोमन के प्रधानमंत्री के अनुरोध पर ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते के तहत मदद कर रहा है और उसका इरादा सोलोमन के आंतरिक मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप करने का नहीं है।

## कुत्ते का मांस प्रतिबंधित करेगा दक्षिण कोरिया

**सोल**। दक्षिण कोरिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि कुत्ते का मांस खाने को गैरकानूनी घोषित करने पर विचार करने के लिए वह कार्य बल का गठन करेगा। गौरतलब है कि देश के राष्ट्रपति मून जे-इन ने करीब दो महीने पहले देश में कुत्ते का मांस खाने की सदियों पुराने खाने-पीने की इस आदत को बदलने पर विचार करने की पेशकश की थी। दरअसल दक्षिण कोरिया में कुत्ते का मांस बेचने वाले रेस्तरां बंद होने की कगार पर हैं क्योंकि युवा वर्ग कुत्ते का मांस खाना कुछ खास पसंद नहीं कर रहा है और पालतू जानवर (कुत्ते-बिल्ली आदि पालने) का चलन भी बढ़ रहा है। इसके बावजूद, हाल में हुए सर्वेक्षण में ऐसा सामने आया है कि भले ही लोग कुत्ते का मांस ना खाते हों, लेकिन ज्यादा से ज्यादा लोग इसपर प्रतिबंध लगाने के विरूद्ध हैं। कृषि मंत्रालय सहित सरकार के सात विभागों द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि उन्होंने अधिकारियों, नागरिकाअसैन्य विशेषज्ञों और संबंधित संगठनों से जुड़े लोगों का एक समूह गठित करने का फैसला लिया है जो कुत्ते के मांस पर प्रतिबंध लगाने की संभावनाओं पर अपना विचारासिफारिश दे सके। बयान में कहा गया है कि प्रशासन कुत्तों के फार्म, रेस्तरां और अन्य जगहों से भी सूचनाएं एकत्र करेगा और इस संबंध में जनता के विचार जानेगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित किया

**ढाका**। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बांग्लादेश और नेपाल समेत तीन देशों को न्यूनतम विकसित देश (एलडीसी) की श्रेणी से विकासशील देशों की सूची में शामिल करने संबंधी एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को अंगीकृत किया है। इन देशों की प्रगति को प्रदर्शित करने वाली यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने अपने 76वें सत्र में इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। दर्जा बढ़ोतरी के लिए मंजूरी पाने वाले तीन देश बांग्लादेश, नेपाल और लाओस हैं। संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पांच साल की असाधारण रूप से विस्तारित प्रारंभिक अवधि (मानक अवधि तीन वर्ष की है) के बाद तीनों देश एलडीसी श्रेणी से उन्नत होंगे। कोविड-19 के हालात से उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक झटकों के बावजूद महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के उपायों और नीतियों तथा रणनीतियों को बेहतर तरीके से लागू करने के बीच यह दर्जा बढ़ाया गया है।

# मेक्सिको के सोनोरा में 14 शव मिले

**एपी** । मेक्सिको सिटी

**मेक्सिको** के उत्तरी सीमावर्ती राज्य सोनोरा में गोपनीय तरीके से दफनाए गए 14 शव मिले हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य के अभियोजकों ने कहा कि कब्र के भीतर हड्डियां, जले हुए और क्षत विक्षत शव मिले हैं।

जांच अधिकारियों ने कहा कि शव की संख्या अभी वे निर्धारित नहीं कर पाए हैं। आशंका है कि मादक पदार्थ के किसी गिरोह ने इन शवों को दफनाया होगा। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 14 शव हो सकते हैं। लापता लोगों के रिश्तेदारों की स्वयंसेवी खोजी टीम द्वारा इस जगह का पता लगाया गया। यह जगह सोनोरा राज्य की राजधानी हर्मोसिलो के पश्चिम में एक राजमार्ग के पास स्थित है। सोनोरा में मादक पदार्थ के गिरोहों के बीच अक्सर टकराव होता है। सिनालोआ गिरोह, जलिस्को गिरोह और भगोड़े तस्कर राफेल कारो क्विन्टेरो के सदस्यों के बीच पहले भी टकराव की घटनाएं हो चुकी हैं।

इससे एक दिन पहले ही पुलिस ने जाकाटेकस राज्य में एक राजमार्ग ओवरपास से लटके तीन और शवों की खोज की। पिछले सप्ताह भी वहां 10 शव पाए गए थे। जाकाटेकस राज्य की लोक सुरक्षा एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को सैन जोस डी लूर्डेस शहर में तीन शव का पता चला है। जाकाटेकस में भी मादक तस्कर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। मेक्सिको की सेना ने बुधवार को कहा कि वह लगभग 1,750 सैनिकों तथा अर्द्ध-सैन्य नेशनल गार्ड के 1650 सदस्यों को जाकाटेकस में प्रशासन की मदद के लिए भेजेगी। इससे पहले भी वहां कई जवान भेजे जा चुके हैं।

सिनालोआ और जलिस्को न्यू जनरेशन गिरोह सोनोरा राज्य में मादक पदार्थ के कारोबार पर नियंत्रण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमेरिका की सीमा के पास स्थित इस राज्य से मादक पदार्थों की खेप दूसरी जगहों पर भेजी जाती है।

## दक्षिण सूडान में नौका पलटने से पांच बच्चों सहित 10 की मौत

**भाषा** । जूबा ( **दक्षिण सूडान** )

**दक्षिण** सूडान में इस सप्ताह एक नौका के अपर नील प्रांत में व्हाइट नील नदी में पलट जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित कम से कम 10 व्यक्तियों की मौत हो गई। प्रांत के सूचना मंत्री ल्यूक सदल्ला ने बताया कि नौका तब पलट गई जब यह मलाकल जा रही थी। उन्होंने बताया कि नौका में 28 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि नौका पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे। सदल्ला ने बताया इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांच बच्चे भाई-बहन थे।

## श्रीलंका में सिलसिलेवार धमाकों के लिए पूर्ववर्ती सरकार जिम्मेदार: राजपक्षे

**भाषा** । कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने वर्ष 2019 में ईस्टर के मौके पर देश में हुए सिलसिलेवार धमाकों के लिए पूर्ववर्ती सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। इन धमाकों में 11 भारतीयों सहित करीब 270 लोगों की मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े स्थानीय चरपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात के नौ आत्मघाती हमलावरों ने वर्ष 2019 में ईस्टर रविवार को समन्वित हमला किया था और तीन गिरिजाघरों और कई होटलों को निशाना बनाया था। इस हमले में 270 लोगों की मौत के साथ करीब 500 लोग घायल हुए थे। राष्ट्रपति राजपक्षे ने कहा कि जो उनपर बम धमाके के जिम्मेदार लोगों पर तेजी से कार्वाई करने का दबाव बना रहे हैं उन्हें ऐसी मांग करने के दौरान सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सरकार अगर जरूरत हुई तो आलोचकों के खिलाफ भी कड़ी कारवाई करेगी। राजपक्षे ने एक जनसभा में कहा कि अगर वे त्वरित कार्वाई चाहते हैं, तो हम इसके लिए जिम्मेदार लोगों के नागरिक अधिकार को वापस लेने के लिए संसद का रुख कर सकते हैं।

# कज्जाफी का बेटा राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार

बेनगाजी ( **लीबिया** )। लीबिया के शीर्ष चुनावी निकाय ने कहा है कि देश के दिवंगत तानाशाह मोअम्मर कज्जाफी के पुत्र और एक समय उनके उत्तराधिकारी रहे सैफ अल-इस्लाम कज्जाफी को अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। देश की उच्च राष्ट्रीय चुनाव समिति द्वारा बुधवार को जारी अयोग्य उम्मीदवारों की सूची के अनुसार सैफ अल-इस्लाम कज्जाफी अपनी पिछली दोषसिद्धी के कारण चुनाव लड़ने के योग्य नहीं हैं। वह आगामी दिनों में समिति के फैसले के खिलाफ अदालत में अपील कर सकते हैं। सैफ अल-इस्लाम को 2015 में राजधानी त्रिपोली की एक अदालत ने उनके पिता से पद छोड़ने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा का इस्तेमाल करने के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि लीबिया के प्रतिद्वंद्वी प्राधिकारियों ने इस फैसले पर सवाल उठाया था। सैफ अल-इस्लाम को उनके पिता के विरुद्ध 2011 के विद्रोह से संबंधित मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने भी वांछित करार दिया है। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में वर्षों के प्रयासों के बाद लीबिया 24 दिसंबर को अपने राष्ट्रपति चुनाव का पहला दौर आयोजित करने जा रहा है। चुनाव के मद्देनजर जटिलताओं और चिंताओं के कारण लीबिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत ने हाल में पद छोड़ने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने बुधवार को कहा कि वह वोट के माध्यम से जरूरत पड़ने पर पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं।

# इटली में कोविड-19 का टीकराकरण नहीं करवाने वाले लोगों पर लगेगी पाबंदियां

**एपी** । रोम

**इटली** सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए उन लोगों पर कुछ पाबंदियां लगाने का फैसला किया है, जिन्होंने अभी तक कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगवाए हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, छह दिसंबर से रेस्तरां में भोजन करने, सिनेमा घर जाने या किसी खेल प्रतियोगिता देखने जाने के लिए लोगों को कोविड-19 से हाल ही में उबरने का या टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाना होगा। नए नियमों के तहत कानून प्रवर्तन, सैन्य तथा सभी स्कूली कर्मचारियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले टीकाकरण केवल स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अनिवार्य था।

प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने कहा कि संक्रमण के धीमी गति से ही सही लेकिन निरंतर बढ़ते मामलों को रोकने और यूरोपीय संघ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए ए कदम उठाने जरूरी हैं। ड्रैगी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने सामान्य स्थिति में लौटना शुरू कर दिया है और हम इसे कायम रखना चाहते हैं। स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्टो स्पेरन्ज़ा ने स्वीकार किया कि इटली अपने कई पड़ोसी देशों की तुलना में बेहतर कर रहा है, साथ ही कहा कि देश ने सीखा है कि वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सक्रिय एवं निवारक उपाय आवश्यक है।

**यूरोपीय संघ ने पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर के टीके को मंजूरी दी**

**हेग**। यूरोपीय संघ के औषधि नियामक ने बृहस्पतिवार को पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर कंपनी के कोविड-19 रोधी टीके को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यूरोप में कोरोना वायरस के नए मामलों में वृद्धि के बीच लाखों स्कूली बच्चों के टीकाकरण का रास्ता साफ हो गया। यह पहला मौका है जब यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने बच्चों के टीकाकरण के लिए किसी कोविड टीके को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कहा कि उसने पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविड-19 टीके कॉमिरनेटी को मंजूरी दी है।

**जर्मनी में जान गंवाने वालों की संख्या एक लाख के पार**


**बर्लिन**। जर्मनी में कोविड-19 महामारी की शुरुआत से अब तक एक लाख से अधिक लोग कोरोना वायरस के संक्रमण से जान गंवा चुके हैं और जर्मनी यह आंकड़ा पार करने वाला हालिया देश बन गया है। पछले 24 घंटे में संक्रमण से 351 लोगों की मौत के बाद देश में महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 100,119 हो गई है।

## इनके भी बयां, जुदा-जुदा




### अनुष्का शर्मा

**मेरा** शरीर वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था; यह जैसा था वैसा टोंड नहीं है। और मैं इसके लिए काम कर रहा हूं क्योंकि मुझे फिट रहना पसंद है। ऐसा कहने के बाद, मैं पहले की तुलना में आज अपनी त्वचा में बहुत अधिक सहज हूं, तब भी जब मेरे पास वह संपूर्ण शरीर था। मैंने महसूस किया है कि यह एक मन:स्थिति है, इसका आपके दिखने के तरीके से कोई लेना-देना नहीं है।




### सारा अली खान

**मेरा करियर** आज एक व्यावसायिक फिल्म की योजना बनाने, एक गंभीर कल करने या एक दिन बाद एक एकल फिल्म पर काम करने या रणवीर (सिंह) के साथ काम करने के बारे में नहीं रहा है। यह उस तरह से काम नहीं करता है। मेरे लिए, यह उन कहानियों को बताने के बारे में है जो मुझे लगता है कि बताई जानी चाहिए। अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह फिल्म सोलो है या मेरे पास इसमें खेलने के लिए एक छोटा सा पार्ट है।



### आर माधवन

**रंग दे बसंती** में मेरा नौ मिनट का रोल था। अब भी जब वे फिल्म के बारे में बात करते हैं तो मेरा नाम इसका पर्याय बन जाता है। इन सज्जनों ने वर्षों तक इतनी मेहनत की, मैंने केवल आठ दिन काम किया। मैंने महसूस किया कि अमरता, एक चरित्र के रूप में पहचाने जाने के संदर्भ में, इस बात पर निर्भर करती है कि आप कैसे भूमिका निभाते हैं, उस चरित्र को कैसे लिखा और प्रस्तुत किया जाता है।



### एमिली ब्लंट

**ड्वेन** जॉनसन की इतनी असाधारण उपस्थिति है। उनमें एक अद्भुत, सहज गुण है, और वह इतनी आसानी से भूमिका निभाते हैं। वह फ्रेंक की अजीब विचित्रताओं, स्वार्थी प्रवृत्तियों और उसकी भेद्यता और उसके अतीत से बेखबर है। ये सभी परतें उसे खेलने के लिए बहुत कुछ देती हैं। मुझे लगता है कि वह वास्तव में इसका आनंद ले रहा है।

### एडेल

मेरे तलाक के बाद, इतने सारे लोग होने के कारण, जिन्हें मैं नहीं जानती, यह जान लें कि मैंने वह काम नहीं किया ... इसने मुझे तबाह कर दिया। मैं शर्मिंदा थी। किसी ने मुझे शर्मिंदा नहीं किया, लेकिन आपको ऐसा लगता है कि आपने अच्छा काम नहीं किया। मुझे नहीं पता कि यह मेरे शनि की वापसी के कारण था या ऐसा इसलिए था क्योंकि मैं अपने 30 के दशक में जा रही थी, लेकिन मुझे यह पसंद नहीं था कि मैं कौन थी। मैं वास्तव में खुद को नहीं जानती थी। मुझे लगता है मेने कर दिया। लेकिन मैंने नहीं किया।



# एक गायक की खोज

**सुरेश वाडकर, जिन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया, ने सैमी सत्तार को बताया कि तकनीक ने संगीत की मिठास को छीन लिया है।**

***सीने में जलन, आंखों में तूफ़ान सा क्यूं है इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है।***

मुजफ्फर अली की गमन (1978) के लिए शहरयार की काव्यात्मक अभिव्यक्ति व्यस्त शहर के जीवन के भंवर में फंसी एक कोमल आत्मा का उपयुक्त प्रतिबिंब थी। लेकिन यह गायक सुरेश वाडेकर की समृद्ध, बनावट वाली आवाज थी, जिन्होंने अपनी फिल्म की शुरुआत की, जिसने फारूक शेख द्वारा पर्दे पर पूरी तरह से चित्रित किए गए पथ को जोड़ा।

वाडकर, जिन्होंने अपने 47 साल से अधिक के करियर के दौरान अंग्रेजी और जर्मन के अलावा लगभग सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में गाया है, उन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। एक सम्मेलन में बोलते हुए, वे कहते हैं, ''मुझे लगा, मुझे इसे पहले मिल जाना चाहिए था। मैं देरी के पीछे का कारण नहीं जानता। यह केवल सर्वशक्तिमान और चयन समिति ही जान सकती है। लेकिन डर ऐे दुरस्त ऐे। जब चीजें समय पर होती हैं, तो महत्व अलग होता है क्योंकि कलाकार का आत्मविश्वास और साहस कई गुना बढ़ जाता है।''

छोड़ आए हम वो गलियां (माचिस) हुजूर इस कदर (मासूम) ऐ जिंदगी गले लगा ले, सांझ ढले (उत्सव), तुम से दूधर (परिंदा) जैसे बेहद लोकप्रिय गीतों के गायक को लगता है कि संगीत प्रेमियों को मान्यता मिलने पर खुशी होती है, ''पद्म श्री जैसे सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक प्राप्त करना आपको अच्छा लगता है कि हमारे देश और सरकार ने हमें मान्यता दी है। हमारे देशवासियों का प्यार जगजाहिर है,'' वे कहते हैं।

चार दशकों से अधिक समय तक संगीतमय दृश्य का हिस्सा रहे - जहां उन्होंने फिल्मी गीत, भजन, ग़ज़ल और लोक गीत गाए हैं - वाडकर ने समय के साथ इसके विकास को देखा है। वे कहते हैं, ''लोगों को बहुत सारी चीजों में बदलाव पसंद है लेकिन आपको इतना नहीं बदलना चाहिए कि आप अपनी संस्कृति को भूल जाएं। अगर आप कपड़ों में बहुत पाश्चात्य हैं, तो यह ठीक है। लेकिन हमें ऐसा संगीत चाहिए जो कानों को मीठा लगे।''

वह आगे कहते हैं, ''पहले एक फिल्म में शब्द, धुन और स्थिति महत्वपूर्ण थी। अब गाने वहां डाल दिए जाते हैं जहां उनका कोई मतलब ही नहीं है। यही कारण है कि पुराने गीत आज भी लोकप्रिय हैं जबकि आज रचित गीत लंबे समय तक नहीं चलते हैं।''

उनका मानना है कि यह समकालीन गीतों की क्षणभंगुर अपील है, जिसने निर्देशकों को पुराने गीतों तक पहुंचने और उन्हें रीसायकल करने के लिए प्रेरित किया है। ''पहले के अच्छे अरेंजर्स म्यूजिक कंपोजर बन गए हैं इसलिए गाने अरेंजमेंट स्टाइल में बनाए गए हैं। गीत को एक आकार और रूप की आवश्यकता होती है। अगर किसी चीज़ को व्यवस्था कहा जाता है, तो आप बस इतना कर रहे होंगे कि उसे फिर से व्यवस्थित कर दिया जाए।''

ऑटो-ट्यून के बड़े पैमाने पर उपयोग ने अक्सर प्रशिक्षित गायकों के बीच गुस्सा पैदा किया है। वाडकर कोई अपवाद नहीं हैं।

''आजकल, 90 प्रतिशत गाने ऑटो-ट्यून पर हैं। जब आप गाने को कृत्रिम रूप से धुन में लाने की कोशिश करते हैं, तो यह इलेक्ट्रॉनिक रूप में खराब हो जाता है। ऐसा करना सही नहीं है क्योंकि गायक अपनी काबिलियत दिखाना चाहते हैं। ऑटो-ट्यून के लिए धन्यवाद, आजकल हर कोई गा सकता है, जिसमें अभिनेता भी शामिल हैं, ''वे आगे कहते हैं, ''हमें अवसरों को वितरित करना चाहिए। अगर इतने सारे अभिनेताओं ने एक गाना गाया है, तो उतनी ही संख्या में गायकों को एक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का मौका दिया जाना चाहिए।'' मैं रेखा के दूसरे छोर पर उसके मुस्कुराते हुए लगभग चित्र बना सकता हूं।



वाडकर को गुरु जियालाल वसंत द्वारा विभिन्न शैलियों को गाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था ''महात्मा गांधी के शताब्दी वर्ष (1969) के दौरान, गुरुजी को सरकार द्वारा भारत दौरे के लिए आमंत्रित किया गया था। मैं उनके साथ गया और दिल्ली के प्रगति मैदान सहित 13 भाषाओं में गाया। मुझे जो भी काम मिला, मैंने उसे भगवान के आशीर्वाद के रूप में लिया है।''

तालाबंदी के दौरान मनोरंजन उद्योग ठप हो गया था और सभी काम बंद हो गए थे। वाडकर ने इस समय का उस तरह से उपयोग किया जैसे वह सबसे अच्छे से जानते हैं - गायन। ''मुझे कड़ी मेहनत करने का समय मिला। मेरे पास घर पर एक स्टूडियो है। इसलिए, हर दिन और हर पल, मैंने इसका इस्तेमाल किया। मैं हमेशा से अपने पसंदीदा दिग्गजों के गाने गाना चाहता था। लॉकडाउन के दौरान मैंने अपने स्टूडियो में करीब 150-200 ऐसे गाने रिकॉर्ड किए।

मेरी पत्नी और बेटियों ने भी समय का सदुपयोग किया। सुबह रूटीन रियाज के बाद हमने अपनी रिकॉर्डिंग की। मैं उन गानों को धीरे-धीरे यूट्यूब पर रिलीज करूंगा।''

गायक को भी कोविड के कारण 10 दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जो उनकी बेटी, एक संगीतकार से प्रसारित हुआ था। ''अस्पताल में, मैंने गायकों को देखा जो मेरे लिए भगवान के समान हैं : लताजी, आशाजी, मन्ना डे, रफ़ी साब और बहुत कुछ।''

जबकि वाडकर ने पिछले गायकों से सीखा, वह अपने संगीत विद्यालय, अजीवासन के माध्यम से एक नई पीढ़ी को प्रशिक्षित कर रहे हैं। पहले सिर्फ मुंबई में ही नहीं बल्कि न्यू जर्सी और दुबई में भी फिजिकल क्लासेस होती थीं। ''महामारी आने से पहले ही, चूंकि अक्सर वीजा से संबंधित समस्याएं होती थीं, इसलिए हम ऑनलाइन शिफ्ट हो गए थे। हालांकि एक ऑनलाइन क्लास के दौरान थोड़ी देरी होती है लेकिन यह लगभग एक-से-एक क्लास की तरह है'', वे कहते हैं।

हालाँकि, मुंबई में ऑफ़लाइन कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं क्योंकि छात्र भी बहुत परेशान थे और शारीरिक कक्षाओं के लिए आना चाहते थे। ''मेरा एक छोटा सा हॉस्टल है और मुंबई के बाहर से आने वाले बच्चे यहां रहते हैं। मेरी बड़ी बहन सितार पढ़ाती है, मेरी पत्नी गायन सिखाती है और मैं भी'', वह आगे बेहतर समय की उम्मीद करते हुए कहते हैं।




## इन टू दि वाइल्ड

**करण जौहर ने बेयर ग्रिल्स को विक्की कौशल को एक आकर्षक भोजन परोसने की चुनौती दी, जबकि कियारा आडवाणी ने अपने नवीनतम स्टंट के लिए अभिनेता के आत्मविश्वास को बढ़ाया।**



अभिनेता विकी कौशल, जो डिस्कवरी+ की सर्वाइवल फ्रैंचाइज़ी, इनटू द वाइल्ड विद बियर ग्रिल्स के सीज़न 2 में दिखाई देंगे, को उनके पिता और उद्योग के दोस्तों ने सबसे प्रसिद्ध उत्तरजीविता, बेयर ग्रिल्स के साथ जंगली में उनके विदेशी अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। एड्रेनालाईन पंपिंग और चुनौतीपूर्ण उत्तरजीविता शो का प्रीमियर 12 नवंबर को हुआ। इस विशेष में, बेयर ग्रिल्स प्रेरणा के रूप में विभिन्न मील के पत्थर तक पहुंचने पर इन संदेशों को विक्की के साथ साझा करते हैं। एपिसोड में उन्हें प्रोत्साहित करने और शुभकामनाएं देने वालों में उनके पिता शाम कौशल, कियारा आडवाणी और करण जौहर शामिल हैं।




भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और टेलीविजन होस्ट जौहर ने व्यक्त किया, ''तो विकी, मैंने आपके चने पर बहुत सारे विदेशी, अद्भुत भोजन व्यंजन देखे हैं। और अब आप बेयर ग्रिल्स के साथ हैं। तो, जाहिर है, यह समय है कि आप वास्तव में उसके साथ एक विदेशी भोजन करें। तो, भालू, विक्की को एक ऐसा भोजन बनाओ जिसे वह कभी नहीं भूलता! मेरे साथ तो बहुत कॉफी पी लिए तुमने विक्की, अब आपके लिए बेयर ग्रिल्स के साथ एक आकर्षक भोजन करने का समय है। तो, ऑल द बेस्ट। मेरे सारे प्यार और इसे मार डालो!''

अपने अभियान के लिए कौशल को शुभकामनाएं देते हुए, आडवाणी ने साझा किया, ''मेरे प्यारे विकी, आपके पास इस तरह की साहसिक यात्रा करने के लिए दुनिया का सारा जोश और हिम्मत है। लेकिन आज आपका खेल का मैदान फिल्म का सेट नहीं है, यह गहरा, गहरा सागर है। आपने मुझे बताया है कि आपको गहरे समुद्र और गहरे पानी का फोबिया है। लेकिन, मुझे पता है कि अगर कोई है जिसके पास जोश है तो यह आप ही हैं कि आप आगे बढ़ें और इस डर को जीतें और दूसरी तरफ से विजेता बनें। इसलिए, मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं और मैं आपको दूसरी तरफ देखने जा रहा हूं।''

# पिता की मौजूदगी का एहसास

**इरफ़ान खान के बेटे, बाबिल का लड़कपन से भरा और स्वप्निल रूप, परिवार के फार्महाउस को एक फोटोशूट सेट में बदल देता है।**





फोटोग्राफी सिनेमा की बड़ी दुनिया में प्रवेश करने की दिशा में पहला कदम है। इरफान खान के बेटे बाबिल ने हाल ही में अपने परिवार के नासिक फार्महाउस में एक फोटोशूट करवाया है और दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। वह कच्चा, स्वप्निल दिखता है और वह निश्चित रूप से तस्वीरों में अपने पिता की कृपा का एक उदासीन संकेत देता है। इक्का-दुक्का फोटोग्राफर शिवाजी सेन ने भव्य फार्महाउस के आसपास बाबिल के कई मूड को खूबसूरती से कैद किया है। ईशा भंसाली द्वारा स्टाइल किया गया आवश्यक लुक के लिए शीर्ष पर आइसिंग था।



फोटोशूट के बारे में बात करते हुए, बाबिल ने साझा किया, ''फार्महाउस मेरे परिवार के लिए एक विशेष स्थान है। यह वह विश्राम का ठिकाना है जहां मेरे पिता जब भी आराम करने की जरूरत महसूस करते थे, लौट जाते थे। मैं पूरे क्षेत्र में उनकी मौजूदगी को मजबूती से महसूस करता हूं। यही कारण है कि मैंने इसे अपनी शूटिंग की जगह के रूप में भी चुना।''

उन्होंने आगे कहा, ''शिवाजी सेन ने मेरे कई मूड को कैप्चर करने का शानदार काम किया है। मैं जो हासिल करना चाहता था, उसके बारे में हमने बहुत बात की और मुझे लगता है कि परिणाम उन सभी के बराबर हैं जिन्हें हमने हासिल करने के बारे में सोचा था।'' बाबिल को अभी अपनी पहली फिल्म के बारे में आधिकारिक घोषणा करना बाकी है और दर्शक इसके लिए उत्सुक हैं। उनके पास एक मजबूत विरासत है और उनमें एक पूर्णतावादी के जीन चल रहे हैं।

# इतिहास के पन्नों से


**लेखिका और इतिहासकार, सुभद्रा सेन गुप्ता, अपने प्रशंसकों को उनके मरणोपरांत काम - मेसोपोटामिया से एज़्टेक तक पहली सभ्यताओं की कहानी के रूप में अंतिम विदाई उपहार देती हैं। बता रही हैं खुशबू कीर्तिः**

***'क्योंकि कोई नहीं बचा है। उन दिनों सबसे अच्छा पत्थर'***


सुभद्रा सेन गुप्ता (1952 - 3 मई, 2021), एक प्रिय भारतीय लेखिका और प्रसिद्ध इतिहासकार, जो इस साल की शुरुआत में कोविड से लड़ाई हार गईं, ने अपने प्रशंसकों को अपने अंतिम काम के रूप में अंतिम बिदाई उपहार दिया है - द स्टोरी मेसोपोटामिया से एज़्टेक तक की पहली सभ्यताओं में से। पुस्तक बच्चों के लिए ऐतिहासिक तथ्यों की एक गहन शोध क्षमता है। अपनी सुस्त और स्पष्ट लेखन शैली में, गुप्ता ने अपने पाठकों को जादुई इतिहास की दुनिया के माध्यम से अंतिम यात्रा पर ले लिया है। उन्होंने मानव उत्पत्ति और विकासवादी तत्वों के बारे में कहानियों को सबसे चंचल और दिलचस्प तरीके से प्रसारित किया है।

उनके लिए इतिहास का क्या अर्थ है, इस बारे में बात करते हुए, सबसे सरल तरीके से, गुप्ता ने कहा, ''जल्द ही हमने शब्दों को वाक्यों में बदलना शुरू कर दिया और फिर जानकारी साझा करना, अपनी भावनाओं को व्यक्त करना और गपशप करना शुरू कर दिया। और आज, स्कूल से लेकर ऑफिस में काम करने से लेकर रेसिपी शेयर करने तक हर चीज के लिए जरूरी है कि हम बात करें। यह संज्ञानात्मक क्रांति हमारे दिमाग में शुरू हुई और इसे ही हम भाषा कहते हैं।''

उसने जारी रखा, ''अगला चरण महत्वपूर्ण था क्योंकि अब हमने एक लिखित स्क्रिप्ट विकसित की और सब कुछ लिखना सीख लिया - और हमने तब से लिखना बंद नहीं किया है। हमने रिकॉर्ड रखे, पत्र लिखे, किताबें छपीं, और अब हमारे पास व्हाट्सएप और ईमेल है। लोगों का इतिहास बनाने के लिए यह पहला कदम था ... राजाओं और लड़ाइयों, देवी-देवताओं का; हमने क्या खाया और क्या कपड़े पहने; हमारे गाने और हमारे खेल। यह हमारे दैनिक जीवन और दुनिया की घटनाओं के बारे में है। और वह, मेरे दोस्त, जिसे हम इतिहास कहते हैं।''



चीनी सभ्यता ने परीक्षाओं की अवधारणा को सबसे पहले कैसे पेश किया, इस बारे में मनोरंजक तथ्यों से, आर्किमिडीज के बारे में 'यूरेका' चिल्लाते हुए सड़कों पर नग्न दौड़ना, और आलू इंकास से एक उपहार होने के बारे में, आधा बैल और आधा आदमी मिनोटौर की किंवदंतियों और षड्यंत्र के सिद्धांत अटलांटिस के आसपास, पुस्तक मेसोपोटामिया से लेकर एज़्टेक तक सभी को कवर करती है। पुस्तक में देवाशीष वर्मा के चित्र शामिल हैं, जो पठन को अलंकृत करते हैं।




टॉकिंग क्लब की प्रकाशक, सुदेशना शोम घोष, जिन्होंने काम को एक साथ रखा था, ने व्यक्त किया, ''यह एक ऐसी परियोजना थी जिसने उन्हें (लेखक) रोमांचित और उत्साहित किया था और उन्होंने इसे अपने सामान्य उत्साह और सावधानीपूर्वक शोध के साथ निपटाया था। हमेशा की तरह, यहां लेखन ताजा, सुलभ, विनोदी रहा - इतिहास की किताबों से जो उम्मीद की जाती है उससे कहीं ज्यादा दूर। इस साल की शुरुआत में उनके दुखद निधन के बाद इस पुस्तक को प्रकाशित करना हमारे लिए एक सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी थी।''

गुप्ता ने बच्चों के लिए 40 से अधिक किताबें लिखीं क्योंकि उन्हें लगा कि वे सबसे अच्छे पाठक हैं। इतिहासकार की कृतियाँ इतिहास के उन तथ्यों से सुशोभित हैं जो सभी पाठकों को एक ही बैठक में कहानियों के माध्यम से पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

उनकी कुछ कृतियों में अलविदा पाशा बेगम शामिल हैं!, एक डरावनी कहानी जहां दिल्ली में छुट्टी पर नायक अचानक खुद को मुगल युग में एक गुलाम के रूप में पाता है, बिष्णु - धोबी गायक एक धोबी लड़के के बारे में जिसे संरक्षण के तहत समर्थित और लिया जाता है तानसेन का, एक मौर्य साहसिक जहां अशोक की सेना में एक सैनिक की बेटी दुनिया भर में उद्यम करती है, और इसी तरह। उनकी किताब, मिस्ट्री ऑफ द हाउस ऑफ पिजन्स, को दूरदर्शन के लिए खोज खजाना खोजर के रूप में एक टेलीविजन श्रृंखला में रूपांतरित किया गया था। उन्होंने बच्चों के लिए भारत का संविधान प्रकाशित करने पर भी लोकप्रियता हासिल की, जिसके लिए उन्होंने कई शोधकर्ताओं को भी जिम्मेदार ठहराया था। उसका काम महल- मुगल हरम में शक्ति और तमाशा एक मुगल हरम के सामाजिक जीवन के इर्द-गिर्द घूमता था।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 39
लखनऊ, शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



अय्यर ने भारत को संभाला
स्पोर्ट्स-11

# अंतरराष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है उत्तर प्रदेश: प्रधानमंत्री

● कहा, हमारी राष्ट्र भक्ति के सामने कुछ राजनीतिक दलों की स्वार्थ नीति कभी नहीं टिक सकती

● मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमानतल की आधारशिला रखी

**भाषा।** जेवर



नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमानतल के शिलान्यास के बाद मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य तथा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमानतल की आधारशिला रखी और केंद्र तथा उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्हें राज्य के इस पश्चिमी हिस्से के विकास को नजरअंदाज करने का दोषी ठहराया। भारत के विकास को बाधित करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और दावा किया कि उनकी राष्ट्र भक्ति के आगे कुछ राजनीतिक दलों की स्वार्थ नीति कभी नहीं टिक सकती। प्रधानमंत्री ने विमानतल की आधारशिला रखने के बाद वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों ने कैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को नजरअंदाज किया, उसका जीता-जागता उदाहरण जेवर विमानतल है। उन्होंने कहा कि दो दशक पहले उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस परियोजना का सपना देखा था लेकिन बाद में यह विमानतल कई सालों तक दिल्ली और लखनऊ की सरकारों की खींचतान में उलझा रहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने तो बाकायदा चिट्ठी लिखकर तत्कालीन केंद्र सरकार को इस परियोजना को बंद करने को कह दिया था। उन्होंने कहा, अब डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से आज हम उसी विमानतल के भूमि पूजन के साक्षी बन रहे हैं। केंद्र व राज्य में एक ही दल की सरकार को आम तौर पर भाजपा की ओर से डबल इंजन की सरकार कहा जाता है। विपक्षी दलों पर प्रधानमंत्री ने स्वार्थ को सर्वोपरि रखने का आरोप लगाया और कहा कि इसके उलट भाजपा-नीत सरकारों का मंत्र सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास रहा है। उन्होंने कहा, हमारे देश में कुछ राजनीतिक दलों ने हमेशा अपने स्वार्थ को सर्वोपरि रखा है। इन लोगों की सोच रही है... अपना स्वार्थ, सिर्फ अपना... खुद का परिवार, या जहां रहते हैं उस इलाके का... उसी को वो विकास मानते थे। जबकि हम राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलते हैं। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास, यही हमारा मंत्र है। उन्होंने कहा, देश के लोग गवाह हैं... बीते कुछ हफ्तों में कुछ राजनीतिक दलों द्वारा किस तरह की राजनीति हुई, लेकिन भारत विकास के रास्ते से नहीं हटा। विगत एक महीने में देश के अलग-अलग हिस्सों में विकास योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी राष्ट्रभक्ति के सामने... हमारी राष्ट्र सेवा के सामने... कुछ राजनीतिक दलों की स्वार्थ नीति कभी टिक नहीं सकती।

## इस हवाईअड्डे से एक लाख नौकरियां पैदा होंगी: सिंधिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नागर** विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्देश था कि एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश में बनाया जाए और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से एक लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सिंधिया यहां जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में बनने वाले हवाई अड्डा पर 34,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा और ग्रीनफील्ड परियोजना के पहले चरण के 2024 में पूरा होने की उम्मीद है और इसकी क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। सिंधिया ने कार्यक्रम में कहा कि विकास के आखिरी चरण तक, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी पीछे छोड़ देगा और भारत का प्रमुख हवाई अड्डा बन जाएगा।

## पश्चिमी उप्र के विकास को मिलेगी नई ऊंचाई: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश को यह फैसला करना होगा कि गन्ने की मिठास बढ़ेगी या पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के अनुयाई उत्पात मचाएंगे। योगी ने कहा कि जेवर विमानतल के बन जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को एक नई ऊंचाई मिलेगी और यहां के किसानों द्वारा पैदा किए गए गन्ने की मिठास को अंतरराष्ट्रीय उड़ान मिलेगी। आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में गौतम बुद्ध नगर के जेवर इलाके में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आधारशिला रखे जाने के लिए आयोजित समारोह में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के मार्ग पर अग्रसर है। भाजपा नेता ने बिना किसी विवाद के हवाई अड्डे के लिए अपनी भूमि के अधिग्रहण की अनुमति देने वाले 7,000 से अधिक किसानों का भी धन्यवाद किया। आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक बहुप्रतीक्षित क्षण है। उन्होंने कहा कि यहीं से किसानों ने गन्ने से क्षेत्र में मिठास बढ़ाने की पहल शुरू की थी। उन्होंने हजारों लोगों की सभा को संबोधित करते हुए कहा, कुछ लोगों ने गन्ने की मिठास को कड़वाहट में बदल कर यहां दंगों की एक श्रृंखला खड़ी की थी। आज देश को फैसला करना है कि क्या वह गन्ने की मिठास बढ़ाएगा या जिन्ना के अनुयायियों से फिर दंगा करने की अनुमति देगा। आदित्यनाथ ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को जन कल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाना हो या विकास के लिए नए बुनियादी ढांचों का निर्माण करना हो या फिर लोगों की आस्था का सम्मान करना हो, उत्तर प्रदेश मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूरी धारणा बदलकर यह हो गई है कि राज्य प्रगति और विकास कर सकता है।

# भाजपा किसानों के प्रति संवेदनशील इसलिए कृषि कानून वापस लिए

● रक्षामंत्री ने सपा शासन को गुंडों और माफियाओं की सरकार बताया

**संवाददाता।** सीतापुर



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों को वापस ले लिया क्योंकि भाजपा किसानों के प्रति बहुत संवेदनशील है। सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारी पार्टी हमेशा किसानों के प्रति संवेदनशील रही है, इसलिए हमारे प्रधानमंत्री ने कृषि कानूनों को वापस ले लिया है।

हमारी पार्टी कभी भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की तरह किसानों और राम भक्तों पर गोलियां नहीं चला सकती। समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वह विभाजनकारी राजनीति में विश्वास करती है क्योंकि उनके नेता जिन्ना के बारे में बात करते हैं जो देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने कहा कि यहां तक कि मुस्लिम समाज ने भी इसके लिए समाजवादी पार्टी की निंदा की।

उन्होंने सपा के शासन को गुंडों और माफियाओं की सरकार करार देते हुए कहा कि आज योगी का नाम सुनते ही गुंडों और माफियाओं की धड़कनें तेज हो जाती हैं, यह उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कंधे पर हाथ रखकर चल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक वायरल तस्वीर का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, ऐसा लग रहा था कि प्रधानमंत्री, योगी के कान में फुसफुसा रहे हैं कि बस योगी जी बल्लेबाजी करते रहो और भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी।

## बसपा विधानमंडल दल नेता गुड्डू जमाली ने पद और विधानसभा से त्यागपत्र दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के विधान मंडल दल के नेता और आजमगढ़ की मुबारकपुर विधानसभा सीट से विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने अपने पद और सदन से इस्तीफा दे दिया है। अगले साल के विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले आलम का यह इस्तीफा बसपा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा हैं। आलम ने इस संबंध में पार्टी प्रमुख मायावती को एक पत्र भी लिखा है। आलम ने बताया, मैंने बसपा विधानमंडल दल और विधायकी से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि हमारी पार्टी की नेता मायावती और मेरे बीच विश्वास की कमी हो गई थी। जब हमारी नेता को ही हम पर विश्वास नहीं रहा तो फिर हम पार्टी में रह कर क्या करेंगे। उनसे जब पूछा गया कि अब वह किस पार्टी में जा रहे हैं तो आलम ने कहा कि मैं मानसिक रूप से बहुत परेशान हूं और मेरा अभी किसी पार्टी में जाने का कोई इरादा नहीं है। मैं अभी कुछ दिन आराम करूंगा।

# ईडब्ल्यूएस के लिए आय सीमा पर फिर से गौर करेगा केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**नीट आरक्षण**

**केंद्र** ने नीट परास्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले में आरक्षण को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की श्रेणी निर्धारित करने के लिए आठ लाख रुपए सालाना आय की तय सीमा पर फिर से गौर करने का फैसला लिया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से बताया कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी निर्धारित करने के लिए मानदंड तय करने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी और समिति को यह काम करने के लिए चार हफ्तों का वक्त लगेगा। मेहता ने कहा कि अदालत में पहले दिए आश्वासन के अनुसार नीट (पीजी) काउंसिलिंग और चार हफ्तों के लिए स्थगित की जाती है। शीर्ष न्यायालय छात्रों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जिसमें मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) में चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए केंद्र तथा मेडिकल काउंसिलिंग कमिटी के 29 जुलाई के नोटिस को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण बहुत सक्षम और प्रगतिशील प्रकार का आरक्षण है और सभी राज्यों को केंद्र के इस प्रयास में उसका समर्थन करना चाहिए। पीठ ने कहा कि एकमात्र सवाल यह है कि श्रेणी का निर्धारण वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए और वह इसकी सराहना करती है कि केंद्र ने पहले से तय मानदंड पर फिर से गौर करने का फैसला किया है। याचिकाकर्ताओं (छात्रों) की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि चूंकि काफी समय बीत गया है तो केंद्र को अगले अकादमिक वर्ष के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण के क्रियान्वयन को वापस लेना चाहिए और मौजूदा वर्ष की काउंसिलिंग को शुरू करना चाहिए।

## प्रयागराज में एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रयागराज** जिले के गंगापार स्थित फाफामऊके लाल मोहन गंज गांव में बुधवार की रात एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने बताया कि लाल मोहन गंज गांव में कल रात एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई, ऐसा दिखाई दे रहा है कि चारों के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है,। पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतकों की पहचान फूलचंद (50), पत्नी मीनू देवी (45), बेटी सपना (17) और बेटा शिवा (13) के रूप में की गई है।

# एनएफएचएस सर्वेक्षण: भारत में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव का संकेत देते हुए पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो गई है तथा लिंगानुपात 1,020 के मुकाबले 1,000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) -5 के निष्कर्षों से मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि लिंगानुपात 1000 को पार कर जाने के साथ ही हम कह सकते हैं कि भारत विकसित देशों के समूह में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उपायों जैसे वित्तीय समावेश और लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से निपटने आदि को है। जन्म के समय का लिंगानुपात भी 2019-20 में 929 हो गया जो 2015-16 में 919 था। यह उठाए गए विभिन्न कदमों और संबंधित कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। वर्ष 2005-06 में कराए गए राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 में यह अनुपात 1000:1000 था जो 2015-16 (एनएचएफएस-4) में घटकर 991:1000 पर आ गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत एवं 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए जनसंख्या, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पोषण और अन्य विषयों के प्रमुख संकेतकों से जुड़े तथ्य एनएफएचएस -5 के चरण दो के तहत 24 नवंबर को जारी किए।




## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,795 | ↑ 454 | |
| निफ्टी | 17,536 | ↑ 121 | |
| सोना | 46,625 | ↑ 195 | /10g |
| चांदी | 61,763 | ↑ 569 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एडीबी ने टीके के लिए भारत को 1.5 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कोविड-19 रोधी टीके खरीदने के लिए भारत को 1.5 अरब डॉलर (लगभग 11,185 करोड़ रुपए) के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने कहा कि कोविड रोधी टीके की खरीद के लिए एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक से अतिरिक्त 50 करोड़ डॉलर का सह-वित्त दिए जाने की उम्मीद है। वहीं केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने वाले या इन देशों के रास्ते आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी स्क्रीनिंग और जांच की जाए। इन देशों में कोविड-19 के गंभीर जनस्वास्थ्य प्रभावों वाले नए स्वरूप सामने आने की सूचना है।

# पनडुब्बी आईएनएस वेला सेवा में शामिल

● भारतीय नौसेना की और बढ़ेगी शक्ति

**भाषा।** मुंबई



**देश** की नौसैन्य शक्ति में और बढ़ोतरी करते हुए भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी आईएनएस वेला को यहां बृहस्पतिवार को सेवा में शामिल किया और नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने इसे सभी प्रकार के पनडुब्बी अभियान करने में सक्षम एक शक्तिशाली मंच बताया। भारतीय नौसेना को कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी प्रोजेक्ट-75 के तहत कुल छह पनडुब्बियों को सेवा में शामिल करना है। आईएनएस वेला सेवा में शामिल की गई इस श्रेणी की चौथी पनडुब्बी है। इससे पहले, नौसेना ने 21 नवंबर को युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम को सेवा में शमिल किया था। इस प्रकार नौसेना को एक सप्ताह में आईएनएस विशाखापट्टनम के बाद आईएनएस वेला के रूप में दो उपलब्धियां हासिल हुई हैं। नौसेना प्रमुख ने पनडुब्बी को सेवा में शामिल किए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रोजेक्ट 75 आगामी वर्षों में पानी के नीचे के क्षेत्र में भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में बदलाव लाएगा। सिंह ने कहा, आईएनएस वेला सभी प्रकार के पनडुब्बी अभियानों को करने में सक्षम एक शक्तिशाली मंच है और आज की बदलती एवं जटिल सुरक्षा परिस्थिति के मद्देनजर, वेला की क्षमता और सैन्य शक्ति हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय समुद्री हितों की रक्षा करने, उन्हें बढ़ावा देने और संरक्षित करने की नौसेना की क्षमता में अहम भूमिका निभाएगी। मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड फ्रांस के मेसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का भारत में निर्माण कर रही है। प्रोजेक्ट 75 में छह पनडुब्बियों का निर्माण किया जाना है, जिनमें से तीन पनडुब्बियों- आईएनएस कलवरी, आईएनएस खंडेरी, आईएनएस करंज - को पहले ही सेवा में शामिल किया जा चुका है। नौसेना ने कहा कि आईएनएस वेला पश्चिमी नौसेना कमान की पनडुब्बी सेवा में शामिल होगी और यह उसके शस्त्रागार का एक और शक्तिशाली हिस्सा होगी। वेला का पिछला अवतार रूसी मूल की फोक्सट्रॉट श्रेणी की पनडुब्बी था, जिसे 2009 में सेवा से हटा दिया गया था। उस पनडुब्बी के चालक दल के सदस्य भी इस मौके पर मौजूद मेहमानों में शामिल थे। नौसेना ने बताया कि ए स्कॉर्पीन पनडुब्बियां अत्यंत शक्तिशाली मंच हैं और उनमें छुप कर रहने की उन्नत विशेषताएं हैं। वे लंबी दूरी की निर्देशित टारपीडो के साथ-साथ पोत-रोधी मिसाइलों से भी लैस है। इन पनडुब्बियों में एक अत्याधुनिक सोनार और सेंसर सूट है जो उत्कृष्ट परिचालन क्षमताएं मुहैया कराता है। इनके पास प्रणोदन मोटर के रूप में एक उन्नत स्थाई चुंबकीय सिंक्रोनस मोटर है।

# 29 सितंबर 2024 में संचालित होगी पहली उड़ान

## भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा जहां कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**हवाईअड्डे** के लिए आवश्यक करीब 6200 हेक्टेयर जमीन में से पहले चरण के निर्माण के लिए 1334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण और सभी प्रकार की स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकीं हैं। निर्माण करने वाली कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की भारतीय इकाई ने निर्माण की पूरी योजना तैयार कर ली है। पहले चरण में एक रनवे एवं एक टर्मिनल के साथ निर्माण शिलान्यास के 1095 दिनों के भीतर किया जाएगा।

इसके बाद 29 सितंबर 2024 में पहली यात्री अथवा कार्गो उड़ान संचालित होने लगेगी। सरकार ने निर्माण की समयावधि को लेकर बहुत कठोर शर्तें रखीं हैं। निर्माण में देरी होने पर कड़े दंडात्मक प्रावधान रखे हैं। जमीन के अधिग्रहण के पश्चात 3002 परिवारों के पुनर्वास का कार्य भी पूरा हो गया है। सबको वैकल्पिक भूमि एवं आवास प्रदान किया जा चुका है। विमानों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए भी अलग से बड़ा भूभाग आवंटित किया गया है। इससे पहले एमआरओ के लिए विमानों को विदेश भेजना पड़ता था लेकिन अब नोएडा में ये सुविधा हो जाएगी। यह भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा। जहां कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य होगा। जेवर के अलावा गोवा और नवी मुंबई के हवाई अड्डे भी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे होंगे। इस हवाई अड्डे के अंतर्गत एक ऐसा समर्पित भूखंड चिन्हित किया है जहां परियोजना स्थल से हटाये जाने वाले वृक्षों को लगाया जायेगा। इस तरह उसे जंगलमय पार्क का रूप दिया जायेगा। एनआईए वहां के सभी मूल जीवजंतुओं की सुरक्षा करेगा और हवाई अड्डे के विकास के दौरान प्रकृति का पूरा ध्यान रखा जायेगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण के निर्माण की लागत 4588 करोड़ रुपए की होगी जो निवेशक कंपनी व्यय करेगी जबकि भूमि अधिग्रहण की लागत 4326 करोड़ आयी है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार वहन कर रही है। इस प्रकार प्रथम चरण की कुल लागत 8914 करोड़ रुपए आयी है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार पूरी परियोजना की निर्माण लागत 29 हजार 560 करोड़ रुपए की होगी। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे एनआईए के साथ उत्तर प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य होगा जहां पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। कुशीनगर हवाई अड्डे का हाल में उद्घाटन हो चुका है और अयोध्या में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण-कार्य चल रहा है। लखनऊ एवं वाराणसी पहले ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में काम कर रहे हैं।

राज्य में इस समय नौ हवाईअड्डे परिचालित हैं जिनमें इन लखनऊ एवं वाराणसी के अलावा प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा, बरेली, कानपुर शामिल हैं। अगले साल अलीगढ़, चित्रकूट, आजमगढ़, श्रावस्ती एवं मुरादाबाद के हवाई अड्डे भी परिचालित होने लगेंगे।

# वित्तमंत्री सीतारमण आज करेंगी प्रत्यक्ष कर भवन का उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लखनऊ में केंद्रीय अप्रत्क्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अलंकरण समारोह-2021 के अवसर पर विजेताओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री लखनऊ के नवनिर्मित कार्यालय प्रत्यक्ष कर भवन का उद्घाटन भी करेंगी वर्ष 2017 में भवन निर्माण के लिए मेसर्स एनबीसीसी के साथ समझौता जापन पर हस्ताक्षर किए गए। अंतिम रूप वर्ष 2020 को एनबीसीसी से इस भवन का कब्जा लिया गया। यह भवन सर्वोत्तम वैश्विक तकनीक द्वारा निर्मित किया गया है। 86483 वर्ग फीट की भूमि पर बना यह भवन 7 मंजिला है। जिसमें से भवन का निर्मित क्षेत्रफल 21527 वर्ग फीट है और सभी सात मंजिलों के लिए निर्मित क्षेत्रफल अनुमानत: 130000 वर्ग फीट है जिसमें से दो बेसमेंट एवं रिकार्ड रूमद्ध बनाए गए हैं। इस भवन में अनुमानत: 150 अधिकारियों एवं 350 कर्मचारियों के बैठने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त इस भवन में 180 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक प्रेक्षागृह और 3 सम्मेलन कक्ष भी हैं। 7वीं मंजिल पर एक अतिथि गृह है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 2 सुइट बनाए गए हैं और अन्य अधिकारियों के लिए 9 कमरों के साथ साथ उस तल पर जिम, रीडिंग लाउंज एवं अत्याधुनिक किचन बना है। भवन में एक बड़ी लाइब्रेरी एवं महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रेच की सुविधा भी उपलब्ध है। भवन में स्थापित सौर पैनलों के माध्यम से अनुमानत: 20 प्रतिशत बिजली उत्पन्न होती है। यह भवन पारिस्थितिक तंत्र में बिना कोई अवरोध उत्पन्न किए पारिस्थितिक अनुकूल भवन है। भवन में बैठने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधाओं के साथ बिना कोई समझौता किए भवन में कम से कम ऊर्जा एवं पानी की खपत की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में प्रत्यक्ष कर भवन परिसर की सुरक्षा एवं संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा कांट्रैक्ट पर लिए गए सुरक्षा गार्डों के अतिरिक्त पीएसी की एक चौकी भी स्थापित की गई है। सम्पूर्ण भवन के सहज एवं सुरक्षित प्रचालन तथा भवन में स्थापित किए गए उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी सीपीडबल्यूण्डी को दी गई है।

# 44 जिले पूरी तरह संक्रमण मुक्त घोषित

**लखनऊ।** ठोस रणनीति के दम पर यूपी ने कम समय में कोरोना संक्रमण पर तेजी से लगाम लगाई है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 135398 टेस्ट किए गए जिसमें 6 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। प्रदेश के 44 जिलों में एक भी सक्रिय केस के बीते दिन पुष्टि नहीं हुई वहीं 71 जिलों में एक भी नया संक्रमण का मामला सामने नहीं आया। इस अवधि में 7 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 91 पहुंच गई है। प्रदेश में टीकाकरण को तेजी से बढ़ाने के लिए क्लस्टर मॉडल, स्कूल कॉलेजों में टीकाकरण कैंप, गांवों में अधिक बूथ, कोरोनारोधी टीकाकरण से कोई न छूटे, इसके लिए जिला संयुक्त अस्पताल में रात दस बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार को हर जिले में एक केंद्र पर रात दस बजे तक टीकाकरण कराए जाने के निर्णय से भी गति मिली है। प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक नई रणनीति के तहत टीके की डोज दी जा रही है। अब तक प्रदेश में 15 करोड़ 42 लाख 43 हजार 985 टीकाकरण किया जा चुका है जिसमें 10 करोड़ 82 लाख को पहली डोज और 4 करोड़ 59 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है। प्रदेश में 73.21 प्रतिशत पात्र लोगों को पहली डोज और 30.90 प्रतिशत पात्र लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा लखनऊ में भूखण्ड संख्या-10-B/776, वृंदावन योजना-2 लखनऊ में बंधक किया जा रहा है। उक्त भूखण्ड का मूल आवंटन पत्र भूखण्ड स्वामी पंकज कुमार पाल द्वारा कहीं खो गया है। इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्था/बैंक को कोई आपत्ति/हित हो वह 7 दिनों के भीतर इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ में आपत्ति/हित दर्ज करा सकता है। -शाखा प्रबन्धक इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा लखनऊ में EWS भवन संख्या-B-2197 इन्दिरा नगर लखनऊ में बंधक किया जा रहा है। उक्त भूखण्ड का मूल नामान्तरण पत्र संख्या 7752/स.प्र.न. दिनांकित 27.09.1999 जिसके द्वारा श्री एस.एन. सिंह का नाम काट करके श्री श्रीप्रकाश सिंह के नाम उक्त सम्पत्ति दर्ज की गयी थी जो भवन स्वामिनी श्रीमती उमा देवी द्वारा कहीं खो गया है। इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्था/बैंक को कोई आपत्ति/हित हो वह 7 दिनों के भीतर इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ में आपत्ति/हित दर्ज करा सकता है। -शाखा प्रबन्धक इंडियन बैंक, इंदिरा नगर शाखा, लखनऊ

# यूपी को मिलेगी मुफ्त राशन की डबल डोज

**● केंद्र सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त राशन अभियान को मार्च तक बढ़ाया**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के 15 करोड़ से अधिक राशन कार्ड धारकों को सरकार मुफ्त राशन की डबल डोज देने जा रही है। यूपी के लोगों को राशन दुकानों से दोगुना मुफ्त राशन मिलेगा। योगी सरकार के बाद केंद्र सरकार ने भी पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त राशन वितरण अभियान को मार्च तक बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार के फैसले के बाद अब यूपी के पात्र कार्ड धारकों को हर महीने 10 किलो राशन मुफ्त मिलेगा। केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मार्च 2022 तक बढ़ा दिया है। राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार गेहूं और चावल मुफ्त मिलेगा। दाल, खाद्य तेल और नमक भी मुफ्त दिया जाएगा। कोविड काल से चल रहे मुफ्त राशन वितरण के जरिये सरकार आर्थिक रूप से कमजोर गरीबों, मजदूरों को बड़ा सहारा देने की योजना पर काम कर रही है। महामारी के दौर में शुरू हुई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नवंबर में खत्म हो रही थी इसको देखते हुए सीएम योगी ने 3 नवंबर को अयोध्या में राज्य सरकार की ओर से होली तक मुफ्त राशन वितरण की घोषणा की थी। अंत्योदय राशन कार्डधारकों और पात्र परिवारों को दिसंबर से दोगुना राशन वितरण किया जाएगा। अंत्योदय अन्न योजना के तहत लगभग 13007969 इकाइयां और पात्र घरेलू कार्डधारकों की 134177983 इकाइयां प्रदेश में है। केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से कोरोना काल के दौरान शुरू हुए राशन वितरण में अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021 तक कुल 122 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित कर रिकार्ड कायम किया गया था। इसमें राज्य सरकार की ओर से अप्रैल 2020 से अगस्त 2021 तक 2339556.740 मीट्रिक टन अनाज वितरित किया गया जबकि पीएमजीकेएवाई के तहत अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021 तक 9853889.085 मीट्रिक टन राशन बांटा गया था।

# समय से जागे होते तो नहीं होती पीड़ा

## अखिलेश यादव व मायावती के ट्वीट का सिद्धार्थनाथ सिंह ने दिया जवाब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने गुरुवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखे तंज कसे। अखिलेश के जेवर एयरपोर्ट को लेकर किए गए ट्विट पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि मैं सोच ही रहा था कि जेवर पर अभी तक कोई ट्वीट क्यों नहीं आया, अखिलेश जी समय से जग गए होते तो आज जिस विश्व के चौथे सबसे बड़े एयरपोर्ट के शिलान्यास से आपको पीड़ा हो रही है वहां से आप उड़ान भर रहे होते।

दरअसल अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में कहा था कि अगर सपा सरकार के समय फिरोज़ाबाद में प्रस्तावित एयरपोर्ट बनने की अनुमति केंद्र की भाजपा सरकार ने रोकी न होती तो इस समय जेवर के साथ चूड़ियों को भी जुड़ने का मौका मिलता और उप्र का वैकासिक श्रृंगार पूर्णता की ओर बढ़ता। यही नहीं इससे पहले भी कई बार अखिलेश यादव प्रदेश में योगी सरकार के विकास कार्यों को खुद के काम बताने की झूठी कोशिश करते रहे हैं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बसपा अध्यक्ष मायावती पर जेवर हवाई अड्डे के शिलान्यास पर किये गये निरर्थक विलाप पर तीखा तंज किया है। उन्होंने कहा कि मायावती ने तो नाच न आये आंगन टेढ़ा की कहावत चरितार्थ कर दी है। तत्कालीन केंद्र सरकार पर दोषारोपण करके अपनी सरकार के नकारेपन से नहीं बच सकती हैं। सिद्धार्थ नाथ ने कहा मायावती जी आपकी सरकार के पॉलिसी पैरालैसिस की तरह योगी सरकार ठहरी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित हो रहे सैकड़ों प्रोजक्ट में से जेवर भी एक प्रोजेक्ट मात्र है। विश्व के चौथे सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शिलान्यास पर विरोध रुपी राग अलापना सही नहीं।

## मथुरा में गैंगरेप योगी राज की बदहाल कानून व्यवस्था का चेहरा: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने मथुरा के कोसींकलां में दरोगा परीक्षा देकर वापस आ रही बेटी के साथ गैंगरेप की घटना पर भाजपा की योगी अदित्यनाथ सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश की भाजपा सरकार की कानून ब्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मोना ने कहा कि प्रदेश में दिन पर दिन अपराध बढ़ते चले जा रहे हैं बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में कोई दिन नहीं जाता जब महिलाओं के साथ घटनाएं न घटित हो रही हों। यह घटना दिखाती है कि प्रदेश में दिन में भी चलना सुरक्षित नहीं रहा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ रात 12 बजे सुरक्षा का वादा कर रहे थेए प्रदेश को नंबर वन बताकर झूठा प्रोपोगेंडा फैलाते रहे। गृहमंत्री अमित शाह दूरबीन लेकर अपराध ढूंढ रहे हैं लेकिन जिम्मेदार पद पर बैठकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को प्रदेश अपराध का जंगलराज और महिलाओं पर अत्यचार दिखाई नही देता। गृहमंत्री दूरबीन नहीं अपने विभाग के आंकड़ों पर नजर डाल लीजिए भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते महिला अपराध में उप्र नंबर1 बन गया, कोई दिन नहीं जाता जब महिलाओं के साथ बलात्कार ना होता हो घटनाएं न होती हों। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्नाव का कुलदीप सेंगर कांड हो या शाहजहांपुर का चिन्मयानंद कांड और हाथरस में गैंगरेप पीड़िता को

## संदीप सालुंके बने डीजी राज्य मानवाधिकार आयोग

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वर्ष 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी संदीप सालुंके को उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के डीजी पद पर नियुक्ति प्रदान की है। सालुंके के अभी तक डीजी, एडीजी तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश के पद पर कार्यरत थे।

## कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी

पत्रांक 245/न0पं0ब0/14वॉ वि0आ0/2021-22 दिनांक- 25.11.2021

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वॉं वित्त आयोग के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय खीरी के पत्र संख्या 742/21एम कार्यवृत्ति-बैठक-25.09.2021/एलबीसी, दिनांक 28.10.2021 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। तत्क्रम में पोर्टल पर ई-निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि कार्य हेतु अलग-अलग(सूची में उल्लिखित धनराशि के बराबर) RTGS/NEFT द्वारा नगर पंचायत बरवर के खाता संख्या 003500320000221, IFSC Code ICICOOKHIRI जिला सरकारी बैंक, बरवर में जमा कराकर, प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर ई-निविदा अपलोड होने की तिथि व समय | 29.11.2021 समय 12.00 बजे अपरान्ह से। |
| ई-निविदा खरीदने/व डालने की तिथि व समय | 29.11.2021 समय 01.00 बजे अपरान्ह से 21.12.2021 को समय 12.00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 22.12.2021 समय 01.00 बजे तक |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बरवर
(खीरी)

अध्यक्ष
नगर पंचायत बरवर
(खीरी)

## सपा हर माह की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस मनाएगी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को प्रदेशवासियों से हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस के रूप मनाने की अपील की है जिससे बीजेपी का दलित विरोधी चेहरा बेनकाब हो सके। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश वासियों सपा व सहयोगी दलों से अपील है कि हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस मनाएं। उप्र की भाजपा सरकार ने पिछले साल 30 सितंबर को जिस अभद्र तरीक़े से बलात्कार पीड़िता के शव को जलाने का जो कुकृत्य किया था उसकी याद दिलाएं। जिससे भाजपा का दलित एवं महिला विरोधी चेहरा बेनक़ाब हो। गौरतलब है कि हाथरस के एक गांव में पिछले साल 14 सितंबर को 19 साल की युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। युवती की हालत बिगड़ने के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था जहां घटना के एक पखवाड़े बाद उसकी मौत हो गयी थी। परिवार और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस ने जबरन आधी रात को अंतिम संस्कार करा दिया था।

# मुलायम सिंह यादव से राजा भैया ने की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● जन्मदिन की बधाई देने आया था चुनाव से जोड़कर न देखा जाए**

**प्रतापगढ़** के कुंडा से निर्दलीय विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। करीब आधा घंटा की इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि इस मुलाकात को चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। मुलाकात के बाद राजा भैया ने कहा कि नेता जी के जन्मदिन पर मैं हमेशा मिलकर शुभकामनाएं देते रहा हूं लेकिन इस बार मैं बाहर था। इसलिए जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने नहीं आ पाया था। इसे चुनाव से जोड़कर न देखा जाए और न इसका कोई अलग से निहितार्थ निकाला जाए। गौरतलब है कि पिछले दिनों राजा भैया ने कहा था कि उनकी पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक यूपी में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और वहां से कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी जहां से योगी आदित्यनाथ उम्मीदवार होंगे। मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे राजा भैया पिछले काफी समय से अपनी पार्टी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं।

# नफरत की राजनीति करती है भाजपा: अखिलेश

**● जनवादी सोशलिस्ट पार्टी की रैली में सपा अध्यक्ष ने बीजेपी पर जमकर साधा निशाना**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के पास नफरत के सिवाय और कुछ नहीं है। वे इसी की राजनीति करते हैं। वे भाईचारा और गंगा जमुनी संस्कृति को खत्म करना चाहते है। भाजपा ने लोगों का हक और सम्मान छीना है और अपमानित किया है। इस बार सन् 2022 में होने वाला चुनाव ऐतिहासिक होगा। इसमें भाजपा की ऐतिहासिक हार होगी।

अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में जनवादी पार्टी सोशलिस्ट की जनवादी जनक्रांति महारैली को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के अध्यक्ष डॉण् संजय चौहान ने अपने समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को सबक सिखाने के लिए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। भाजपा वोट लेती है हिस्सेदारी नहीं देती है। भाजपा सामाजिक न्याय नहीं चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज का नारा यही है कि भाजपा हटाओ प्रदेश बचाओ, नहीं चाहिए भाजपा। इस सरकार से हर वर्ग के लोग दु:खी हैं। इतना दु:ख और तकलीफ किसी सरकार ने नहीं दी। भाजपा ने जनसामान्य को परेशान कर दिया है। बाबा साहेब ने जो सपना देखा था वो सपना पूरा नहीं हुआ। खुशहाली का सपना तब पूरा होगा जब आपकी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा चौहान समाज विकास में बहुत पीछे छूट गया है। भाजपा ने उसे पीछे कर दिया है। उन्होंने चौहान समाज से साइकिल को जिताने की अपील की। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। धान की लूट हो गई है। किसान को धान की कीमत नहीं मिली। खाद का अभाव है, बिजली महंगी, डीजल महंगा, बीज महंगा। गन्ना किसान का बकाया नहीं मिला है। किसानों के हित में समाजवादी सरकार मण्डियां बना रही थी। समाजवादी सरकार में बेहतर मंडियों की व्यवस्था होगी। भाजपा बताए किसानों के लिए क्या किया? तीन काले कृषि कानून वापस हुए पर एमएसपी नहीं मिली।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या: 234 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 ओम मेडिकल स्टोर, प्रो0 श्री अभिषेक कुमार ठाकुर पुत्र श्री लल्लन ठाकुर, 724/सेक्टर-17, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
2. श्री अभिषेक कुमार ठाकुर पुत्र श्री लल्लन ठाकुर, नि0 724/सेक्टर -17, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
3. श्रीमती सोनी राय पत्नी श्री अभिषेक कुमार ठाकुर, नि0 724/सेक्टर -17, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या: 238 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 अम्बा हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स, प्रो0 श्री मुकेश श्रीवास्तव, प्लाट सं0 37, निजामपुर, मल्लौर निकट एमेटी कैम्पस, लखनऊ।
2. श्री मुकेश श्रीवास्तव, नि0 प्लाट सं0 37, निजामपुर, मल्लौर, निकट एमेटी कैम्पस, लखनऊ।
3. श्रीमती ममता श्रीवास्तव पत्नी श्री मुकेश श्रीवास्तव, नि0 प्लाट सं0 37, निजामपुर, मल्लौर, निकट एमेटी कैम्पस, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर

पत्रांक - 1264/निविदा विज्ञापन/36 दिनांक : 25-11-2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु जी0एस०टी० विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा दिनांक-26.11.2021 की प्रातः 10:00 बजे से 02.12.2021 की सायं 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। अल्पकालीन निविदा की टेण्डर शुल्क जमा कर रसीद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशी निम्नानुसार की F.D.R./C.D.R./N.S.C. जो अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर के नाम बन्धक होगी, संलग्न करना होगा। बिना धरोहर एवं टेण्डर धनराशि निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर की धनराशि (रु0 में) | टेण्डर धनराशि (रु0) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हमीरपुर नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत सहायक अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 1.635 | 3500.00 | 200.00 | 30 दिन |
| 2 | हमीरपुर नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत जलकल अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 2.029 | 4100.00 | 250.00 | 30 दिन |
| 3 | राठ नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत सहायक अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 2.410 | 5000.00 | 300.00 | 30 दिन |
| 4 | मौदहा नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत जलकल अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 1.963 | 4000.00 | 250.00 | 30 दिन |
| 5 | सुमेरपुर नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत जलकल अभियन्ता आवास की मरम्मत तथा पुताई का कार्य। | 1.654 | 3400.00 | 200.00 | 30 दिन |

अधिशासी अभियन्ता
जल संस्थान हमीरपुर

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I have changed the name of my daughter Diksha and son Ojash to Diksha Patel and Ojash Patel. In future, they should be read and to be known by this name. Ravindra Kumar resident of SeniPur Sanganva, Fatehpur.

# काशी में महापौरों से रूबरू होंगे पीएम

- मोदी दो सौ महापौरों को करेंगे सम्बोधित
- सम्मेलन के बाद शाम को गंगा आरती दर्शन के लिए दशाश्वमेध के लिए रवाना होंगे
- काशी विश्वनाथ मंदिर में करेंगे दर्शन-पूजन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**श्रीकाशी विश्वनाथ** धाम के लोकार्पण के बाद बनारस में देश भर से आए 200 महापौर का सम्मेलन होगा। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 दिसंबर को संबोधित करेंगे। इस संबंध में कार्ययोजना बुधवार को पीएमओ समेत प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दी गई। पीएमओ से स्वीकृति मिलते ही कार्यक्रम फाइनल कर दिया जाएगा। खास यह कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए स्थल में बदलाव कर दिया गया है। इसके लिए पहले रुद्राक्ष सम्मेलन केंद्र का चयन किया गया था। अब इसके लिए बरेका चिह्नित किया गया है। आयोजन की जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन को उठानी है। निगम प्रशासन ने छावनी क्षेत्र के होटल में बाहर से आए दो सौ महापौर को ठहरने के लिए व्यवस्था की है।

**सारनाथ से लेकर बाबा दरबार तक दर्शन पूजन :** महापौर दल 14 दिसंबर की सुबह नौ बजे के बाद सारनाथ भ्रमण के लिए निकलेंगे। म्यूजियम, पुरातत्व अवशेष स्थल, धमेख स्तूप व महात्मा बुद्ध के मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। दोपहर को भोजन का इंतजाम कचहरी स्थित बनारस क्लब में किया गया है। दोपहर बाद से बरेका में आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे। सम्मेलन के बाद शाम को गंगा आरती दर्शन के लिए दशाश्वमेध के लिए रवाना होंगे। इसके बाद श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए महापौर दल जाएंगे। 15 को सभी अपने-अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे।

**विद्युत झालरों से जगमग होगा पूरा शहर :** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण से पहले नगर निगम प्रशासन पूरे शहर को झालरों से रोशन करेगा। इसके तहत सड़क के हेरिटेज पोल के साथ ही चौराहों को सजाया जाएगा। सड़कों को रंगी-पुती बनाने की जिम्मेदारी नगर निगम के साथ ही पीडब्ल्यूडी को मिली है।

**माह के अंत तक सड़कें गड्ढामुक्त** वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपर मुख्य सचिव नगर विकास रजनीश दुबे ने नगर निगम के अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। इसमें नगर की सड़कों को इस माह के अंत तक गड्ढा मुक्त करने के लिए आदेशित किया। साथ ही रैन बसेरा को बेहतर करने के लिए निर्देश मिला है।

## काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर आधारित होंगे विविध आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी।** काशी के पौराणिक मान्यता के दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी चल रही है। इस क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों में एक से दस दिसंबर तक काशी विश्वनाथ कारिडोर पर आधारित शैक्षिक गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर से लगायत राज्य स्तर तक आयोजित की जाएंगी। जनपद स्तर पर चयनित बच्चों को मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। वहीं मंडल स्तर पर चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। वाराणसी मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अवध किशोर सिंह ने वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर के बीएसए से एक से दस दिसंबर के बीच विविध प्रतियोगिताएं आयोजित कराने का निर्देश दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में काशी विश्वनाथ कारिडोर पर आधारित विद्यालय, न्याय पंचायत, ब्लाक, जनपदीय व मंडल स्तरीय शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

**काशी विश्वनाथ कारिडोर पर आधारित इस प्रकार की होंगी शैक्षिक गतिविधियां**

- वाद-विवाद प्रतियोगिता
- निबंध प्रतियोगिता
- रंगोली प्रतियोगिता
- चित्रकला प्रतियोगिता
- फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता
- श्लोक वाचन व कविता
- नुक्कड़ नाटक
- स्कूल स्तर पर मेला
- अन्त्याक्षरी-दोहा, चौपाई व श्लोक
- प्रश्नोत्तरी, क्विज, श्लोगन

**इन तिथियों पर होगा आयोजन**

- 1 दिसंबरः विद्यालय स्तर पर
- 3 दिसंबरः न्याय पंचायत स्तर पर
- 7 दिसंबरः ब्लाक स्तर पर
- 9 दिसंबरः जनपद स्तर पर
- 10 दिसंबरः मंडल स्तर पर

## परिवार नियोजन के संसाधनों के रख-रखाव को लेकर प्रशिक्षण

**गाजीपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में गुरुवार को परिवार नियोजन के अंतर्गत स्थायी एवं अस्थायी संसाधनों की ऑनलाइन मांग को लेकर ऑपरेटर और फार्मासिस्ट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरगोविंद सिंह प्रशिक्षण का शुभारंभ किया । प्रशिक्षण यूपीटीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ डीएफ़ पीएस ने दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा परिवार नियोजन के लिए कई तरह के संसाधन निरूशुल्क रूप से उपलब्ध कराए जाते हैं जिसका पहले मैनुअल रख-रखाव किया जाता था। लेकिन डिजिटलीकरण को देखते हुये सरकार द्वारा एफ़पीएलएमआईएस पोर्टल लांच की शुरुआत की गई । इस पोर्टल की मदद से परिवार नियोजन के संसधनों की मांग में आसानी व पारदर्शिता आई है। इसके साथ ही समय.समय पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के साथ ही खुशहाल परिवार दिवस व अन्य कार्यक्रम चलाये जाते हैं जिसमें कंडोम एमाला एनए अंतराए छायाए प्रेगनेंसी किटए कापर टी आदि संसाधन पोर्टल पर की जा रही मांग के अनुसार ही प्रदान किए जाते हैं।

## बड़े आंदोलन के मूड में संविदाकर्मी

**गाजीपुर।** एनएचएम संविदा कर्मचारियो ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने का मन बनाया है। जिसके तहत 10,11 व 12 नवंबर को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने के कारण राघवेंद्र शेखर सिंह जिलाध्यक्ष के आवाहन पर उनके नेतृत्व आज 25 नवंबर को काला फीता बांधकर सांकेतिक विरोध किया गया । जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि यदि उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नही हुई तो दिनांक 26 नवंबर को 1 घंटे का कार्य बहिष्कारए 27 नवंबर को संविदा कर्मचारियों द्वारा ताली और थाली बजाकर विरोध दर्ज कराना है। साथ ही 29 नवंबर को संख्या बल के साथ मिशन निदेशक कार्यालय लखनऊ का घेराव किया। जाएगा। 29 नवंबर तक मांगे पूरी नहीं की गई तो 30 नवंबर से प्रदेश के समस्त जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ विभाग की समस्त प्रकार की सेवाओं को बंद किया जाना भी आंदोलन में शामिल है।

## तहसीलदार को स्पष्टीकरण सुपरवाइजर को प्रतिकूल प्रविष्टि

**गाजीपुर।** डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने आज विधानसभा, मुहम्मदाबाद में बीएलओए सुपरवाइजर,एईआरओ, एआरओ की बैठक अष्ट शहीद इन्टर कालेज मुहम्मदाबाद परिसर मे बैठक ली। जिलाधिकारी ने बूथ नं. 119 अहिरौली मे खराब प्रगति पर तहसीलदार को स्पष्टीकरणए एवं सुपरवाइजर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। इसी प्रकार वूथ नं0 461 प्रापा दुल्लहपुर मे सुपरवाइजरए एइआर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। वूथ नं 193 के सुपरवाइजरए एइआर को गलत सूचना देने पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होने समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर को 18 से 19 वर्ष के नये मतदाता को निर्वाचक नामावलियो में नाम जोड़ने एवं घर-घर जाकर अपने लक्ष्य को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रतिदिन जितने भी फार्म आ रहे हैं उसे गूगल सीट पर अपलोड कराते हुए फीडिंग कराने का निर्देश दिया।

## वाराणसी में बाल शिक्षा को प्रोत्साहित किया

**वाराणसी।** भारत की बेहद भरोसेमंद फर्टिलिटी चेन में से एक दिल्ली स्थित क्रिस्टा आईवीएफ ने एक साल की अवधि के लिए स्कूली बच्चों की शिक्षा को सहायता प्रदान करने के लिए वाराणसी में केसरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ भागीदारी की है। क्रिस्टा आईवीएफकी स्थापना वर्ष 2018 में धीरज जैन और हर्शिता जैन द्वारा हेल्थकेयर संस्थागत निवेशकों के साथ मिलकर भारत की बेहद भरोसेमंद फर्टिलिटी चेन के तौर पर की गई थी। क्रिस्टा आईवीएफके संस्थापक धीरज जैन ने इस पहल पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'क्रिस्टा आईवीएफमें हम जिंदगी की महत्ता पर ज्यादा जोर देते हैं और यह मानते हैं कि हर किसी को शिक्षा का अधिकार है, चाहे वह समाज के किसी भी वर्ग का हो।

## महिमा को किया गया सम्मानित

**धानापुर,चंदौली।** महर्षि बाल्मीकि इंटर कॉलेज के मैदान पर जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 100मीए 200मी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिमा को गुरुवार के दिन विद्यालय परिवार ने भी सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि महिमा ने विद्यालय सहित पूरे ब्लाक का नाम रोशन किया है। जिसके कारण शहीदी धरती धानापुर को 6 वीं बार जिला चैंपियन बनने में सहयोग मिला है। कम्पोजिट विद्यालय कुसुम्ही की छात्रा महिमा को विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिका छात्र छात्राओं द्वारा सम्मानित किया गया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## युवा अधिवक्ताओं ने दिया प्रस्ताव

**वाराणसी।** वाराणसी कचहरी परिसर में युवा अधिवक्ताओं ने गोलबंद होकर बनारस बार व सेंटर बार एसोसिएशन वाराणसी के पदाधिकारी को एक प्रस्ताव दिया। युवाओं ने सेंट्रल बार के कुछ पदों की निरस्तीकरण की भ्रामक खबर सोशल मीडिया व अधिवक्ताओं के मुख सुनकर यह प्रस्ताव दिया। इस पर युवा अधिवक्ताओ ने कचहरी परिसर में पदाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर सेंट्रल बार अध्यक्ष के चेंबर को बंद कर गेट पर धरना व सभा किया।

## शिक्षकों कर्मचारियों को लेकर सरकार की उदासीनता ठीक नहीं

**सोनभद्र।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के तत्वाधान में विभिन्न संगठनों द्वारा शिक्षक कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली पद्योन्नति व शिक्षामित्रों के अध्यापक पद पर समायोजन पंचायती राज के सफाईकर्मियों की सेवा नियमावली बनाने के साथ साथ अन्य कई मांगो के समर्थन में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। समिति के संयोजक रविभूषण सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा हक है इसको कर्मचारी हित मे बहाल करना ही होगा। अध्यक्ष योगेश पांडेय ने कहा कि कर्मचारी वर्ग बड़ी आशा के साथ सरकार की तरफ आस लगाए हुए है।

# 30 नवंबर तक पूर्ण हो जाएगा खिड़कियां घाट का सौंदर्यीकरण

- कमिश्नर ने दशाश्वमेध प्लाजा के निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करने की दी सख्त हिदायत



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कमिश्नर दीपक** अग्रवाल ने गुरूवार को खिड़कियां घाट सुंदरीकरण एवं पुनर्विकास, दशाश्वमेघ पुनर्विकास तथा बेनियाबाग पार्किंग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। खिड़कियां घाट निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पूर्व में दिए गए निर्देश के क्रम में अब तक रैंप न बनाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कमिश्नर ने संबंधित अभियंता को तत्काल रैंप निर्माण कराने का निर्देश दिया।

घाट सुंदरीकरण का 95 फ़ीसदी से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। 30 नवंबर तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। घाट के पौराणिकता को बनाए रखते हुए भव्य सौंदर्यीकरण किया गया है। पर्यटको, आगंतुकों के लिए शौचालय, बैठने का बैंच, छाया व पर्यावरण की दृष्टि से पौधे, नाव व क्रूज आदि पर जाने की जेटी व रैम्प, गाड़ियों के लिए पार्किंग, चौड़ी लंबी सुंदर घाट, चार फूड कोर्ट, कुछ छोटी दुकानें आदि को बड़ी भव्यता व सुंदरता से बनाया जा रहा है। सीएनजी स्टेशन स्थापित किया गया है। जहां से वाहन व नावे सीएनजी ले सकेंगी। अब तक लगभग 200 से अधिक नावे सीएनजी में परिवर्तित हो चुकी हैं और सीएनजी लेकर चल रही है। खिड़कियां घाट का राजघाट से कनेक्टिविटी रहेगी। बताया गया कि खिड़कियां घाट के सुंदरीकरण व घाट के पक्का होने से कटान नहीं होगा। कमिश्नर ने खिड़कियां घाट से राजघाट तक पैदल भ्रमण कर एक-एक बिंदुओं को देखा और जन उपयोगिता व पर्यटन की दृष्टि से कार्यदायी संस्था को बेहतर निर्माण की आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काशी में साल भर देश दुनिया से श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। कुछ त्योहारों व अवसरों पर लाखों लोग आते हैं। यहां की व्यवस्था व परिदृश्य का तीव्रगामी संदेश ग्लोबल स्तर तक जाता है। खिड़कियां घाट अच्छे स्तर का पर्यटन केंद्र साबित होगा। त्पश्चात कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने दशाश्वमेध प्लाजा का स्थलीय निरीक्षण किया। प्लाजा में बेसमेंट के साथ तीन मंजिला भव्य दुकानें व खानपान स्थान होगा। इसमें 181 दुकानें हैं तथा रेस्टोरेंट व 12 फूड कोर्ट है। पर्यटकों के लिए गंगा किनारे बनारसी खानपान व सामान खरीददारी का भव्य स्थान होगा दशाश्वमेध प्लाजा। श्रद्धालुओं व पर्यटकों का पैदल गोदौलिया से दशाश्वमेध तक भ्रमण, गंगा घाटों का दर्शन आदि के साथ खुले, साफ-सुथरे वातावरण में बैठकर खाने पीने व बनारसी सामान की खरीददारी के लिए अच्छा केंद्र होगा। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर तेजी से कार्य कराने के निर्देश दिए और 10 दिसंबर से पूर्व प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कहा कि लाइटिंग की व्यवस्था कर दिन व रात की शिफ्टों में कार्य कराए। प्रतिदिन कार्य होने का लक्ष्य बना ले और हर हाल में 10 दिसंबर से पूर्व पूर्ण करें।

# मतदाता जागरूकता और भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

संवाददाता। मऊ



**मतदाता** पंजीकरण जागरूकता और भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारम्भ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से हुआ। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी शक्ति सिंह विधान सभा प्रभारी सहजानंद राय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर मतदाता पंजीकरण जागरूकता और सदस्यता अभियान को रवाना किया। कार्यक्रम के अतिथियों ने भाजपा कार्यालय से सदर विधान सभा क्षेत्र में ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी शक्ति सिंह ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करना हम मतदाताओं का अधिकार है।

## कैम्प लगाकर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक

**मऊ।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के निर्देशन पर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नगर क्षेत्र के डीसीएसके पीजी कालेज में गुरुवार को इकाई अध्यक्ष मोण् आसिफ के नेतृत्व में कैम्प लगाकर छात्र.छात्राओं को मतदाता बनने के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान काफी संख्या में छात्र-छात्राओं को मतदाता बनाया गया। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छात्र सभा जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के कंधों पर ही देश के निर्माण का दायित्व है।

## समस्त बूथ लेवल अधिकारी मतदेय स्थल पर रहें उपस्थित

**सोनभद्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ने जानकारी देते हुए बतायाकि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत आलेख्य प्रकाशन तिथि 1 से 30 नवम्बर, 2021 तक और आपत्तियां प्राप्त की जाने की तिथि निर्धारित की गयी है। इस अवधि के मध्य 27 नवम्बर, 2021 शनिवार को अंतिम विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। उक्त विशेष अभियान की तिथि में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को नि:शुल्क निरीक्षण कराये जाने के लिए एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त फार्मों सहित पूर्वान्ह 10.00 बजे से 04.00 बजे तक उपस्थित रहेंगें। अन्यथा की दशा में कार्यवाही की जाएगी।

## पुल निर्माण में जल्दबाजी करके ना लें किसी की जान: मनोज डब्लू



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू गुरुवार को चंदौली मुख्यालय पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी द्वारा 24 दिन के अंदर पुल चालू करने के अल्टीमेटम को जल्दबाजी करार दिया। कहा कि जल्दबाजी में किसी की जान से खिलवाड़ ना करें। यदि इस दरम्यान वाराणसी कैंट जैसी घटना हुई तो जिम्मेदार लोगों की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। पुल निर्माण कार्य में लगे अभियंताओंए ठेकेदार व मजदूरों पर अनावश्यक दबाव डाले। आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव के दिनों में ही विकास कार्यों को पूर्ण कराने की जल्दबाजी दिखती है इसके बाद वे विकास कार्यों को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा काम करने से ज्यादा काम करने का श्रेय लेना जानती है। यह सबकुछ उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सीखा है। यदि वजह है कि आज प्रदेश के साथ.साथ चंदौली का विकास पिछड़ता जा रहा है।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या: 235 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 ए0 पी0 इण्टरप्राईजेज्, प्रो0 मो0 वकील, ई-3/135, विनीत खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
2. मो0 वकील पुत्र अली हुसैन, नि0 ई-3/135, विनीत खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
3. श्रीमती अकेतुन उर्फ अकीला बानो पत्नी मो0 वकील, नि0 ई-3/135, विनीत खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी0जी0)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या: 239 रीडर-2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1. मे0 प्रतिज्ञा फर्मस्, प्रो0 श्री बृज भान सिंह यादव, सी-2 / 54, सेक्टर-एफ, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ।
2. श्री बृज भान सिंह यादव पुत्र श्री राज कुमार यादव, नि0 सी -2/54, सेक्टर - एफ, एल0डी0ए0 कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ व मकान सं0 575, रूचि खण्ड, शारदा नगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी0जी0)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

# सकारात्मक सहयोग कर विकास में सार्थक भूमिका निभाए बैंक : डीएम

**सोनभद्र।** बैंक जनता के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते हुए रोजगार परक योजनाओं को मूर्त रूप देने में सकारात्मक सहयोग कर जिले के विकास में सार्थक भूमिका निभाए। जिले के सभी बैंक भारत सरकार और रिजर्व बैंक आफइण्डिया के दिशा निर्देशों के अनुरूप सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों के प्रति नियमित जिम्मेदारी के साथ ही मानवीय नैतिकता भी निभायें और जनता के भलाई के लिए कम ब्याज पर कर्ज मुहैया करायें। बैंक अपने कार्यों में सुधार लायें, अन्यथा की दशा में कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहें। जिले को पिछड़ेपन से बाहर करने के लिए बैंक जनता से सकारात्मक भूमिका बैंकों के राष्ट्रीयकरण नीति के तहत कार्य करना ही होगा। उक्त निर्देश जिलाधिकारी टी के शिबु ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैंकों की डीएलआईसी व डीसीसी के सम्बन्ध में बैठक करते हुए दियें।

## खनन क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों कें विकास में इस्तेमाल हों न्यास की धनराशि

**सोनभद्र।** जिला खनिज फ ाउण्डेशन न्यास की बैठक राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव गौंड़ जिलाधिकारी टीके शिबु, विधायक राबर्ट्सगंज भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्या, विधायक दुद्धी हरिराम चेरो, विधान परिषद सदस्य लालबिहारी यादव, स्नातक क्षेत्र के एमएलसी आशुतोष सिन्हा व अन्य जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुईं।

# अनुप्रिया पटेल की पहल पर मीरजापुर-सोनभद्र सीमा पर बनेगा बिरसा मुंडा जनजातीय संग्रहालय

संवाददाता। मीरजापुर

**अपना दल** एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल की विशेष पहल पर आदिवासी भाइयों की सांस्कृतिक विरासत को संवारने के लिए मीरजापुर व सोनभद्र जनपद की सीमा पर महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जनजातीय संग्रहालय का निर्माण होगा। यहां पर आदिवासी समाज की संघर्ष गाथाए उनके समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास का सजीव चित्रण होगा। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल का कहना है कि पिछले दिनों 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री आदरणीय रमापति शास्त्री जी से मुलाकात के दौरान मीरजापुर-सोनभद्र की सीमा पर बाबा बिरसा मुंडा के नाम पर जनजातीय संग्रहालय के निर्माण का सुझाव दिया था। तत्पश्चात श्री रमापति शास्त्री जी ने जनजातीय म्यूजियम के निर्माण की घोषणा की। श्रीमती पटेल का कहना है कि जनजातीय संग्रहालय के निर्माण हेतु सोनभद्र से सटे मीरजापुर जनपद में जल्द से जल्द जमीन की तलाश पूरी हो जाएगी। इस बाबत जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी।



## क्विक न्यूज

### गोष्ठी आज

**कानपुर देहात ।** परियोजना अधिकारी डूडा हर्ष अरविन्द ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत दिनांक 26 नवम्बर 2021 को नगर पंचायत सिकन्दरा कानपुर देहात में लाभार्थियों के भौतिक निरीक्षण व सामाजिक मूल्यांकन हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर निकाय अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, एवं पार्षद समेत स्थानीय लाभार्थी/हितभागी भी प्रतिभाग करेंगे गोष्ठी का आयोजन भारत सरकार की संस्था क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ एवं राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूड) उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा किया जायेगा।

### बाइक की चपेट में आने से मासूम घायल

**पुखरायां। कानपुर, देहात** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा अमरौधा निवासी एक मासूम बाइक की टक्कर से घायल हो गई है। प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी पुखरायां से उसे जिला अस्पताल माती रेफर किया गया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र कस्बा अमरौधा के कटरा मोहाल निवासी नफीस ने बताया कि ,उसकी बेटी जीनत (8) पिपरी के पास अंजुमन मदरसा जीनतुल इस्लाम से पढ़कर वापस घर जा रही थी ,तभी रास्ते में एक तेजज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई है। राहगीरों की मदद उसे इलाज के लिए सीएचसी पुखरायां लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल माती रेफर कर दिया है।

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से मासूम घायल

**पुखरायां। कानपुर, देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में गुरूवार को अनाज से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिसके नीचे दबकर एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र गोपालपुर निवासी रामकेश ने बताया कि उनका पुत्र अनुपम (4) घर के बाहर खेल रहा था। पास में ही अनाज से भरी एक टैक्टर ट्राली खाली की जा रही थी। संतुलन बिगड़ने से टैक्टर ट्राली पलट गई। जिससे अनुपम भी टैक्टर ट्राली के नीचे दब गया। चीखने चिल्लाने पर ग्रामीण दौड़े और टैक्टर ट्राली को सीधा करके मासूम को निकाला। सीएचसी पुखरायां के डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद मासूम को जिला अस्पताल माती रेफर किया गया है। मासूम की हालत में सुधार हो रहा है।

### जालौन की टीम ने गोरखपुर को हराया

**पुखरायां, कानपुर, देहात।** इलेविन स्टार किक्रेट क्लब पुखरायां की ओर से गुरूवार को स्थानीय रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कालेज के मैदान में छह दिवसीय अंतर जनपदीय क्रिकेट ट्रूनामेंट का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन मैच उरई, जालौन और गोरखपुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें उरई की टीम ने जीत दर्ज की। बहुजन समाज पार्टी के संजीव सचान ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। रामस्वरूप ग्राम उधोग इंटर कालेज के मैदान में गुरुवार से इलेविन स्टार क्रिकेट क्लब पुखरायां की ओर से आयोजित छह दिवसीय अंतरजनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में उरई, जालौन टीम के कप्तान अनुरुद्ध कुमार ने टॉस जीता। टॉस जीतकर उरई, जालौन के कप्तान ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले खेलते हुए उरई, जालौन की टीम ने पांच विकेट खोकर निर्धारित 2 ओवरों में 193 रन बनाए। जिसमे सलामी बल्लेबाजों की अहम भूमिका रही। पावर प्ले के ओवरों में 100 रन बना डाले। जिसमें अनुज पाल ने 20 ओवर में 40 रन बनाए। वहीं गोरखपुर टीम को तीसरे ही ओर में झटका लग गया। कप्तान सलीम हुसैन की कप्तानी पारी भी जीत नहीं दिला सकी। 148 रन पर टीम आल आउट हो गई।

### बाइक फिसलने से शिक्षक घायल

**पुखरायां। कानपुर, देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र के पड़ाव निवासी एक शिक्षक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मूसानगर के पड़ाव निवासी जगभान सिंह ने बताया कि उनका भाई हरगोविंद कदौरा, जालौन के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। बुधवार की रात वह पुखरायां स्थित अपने भाई के आवास पर रूके थे। सबेरे सात बजे वह पुखरायां से कदौरा, जालौन ड्यूटी करने जा रहे थे कि भोगनीपुर के निकट बाइक फिसल जाने वह गंभीर रूप घायल हो गए हैं। डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### रजा सीजेएम कोर्ट में हाज़िर, भेजे गए जेल

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधिध्सभासद हाजी रजा मोहम्मद ने आज एक अन्य सभासद मोण् अयाज उर्फ़ राहत व एक अन्य नामित शमशाद के साथ मुख्य दंडाधिकारी कोर्ट ;सीजेएमद्ध में सरेंडर कर दिया। जिन्हें कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता फैजान अहमद से मारपीट के मामले में रजा मोहम्मद समेत आधा दर्जन से अधिक नामजद व कई दर्जन अज्ञात समेत कुछ और मामलो में दर्ज़ एफआईआर में उनकी पुलिस को तलाश थीं।

### फर्रुखाबाद के विधायक और पूर्व ब्लाक प्रमुख के समर्थकों में मारपीट, वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद।** बीते रविवार को एक विवाह समारोह में कार खड़ी करनें को लेकर फर्रुखाबाद के एक विधायक और जलालाबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख के समर्थकों के जमकर जूतमपैजार हो गयी। फिलहाल घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे तीन घायल भी हुए। दरअसल जनपद कन्नौज के गुरसहायगंज क्षेत्र के पकरा निवासी शैलेंद्र सिंह चौहान की पुत्री का विवाह कस्बे के तिर्वा रोड स्थित गेस्ट हाउस में था। इसमें फर्रुखाबाद क्षेत्र के एक विधायक के समर्थक वर पक्ष की ओर से आए थे। जलालाबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख के भाई कन्या पक्ष की ओर से शामिल होने आए थे। गेस्ट हाउस के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद देखते ही देखते दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जमकर लात-जूता होनें के बाद कुर्सियों से भी हमला किया गया। इसमें कन्या पक्ष के संजीव सिंह सहित तीन लोग घायल हो गए। कार्यक्रम स्थल के बाहर मारपीट की घटना से विवाह स्थल पर हड़कंप मच गया। पुलिस पहुंच गई। इससे पहले लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया। लेकिनकिसी ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गुरसहायगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार नें बताया कि मारपीट की गयी थी। अभी किसी भी पक्ष से तहरीर नही आयी है ।

# डीएम ने जमुलद्दीनपुर गौशाला का किया निरीक्षण

संवाददाता। उन्नाव



**जिलाधिकारी** रवींद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड सफीपुर के ग्राम जमुलद्दीनपुर में अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित सचिव से गोवंशों की संख्या के सम्बंध में जानकारी करने पर सचिव द्वारा 49 की संख्या बताई गयी। उपलब्ध गोवंशों की गिनती करने पर 45 पाई गयी। 4 गोवंश की संख्या कम पाये जाने पर उपस्थित सचिव कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुवे उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर को निर्देशित किया कि वह स्वयं इसकी जांच करें कि संरक्षित गोवंशों के सापेक्ष कितने गोवशों के भरण.पोषण हेतु धनराशि निकाली जा रही है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारीए उन्नाव को भी निर्देशित किया कि वह उक्त के सम्बंध में सम्बंधित पशु चिकित्साधिकारी का 03 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त कर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त संरक्षित गोवंश के सापेक्ष यदि अधिक गोवशों के भरण.पोषण हेतु धनराशि निकाली जा रही हो तो सम्बंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए वसूली की कार्यवाई प्रारम्भ करें। गोशाला से सम्बंधित रजिस्टर के सम्बंध में उपस्थित सचिव से जानकारी की गयी। सचिव रजिस्टर नहीं दिखा सके। ग्राम प्रधान व केयर टेकर के सम्बंध में जानकारी करने पर भूसा लेने हेतु जाना बताया गया।भूसा रखने से सम्बंधित स्थल के सम्बंध में जानकारी करने पर उपस्थित सचिव द्वारा भूसा गोशाला के निकट स्थित प्राथमिक विद्यालय के एक कक्ष में रखा होना बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा यह स्थिति नितान्त आपत्तिजनक है। उपस्थित खण्ड विकास अधिकारीए सफीपुर को निर्देशित किया गया कि वह भूसे के स्टोर हेतु गोशाला में पृथक से कक्ष का निर्माण कराये तथा उसमें ही भूसा स्टोर किया जाए। गोवंशों हेतु पीने के लिए पानी के सम्बंध में जानकारी करने पर सबमर्सिबल लगा होना बताया गया।

गोवंशों हेतु बने शेड में त्रिपाल की व्यवस्था पाई गयी। गोशाला परिसर में एएनएम सेण्टर बना होना पाया गया। जिसके सम्बंध में जानकारी करने पर 2008 में बनना बताया गया। निरीक्षण के दौरान एएनएम सेण्टर अत्यन्त क्षतिग्रस्त पाया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारीए उन्नाव को निर्देशित किया कि वह स्वयं उक्त सेण्टर का निरीक्षण करके इस सम्बंध में आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान साथ में खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर उपस्थित रहे।

### पत्नी को गंगा में धकेलने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**बांगरमऊ उन्नाव।** मेला देखने गयी पत्नी को धक्का मार कर गंगा नदी की धारा में फेंकने के आरोपी पति को कोतवाली पुलिस ने आज अदालत में पेशकर जेल भेज दिया। जनपद हरदोई अंतर्गत थाना कासिमपुर के गांव अल्लीपुर निवासिनी नंदनी पुत्री रामकेशन ने करीब 6 माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीखेड़ा निवासी सुदीप पुत्र कन्हैया लाल से प्रेम विवाह कर लिया था।नंदिनी बीते 19 सितम्बर को कार्तिक पूर्णिमा पर मेला देखने गांव की ही सुनैना यादवएआरती गौतम व पड़ोस की एक भाभी व अंकुल यादव आदि के साथ यहां के नानामऊ गंगा तट पर गयी थी। जहाँ उसका पति भी मिल गया। काफी देर तक मेला घुमाने के बाद पति सुदीप उसे बहाने से गंगा पुल पर ले गया और धक्का देकर नंदिनी को गंगा की तेज धारा मे फेंक दिया था। नंदनी की बड़ी बहन सुभाषिनी पत्नी रविंद्र कुमार ने नंदिनी के पति सुदीप के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने गोताखोरों द्वारा गंगा नदी में नंदिनी के शव की खोज की गई थी। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। घटना के बाद नंदिनी का पति खाड़ी देश भागने की फिराक में लखनऊ जा रहा था। लेकिन लखनऊ पहुंचने से पहले पुलिस ने उसे रास्ते से ही दबोच लिया था। आज पुलिस ने नंदिनी के अपहरण में नामजद अभियुक्त सुदीप की गिरफ्तारी की विधिक कार्रवाई कर उसे अदालत उन्नाव भेजा दिया।

न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ
संख्या: 233 रीडर–2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021
नोटिस
1. मे0 के0जी0एन0 इण्टरप्राईजेज्, प्रो0 श्री निसार अहमद, 544/1009, सरदार नगर, बरौरा हुसैन बाड़ी, निकट बिलाली मस्जिद, बालागंज, लखनऊ।
2. श्री निसार अहमद पुत्र श्री खुर्शीद अहमद, नि0 476/234, टी0जी0 हास्टल रोड, पुरानी बॉस मण्डी, सीतापुर रोड, लखनऊ।
3. श्रीमती शमीम पत्नी मो0 सुऐब नि0 544/1009क, अल्मास बाग, हसरत टाउन, बरौरा हुसैन बाड़ी, लखनऊ।
एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।
(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर, लखनऊ
संख्या: 237 रीडर–2021 दिनॉक: 22 नवम्बर, 2021
नोटिस
1. मे0 एक्सप्रेस मोटर्स, प्रो0 मो0 नसीम हैदर, गैराज ऑन पार्ट ऑफ प्लाट सं0 20, 21, 22, खसरा सं0 812 मि0, ग्राम अमरई गॉव, इन्दिरा नगर, वार्ड–शहीद भगत सिंह, लखनऊ।
2. मो0 नसीम हैदर पुत्र मो0 हनीफ, नि0 मकान सं0 86, बिहाइन्ड दयाल इन्क्लेव, एहसान नगर, सेक्टर–9, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
3. मो0 सलीम हैदर, पुत्र हनीफ सिद्दीकी, नि0 फ्लैट सं0 जे–706, स्प्रिंग ग्रीनस् फेस–2, अनौरा कला, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ।
4. श्री वसीउल्लाह खान हैदर, पुत्र हाजी मुस्ताक अली, नि0 12/ए, विस्तार, पटेल नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि केनरा बैंक, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अत: आप दिनॉक 07.12.2021 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगें।
(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी०जी०)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

### प्रसव पीड़ा से कराहती महिला की गई रेफर बाहर निकल सीएचसी परिसर में जन्मा बच्चा

**सफीपुर उन्नाव।** सीएचसी अंतर्गत महिला अस्पताल में तैनात चिकित्सको की संवेदन हीनता के कारण प्रसव पीड़ा से कराहती महिला ने अस्पताल गेट पर बच्चे को जन्म दे दिया। अस्पताल में भर्ती होने आई महिला को खून की कमी बताकर स्टाफनर्स ने डिलीवरी कराने से मना कर दिया था। जिसके बाद जिला अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे परिजन जैसे ही कक्ष से बाहर आये पीड़िता ने दर्द के बीच सीएचसी परिसर में ही कुछ महिलाओं की देखरेख में बच्चे को जन्म दे दिया। मामला बढ़ता देखकर सीएचसी अधीक्षक ने पीड़िता के परिजनों की मदत से जच्चा बच्चा को महिला वार्ड में भर्ती कराया। उनके अनुसार दोनों स्वास्थ्य है।फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के खेवरई गांव निवासी राकेश अपनी 35 वर्षीय पत्नी शिवकुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर स्थानीय सीएचसी सफीपुर लेकर आया था। जहां महिला चिकित्सक प्रतिभा सिंह की अनुपस्थिति में स्टाफनर्स कविता पाल ने डिलीवरी कराने आयी महिला का परिक्षण किया और खून की कमी बताते हुवे गंभीर हालत बताकर कहीं और ले जाने की बात कहीं। परिजन रेफर का पर्चा लेकर पीड़िता को लेकर बाहर आये और एम्बुलेंस का इन्तजार करने लगे। इसी बीच अचानक अस्पताल गेट से पहले परिसर में ही प्रसूता ने बच्चे को जन्म दे दिया। जिसके बाद हरकत में आये विभागीय अमले ने मान मनौव्वल कर उसे अस्पताल के अंदर लेकर गये। जहां उसे भर्ती किया गया। पीड़िता के साथ रही महिला और पुरुष जो पहले चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों के खिलाफ शिकायत की बात कर रहे थे वही बाद में संतुष्ट होने का दावा भी करते दिखाई दिए।

### ज़िला पंचायत की विकास योजनाओं का हुआ लोकार्पण

**फतेहपुर।** ज़िला पंचायत द्वारा लगभग 29 करोड़ की लागत से करवाए जानें वाले विभिन्न विकास कार्यों के सामूहिक शिलान्यास कार्यक्रम का विस्तारित आयोजन आज ज़िला पंचायत परिसर में किया गया। इस मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सांसद साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहीं। इस दौरान प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री जय कुमार जैकी खागा विधायक श्रीमती कृष्णा पासवानए अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता भी मौजूद रहे। इस मौक़े पर ज़िला पंचायत सदस्यों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेटकर स्वागत किया गया।

कार्यालय–नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर
पत्रांक–2581 / न0पा0 दिनांक–22.11.2021
अति अल्पकालिक ई–टेण्डर सूचना
नगर पालिका खलीलाबाद को पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से लकड़ी की आपूर्ति हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन दिनांक 30.11.2021 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 30.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
खलीलाबाद, संतकबीरनगर।

## भाकिमो ने ट्रैक्टर रैली निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

● 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाने में कोताही नहीं बरतेगी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**सरकार की** नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के निर्देशन में गुरुवार को शहर के गुरुगाँव देवी मन्दिर से सैकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार होकर भाजपाइयों ने रैली निकाली। आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर पार्टी के शक्ति प्रदर्शन को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर रहा।

गुरुगाँव देवी मन्दिर से ट्रैक्टर रैली को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा बाल मुकुंद शुक्ला नें झड़ी दिखाकर रैली को रवाना किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नें ट्रैक्टर भी चलाया। जिसके बाद ट्रैक्टर रैली नगर के पक्का पुल, चौक, घुमना बाजार, लाल दरवाजा, बढ़पुर होती हुई आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर जनसभा में तब्दील हो गयी। जहाँ वक्ताओं नें सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं नें कहा कि कि सरकार किसानों को उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाने में कोताही नहीं करेगी। सरकार नें डीजल व पेट्रोल के नाम कम किये है। जिससे किसानों को लाभ मिला है।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा वीके गंगवार, प्रभारी (एमएलसी) अरुण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमर सिंह खटिक, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सुशील शाक्य, कुलदीप गंगवार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश वर्मा, जिला महामंत्री अजीत पाण्डेय आदि रहे।

## भाजपा सभी को हक व सम्मान दिलाने का कार्य कर रही है: सुब्रत

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नगर के** जीटी रोड पर भाजयुमो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दूसरे दिन भी युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए नगर में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान शिविर में पुहंचे सांसद सुब्रत पाठक नें मिसकॉल कराकर लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई।इस दौरान उन्होनें कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुये कहा इस दौरान उन्होनें कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुये कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोडना है।गुरूवार को भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता ने भाजपा नेताओं के साथ नगर के जीटी रोड पर भाजपा से जुडने् के लिए सदस्यता अभियान शिविर लगाया। जिसमें युवाओं सहित नागरिकों को पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों को बताकर जागरूक किया। इस दौरान शिविर में पहुंचे सासंद सुब्रत पाठक नें कहा कि कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं नीतियां बताकर उनको पार्टी से जोडने का कार्य करें।इससे पूर्व सांसद का अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष शिवमराज वर्मा नें अंगवस्त तो इससे पूर्व सांसद का अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष शिवमराज वर्मा नें अंगवस्त तो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता सहित पदाधिकारियों नें फूलमालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सभी को हक व सम्मान दिलाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, जिला उपाध्यक्ष व्यापार मण्डल विजय दुबे, व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा, नगर महामंत्री आयुष पंडित, सागर गुप्ता, अनूप राय गुप्ता, संजू भाई सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ
निविदा सूचना
कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, इन्दिरानगर, विकास भवन, द्वितीय तल, लखनऊ में प्रतिदिन विभागीय योजनाओं के स्थलीय सत्यापन एवं अन्य शासकीय कार्यों के निष्पादन हेतु माह दिसम्बर 2021 से एक वाहन मय चालक सहित प्रतिदिन औसत संचालन 100 किलोमीटर तथा उसके सापेक्ष भुगतानित अधिकतम धनराशि रू0 25000.00 प्रतिमाह की दर से समस्त करों सहित सेवा में देने वाली पंजीकृत फर्मों के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं, इच्छुक फर्मों द्वारा किसी भी कार्य दिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, इन्दिरानगर, विकास भवन, द्वितीय तल, लखनऊ से सम्पर्क कर निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 28 नवम्बर, 2021 होगी।
कार्यालय में प्राप्त निविदायें दिनांक 29 नवम्बर, 2021 को प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह से अपरान्ह 3:00 बजे की अवधि में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखनऊ कार्यालय में डाली जायेगी। उक्त दिवस में ही फर्मों के समक्ष निविदायें खोली जायेगी तथा न्यूनतम दर वाले सेवा प्रदाता एजेन्सी के वाहन सम्बद्ध करने की नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। किसी भी निविदा को बिना किसी कारण/सूचना के निरस्त करने तथा विभाग से सम्बद्ध किये जाने वाले वाहन की संविदा निरस्त का अधिकार समिति/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।
सत्येन्द्र प्रताप सिंह
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखनऊ

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खीरी।
संख्या : मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/संविदा चयन/2021–22/347-A – दिनॉक : 24 नवम्बर 2021
विज्ञप्ति
मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या–10/एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./2012/2618 दिनांक– 09.04.2018 तथा जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति खीरी के अनुमोदन के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सृजित संविदा विशेषज्ञ एवं चिकित्सक (एम0बी0बी0एस0) के निम्न पदों पर संविदा पर चयन (वाक–इन–इन्टरव्यू) हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। साक्षात्कार की तिथि व समय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी एवं ई0–मेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
Vacancies Detail-Doctors and Specialist under UP-NHM

| S. No. | Programme Name | Division | Designation | Vacant | Reservation | Essential and Desirable Qualification | Honoraria in Rs. | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maternal Health | Maternal Health | LMO | 2 | UR-1, SC-1 | MBBS- Female Only | | 60000 to 65000 As par Guideline |
| 2 | Maternal Health | Maternal Health | Gynecologist / Surgen | 2 | UR-2 | Diploma/MD/MS/OBS/gyn. | | 65000 to 120000 As par Guideline |
| 3 | NCD | CHC NCD Clinic | General Physician | 16 | UR-6, OBC-5, SC-5 | MBBS | 60000 | Base Salary 45000+ PBI 15000 |
| 4 | National Urban Health Mision | NUHM | Medical Officer | 3 | OBC-1, SC-1 UR-1 | MBBS | 55000 | |
| 5 | NPHCE | NPHCE | Consultant Medicine | 1 | SC-1 | DNB/MD Medicine/Equivalent degree | 80000 | |
| 6 | Child Health | SNCU | Paediatrician | 2 | UR-1, SC-1 | DCH/DNB/MD-Paediatrician | 71500 | |
| 7 | NTEP | DRTB SMO | DRTB SMO | 1 | UR-1 | (1. MBBS or equivalent degree from institution recognized by National Medical Commission 2.Must Have Completed Compulsory rotatory internship. 3.One Year experience of working in NTEP) (1.MD Pulmonary Medicine/Diploma in TB and Chest Diseases /MD Community Medicine/Diploma in Public Health/Masters in Public Health 2. Basic Knowledge of computers and Nikshay) | 60000 | |

आवेदन हेतु निर्देश :–
1– उपरोक्त समस्त पदों पर वाक–इन–इंटरव्यू दिनांक 08–12–21 को 10 बजे से 5 बजे तक CMO Office (स्थान का नाम) में सम्पन्न कराया जायेगा।
2– इच्छुक अभ्यर्थी वाक–इन–इंटरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।
3– यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4– उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5– कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।
6– साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
7– इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हों।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
खीरी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# हादसों में पांच की मौत, एक महिला हुई घायल

● पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार जैन ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** बीकापुर अयोध्या

**स्थानीय कोतवाली क्षेत्र** के अलग.अलग स्थानों पर हुई सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत एक महिला हुई घायल। पहला सड़क हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा बाजार में प्रयागराज अयोध्या हाईवे मार्ग पर देर रात पिकअप और इंडियन आयल टैंकर के बीच हुई भिड़ंत में पिकअप पर सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पिकअप गाड़ी अयोध्या की तरफ से खजुराहट आते समय सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या की ओर जा रही इंडियन आयल टैंकर की आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से पिकअप पर सवार अरविंद यादव उम्र 30 पुत्र स्वर्गीय राम भुवाल यादव निवासी कटारीए राम अरज उम्र 21 पुत्र सतीश यादव निवासी कटारीए पवन यादव उम्र 20 पुत्र विजयपाल यादव निवासी भैरोपुर टिकरा की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे की सूचना उच्चाधिकारियों को मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार जैनए क्षेत्राधिकारी पुलिस सत्येंद्र भूषण तिवारीए प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पांडेए उप निरीक्षक मिथिलेश चौहान समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर। पिक अप के अंदर से मृतकों बाहर निकलवाया गया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वही इस घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दूसरा हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे पुलिस चौकी अंतर्गत मंगारी के पास आज सुबह विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर और टाटा हैरियर के बीच टक्कर होने से स्विफ्ट डिजायर पर सवार हसीब अहमद उम्र 65 पुत्र हबीब अहमद निवासी आजाद नगर जनपद प्रतापगढ़ए महताब आलम उम्र 30 पुत्र स्वर्गीय हाफिजद्दीन निवासी कंधारी बाजार नियावां कोतवाली नगर अयोध्या की घटनास्थल पर मौत हो गई।

जबकि टाटा हैरियर गाड़ी पर सवार अर्पणा सिंह उम्र 35 पत्नी आनंद सिंह निवासी जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और चौरे पुलिस चौकी के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों और घायल महिला को बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस के माध्यम से पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया और घायल महिला का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पांडे ने शव का पंचनामा करवाके पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक परिवार सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। मृतक ससुर और दामाद का रिश्ता है।

# सामूहिक विवाह राजकीय इंटर कालेज में आयोजित होगा, सीएम अएंगे

**संवाददाता।** अयोध्या

**शासन** के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के परिवारों के लिए कन्या विवाह सहायता योजना चलायी जा रही है। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज में आयोजित किया गया है जिसमें मण्डल के जनपदों के अयोध्याए बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी एवं अम्बेडकरनगर के 3504 जोड़े (3418 हिन्दू एवं 126 मुस्लिम जोड़े) का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। यह कार्यक्रम वृहद सामूहिक विवाह समारोह है यह कार्यक्रम पूर्वान्हन 10 बजे से प्रारम्भ हो जायेगा तथा इसमें प्रदेश के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के अलावा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भी निश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लगभग 1 घंटे का है जिसमें 3 बजे स्थानीय पुलिस लाइन अयोध्या में हेलीकाप्टर से हेलीपैड पर आगमन तत्पश्चात सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लेना एवं बलरामपुर/तुलसीपुर के लिए प्रस्थान करना है।

# डीएम के निरीक्षण में धान मशीन मिली खराब



**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी सैमुअल पॉल** एन द्वारा विकासखंड अकबरपुर के अंतर्गत धान क्रय केंद्र अशरफपुर पचायुख का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक केंद्र प्रभारी राम सुमेर उपस्थित मिले। सहायक केंद्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि गोदाम भर जाने, जनेटर और धान सफाई करने वाली मशीन खराब होने के कारण के कारण आज के दिन खरीदारी नहीं हो पा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के पूछे जाने पर रामसुमेर सहायक केंद्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि मशीन बनने के लिए भेजा गया है कल ठीक होकर आएगी। उन्होंने गोदाम का भी निरीक्षण किया तो गोदाम में धान की बोरियां भरी मिली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खाद वितरण के संबंध में जानकारी ली गई, तथा उससे संबंधित रजिस्टर भी देखा गया रजिस्टर अपडेट मिला। सहायक प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि 23 नवंबर 2021 तक खाद का वितरण किया गया। खाद का स्टाक खत्म हो जाने से खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है। प्रभारी ने अवगत कराया कि खाद की मांग की गई है। खाद आने के उपरांत किसानों को दिया जाएगा।

# भाजपा नेताओं के निधन से भाजपाइयों में शोक की लहर

● पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी, पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी, पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने जताया दुःख

**प्रयागराज।** भाजपा के वयोवृद्ध नेता और दो बार के पार्षद रहे भोला धवन एवं पिछड़ा प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष राजाराम पाल के आकस्मिक निधन से भाजपाइयों मे शोक की लहर व्याप्त है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रहे डा मुरली मनोहर जोशी ने दूरभाष से अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। डा जोशी ने कहा कि हमारे बहुत ही पुराने जुझारू एवं संघर्षशील साथी रहे। भोला ने कभी सिद्धांतों से समझौता नही किया। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी पार्टी सेवा में लगा दी और उनका जाना पार्टी और मेरी व्यक्तिगत छति है। उनके जैसे मृदुभाषी और कर्मठ व्यक्ति को पार्टी ने खोया है।

यह जानकारी डा मुरली मनोहर जोशी के मीडिया प्रभारी एवं अधिवक्ता देवेन्द्र नाथ मिश्र ने दी है। पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी एवं डा नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दोनों नेताओं की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया एवं मेजा विधायक नीलम उदयभान करवरिया ने नेताओं के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि दोनों नेताओं ने अपने सरल व्यवहार और कृतित्व से एक विशिष्ठ पहचान बना रखी थी। भाजपा के निष्ठावान और कर्मठ नेताओं और जिनका स्नेह और सानिध्य हमेशा मिला है। उनके न रहने से व्यक्तिगत तौर पर बड़ी क्षति हुई है।

## जागरूकता के लिए चलेगा डिजिटल अभियान

**प्रयागराज।** जागरूकता के डिजिटल अभियान चलाया जाएगा। भारत के बड़े फंड हाउसों में से एक ने आज इंडेक्स फंड श्रेणी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नया डिजिटल अभियान इन्वेसिंटग शुरू करने की घोषणा की। अभियान का उद्देश्य एक इंडेक्स फंड की विशेषताओं की व्याख्या एक सरल लेकिन आकर्षक तरीके से करना है जो वर्तमान और संभावित निवेशकों से आसानी से जुड़ जाएगा। अभियान के माध्यम से इस बात पर जोर देता है कि निवेशक इंडेक्स फंड में निवेश करके ऑटोपायलट मोड में अपने निवेश की कश्ती को आगे बढ़ा सकते हैं। डिजिटल अभियान के शुभारंभ पर बोलते हुए एलएंडटी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी ने कहा एलएंडटी म्यूचुअल फंड के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अंकुर ठाकोरे ने कहा कि इनवेसिंटग की कश्ती अभियान इंडेक्स फंड को जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त विकल्प के रूप में संदर्भित करने में मदद करता है।

# बदलते मौसम से निजात दिलायेंगी ये गोलियां

**अम्बेडकरनगर।** सर्दी के मौसम में गर्म-ठंडे पदार्थ एक साथ खाने, गर्मी महसूस होने पर ठंडे पदार्थ खा लेने, मौसम बदलने, कोहरे आदि कारणों से लोग बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। श्वास लेने में कष्ट होता है, छींकें आती हैं। हरारत बनी रहती है। आराम के लिए बार-बार दवाइयां लेने की जरूरत पड़ती है, मगर दवा बंद करते ही फिर समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे मे डॉ सोनी होम्योपैथी बताते है की होम्योपैथी की मीठी गोलियां ठंड को दूर भगाने व बीमारियों के बचाव-उपचार में काफी कारगर हैं। जरा सी लापरवाही आपको वायरल फीवर, सर्दी, जुकाम, फ्लू, खांसी, गले की खराश, थकान आदि समस्याओं से ग्रस्त कर सकती हैं। ऐसे में कुछ मीठी गोलियों जो होम्योपैथिक चिकित्सा के अन्तर्गत आती हैं, उन्हें खाकर आप इन समस्याओं से बच सकते हैं। इन्ही समस्याओं से बचने के लिए डॉ सोनी होम्योपैथी के संचालक डॉ देवेंद्र सोनी और डॉ नरेंद्र सोनी ठभ्डै (कोलकाता) (वेस्ट बंगाल) कुछ दवाइयों के बारे में बता रहे है।



### बुखार

यदि बुखार ज्यादा हो तो साधारण साफ पानी पीये। वायरल बुखार के उपचार में जहां ऐलोपौथिक दवाइयां अपनी असमर्थता जाहिर कर देती हैं। वहीं पर होम्योपैथिक दवाइयां पूरी तरह रोगी को ठीक कर देती है। वायरल फीवर के उपचार में जेल्सीमियम, डल्कामारा, यूपेटोरियम् बेलाडोना, यूफ्रेसिया, रास्टॉक्स, ब्रायोनिया, एकोनाइट, बैप्टिस्या, आदि दवाइयां बहुत ही लाभदायक हैं।

### जुकाम-खांसी

बदलते मौसम में फ्लू, जुकाम, सर्दी, खांसी की शिकायत बहुत होती है जो कि विषाणुओं एवं जीवाणुओं से श्वसन तंत्र में संक्रमण के कारण होती है। जिसके कारण वायरल बुखार से मिलते-जुलते लक्षणों के साथ-साथ आँख और नाक से पानी आना, आंखों में जलन एवं छीकें आना आदि लक्षण शामिल हैं। इससे बचाव के लिये इन्फ्ल्युजिनम 200 देकर सर्दी एवं जुकाम से बचा जा सकता है इसके उपचार में लक्षणों के आधार पर होम्योपैथिक दवाइयों का प्रयोग किया जा सकता।

### गले की खराश

गले की खराश लिए बोलाडोना, फाइटोलक्का, एवं कास्टिकम, वैथीयाँ आदि दवाइयों का प्रयोग लाभ दायक है। साथ ही तेज बोलने से बचना चाहिए। और साथ ही साथ गरम पानी की सेवन करे। और दिन मे दो बार गुनगुने पानी से गलाला करे। और ठंडी चीजें खाने से परहेज करे।

## क्विक न्यूज

### खाद्य संग्रह भण्डार में मना अमृत महोत्सव

**अयोध्या।** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में देश के आजादी के 75वें वर्षगाठ पर आजादी का अमृत महोत्सव भारतीय खाद्य निगमए खाद्य संग्रह भण्डार अयोध्या में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एफसीआई के मण्डल प्रबन्धक श्री रजनीश कुमार द्वारा की गयी एवं संचालन एफसीआई के प्रबन्धक श्री रवीन्द्र कुमार द्वारा किया गया। मा0 नगर विधायक द्वारा विस्तृत रूप से भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किय जा रहे जनकल्याणकारी कार्यो को बताया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश के प्रति समर्पण भाव के साथ हो रहे विकास कार्यो का स्मारण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा आजादी के संघर्ष में बलिदानी महानुभावों को नमन किया गया एवं देश में एफसीआई द्वारा किये जाने वाले कार्यो पर चर्चा की गयी तथा देश से भुखमरी मिटाने और हर व्यक्ति को भोजन की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए सराहना की गयी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना ;पीएमजीकेवाईद्ध के अन्तर्गत मुफ्त दी जा रही अन्नध्खाद्यान्न योजना और फोर्टिफाइड राइस के बारे में बताया गया। वरिष्ठ प्रबन्धगण श्री रंजीत कुमार वीजी पांडेय सर्वेश यादव लाल जी चैहान पूर्व ब्लाक प्रमुख अक्षय प्रताप सिंह लूरी आदि वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रूढ़ियों को ध्वस्त करने वाली है आज की पीढ़ीः अभय

**प्रयागराज।** आज की पीढ़ी रूढ़ियों को ध्वस्त करने वाली है। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड एबीएफआरएल के भारत के प्रमुख पावर ड्रेसिंग ब्रांड वैन ह्युसैन ने शादियों के मौसम की शुरुआत करते हुए बिग बॅन ह्युसेन सूट फेस्टिवल का तीसरा संस्करण शुरू किया। बिग वॅन ह्युसेन सूट फेस्टिवल में ट्रेंडी सूट्स का बेहतर और शानदार कलेक्शन प्रस्तुत किया गया है जो पारंपरिकता को फिर से जीवत करते हुए आधुनिकता में चार चांद लगाता है। हसेन के सीओओ अभय बहुगुणे ने कहा हम द बिग वेन ह्युसैन सूट फेस्टिवल में अपने अनूठे ऑल इन वन सूट कलेक्शन को पेश करने को लेकर एक्साइटेड है। ब्रॉड स्टैंड फॉर स्टाइल क्रिएटीविटी इनोवेन और परफेक्शन। जहां एक तरफशानदार सूट पहनने का आनंद ही कुछ और है। वही सूट फेस्ट में किसी एक का चयन करना भी किसी खुशी से कम नहीं है। आज की पीढ़ी रूढ़ियों को ध्वस्त करने वाली है और हम अपने नए जमाने के लोगों को शादियों और विशेष अवसरों के लिए मिलिमल एवेलिशमेंट के साथ कलासी सूट्स पेश करते हुए खुश हैं।

### महिला लेखपाल की दबंगई से परेशान पड़ोसी

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** अपने ही तहसील में तैनाती के कारण राजस्व पर है इसका प्रभाव, पूर्व में घूस लेने के जुर्म में एंटी करप्शन ने जेल भेजा था। मामला टांडा तहसील क्षेत्र के जल्लापुर सरैया ठाकुर बस्ती का है। जहां कृष्ण विजय सिंह की पुत्री आंचल सिंह टांडा तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत है। अपने लेखपाली के धौस के बदौलत एसडीएम का आदेश होने के बाद भी भूमि नापने में व्यवधान पैदा करती है। कई बार आदेश होने के बाद भी सक्षम अधिकारी आने से कन्नी काटते हैं। पीड़ित पड़ोसी रणविजय सिंह ने बताया कि मेरे घर के बगल में इब्राहिम, मोहम्मद समी उल्लाह, मोहम्मद याहिया आदि लोगों की जमीन थी। जिसको हमारे द्वारा खरीदा गया है। रंजिश बस महिला लेखपाल अपने दवगई के बदौलत हमारे जमीन में निर्माण करने से हमेशा रोका करती है। कई बार एसडीएम से आदेश होने के बाद भी सक्षम अधिकारी आने से कन्नी काटा कर रहे हैं। ऐसी दशा में इस जगह पर अनहोनी होने की आशंकाएं बनी हुई है। डरे एवं सहमें पीड़ित ने प्रशासन से जल्द से जल्द पैमाइश कराने एवं टांडा तहसील से दबंग महिला लेखपाल को हटाए जाने की मांग की है।

### भाषाओं के लिए समर्थन जैसी उपयोगी सुविधाएँ शामिल

**प्रयागराज।** उपयोगकर्ताओं के लिए इनोवेटिव समाधान पेशकश जारी रखने के अपने प्रयास में ट्रू कॉलर ने आज अपने बारहवें संस्करण की शुरुआत की है जो कि कई उपयोगकर्ता केंद्रित संवर्द्धन के साथ एक बिल्कुल नया रीडिज़ाइन किया हुआ एप्प होगा। कम्युनिटी के लिए सभी सुविधाओं के साथ ट्रूकॉलर का यह सबसे अच्छा संस्करण होगा। एप्प में अब भी कॉल अलर्ट कॉल रीज़न फुल स्क्रीन कॉलर आईडी इनबॉक्स क्लीनर एसएमएस संपर्क का सुरक्षित बैकअप स्मार्ट एसएमएस जैसी उन्नत मैसेजिंग सुविधाएं एक शक्तिशाली डायलर और 46 भाषाओं के लिए समर्थन जैसी सभी उपयोगी सुविधाएँ शामिल हैं। जबकि उपयोगकर्ताओं को वीडियो कॉलर आईडी के साथ एक नया डिज़ाइन किया गया इंटरफ़ेस कॉल रिकॉर्डिंग घोस्ट कॉल और कॉल घोषणा जैसे नए अनुभव भी होंगे। ट्रूकॉलर इंडिया के मुख्य उत्पाद अधिकारी और प्रबंध निदेशक ऋषि झुनझुनवाला ने कहा ट्रूकॉलर बाइस करोड़ से अधिक भारतीयों के लिए उनकी पेशेवर और व्यक्तिगत जरूरतों के लिए संचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# इफ्को में कवियों ने श्रोताओं को गुदगुदाया

● इफ्को फूलपुर में भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन, प्रबंध निदेशक डा. उदय शंकर अवस्थी का किया गया भव्य अभिनंदन



इफ्को के प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी का माला पहनाकर स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**प्रयागराज।** इफ्को फूलपुर के मुक्तांगन परिसर में फूलपुर इकाई की ओर से अमृत महोत्सव के क्रम में नैनो उर्वरकों के प्रथम एक करोड़ बोतल के उत्पादन पर आज श्रृंगार एवं हास्य रस का साहित्य को समर्पित एक शाम के मौके पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी एवं इकाई के प्रमुख संजय कुदेसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि इफ्को के प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी और विशिष्ट अतिथि उनकी पत्नी रेखा अवस्थी रहीं। इस मौके पर प्रबंध निदेशक डा अवस्थी का ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। इफ्को इंप्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय महामंत्री विनय कुमार यादव ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्रा महामंत्री स्वयं प्रकाश द्वारा 51 किलो की माला पहनाकर डा अवस्थी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ कवि एवं गीतकार डा विष्णु सक्सेना हाथरस की अध्यक्षता में हुआ। मंच का संचालन वीर रस के जाने माने कवि शशिकांत यादव देवास मध्य प्रदेश ने किया। मखदूम फूलपुरी प्रयागराज ने कृषि क्रांति एवं नैनो उर्वरक यूरिया पर रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। हेमंत पाण्डेय कानपुर ने हास्य कविता से सभी का ध्यान आकर्षित किया। अंकिता सिंह नई दिल्ली ने श्रृंगार रस एवं प्रेम रस की कविता सुनाकर लोट पोट कर दिया। युवा गीतकार गजेंद्र प्रियांशु बारंबाकी ने कविता और गीत सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनिल चौबे वाराणसी ने हास्य रस की कविताओं से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। शशिकांत यादव देवास ने वीररस की कविताओं से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## पांच करोड़ से अधिक बकायेदारों का जारी होगा आरसी

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टाण्डा गृह कर जल कर आदि के पांच करोड़ रुपये से अधिक बकाए की वसूली की लिए तहसील में आर सी जारी करने की तैयारी जुटी है। नगर पालिका परिषद ने पालिका की आय बढ़ाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश के क्रम में नगरवासियों के भवनों पर गृह कर, जल कर लागू किया था।लगभग ग्यारह वर्ष पहले लगाए गए गृह कर, जल कर की वसूली के लिए खूब राजनीति भी होती रही। गृह कर जल कर समाप्त कराने के वायदे पर नगर पालिका के चुनाव भी हुए। कर वसूली स्थगित होती रही। नगर पालिका परिषद ने कर समाप्त करने का प्रस्ताव पारित कर आयुक्त की स्वीकृति मांगी लेकिन आयुक्त की स्वीकृति नहीं मिली और बकाया का बोझ बढ़ता गया। लगभग पांच करोड़ रुपए से अधिक बकाया हो गया है। नगर पालिका के अधिकारी बकाया वसूलने के लिए जूझ रहे है। लेकिन आशा के अनुरूप बकाया वसूल नहीं हो पा रहा है।

# धान केंद्रों पर कड़ी नाराजगी जताई

**अयोध्या।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद में बंद पड़े धान क्रय केंद्रों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा प्रदेश की भाजपा सरकार मिथ्या घोषणाएं कर मीडिया में झूठी वाह वाही लूटने का काम बंद कर तत्काल जनपद में बंद पड़े धान क्रय केंद्रों को तुरंत शुरू करवाये । उन्होंने कहा धान क्रय केंद्रों के ना शुरू होने से किसान भाई बेहद परेशान हैं क्रय केंद्रों के चक्कर लगाते लगाते घर में धान होते हुए भी क्रय ना होने के कारण बेहद हताश हैं एवं भाजपा सरकार की झूठी घोषणाओं पर आक्रोशित हैं और समय आने पर किसान विरोधी भाजपा सरकार को इसका जवाब देंगे। श्री यादव ने कहा बीकापुर विधानसभा के किसानों ने मुझसे मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई और और इस संदर्भ में आवश्यक मदद मांगी और मैंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि आपके हक हुकूक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर लड़कर आपको इंसाफ दिलाकर रहेगी। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफने सरकारी आकड़ो में जनपद में 8 नए क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ा दी गई है और अब जनपद में क्रय केंद्रों की संख्या 52 हो गई है एवं 42 क्रय केंद्रों पर सरकारी आंकड़ों में खरीद शुरू हो चुकी है परंतु यह पूरी तरह से निरर्थक एवं बरगलाने लाने वाली बात है प्रवक्ता शरीफ के कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि जनपद के धान क्रय केंद्रों को एक सप्ताह के भीतर सत्यता से खोलकर धानों का क्रय शुरू किया जाए। अगर किसान भाइयों की जायज मांग को प्रदेश सरकार ने अनसुना किया और एक सप्ताह के भीतर क्रय केंद्रों को नहीं शुरू किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी एवं पूर्व में भी किसान विरोधी बिलों को लेकर कांग्रेस पार्टी किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी थी और केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार को बिल वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी और अब प्रदेश में धान क्रय केंद्रों को ना खोला गया तो कांग्रेस पार्टी चुपचाप बैठने वाली नहीं है एवं किसान भाइयों के हितों के लिए जो भी लड़ाई होगी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उसके लिए तैयार हैं।

# व्यापारी 29 से रखेंगे अनिश्चितकालीन बंदी

● सड़क चौड़ीकरण का कर रहे पुरजोर विरोध



**अयोध्या।** सड़क चौड़ीकरण के विरोध में अयोध्या के व्यापारी समाज ने राजद्वार हनुमानगढ़ी के पास अयोध्या में एक बैठक कर सर्वसम्मति से 29 नवंबर दिन सोमवार से अनिश्चितकालीन बाजार बंदी का निर्णय लिया।बैठक में संबोधित करते हुए शक्ति जायसवाल ने कहा शासन.प्रशासन हम लोगों को दुकान के बदले दुकान या दुकान के पीछे दुकान देने का वादा किया था लेकिन बगैर स्थापित किए हम लोगों को उजाड़ रहा है प्रशासन का अपने वादे से मुकरना हम व्यापारियों का रोजी.रोटी पर संकट गहरा गया प्रशासन से हम लोग मांग करते हैं कि पहले हम लोगों को स्थापित किया जाए उसके बाद विस्थापित करने का कार्य किया जाय।

बैठक में अमित मोदनवाल ने कहा कि सुंदरीकरण के नाम पर हम लोगों को जबरदस्ती उजाड़ा जा रहा है जबकि शासन प्रशासन के पास अन्य बहुत सारे विकल्प मौजूद हैं जिससे वह व्यापारियों को संतुष्ट कर सकते हैं। श्रवण पांडे ने कहा बैठक में प्रशासन ने जो अल्टीमेटम दिया है 2 दिन में दुकान खाली करने के लिए यह तानाशाही रवैया है हम व्यापारी गण इसकी निंदा करते हैं।

शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि अन्य विकल्पों को ध्यान में रखकर सुंदरीकरण और चौड़ीकरण किया जाए जिससे हम व्यापारियों की रोजी रोटी बची रह सके व्यापारी नेता रामचंद्र यादव ने कहा अनिश्चित कालीन बंदी ही हम लोगों के पास आखिरी विकल्प बचा है यदि शासन प्रशासन 3 दिन में हमारी बात नहीं सुनवाई करेगा तो हम लोग समस्त व्यापारी गण एक साथ होकर मजबूर होकर अनिश्चितकालीन बंद करने के लिए बाध्य है जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी जो हम लोगों की रोजी रोटी के पीछे हाथ मुंह धोकर पड़ेगा बैठक में रामनरेश जायसवाल ने कहा राम जन्मभूमि जाने की छह अन्य रास्ते हैं इस रास्ते को चालू करके हजारों व्यापारियों को उजड़ने से बचाया जा सकता जिसका कहीं कोई भी विरोध हैए रामनारायण मौर्या जी ने कहा अफीम कोठी से ब्रह्म कुंड गुरुद्वारा होते हुए राजघाट तक सिक्स लेन बनाकर भीड़ को बांटा जा सकता है। जिससे व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही हजारों की रोजी रोटी भी बच जाएगी, अनुपम मिश्रा ने कहा शहर में पार्किंग की उचित व्यवस्था जाम से निजात दिला सकती है प्रशासन से मांग है कि जगह जगह पर पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए जिससे जाम से निजात पाया जा सकता है।

# स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**अम्बेडकरनगर।** उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर आज समस्त संविदा कर्मियों ने वाह में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में लगभग 1 लाख की संख्या में संविदा कर्मचारी (चिकित्सक/पैरामेडिकल/मैनेजमेन्ट व अन्य) व लगभग 2 लाख की संख्या में आशा बहुऐं कार्य कर रही हैं। हम समस्त पिछले 2 वर्षों से कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी व कोविड टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में निरन्तर अपनी सेवा प्रदान कर पूर्ण योगदान दे रहे हैं। संविदा कर्मचारियों से प्रत्येक राजकीय अवकाशों व साप्ताहिक अवकाशों में भी लगातार विभागीय कार्य लिया जा रहा है। 26 जुलाई 2021 को संगठन प्रतिनिधिमण्डल से अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उप्र से हुई वार्ता के दौरान 3 मांगों को पूरा किये जाने की सहमति प्रदान किये जाने के उपरान्त भी 2 मांगों पर 3 माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी कोई कार्यवाही न होने से प्रदेश के संविदा कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है, जिसके कारण संगठन आन्दोलन के राह पर जाने हेतु विवश है। जिसके क्रम में आज काला फीता बाँधकर कार्य करते हुए सांकेतिक विरोध किया गया। कल 26 नवम्बर को समस्त जनपदों में संविदा कर्मचारियों द्वारा 1 घंटे कार्य बहिष्कार करेंगे। 27 नवम्बर को संविदा कर्मचारियों द्वारा ताली एवं थाली बजाकर विरोध दर्ज करते हुए सरकार को अंतिम चेतावनी दी जायेगी। 29 नवम्बर को पूर्ण संख्या बल के साथ मिशन निदेशक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र) कार्यालय लखनऊ का घेराव किया जायेगा। यदि दिनांक 29 नवम्बर 2021 को भी हमारी मांगे पूरी न की गईं तो 30 नवम्बर से प्रदेश के समस्त जिलो में अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ विभाग की समस्त प्रकार की सेवाओं (आकस्मिक सेवा को छोड़कर) का बन्द कर दिए जाएंगे।



'संविदा कर्मियों की मांगे' विनियमितीकरण/समायोजन व असृजित पदों का विभाग में सृजन- उप्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत तैनात संविदा कर्मचारियों को अन्य राज्यों की तरह नियमित/ स्थाईकरण किया जाये तथा संविदा के सापेक्ष जो पद स्वास्थ्य विभाग में अभी तक सृजित नहीं हैं उन पदों का सृजन किया जाये।

### वेतन पॉलिसी व वेतन विसंगति

स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों हेतु कोई वेतन पॉलिसी न होने के कारण पिछले लगभग 16 वर्षों से अनवरत कार्य करते हुए तथा एक समान पद और समान योग्यता होते हुए भी हम संविदा कर्मचारियों को एक समान मानदेय नही मिल पा रहा है जिससे हम समस्त को वेतन विसंगति का सामना करना पड़ रहा है।

### 7वाँ वेतन आयोग का लाभ व जॉब सिक्योरिटी

हरियाणा राज्य की भाँति उ0प्र0 के भी समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारियों को 7वाँ वेतन आयोग के अन्तर्गत मंहगाई भत्ता व अन्य लाभ व बिहार सरकार की तरह एनएचएम कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी प्रदान किया जाये। रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानान्तरण- प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत तैनात संविदा कर्मचारियों में हजारों की संख्या में ऐसे कर्मचारी संविदा पर तैनात हैं जो अपने गृह जनपद से 200-800 किमी की दूरी पर गैर जनपद में तैनात हैं को रिक्त पदों पर स्थानान्तरण प्रक्रिया को बहाल करते हुए इच्छुक संविदा कर्मचारियों का गैर जनपदीय स्थानान्तरण कराने का कष्ट करें।

### आउटसोर्स नीति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को पदानुरूप निर्धारित मानदेय नहीं मिल पाता है। आउटसोर्स प्रक्रिया को समाप्त करते हुए एनएचएम के तहत आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मचरियों को जिला स्वास्थ्य समिति/राज्य स्वास्थ्य समिति के तहत समायोजित किया जाये।

### आशा बहुओं का नियत मानदेय

स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ समुदाय के अन्तिम व्यक्तियों तक पहुँचाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली आशा बहुओं का एक नियत मानदेय निर्धारित किया जाये जिससे उनके भी परिवार का भरण-पोषण सुगमता से सम्भव हो सके। जिलाध्यक्ष बंशमणि पाण्डेय, जिलामंत्री डा. राहुल श्रीवास्तव, बरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. आमिर अब्बास आदि उपस्थित थे।

# तालिबान को मान्यता

## महिला अधिकार जरूरी

**तालिबान** को भले ही सहायता दी जाए, पर उनको उस समय तक मान्यता नही मिलनी चाहिए जब तक वे महिला अधिकारों को स्वीकार न कर लें। तालिबान विश्व समुदाय के लिए कठिन स्थिति पैदा कर रहे हैं जिससे उनकी अफगानिस्तान में अंतरिम सरकार को मान्यता नहीं मिल रही है। महिलाओं को दिया नया आदेश इसका नवीनतम कारण है। उनका एक मंत्रालय-मूल्यों को बढ़ावा देने तथा दुर्गुण रोकने वाला मंत्रालय, अफगान महिलाओं के जीवन को नियमित व नियंत्रित करना चाहता है। मंत्रालय ने महिलाओं को टीवी नाटकों और मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लेने से रोक दिया है। महिलायें हिजाब पहन कर खबरें पढ़ती हैं। मीडिया पर लगे नियंत्रणों की पहली किश्त में आठ निर्देश दिए गए हैं। इस्लामी कानून और 'अफगान मूल्यों' का विरोध करनी वाली फिल्मों का प्रसारण नहीं हो सकता है। 'विदेशी मूल्यों' को प्रोत्साहित करने वाली विदेशी फिल्मों पर प्रतिबंध है। कामेडी शो द्वारा किसी का अपमान नहीं किया जा सकता है। 'पैगंबर व उनके साथियों' को दिखाने वाले शो को अनुमति नहीं है। आलोचक कह सकते हैं कि लोगों पर कुछ ही नियंत्रण लगाए गए हैं क्योंकि पिछली बार तालिबानों ने सत्ता में आने पर टेलीविजन व मीडिया के अन्य रूपों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन महिलाओं के प्रति तालिबान के दृष्टिकोण पर अनिवार्य रूप से बार-बार विचार होना चाहिए। वे चाहे जितना कहें कि उन्होंने स्वयं को आधुनिक व नरम बना लिया है, पर यह बात उनके प्रमुख लोगों के लिए सही नहीं है। वे 1996-2001 की तुलना में जरा भी नहीं बदले हैं। मूल्यों व दुर्गुणों पर मंत्रालय जिस तरह महिला मुद्दों से निपटता है, उससे रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है। कहीं इसी कारण तो तालिबान महिला व बाल कल्याण मंत्रालय की आवश्यकता नहीं अनुभव करते हैं?



तीन महीने पहले तालिबानों ने सत्ता पर कब्जे के दो दिन बाद 17 अगस्त को टेलीविजन होस्ट के रूप में पहली बार बहिश्ता अरगंद ने एक तालिबान नेता का साक्षात्कार लिया था। इसके बाद ऐसा कोई दूसरा अवसर नहीं आया जिससे तालिबान का नरमपंथी मुखौटा उतर गया। इसके बाद निजी व सरकारी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को घर जाने के लिए कह दिया गया। महिला-उन्मुख रोजगारों की भी समीक्षा हो रही है। लड़कियों से कह दिया है कि वे विश्वविद्यालयों में अलग कक्षाओं में पढ़ सकती हैं। कुछ महिलायें पिछले दो देश में मिली तुलनात्मक स्वतंत्रता की आदी हो गई थीं। उन्होंने प्रदर्शन करने के प्रयास किए, लेकिन उनको तालिबान अधिकारियों ने पीटा और उनको कोड़े लगाए। तालिबान ने आश्वासन दिया था कि महिला आधिकारों का सम्मान किया जाएगा, पर इसके उलट महिलाओं को लगातार सार्वजनिक जीवन से बाहर किया जा रहा है। दुनिया को समझना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और खराब है जहां तालिबान लड़ाकुओं और कबीलाई प्रमुखों का वर्चस्व है और दशकों से केवल वे ही तय करते आए हैं कि महिलाओं को कैसे जीना चाहिए। अनेक सुदूर प्रांतों में महिलाओं के लिए अलग नियम हैं जो स्थानीय तालिबान प्रमुखों की उग्रता पर निर्भर करते हैं। महिला समूह चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता के साथ यह शर्त जोड़े कि वहां महिलाओं की स्थिति में सुधार हो। लेकिन यह स्थिति विरोधाभासों से भरी है क्योंकि सहायता की कमी से वहां व्यापक पैमाने पर भुखमरी फैल सकती है तथा मौतें हो सकती हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने आपात सहायता के लिए 600 मिलियन डालर से अधिक धनराशि एकत्र की है। जाड़ा शुरू होने के साथ ही खाद्य पदार्थों व दवाओं की सप्लाई महत्वपूर्ण हो गई है। विडंबना है कि राहत सहायता देने वाली अधिकांश कामगार महिलाये हैं, ऐसे में देखना होगा कि तालिबान इस बारे में क्या कहते हैं।

# भारतीय मछुआरों के हितों पर खतरा

**यदि बड़े पैमाने पर मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों की समस्या बनी रही तो इसका छोटे मछुआरों तथा उनकी आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।**



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



पिछले कुछ समय से विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में वार्ताओं का दौर जारी है जिसका लक्ष्य अवैध, अज्ञात एवं अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने का समझौता है। इन वार्ताओं को संरा. के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी का हिस्सा बताया जाता है जिनमें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने तथा विकासशील व कम विकसित देशों को विशेष दर्जा व उनके साथ विशेष व्यवहार की बात कही गई है। लेकिन यदि यह समझौता होता है तो इससे भारत तथा अन्य विकासशील व गरीब देशों में छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

यह सच है कि दुनिया वर्तमान समय में बहुत अधिक मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों का सामना कर रही है। यदि यही स्थिति बनी रही ता इसका असर छोटे मछुआरों व उनकी आजीविका पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ का यह विचार पूरी तरह सही है कि बहुत अधिक मछलियां पकड़ने से टिकाऊ विकास प्रभावित होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि समुद्र में अधिक मछलियां पकड़ने का जिम्मेदार कौन है? कम से कम भारत या अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरे इसके जिम्मेदार नहीं हैं जिनकी मछली पकड़ने की क्षमता बहुत कम है और इसके लिए उनको किसी प्रकार दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। मछलियां दो प्रकार से पकड़ी जाती हैं। छोटे मछुआरे अपनी नावों से मछलियां पकड़ते हैं, जबकि बड़ी कंपनियों के ट्रालर और बड़े जहाज मछलियां पकड़ते हैं। पिछले कुछ दशकों में बड़ी कंपनियों के बड़े जहाजों व ट्रालरों द्वारा मछलियां पकड़ने के प्रमाण मिले हैं और उनकी क्षमता काफी बढ़ गई है।

भारत में छोटे मछुआरे बरसात के मौसम में समुद्रों में मछलियां नहीं पकड़ते हैं। वे जानते हैं कि यह मछलियों का प्रजनन काल होता है। लेकिन बड़े ट्रालर इस समय भी मछलिया पकड़ने में कोई संकोच नहीं करते हैं। लेकिन बड़े ट्रालरों के संगठित क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण छोटे मछुआरों को अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित माना जाता है। इस प्रकार उनको सरकारों से मिलने वाली सब्सिडी समाप्त हो जाएगी, जबकि ट्रालरों व बड़े जहाजों को मशीनी प्रक्रियाओं के माध्यम से समुद्र में मछलियां पकड़ने की अनुमति मिलती रहेगी और वे सरकारी सब्सिडी के भी अधिकारी होंगे। ऐसी स्थिति में भारत तथा अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और उनको नुकसान पहुंचा कर बड़ी कंपनियों को लाभ मिलेगा। दुर्भाग्य से डब्लूटीओ में विकसित देशों तथा बड़ी कंपनियों के दबाव में इस विषय पर समझौते को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो रही है। विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक डा. नगोजी ओकोंजो इवीला कहते हैं कि मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित वार्तायें पूरी करना डब्लूटीओ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह न केवल मछलियों, बल्कि डब्लूटीओ की व्यवस्था के लिए जरूरी है। इसे संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों के नाम पर किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में 1990 के दशकारंभ में बड़े ट्रालरों को मछली पकड़ने के लाइसेंस मिलने के बाद उन्होंने बहुत अधिक मछली पकड़ी जिससे समुद्र में मछलियों की उपलब्धता में भारी कमी आई। इसके परिणामस्वरूप छोटे मछुआरों की आजीविका प्रभावित हुई। उस समय मछुआरों की समस्यायें उजागर करने के लिए तीन बड़े आंदोलन हुए जिनका नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच तथा फादर थामस कोचरी ने किया था। इनके कारण तत्कालीन सरकार ने बड़े ट्रालरों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया था। लेकिन कुछ समय बाद ट्रालरों को फिर अनुमति मिलने लगी। एक बार फिर पर्यावरणवादियों द्वारा ट्रालरों पर प्रतिबंध की मांग तेज हो रही है। भारत सरकार की एक समिति इन ट्रालरों पर नियंत्रण के बारे में विचार कर रही है। पर्यावरणविदों का मानना है कि इन ट्रालरों पर प्रतिबंध ही समुद्र में ज्यादा मछलियां पकड़ने की समस्या से मुक्ति दिला सकता है। हालांकि, इन ट्रालरों पर सीधे प्रतिबंध तो नहीं लगाया गया है, पर केरल व ओडिशा समेत अनेक राज्यों ने परंपरागत मछुआरों की मांग पर ट्रालरों पर प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उनके द्वारा मछली पकड़ना प्रभावित न हो। तर्क दिया जा रहा है कि मछली पकड़ने संबंधी सब्सिडी पर समझौते से मछलियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा भावी पीढ़ियों के लिए समुद्री संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

इस संबंध में मछली पकड़ने के लिएदी जाने वाली सब्सिडी पर केवल विश्व व्यापार संगठन ही प्रतिबंध लगा सकता है। इस संबंध में नियम बनाने की प्रक्रिया 2001 में दोहा वार्ताओं का दौर शुरू होने के साथ प्रारंभ हुई थी। लेकिन मजेदार बात है कि जहां दोहा विकास दौर के बाकी सभी प्राविधानों को विकसित देशों ने फौरन अस्वीकार कर दिया था, वहीं आश्चर्यजनक रूप से अभी मछली पकड़ने के अधिकारों पर वार्ता जारी है।

यह सच है कि वर्तमान समय में 34 प्रतिशत अधिक मछलियां पकड़ी जाती हैं, जबकि 1974 में यह मात्रा केवल 10 प्रतिशत थी। इसके कारण धीरे-धीरे मछलियों की उपलब्धता घट रही है। इससे मछली पकड़ने पर निर्भर लोगों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा तटीय क्षेत्र पर रहने वाले लोगों में गरीबी बढ़ रही है। आज दुनिया में 40 मिलियन लोग मछलियां पकड़ने पर निर्भर हैं, इसलिए उनका जीवन गहराई से समुद्री संसाधनों पर निर्भर है। हालांकि, वर्तमान वार्तायें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करने पर केंद्रित है, पर विकासशील देश इन प्रयासों का घोर विरोध कर रहे हैं। भारत समेत विकासशील देशों का विश्वास है कि सब्सिडी समाप्त करने का छोटे मछुआरों की आजीविका व उनके अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, प्रस्ताव में कहा गया है कि विकासशील व गरीब देशों के साथ अलग व विशेष व्यवहार किया जाएगा, पर ऐसा लगता है कि समझौते से विकासशील देशों के छोटे मछुआरों पर समझौते का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। आश्चर्यजनक रूप से जब सभी चीजें ठहर गई थीं, ये वार्तायें बेलगाम जारी रहीं। आवागमन पर नियंत्रण के कारण जेनेवा में दूतावास न होने वाले छोटे देशों के विचारों को दस्तावेज में समुचित स्थान नहीं मिल सका। इस कारण भी विकासशील देशों में गुस्सा बढ़ रहा है। हाल में जब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक भारत आए तब भारत ने सीधे कह दिया कि विभिन्न देशों द्वारा मछली पकड़ने को अनुचित सब्सिडी देने तथा विकसित देशों द्वारा बहुत अधिक मछलियां पकड़ने के कारण भारत के छोटे मछुआरों पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है। इसलिए विकसित देशों द्वारा बड़े जहाजों को मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करना जरूरी हो गया है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि समझौते का प्रारूप संतुलित नहीं है। इस संदर्भ में विकासशील देशों को समझौते में मिलने वाले विशेष व्यवहार को केवल भारत के सुझावों को शामिल कर ही संतुलित किया जा सकता है।

भारत की मांग है कि विकसित देश उन मछली पकड़ने वालों को सब्सिडी देना बंद करें जो अपनी प्राकृतिक भौगोलिक सीमाओं से बाहर जाते हैं। लेकिन औद्योगिक रूप से मछली पकड़ने वाले देश इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत चाहता है कि गरीब व छोटे मछुआरों के हित संरक्षण हेतु सब्सिडी का प्राविधान जारी रखा जाए। भारत में कोई अवैध, अज्ञात या अनियंत्रित मछली पकड़ने वाले नहीं हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के बाद से ही भारत का मानना है कि विकसित देशों को खास रियायतें मिलती हैं तथा उनकी कृषि सब्सिडी बेलगाम जारी हैं, जबकि विकासशील देशों के अधिकारों को सीमित किया गया है। मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी संबंधित इस फैसले में यह गलती दुहराई नहीं जानी चाहिए। आज समय की आवश्यकता है कि भारत तथा अन्य विकासशील देश व गरीब देश अमीर देशों के पक्षपात का मुकाबला करें। उनको मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित किसी असंतुलित व अतार्किक समझौते पर तैयार नहीं होना चाहिए ताकि छोटे और गरीब मछुआरों के हितों की रक्षा हो सके।

# शिक्षण संस्थाओं के लिए समान संहिता

> निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो योग्यता को पूरा नहीं करते हैं।

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक अकादमिक क्षेत्र से जुड़े हैं)



निजी स्कूलों द्वारा बनाए रखा तथाकथित गुणवत्ता केवल भौतिक बुनियादी ढांचे और अंग्रेजी संचार प्रचार में है न कि बौद्धिक स्तर पर। खुली जगह में भी अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जा सकती है। महामारी के दौरान हुई शिक्षा में डिजिटल क्रांति ने स्कूलों की भौतिक संरचना को अप्रासंगिक बना दिया है। यह शिक्षकों की इच्छाशक्ति और समर्पण है जो मायने रखता है। हालांकि, अधिकांश निजी स्कूलों में शिक्षकों को अच्छी तरह से भुगतान नहीं किया जाता है और कोविड की स्थिति ने उनके लिए हालात और खराब कर दिए हैं क्योंकि उन्हें बिना अतिरिक्त वेतन के अतिरिक्त ड्यूटी करनी पड़ती है।

देश भर में, निजी स्कूल के शिक्षक सबसे कम वेतन पाने वाले हैं। नौकरी की कोई सुरक्षा भी नहीं है क्योंकि प्रबंधन नियमों का पालन नहीं करने पर किसी भी समय प्रबंधन शिक्षकों को बर्खास्त कर सकता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी स्थिति अलग नहीं है। महामारी के समय में, सैकड़ों शिक्षकों को निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। वैसे भी निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो आवश्यक योग्यता को पूरा नहीं करते हैं। इन निजी संस्थानों को बस एक ऐसे कार्यबल की जरूरत है जो उनकी बात मान सके। निजी सहायता प्राप्त कॉलेज भी हैं जो भर्ती प्रक्रिया के लिए मोटी रकम लेते हैं। सभी निजी उच्च शिक्षा केंद्रों में कार्यरत शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं और उनका असंतोष उनके शिक्षण के माध्यम से छात्रों को हस्तांतरित किया जाता है। हाल ही में, केरल विधानसभा ने एक ऐतिहासिक केरल स्व-वित्तपोषित कॉलेज शिक्षण



और गैर-शिक्षण कर्मचारी (नियुक्ति और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2021 पारित किया, जो निजी कॉलेजों में कर्मचारियों के लिए सेवा शर्तों की गारंटी के लिए एक कानून रखता है। केरल राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा अनुशंसित कानून को एक ऐसे कानून के रूप में देखा जा रहा है जो गैर-सहायता प्राप्त क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए सेवा शर्तों को सुनिश्चित करने के लिए नियमों का मानकीकरण करेगा। भले ही यह उच्च शिक्षा के खतरों को दूर करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है, लेकिन चिंता का एक क्षेत्र अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए दिया गया विशेष विशेषाधिकार है। केरल में, अधिकांश निजी कॉलेजों का प्रबंधन अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा किया जाता है और इन केंद्रों में शिक्षकों का अत्यधिक शोषण होता है। अल्पसंख्यक संस्थानों को प्राप्त विशेषाधिकारों के अनुसार, सरकार उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित नहीं कर सकती है। इन एजेंसियों द्वारा संचालित निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेज शायद ही कभी छात्रों को सरकारी मानदंडों के अनुसार पूर्ण वजीफा प्रदान करते हैं। कुछ मामलों में, प्रबंधन द्वारा बैकलैश के डर से, पीजी छात्रों को उनके खाते में जमा किए गए वजीफे को वापस करना पड़ता है। प्रबंधन पक्ष के कर्मचारी सदस्य, आमतौर पर एक ही समुदाय से, अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं और अन्य समुदायों के सदस्यों को मानसिक रूप से परेशान किया जाता है और उनकी व्यावसायिक उन्नति को कम कर दिया जाता है। शिक्षकों के बीच व्याप्त अस्वस्थ वातावरण छात्रों में स्थानांतरित हो जाता है और पूरी व्यवस्था खराब हो जाती है।

जब एक शिक्षण संस्थान का प्रबंधन अन्य समुदायों के छात्रों और शिक्षकों के शुल्क और दान द्वारा किया जाता है, तो कोई संस्थान विशेष अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कैसे कर सकता है? अगर वे उस स्थिति का आनंद लेना चाहते हैं तो उन्हें अपने समुदाय के छात्रों को अकेले पढ़ाना चाहिए, और उसी समुदाय के शिक्षकों की भर्ती भी करनी चाहिए। यहां तक ??कि अल्पसंख्यक समुदायों (यहां तक ??कि गैर-अल्पसंख्यक भी) द्वारा संचालित निजी सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में भी लाखों रुपये चंदा लेकर शिक्षकों की भर्ती की जाती है। यह एक खुला रहस्य है और चुनावों में प्रतिक्रिया के डर से किसी भी राजनीतिक दल में इन प्रबंधनों को लेने का साहस नहीं है। ऐसे में हमें केरल सरकार द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करनी होगी।

हालांकि, यह देखना मुश्किल होगा कि सरकार अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त संस्थानों में नए विधेयक को प्रभावी ढंग से कैसे लागू करेगी। यह उचित समय है जब हम निजी स्कूलों और कॉलेजों के कामकाज को नियंत्रित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आम कानून विकसित करें, क्योंकि शिक्षा सभी के लिए समान है, चाहे वह किसी भी वर्ग, लिंग या नस्लीय भेदभाव के लिए हो।

## आप की बात

### स्मार्ट पुलिसिंग

**वर्ष** 2014 से हर वर्ष पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी भाग ले रहे है। लखनऊ में आयोजित 56वे सम्मेलन में भाग लेते हुये आंतरिक सुरक्षा से लेकर पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुये सारे देश मे एक जैसी तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। इसके लिये प्रधान मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हाई पावर टेक्नोलॉजी मिशन गठन करने की घोषणा किया। सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग की संकल्पना किया था। जिससे पुलसिंग के गिरते स्तर को उठाया जा सके। स्मार्ट पुलिसिंग में स्मार्ट के हर अक्षर का अर्थ बताते हुये मोदी ने कहा था कि एस से स्ट्रिक्ट और सेंसटिव, एम से मॉडर्न व मोबाइल, ए से एलर्ट और अकाउंटेबल, आर से रिलायबल और रेस्पॉन्सिव तथा टी फार टेक्नोसेवी और ट्रेंड है। मोदी ने कोरोना महामारी के समय पुलिस द्वारा शानदार कार्य कोरोना वारियर्स के रूप में किये जाने पर सराहना किया। राज्यों में कानून व्यवस्था और अपराध के नियंत्रण के लिये तकनीक का दायरा बढ़ना चाहिये। राज्यों की पुलिस व जांच एजेंसियों के बीच समन्वय होना चाहिये। ड्रोन तकनीक का उपयोग भी लोगों के लाभ के लिये होना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### वर्क फ्राम होम

**कोविड**-19 के बाद ज्यादातर कंपनियों एवं संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न चल रहा था। यह दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक भी था। घर से कार्य करने के अपने फायदे एवं नुकसान हैं। व्यक्ति अपने अनुसार अपने टाइम का मैनेजमेंट करके कार्य करता है। संस्थान तक पहुंचने का खर्च, समय एवं मानसिक त्रास से भी बचाव होता है। वर्क फ्रॉम होम की खामी यह है कि इसमें होमसिकनेस की संभावना बलवती हो जाती है। सभी के पास कार्य करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां एवं जगह उपलब्ध होना भी एक समस्या है। घरेलू कामकाज एवं व्यवधान भी काम में खलल डालते हैं। ऑफिस वर्क की फीलिंग नहीं आने से व्यक्ति कार्य में थोड़ा सुस्त भी हो सकता है। ऑफिसों में कई लोग एक साथ कार्य करते हैं इसलिए व्यक्ति की भी कार्य करने की मेंटेलिटी अपने आप डेवलप होती है। कार्य करने का सही माहौल ऑफिस में ही मिल पाता है। ऑफिस खुलने से एवं कार्यालयों में पूरी क्षमता के साथ कार्य होने से व्यक्ति अपने पुराने रूटीन पर धीरे-धीरे लौट आएगा। कर्मचारियों में कोविड त्रासदी के कारण आया जड़ता का भाव ऑफिस वर्क से समाप्त होने में मदद मिलेगी।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### घरेलू सहायकों की दशा

**यह** पत्र 'घरेलू सहायक' से संबंधित है। वे सदैव अपने मालिक की दया पर आश्रित रहते हैं और यह अतिशयोक्ति नहीं होगी अगर यह कहा जाए की अधिकांश घरेलू सहायकों पर किसी ना किसी रूप मे अत्याचार होता है चाहे वह आर्थिक, मानसिक या शारीरिक हो। केंद्र सरकार की सेवायोजन नीति एक अच्छा कदम है लेकिन यह बिल्कुल जनसंख्या गणना की तरह है जिसमें 'अथक प्रयास की ज़रूरत है। घर घर जा कर इनकी गिनती करना पड़ेगा। शहरों मे आर डब्ल्यू ए की मदद ली जा सकती है। निसंदेह सर्वेक्षण के बाद ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमे इनके सामाजिक संरक्षण के बारे मे ध्यान दिया जाए। मगर सबसे बड़ा पहलू है इन घरेलू सहायकों के बच्चों का भविष्य ,अधिकांश यह देखा देखा जाता है की इन सहायकों के बच्चे अपनी पढ़ाई बीच मे ही छोड़ कर कुछ छोटे छोटे कामों मे लग जाते हैं और कुछ तो अपने माता पिता के साथ इन्हीं घरों मे बाल श्रमिक के रूप मे भी काम शुरू कर देते हैं. तो सरकार ने एक छोटी परंतु अच्छी शुरुआत की है लेकिन एक लंबा सफ़र अभी बाकी है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के शासनकाल में, ऐसा कुछ भी नहीं बचा है जो महंगा न हो गया हो।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**सरकार** के पीछे हटने का भी समय होता है, ताकि ऑस्ट्रेलियाई जनता आगे बढ़ सके।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री





**उत्तर** प्रदेश में कभी हर तीसरे या चौथे दिन दंगे होते थे, लेकिन अब राज्य की 'दंगा मुक्त' राज्य के तौर पर पहचान है।

– **योगी आदित्यनाथ**
यूपी के मुख्यमंत्री

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में विपक्ष पर हमला

# 2022 में फिर बहुमत के संग यूपी में बनेगी भाजपा सरकारः राजनाथ

● मिलिट्री ग्रासफार्म पर अवध क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोले रक्षामंत्री

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-बूथ सम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भीड़ का अभिवादन करते हुए, साथ में भाजपा के राष्ट्रीय नेतागण।


सीतापुर-रक्षामंत्री का स्वागत करते बड़ा माला पहनाकर पदाधिकारी


सीतापुर-कार्यक्रम को सम्बोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

**सीतापुर के** ग्रास फार्म में आयोजित 15 जिलों के बूथ अध्यक्षों को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सम्बोधित किया व उनमें जोश भरते हुए विपक्षी पार्टियों पर हमला भी बोला। कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका भाजपा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। रक्षामंत्री ने दीप प्रज्वलित कर पं. दीन दयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किया। उनके साथ डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, संगठन मंत्री सुनील बंसल भी पहुचे थे। भीड़ देखकर रक्षामंत्री ने कहा कि 2022 में फिर से बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी। इस दौरान कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम दिनेष शर्मा, कानून मंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री महेन्द्र कुमार सिंह, केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर से बूथ अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला। बूथ अध्यक्ष कार्यक्रम के मौके पर मंच पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, यूपी भाजपा प्रभारी राधा मोहन, सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, मोहसिन रजा, प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह, सांसद साक्षी महाराज, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेयी, कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री, कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, राज्यमंत्री पलटू राम, सांसद राजेश वर्मा, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत, लल्लू सिंह, प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष शेश नरायण मिश्र, उपेन्द्र रावत, प्रदेश प्रभारी अर्चना मिश्रा, डा. राजेष मिश्रा, बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा मंच पर मौजूद रहे। संचालन अवध क्षेत्र प्रभारी व प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने किया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मौजूद विधायक रामकृष्ण भार्गव, सुरेश राही, महेन्द्र यादव, ज्ञान तिवारी, षंषाक त्रिवेदी, सुनील वर्मा, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, रजनी तिवारी, मंजू त्यागी, योगेश वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, पूर्व एमएलसी राकेष सिंह, षंषाक वर्मा, राजेष षुक्ला, विश्राम सागर राठौर, अवनीष रावत, रामजीवन जायसवाल, दीपक सिंह दीपू, सलिल सेठ, राकेष त्रिपाठी, पंकज पांडेय, नैमिश रत्न तिवारी, सलिल सेठ, संतोश सिंह, मोहन प्रसाद बारी, आषा मौर्या, नीरज झल्लर, प्रकाष पाल, प्रमोद वर्मा, आदित्य सिंह, साकेत मिश्रा, उमाकान्त मिश्रा, मुनीन्द्र अवस्थी, विकास वर्मा, विपुल सिंह, सचिन मिश्रा, षिवांषू मिश्रा, नीरज अवस्थी, वैभव मिश्रा, रामनरायण त्रिवेदी, अमरजीत सिंह बाटू, मनोज तिवारी, जया सिंह, टीपी सिंह, विद्या सागर सोनकर, विजय प्रताप, कमलेष मिश्रा, महेष शर्मा, मिथिलेश यादव, अमरेन्द्र सिंह चौहान, बबलू अवस्थी सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लखीमपुर कांड पर नहीं बोलूंगाः गृह राज्य मंत्री


सीतापुर-कार्यक्रम के बाद मौजूद केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी।

संवाददाता। सीतापुर

**लखीमपुर कांड का** पीछा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का भले ही न छूट रहा हो लेकिन भाजपा उन्हें अभी भी अपनाए हुए हैं तमाम विरोध और मांगों को दरकिनार कर भाजपा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र तेनी को महत्त्व दिए हुए हैं जबकि किसान नेता राकेश टिकैत लखीमपुर कांड मामले के 120 बी के मुजरिम अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त कर जेल भेजने की बराबर मांग करते आ रहे हैं सभी विपक्षी पार्टियां सपा कांग्रेस बसपा उनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग कर रही हैं लेकिन भाजपा पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है जबकि जांच में अब यह तक साबित हो गया है कि लखीमपुर कांड में चली गोली केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के लाइसेंसी असलहे से चली थी विरोध के चलते अजय मिश्र टेनी को चीनी मिल के पिराई सत्र का शुभारंभ डालना पड़ा गुरुवार को सीतापुर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने भी मंच साझा किया जिन पर सभी की नजरें लगी हुई थी कार्यक्रम के बाद गोंदलामऊ से ब्लाक प्रमुख निमिता अवस्थी के आवास पर पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने लखीमपुर कांड को लेकर कहा कि वह इस पर कुछ भी नहीं बोलेंगे क्योंकि जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं अखिलेश यादव के गठबंधन पर भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने तंज कसा।

## दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली को कमिश्नर ने किया झंडी दिखाकर रवाना

**बरेली ।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बरेली द्वारा मंडल मंडलायुक्त कार्यालय बरेली से दिव्यांगजनों द्वारा मतदान मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया मंडलायुक्त द्वारा एवं मंडल के सभी जिला अधिकारी एवं बरेली सीडीओ उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी के तत्वाधान में हरी झंडी दिखाकर दिव्यांगजनों की मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान किया गया संयोग में डीडीआरसी के समस्त स्टाफ बचपन डे केयर सेंटर के समस्त स्टाफ संकेत विद्यालय सभी स्टाफ महात्मा ज्योतिबा फुले समिति आस्था समाज सेवा संस्था उपासना समिति पूजा सेवा संस्थान आदि का सहयोग रहा रैली का समापन जिलाधिकारी कार्यालय पर हुआ दिव्यांगजन के कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने भाग लिया ।

## धौराहरा सांसद ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां


सीतापुर-सांसद को सम्मानित करते अधिकारीगण

● धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने किया महोत्सव का शुभारंभ

● खाद्य निगम में मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में पीएम नरेंद्र मोदी के आहवान पर पूरे भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में गुरूवार को सीतापुर के भारतीय खाद्य निगम अन्नागार में हुए उत्सव समारोह में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, धौरहरा सांसद रेखा अरूण वर्मा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। साथ ही स्वथ्य, पोषण एवं समाज कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया तथा भारतीय खाद्य निगम के प्रयासों की सराहना की। सांसद ने कोरोना काल में पीएम गरीब कल्याण योजना, आत्म निर्भर भारत योजना समेत अन्य योजनाओं के कार्यों को भी सराहा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवनाराण शर्मा ने पुराने दिनों को याद करते हुए खाद्य निगम के कार्यों की प्रशंसा की, इस अवसर पर मंडल प्रबंधक मृत्युंजय कुमार, विश्वनाथ पाठक, आरजी बागरी, पीके सिंह आदि उपस्थित थे।

### क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में एलआईसी एजेंट की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार एक एलआईसी एजेंट को तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई स पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम मां के लिए भेजा और ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय राजेंद्र पुत्र हरनाम चंद की बीती रात देवरनिया थाना इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राजेंद्र भारतीय जीवन बीमा निगम का एजेंट था और कल अपने किसी काम से शाम को बहेड़ी जाने के लिए मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था स लेकिन देवरनिया पहुंचने पर तेजी से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली का ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया स स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी स लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची राजेंद्र की मौत हो चुकी थी स पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी स जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली स पुलिस ने ट्रैक्टर.ट्राली को कब्जे में लेकर उसके फरार चालक की तलाश शुरू कर दी स मृतक की पत्नी का नाम मधु है वह दो बच्चों का पिता था ।

### कुत्ते को बचाने में बाइक फिसली, दुकानदार की मौत

**बरेली ।** सड़क पर जा रहे कुत्ते को बचाने की कोशिश करते समय अचानक मोटरसाइकिल फिसल गई जिससे उसे चला रहे दुकानदार की मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा । सुभाष नगर थाना क्षेत्र में कालीचरण मार्ग निवासी अवधेश चौहान पुत्र राजपाल सिंह चौहान की फरीदपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अवधेश चौहान मूल रूप से फरीदपुर के गांव चठिया के रहने वाले थे स लेकिन बचपन से ही वह सुभाष नगर में किराए पर रहते थे और पास में ही परचून की दुकान चलाते थे स कल शाम को वह अपने पैतृक गांव जाने के लिए मोटरसाइकिल से सुभाष नगर से चले थे ।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

संवाददाता सिंगाही-खीरी

**कस्बे के** प्राइमरी इंगलिश मीडियम स्कूल में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। तहसीलदार निघासन ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गुरुवार को मतदाता दिवस पर प्राइमरी इंगलिश मीडियम स्कूल में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। तहसीलदार राकेश कुमार पाठक ने कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। खण्ड विकास अधिकारी राकेश सिंह ने कहा की मतदाता जागरूकता दिवस को लोकतंत्र मजबूती के लिए सार्थक प्रयास बताते हुए कि मतदाता हों अथवा मताकांक्षी, सभी के लिए दिवस की उपयोगिता प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि विशाल लोकतांत्रिक राष्ट्र में हर व्यक्ति को मताधिकार की अहमियत और मानवीय संवेदनाओं की समझ रखनी चाहिए। प्राइमरी स्कूल स्कूल की प्रधानाध्यापक मेहनाज परवीन ने बताया कि लोकतंत्र की व्यवस्था जनता द्वारा जनता के लिए तभी साकार रूप ले सकेगी जब देश के मतदाता बहुआयामी संवेदनशील होंगे क्योंकि राजनीतिक केवल अपने हितों के प्रति संवेदनशील होते हैं जिस तरह प्रकृति की प्रत्येक संपदा में लोकतंत्र स्थापित है और हम सभी अपने विवेक से उनका प्रयोग करते हैं, उसी तरह विवेकशील मतदाता भी लोकतंत्र को नए आयाम देने में सक्षम हैं। शत प्रतिशत मतदान करें और क्षेत्र की शान बढ़ाए। मतदान सभी का मौलिक अधिकार है।

## एनएचएम कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर किया विरोध

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले लखीमपुर इकाई द्वारा जिले भर में अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया सभी संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। उसके बाद 29 नवंबर को मिशन निदेशक का घेराव किया जाएगा।

संगठन के जिला अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव व महामंत्री देवेंद्रनाथ पांडे ने इस दौरान साझा बयान जारी कर बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन पत्र जिला कार्यकारिणी द्वारा 17 नवंबर को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार को पदाधिकारियों द्वारा दिया गया था। वही पूरे जिले भर में दोनों जिला अस्पतालों सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित उप केंद्रों पर तैनात संविदा कर्मचारियों ने गुरुवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया है। शासन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी के आवाहन पर समस्त संविदा कर्मचारी अपना विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में मिशन निदेशक का घेराव करने के बाद दिन 7 सूत्री मांगों को पूरा करने का आश्वासन मिला था, वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। इन मांगों में विनियमितीकरण/समायोजन, सृजित पदों का विभाग में सर्जन करना, वेतन पॉलिसी व वेतन विसंगति को दूर करना, सातवें वेतन आयोग का लाभ, जॉब सिक्योरिटी, रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण की सुविधा, आउट सोर्स नीति को खत्म करना, बीमा पॉलिसी, आशा बहुओं का नियत मानदेय समय पर दिया जाना शामिल है। प्रदेश कार्यकारिणी के आवाहन पर 25 नवंबर से संगठन के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने अपना विरोध काली पट्टी बांधकर जताया है। 29 नवंबर को मिशन निदेशक कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा और अगर तब भी बात नहीं बनी तो प्रदेश कार्यकारिणी के आदेशानुसार जिले में तैनात समस्त संविदा कर्मचारी संगठन के बैनर तले आगे की रणनीति में भाग लेंगे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में की विस्तार से चर्चा

**बेहजम-खीरी।** ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न की गई जिसमें ग्राम पंचायतों के प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की विकास सम्बन्धित आवश्यक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख बीना राज के उद्बोधन से शुरुआत हुई जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार के द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि पशुओं का बीमा करायें और उनकी सही तरीके से बीमारियों का निदान व उनकी देखभाल रखरखाव और दुधारू पशुओं के चारे के बारे में जानकारी दी। फसलों का बीमा के साथ-साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ शत-प्रतिशत प्राप्त करें। साथ ही साथ दलहन तिलहन के साथ-साथ गेहूं के बीजों व कृषि यंत्रों पर छूट के बारे में बताया। पराली प्रबंधन के बारे में विस्तृत सुझाव दिए। गन्ने व धान की पराली न जलाने के लिए बल दिया। सहकारिता विभाग की एडीओ कोआपरेटिव ने सहकारिता की योजनाओं के बारे जानकारी दी। गांवों में पात्र लोगों को आवास और शौचालय की व्यवस्था के सम्बंध में प्रधान और ग्राम पंचायत के सदस्य और क्षेत्र पंचायत के सदस्य आपस में सामंजस्य स्थापित कर जरूरत मंद को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलायें और अपने गांव को स्वच्छ रखें जिससे बीमारियों पर नियंत्रण बना रहे।

## 27 नवम्बर को प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे कर्मचारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पुरानी पेंशन** व्यवस्था सहित प्रमुख मांगों को लेकर कई बार शासन प्रशासन को मांगपत्र सौंपने के बावजूद कार्यवाही न होने से नाराज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 27 नवंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। यह जानकारी परिषद के अध्यक्ष महंत सिंह व मंत्री परमानंद ने मीडिया से साझा की। परिषद अध्यक्ष महंत सिंह व मंत्री परमानंद ने संयुक्त बयान में बताया कि प्रदेश स्तर पर कई बार शासन द्वारा मांग पूरी किए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। न ही कैशलेश इलाजए फ्रीज डीएए वेतन विसंगति एवं पदनाम परिवर्तन पर ही कोई कार्यवाही की गई। इसलिए परिषद 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 27 नवंबर को प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेगा। परिषद इकाई के नेतृत्व में जिले जिले में कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर रैली निकालेंगे। मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को स्थानीय विलोबी मेमोरियल हाल में कर्मचारी कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुए धरना देंगे। इसके बाद जुलूस की शक्ल में कर्मचारी लोहिया भवन चौराहा जिला कोषागार नौरंगाबाद चौराहा वह मुख्य डाकघर होते हुए पुनः धरना स्थल पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला स्तरीय अधिकारी को सौंपा जाएगा।

## शिक्षा के क्षेत्र में बरबर बहा रहा बदहाली के आंसू

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**नगर पंचायत** बरवर के समीप गांव मे सांसद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का निवास है,परन्तु यह कस्बा अपनी शिक्षा के क्षेत्र में बदहाली पर दहाड़े मार-मार कर रो रहा है।

आजादी के 70 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद में भी बरवर कस्बा में कोई भी कन्या इंटर कालेज व एक डिग्री कॉलेज नहीं खुल सका। कस्बे की आबादी लगभग पचार हजार से अधिक होने के बावजूद नगर पंचायत बरवर शिक्षा के क्षेत्र में बराबर बिछड़ता ही रहा है लेकिन इसकी सुध कोई नेता नहीं ले रहा है। वोट हासिल करने के समय तो नेता लुभाने वादे कर देते हैं और जनता के वोट हासिल कर लेते हैं लेकिन जीतने के बाद बरवर कस्बा विकास की सूची से बाहर हो जाता है।

इस कस्बे के बालक बालिकाऐं जैसे-तैसे हाई स्कूल इंटर की शिक्षा को ग्रहण कर पाते आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्हें 20 से 30 किमी का सफर कर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। साधन संपन्न परिवार के बच्चे तो जैसे-तैसे शिक्षा ग्रहण कर लेते लेकिन बालिकाओं को अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए खास तौर पर बालिकाएं हाईस्कूल व इंटर के बाद शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती है। इतना ही नहीं नगर में विगत 70 सालों में किसी प्रकार का कोई सरकारी हाईस्कूल व इंटर कॉलेज नहीं बन पाया। सरकारी विद्यालय के नाम पर मात्र कक्षा 8 तक एक स्कूल है। बाकी प्राइवेट इंटर व स्कूल तो है लेकिन फीस अधिक होने के कारण गरीब परिवार के बच्चे नहीं पढ़ पाते।

अंग्रेजी शासन काल में नगर में कन्या पाठशाला था आज वो भी खण्डर में तब्दील हो गया है। बरबर कस्बे की आम जनता लम्बे समय से कन्या इंटर कालेज और डिग्री कालेज निर्माण के बारे में मांग करते रहते हैं, लेकिन उनकी मांगो पर शायद किसी की नजर नही टिकती है। मोहल्ला विजयनगर में अंग्रेजो के साशन काल के समय मे एक कन्या पाठशाला हुआ करता था, जो आज खंडहर में तब्दील हो चुका है और जुआरियों शराबियों का अड्डा तो बना ही है, साथ में कुछ लोगों ने उसमें वाहन ट्रैक्टर डनलप खड़े कर कब्जा कर रखा है, खंडहर में तब्दील हो चुकी इमारत में आज भी इमारत बनवाकर कन्या इंटर कॉलेज खोला जा सकता है, परन्तु सभी गहरी नीद मे सोये हुऐ है, जिससे बरवर अपनी बदहाली पर आज भी आंसू बहा रहा है और पूछता कि क्या आजाद होना मेरे लिए अभिशाप है, शिक्षा के मामले में कस्बा बरवर अंधकार में डूबता नजर आ रहा है।

### किच्छा नदी में डूबकर ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** 4 दिन पूर्व गांव के पास से बहने वाली किच्छा नदी में नहाने गया ग्रामीण नहाते समय गहरे पानी में डूब गया स उसकी लाश कल शाम को गांव से कुछ ही दूरी पर पानी में तैरती मिली स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। शाही थाने के गांव खेमू गोटिया निवासी मदनलाल पुत्र खड़क सिंह की लाश गांव से लगभग 100 मीटर दूर कल शाम किच्छा नदी में तैरती मिली स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मदनलाल 4 दिन पहले गांव के पास बहने वाली किच्छा नदी में नहाने की बात कहकर घर से निकला था ।

### आशा चला रही थी अवैध हास्पिटल

**रमियाबेहड़-खीरी।** क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पतालों की धरपकड़ के चलते स्वास्थ्य विभाग काफी प्रयासरत है। परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ की नाक के नीचे एक आशा द्वारा अवैध हॉस्पिटल चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि उक्त आशा के अस्पताल में मरीज भर्ती है। इस सूचना पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ के मौखिक निर्देश पर अस्पताल पर छापा मारा गया। इसमें एक प्रसूता महिला एवं उपकरण बरामद हुए। टीम में पंकज अस्थाना बीपीएम एवं डॉ सुरेश चंद्र द्वारा छापा मारा गया। अब देखना यह है कि उक्त अस्पताल व आशा पर क्या कार्रवाई होती है। रमियाबेहड़ के क्षेत्र में फल-फूल रहे क्लीनिकों नैनापुर, अभय पुर, तेलियार, चहलुवा व रमियाबेहड़ में मुख्य चौराहे पर छापा मारा। मौके पर पहुंचते ही आशा भाग निकली। मरीज मिल गया। सीएचसी के पवन कुमार अधीक्षक ने बताया कि संज्ञान में आया है कि कार्रवाई की जाएगी जो फर्जी क्लीनिक चल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में किया देश का प्रतिनिधित्व

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**केंद्रीय गृह** राज्यमंत्री एवं सांसद 28 खीरी लोकसभा अजय मिश्र टेनी ने 24 नवम्बर को संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में भारत की तरफसे वक्तव्य प्रस्तुत किया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने 24 नवम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में मानव तस्करी पर वैश्विक कार्ययोजना के लिए राष्ट्रीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि 2020 के बाद संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक योजना के कार्यान्वयन पर टिकटों में तेजी लाने वाले व्यक्तियों की तस्करी को कम करने के लिए भारत ने मान्यता दी है कि मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है और तस्करी का मुकाबला करने के लिए उच्च प्राथमिकता दर्ज करता है, भारत सरकार व्यक्तियों में तस्करी रोकने के लिए निरंतर और ठोस प्रयास कर रही है। भारत तस्करी विरोधी विधायी संरचना भारत के संविधान के अनुच्छेद 23 के आधार पर आधारित है।

## डीएम ने क्रय केंद्रों पर देखीं धान खरीद की पंजिकाएं

किसानों से लिया फीडबैक, जानी हकीकत



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह गुरुवार की दोपहर करीब 2:30 बजे कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचे, जहां उन्होंने चल रही धान खरीद की प्रोग्रेस जानी। मौजूद किसानों से फीडबैक लेकर धान खरीद की पड़ताल की।निरीक्षण में डीएम ने क्रय केंद्र पर पहुंचकर क्रय रजिस्टर, स्टॉक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, शिकायत पंजिका, अस्वीकृत धान की विवरण पंजिका सहित अन्य अनुरक्षित पंजिकाओ का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक क्रय केंद्र प्रभारी खरीदे धान को आवंटित मिल पर तत्परता से भिजवाए, जिससे क्रय केंद्र के गोदाम खाली रहे। मानक युक्त धान को बेचने में किसान को फैसिलिटेट कराएं। इस दौरान उन्होंने मंडी में स्थापित मंडी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, पीसीएफ आरएफसी, पीसीयू सहित विभिन्न क्रय एजेंसियों के स्थापित क्रय केंद्रों पर धान खरीद की जमीनी हकीकत जानी। डीएम ने क्रय केंद्रों पर अपना धान बेचने आए बसेगापुर के किसान गुरजीत सिंह, बेढनापुर के किसान पलविंदर सिंह, लौकिहा के किसान चानन सिंह, सलारपुर के किसान जसवंत सिंह, दुलही के किसान बांके से बातचीत करके उनका फीडबैक लिया। सभी किसानों ने डीएम से इस बार धान खरीद में उन्हें कोई समस्या न होने की बात कही।निरीक्षण के दौरान यूपीएसएस के क्रय केंद्र पर डस्टर न मिलने पर डीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी को फटकार लगाई। निर्देश दिए कि मंडी सचिव से समन्वय कर तत्काल डस्टर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीएम ने मौके पर मौजूद मंडी सचिव से आज हुई नीलामी प्रक्रिया की जानकारी ली। निर्देश दिए कि अपनी देखरेख में नीलामी प्रक्रिया कराते हुए सुनिश्चित कराएं की किसानों को मानक विहीन धान का वाजिब मूल्य मिले। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता सूर्य नारायण मिश्र, मंडी सचिव सुधांशु मौजूद रहे।

# अमन हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

आलोक निगम। बांदा





**बाँदा में** विगत 13 अक्टूबर को हुई पुत्र की हत्या का आज हमीरपुर की क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा सकुशल अनावरण करते हुए हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का काम किया गया है बताते चलें कि जिले की जनता व मृतक अमन त्रिपाठी के परिजनों के द्वारा तमाम जद्दोजहद करने के बाद और राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस के द्वारा मामले का खुलासा किया गया है। बांदा जनपद के शहर कोतवाली अंतर्गत का है जहां बीते अक्टूबर माह मैं बंगाली पुरा मोहल्ले में रहने वाला अमन त्रिपाठी 11 अक्टूबर को रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था और उसके बाद अचानक अमन त्रिपाठी का शव नदी में तैरता हुआ पाया गया था मृतक अमन त्रिपाठी के परिजनों के द्वारा उसके रहस्यमय तरीके से गायब होने पर संबंधित थाने पहुंच कर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए तलाश शुरू कर दी गई थी पुलिस की काफी तलाश के बाद अचानक जब उसका सव नदी में तैरता हुआ पाया गया तो गुमशुदगी का मामला हत्या में तब्दील हो चुका था जिसके बाद पुलिस के द्वारा हत्या के मामले को दबाते हुए उसे आत्महत्या का रूप देने का काम किया जा रहा था लेकिन जिले की जनता ने अमन त्रिपाठी की हत्या को लेकर सड़कों पर उतरते हुए कई दिनों तक नारेबाजी की जुलूस निकाले धरने प्रदर्शन भी किए लेकिन उसके बाद भी कोई हल नहीं निकला अंत में हारकर अमन त्रिपाठी के दुखी मां बाप ने उसकी अस्थियों का कलश लेकर जनपद के अनशन स्थल अशोक लाट में बैठने का काम किया गया अमन त्रिपाठी के परिजनों के द्वारा अस्थि कलश लेकर आमरण अनशन पर बैठने के बाद पुलिस के द्वारा हरकत में आते हुए कार्यवाही को तेज करने का काम किया गया जिसके चलते आज पुलिस ने अमन त्रिपाठी की हत्या को अंजाम देने वाले 8 आरोपियों को हिरासत में लेने का काम किया सभी आरोपियों को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने

पूरे मामले की जानकारी देते हुए हमीरपुर क्राइम ब्रांच के क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने बताया कि अमन त्रिपाठी हत्याकांड में नामित सम्राट हुआ उसके अन्य 7 साथियों को हिरासत में ले लिया गया है पहले अमन त्रिपाठी हत्याकांड की जांच बांदा जनपद की पुलिस के द्वारा किया जा रहा था लेकिन परिजनों के दबाव के चलते इसकी जांच हमीरपुर क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी जिस पर हम लोगों के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को रीक्रिएट करते हुए जांच पड़ताल शुरू की गई जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर सभी को गिरफ्तार करते हुए मुकदमे की धारा 304, 2 01, 109 व 34 आईपीसी की धारा के तहत मामला पंजीकृत करते हुए सभी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का काम किया गया है।

# ट्रक के नीचे आने से छात्रा का हाथ कटा

**चित्रकूट।** स्कूल जा रही छात्रा को एक ट्रक ने ठोकर मार दी। छात्रा के ट्रक के नीचे आने से उसका हाथ कट गया। गुस्साये लोगों ने ट्रक में तोडफोड कर रास्ता जाम कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर बालिका को जिला अस्पताल भेजकर ट्रक को अपनी सुपुर्दगी में ले लिया।

ये हादसा गुरुवार को सवेरे साढ़े आठ बजे कोतवाली कर्वी के शंकर बाजार में हुआ। बताया गया कि पहाडी थाना क्षेत्र के लोहरा गांव की फूलकुमारी (17) अपने गांव लोढवारा से साइकिल से जनसेवा इंटर कालेज आ रही थी। बेकाबू ट्रक ने साइकिल सवार छात्रा को ठोकर मार दी। छात्रा के ट्रक के नीचे आने से पहिये के नीचे हाथ पडने से हाथ कट गया। कक्षा 11 की छात्रा की दशा देखकर आक्रोशित भीड ने ट्रक में तोडफोड शुरु कर दी। कर्वी कोतवाल राजीव सिंह को सूचना मिली तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड पर काबू पाने के प्रयास किये, लेकिन भीड ने ट्रक के शीशे तोड दिये। पुलिस ने बालिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने बताया कि सवेरे छह से दस बजे तक बडे वाहनों के आवागमन से स्कूल के बच्चों, अभिभावक, शिक्षकों के आने-जाने से भारी वाहन घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस अवैध वसूली कर ट्रकों को इंट्री दे देती है।



हादसे को अंजाम देने वाला ट्रक।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध नगर में चला छापामार अभियान

**जालौन (उरई)।** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए गुरुवार को खाद सुरक्षा विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चलाया। टीम ने दूध, पनीर, सरसों के तेल के 5 नमूने भरे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के आते ही मिष्ठान भंडार व खाद्य पदार्थों की दुकानों की शटर डाउन हुई। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क दिख रहा है। त्योहार के बाद भी खाद पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए प्रयासरत है। गुरुवार को खाद सुरक्षा अधिकारी राहुल शर्मा की टीम ने छापामारी अभियान चलाया। पुलिस चोकी के नीचे संचालित शंकर स्वीट हाउस से पनीर का नमूना लिया। इसके साथ ही बगल में संचालित गिर्राज स्वीट हाउस से दूध का नमूना भरा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम की जानकारी होते ही बाजार में मिष्ठान भंडार व खाद्य पदार्थों की दुकानों की शटर डाउन हो गयी तथा दुकानदार ताला लटका कर इधर-उधर घूमते नजर आये।

# प्रियंका की रैली में हों शामिलः कुशल पटेल



गांवसभा अध्यक्षों से भेंट करते जिलाध्यक्ष।

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में 27 नवम्बर को महोबा रैली को सफल बनाने को कर्वी विधानसभा क्षेत्र के खम्हरिया व मुकुन्दपुर गांव के गांवसभा अध्यक्षों से भेंटकर रैली को सफल बनाने की अपील की। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने गांवों का दौरा कर कहा कि 27 नवम्बर को महोबा में कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की रैली है। रैली में ज्यादा से ज्यादा तादाद में लोग हिस्सा लें। 27 नवम्बर को महाराजा छत्रसाल स्टेडियम स्थित वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय महोबा में प्रियंका गांधी पूर्वान्ह 11 बजे रैली को सम्बोधित करेंगी।

क्षेत्र भ्रमण दौरान जिलाध्यक्ष ने लोगों से रैली में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ डॉ राकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, संतोष पटेल, लवकुश पटेल, योगेन्द्र सिंह, संतोष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## खनिज माफियाओं के आतंक से ग्रामीण परेशान

**चित्रकूट।** भरतकूप क्रशर नगरी से लगे पहाडों में इन दिनों अवैध ब्लास्टिंग से ग्रामीण रोते-बिलखते नजर आ रहे हैं। दिन-रात अवैध ब्लास्टिंग की धांय-धांय की आवाज के सिवा कुछ सुनाई नहीं दे रहा। बच्चों की न दिन में नींद पूरी होती है न रात में। प्रशासन व खनिज विभाग ने खनिज माफ्यिाओं को छूट देकर लोगों का जीना हराम कर दिया है। गुरुवार को भरतकूप क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें मजबूर होकर गांव से पलायन करना पड रहा है। दिन-रात ब्लास्टिंग की आवाज से लोगों की नींद हराम है। प्रशासन व खनिज विभाग इस तरह से खनिज माफ्यिाओं को छूट देता रहा तो गांव के गांव खाली हो जायेंगे। ब्लास्टिंग से मीलों दूर तक पत्थर उड़कर जाते हैं। कभी भी किसी व्यक्ति को मौत की नींद सुलाने में ब्लास्टिंग से उडने वाले पत्थर काफी हैं। ब्लास्टिंग से उडे पत्थरों से घरों के छप्पर टूट रहे हैं। घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारीगण जांच के नाम पर पल्ला झाड लेते हैं। खनिज विभाग की कार्यशैली से लगता है कि गांव वालों की जिन्दगी हराम करने में जुटा है। खनिज विभाग की अवैध खनन माफ्यिाओं से गहरी छनती है। इस सरकार में सबकुछ खनिज माफ्यिाओं के भरोसे चल रहा है।

# रामपुरा पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अंतर्जनपदीय असलहा तस्कर

**उरई( जालौन )।** थाना रामपुरा पुलिस ने अंतर्जनपदीय अवैध असलहों के तीन तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल की है जिनसे बड़ी मात्रा में अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ ही दो बाइकें बरामद की गई है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि पंकज उर्फ योगेश पोरवाल पुत्र वीरेंद्र पोरवाल निवासी मोहल्ला कटरा अबू मोहम्मद कस्बा व थाना भरथना, राजकुमार सविता पुत्र बृजलाल निवासी मोहल्ला ब्रजराजनगर थाना भरथना जनपद इटावा तथा अमित चतुर्वेदी पुत्र छुन्नीलाल निवासी ग्राम लोहई थाना सिरसाकलार जनपद जालौन को रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कंजौसा से पहले नवीन मंडी स्थल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार तस्करों के पास से तीन देसी पिस्टल 32 बोर चार जिंदा कारतूस, एक तमंचा 315 बोर दो कारतूस जिंदा, एक तमंचा 12 बोर दो कारतूस जिंदा और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीन तस्करों का एक साथी यशवीर सिंह यादव भागने में सफल हुआ यशवीर सिंह के द्वारा ही इन लोगों को हथियार उपलब्ध कराए जाते थे और इन तीनों तस्करों के द्वारा मुनाफा लेकर इन हथियारों को बेंच दिया जाता था आज भी जब यह लोग इन अवैध हथियारों की बिक्री के लिए जा रहे थे तभी रामपुरा थानाध्यक्ष कमलेश कुमार, उप निरीक्षक मूलचंद यादव, सुनील पाराशर, हेड कांस्टेबल संत किशोर शुक्ला, सिपाही आनंद तिवारी, मलखान सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, शैलेंद्र सिंह, अंकित कुमार और चालाक बृजेंद्र सिंह ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया इन तस्करों के खिलाफ कन्नौज इटावा में भी मुकदमे कायम है।



खुलासा करते एसपी रवि कुमार।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात अधेड़ का मिला जला शव

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लालापुर बाल्मीकि आश्रम में अज्ञात अधेड पुरुष का जला हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अज्ञात अधेड का जला शव गुरुवार को चरवाहों ने देखा। शव लगभग चार दिन पुराना बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची रैपुरा पुलिस व सीओ राजापुर की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की जले शव की शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किये। कोई भी शव के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। शव में कीडे पड गये थे। रैपुरा थानाध्यक्ष ने कहा है कि जिसके घर का कोई व्यक्ति गायब हो तो थाने में सूचना दें।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी बबलू (17) पुत्र दुलीचंद्र बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं मल्हेवा गांव निवासी खिमिया (45) पत्नी प्रेमचंद्र, सैदपुर गांव निवासी दृगपाल (35) पुत्र खेमचंद्र मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने खिमिया की हालत नाजुक होने पर उरई रिफर कर दिया।

### किशोर डेंगू का शिकार

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के जिटकरी गांव निवासी करन ने बताया कि उसके 15 वर्षीय पुत्र विजय को कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। इलाज कराने के बाद भी आराम नहीं मिला। आज हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जांच के दौरान वह डेंगू पॉजिटिव निकला। सीएचसी अधीक्षक डा.अजय कुमार चौरसिया ने बताया कि किशोर का इलाज किया जा रहा है।

### मांस की दुकानों को पुलिस ने बंद करवाया

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साधू लीलाराम वासवानी के जन्मदिवस पर सरकार के मांस की दुकाने बंद रखने के आदेश पर थाना पुलिस ने कस्बे की मांस की दुकानो को बंद करवाया। कस्बे के मनकी तिराहे व बेरी रोड़ पर लगभग आधा दर्जन कच्चे मांस की दुकाने संचालित है जिनको सरकार के आज स्वतन्त्रता सेनानी साधू लीलाराम वासवानी के जन्मदिवस पर मांस की दुकानें बंद रखने के आदेश के बाद इन मांस की दुकानों को बंद करवाया है।

### दस्यु गौरी यादव मामले की मजिस्ट्रीयल जांच शुरु

**चित्रकूट।** उपजिला मजिस्ट्रेट मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि तीस अक्टूबर को थाना बहिलपुरवा के मारो बंधा जंगल में हुई पुलिस मुठभेड में दस्यु गौरी यादव उर्फउदयभान यादव पुत्र अज्ञात मारा गया था। मृतक गौरी यादव पर कई आर्म्स एक्ट के अभियोग थे। उसके अलावा 10-12 व्यक्ति नाम-पता अज्ञात पंजीकृत हैं। जिला मजिस्टेऊट ने मजिस्ट्रेरियल जांच को पुनः नामित किया है। वह मामले की जांच कर रहे हैं। जिस किसी को भी साक्ष्य या बयान देना हो छह दिसम्बर तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकते हैं।

### खकसीस बिजली उपकेंद्र से आपूर्ति दस घंटे रहेगी बंद

**जालौन (उरई)।** हाईटेंशन लाइन में काम होने के कारण शुक्रवार को 10 घंटे खकसीस बिजली उपकेन्द्र बंद रहेगा। उपकेन्द्र बंद रहने के इस उपकेन्द्र के गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ ने बताया कि उरई अलीगढ़ के लिए 765 के वी बिजली की हाई टेंशन डाली जा रही है। इस लाइन में शुक्रवार को काम होना है। काम होने के कारण शुक्रवार की सुबह 8 बजे से सांय बजे तक खकसीस बिजली उपकेन्द्र बंद रहेगा। उपकेन्द्र बंद होने के कारण खकसीस, छिरिया सलेमपुर, अमखेड़ा, चाकी समेत इस केंद्र के सभी गांवों की 10 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### मौरंग खदान में पांच पोकलैंड मशीनों को किया सीज

**हमीरपुर।** आज उपजिलाधिकारी संजय कुमार मीणा ने कुरारा क्षेत्र मे तीन मौरंग खदानों का निरीक्षण किया जिसमे 10.33 खंड संख्या में मौरंग खनन करती पांच पोकलैंड मशीने पायी गयी। सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बेरी क्षेत्र में ज्यादातर मौरंग खदानों में पोकलैंड मशीनो से मौरंग खनन किया जा रहा है आज डीएम के आदेश से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने 10.29,10.29, व 10.33 में छापामारकर पांच पोकलैंड मशीनों को सीज कर दिया है।

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहपुर निवासी ज्योति पत्नी संतोष ने बताया कि उसकी शादी को 6 वर्ष हो गए है। उसका एक बच्चा भी है। बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति शराब पीने का आदि है। शराब के नशे में वह उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता है।

## चोर लाखो के जेवर व नगदी उठा ले गये

**कुरारा( हमीरपुर )।** कुरारा कस्वा में चोरो ने घर में घुसकर लाखो रुपये के जेवर व नगदी उठा ले गये। पुलिस मौके पर जाकर छानबीन शुरु कर दी है। कस्वे में किराए के मकान में रघुलेश सोनकर की पत्नी रेखा अपने 4 माह के बच्चे के साथ रहती है रेखा ने बताया की रघुलेश सूरत में मेहनत मजदूरी करता है। जिस मकान में वो रहती है उसके छत की सीढ़ियों में दरवाजा नही लगा वही से बुधवार रात करीब 1 बजे 3 अज्ञात लोग अपना मुंह बांधे हुए घर के अंदर घुसे और महिला के सीने में कुल्हाड़ी लगा शांत रहने को कहा और अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे 12500 रुपये व 200 ग्राम चांदी की तोड़िया, 5 जोड़ी बिछिया चांदी की बच्ची की चांदी की तोड़िया 5 तोला ले गए और जाते जाते महिला को शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। चोरो के भाग जाने के उपरांत महिला ने शोर मचाया तब उनके पड़ोसी व बगल में रहने वाला उसका देवर आये और डायल 112 को फोन किया तब पुलिस पहुची और मौके का निरीक्षण किया।

# रैपुरा पुलिस ने एक लाख रुपये समेत चोर दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर रैपुरा थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने वांछित स्माइल को दबोचकर चोरी गये एक लाख रुपयों के साथ दबोचने में सफलता प्राप्त की है। ज्ञात है कि 18 अक्टूबर को मिथलेश कुमार पुत्र शिवशम्भू निवासी छेछरिहाखुर्द थाना कोतवाली कर्वी ने रैपुरा थाने में सूचना दी कि स्माइल पुत्र गुलशन, आफताब उर्फ शानू पुत्र सदरे आलम, अरशद उर्फ गूंगा पुत्र अब्बाश निवासी बुधुवा निकट सब्जीमंडी थाना घूरपुर जिला प्रयागराज व कलीम उर्फ कल्लू पुत्र तूतन निवासी मंतोलिया का पूरवा कर्माबाजार घूरपुर तथा गोविन्द मौर्य पुत्र सुखराम निवासी जसरा गौहनिया घूरपुर ने यूपी 70-एफजी/3705 टैम्पो में सवार होकर उसके शूटकेस से एक लाख 10 हजार रुपये चोरी कर लिए।

पुलिस ने मामला दर्जकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर चोरी के छह हजार रुपये व टैम्पो बरामद कर लिया है। शेष अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। गुरुवार को स्माइल पुत्र गुलशन को दबोचकर एक लाख रुपया बरामद किया है। टीम में दरोगा अनिल गुप्ता व सिपाही बलराम यादव शामिल रहे। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा सूबेदार बिन्द की टीम ने मनोज पुत्र छोटेलाल निवासी कनकोटा व राममिलन पुत्र रामऔतार निवासी मिनतारा खरखर थाना किशुनपुर जिला फतेहपुर को दबोचकर पूंछताछ की। दोनों ने रात्रि में जानवर चोरी करने की बात कबूली। इनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद कर चालान किया है।



पुलिस गिरफ्त में रुपये समेत चोर।

## ट्रक की टक्कर से मारुति चालक की मौत परिवार बाल-बाल बचा

संवाददाता। हमीरपुर

**सुमेरपुर क्षेत्र** में आज ओवरलोड ट्रक ने पीछे से मारुति में टक्कर मार दी जिससे चालक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी,जब कि उसका परिवार बाल बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक कानपुर निवासी अनूप कटियार (30) अपनी मारुति कार से मौदहा से कानपुर जा रहा था गाड़ी में उसके परिवार के लोग सवार थे, जैसे ही गाड़ी पावर हाउसके सामने पहुची तभी ट्रक ने मारुति में टक्कर मार दी जिससे अनूप गंभीर रुप से घायल हो गया उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा पर इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी,गाड़ी खड्ड में गिरने से चकनाचूर हो गयी मगर उसमें बैठे अनूप के परिजन बच गये। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# स्वामी ब्रम्हानंद की जयंती मनाने को विधायक ने सीएम से भेंट की

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**स्वामी ब्रम्हानंद** की जयंती को पूरे प्रदेश में मनाये जाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वामीजी के जन्मोत्सव पर आने का न्योता भी दिया। विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि शिक्षा सहित अन्य मामलों में पिछड़े इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाकर पूज्य स्वामी ब्रम्हानंद महाराज ने कस्बे के पनवाड़ी मार्ग पर स्वामी ब्रम्हानंद इंटर कालेज, स्वामी ब्रम्हानंद संस्कृत महाविद्यालय व ब्रम्हानंद स्नाकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना कराई। इसके साथ ही क्षेत्र में विश्वविद्यालय बनाये जाने की भी उनकी इच्छा थी। जिसको पूरा करने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं।

बताया कि ऐसे त्यागमूर्ति, संतप्रवर, तपोनिष्ठ महापुरुष जिन्होंने अपने पूरे जीवन भर द्रव्य को अपने हाथों से छुआ तक नहीं और पूरा जीवन समाज के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया हो, उनकी जयंती को पूरे प्रदेश में मनाया जाना चाहिये। जिस पर उन्होंने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर उन्होंने स्वामीजी की जयंती पर आने का न्योता देते हुए स्वामीजी की जयंती पूरे प्रदेश में मनाई जाने को लेकर व नगर में स्वामी ब्रम्हानंद विवि बनाये जाने की मांग की। बताया कि मुख्यमंत्री ने समय मिलने पर स्वामीजी जयंती पर नगर में आने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान ब्रम्हानंद महाविद्यालय के अनुवंशिकीय व पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डा.सुरेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री को स्वामीजी की जयंती का न्योता देती विधायक व महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष

# भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी ने प्रभारियों को दिया चुनावी मंत्र

**कोंच (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडलों के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं मंडल मोर्चा अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक गत रोज बुधवार की शाम स्थानीय अभिलाषा पैलेस में प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी/मंदसौर सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गयी।

बैठक की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा प्रेरणा पुंज दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर की गयी, तदुपरांत क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र निरंजन की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सह चुनाव प्रभारी ने स्थानीय स्तर पर सभी प्रभारियों से विधानसभा चुनाव में प्रण प्राण से जुट जाने का मंत्र देते हुए कहा कि पार्टी की ताकत ही आप सभी लोगों से है।बैठक का संचालन जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी ने किया।बैठक के अंत में विधायक मूलचंद्र निरंजन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना, जिला प्रभारी संजीव श्रृंगीऋषि, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, विधानसभा प्रभारी आशीष पालीवाल, नगर प्रभारी व उरई नगर पालिका अध्यक्ष, अनिल बहुगुणा, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू, बिस्तारक अक्षय सहित नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया,ग्रामीण अध्यक्ष दशरथ पटेल, जिला मंत्री अंजू अग्रवाल,अमित निरंजन, विनोद गुर्जर, अमित बादल, शत्रुघ्न सिंह, ब्रजभूषण कुशवाहा, गजेंद्र सिंह, प्रमोद कठेरिया, विवेक कुशवाहा,अंजू सिंह ठाकुर, कमलेश चौपड़ा, केशरीमल तरसौलिया, शम्भूदयाल स्वर्णकार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कोंच शीलू पटेल, अनिरुद्ध सिंह नदीगांव आदि मौजूद रहे।



मंच पर एकजुटता का प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

# विशेष बूथ दिवसःमतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को उमड़ी भीड़

## एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**जारी मतदाता** पुनरीक्षण अभियान के तहत गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा माधोगढ़ विधानसभा के अंतर्गत कुल 236 व उरई विधानसभा(आंशिक) के अंतर्गत कुल 55 मतदेय बूथों पर आयोजित विशेष बूथ दिवस पर सभी बूथों पर काफी संख्या में वयस्क जुटे जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम बढबाने,पता दुरुस्त कराने, फोटो बदलबाने सहित अन्य त्रुटियों के सुधार हेतु अलग अलग फॉर्म भरकर बीएलओ के समक्ष जमा किये। एसडीएम रामकुमार ने बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ की उपस्थिति देखी। विदित हो कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाये जा रहे उक्त अभियान को लेकर गंभीर जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों से इतर गुरुवार को विशेष बूथ शिविर का आयोजन किया जबकि रविवार को भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किया जायेगा।

वहीं नदीगांव में विशेष मतदाता अभियान के तहत बीएलओ की शिविर में ड्यूटी लगाई गई, जिसमें 194 नए वोट बनाए गए जबकि फोत हो चुके या माइग्रेट कर गए 75 वोट काटे गए। बूथ संख्या 356 पर 40 वोट बढे 7 वोट कटे, 357 पर 70 बढे 7 कटे, 358 पर 18 बढे 6 कटे, 359 पर 18 बढे 6 कटे, 360 पर 28 बढे 34 कटे, 361 पर 20 बढे 15 कटे। बीएलओ वीर प्रताप सिंह, अंकित अग्रवाल, जितेंद्रनाथ अग्रवाल, सरस्वती नंदन, केशवेंद्र, महेंद्रप्रताप सिंह, दीपेंद्र राठौर, अश्विनी राय आदि बीएलओ बूथों पर उपस्थित रहे।

# जालौन में दो दिनों से गायब युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

## एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दूसरा फरार

**जालौन ( उरई )।** दो दिन पूर्व रात में गायब हुए युवक का शव बुधवार की रात गांव के बाहर सुनसान स्थान पर खेत के पास पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर पिता की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी को पकड़ा है जिससे पुलिस पूछतांछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर निवासी सतेंद्र बुधौलिया (22) पुत्र राजकिशोर व उनके साथी छोटे साहब (30) व शिवपाल (48) का मंगलवार को पार्टी मनाने का प्रोग्राम बना। तीनों लोग मंगलवार की रात करीब 8 बजे शिवपाल के घर पहुंचे। वहीं तीनों ने मिलकर दाल टिक्कड़ बनाए और देर रात तक साथ बैठकर दारू पी। इसी रात करीब 12 बजे छोटे साहब और सतेंद्र का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के साथ दोनों के बीच गाली, गलौज के साथ ही हाथापाई भी शुरू हो गई। शिवपाल ने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन नशे में धुत्त तीनों को कुछ नहीं सूझा। छोटे साहब ने घर में रखे चाकू को उठा लिया और उनसे सतेंद्र पर वार कर दिया। नशे के चलते सतेंद्र जमीन पर गिर गया तभी छोटे साहब व शिवपाल ने मिलकर चाकू से गला रेतकर सतेंद्र की हत्या कर दी। जब उन्हें सतेंद्र की हत्या होने का अहसास हुआ वह अपना बचाव सोचने लगे। रात में करीब 2 बजे पहले तो उन्होंने उसे उठाकर बाहर फेंकने की कोशिश की। जब नशे के चलते वह उसके शव को नहीं उठा सके। तो उन्होंने मिलकर शव के गले में रस्सी डाली और रस्सी से शव खींचकर घर से करीब 200 मीटर दूर भगवानदास के खेत के पास उसे छोड़कर चले गए। शव को ठिकाने लगाने के बाद शिवपाल अपने घर चला गया और छोटे साहब फरार हो गए। तीनों ही व्यक्ति शराब के लती होने के चलते अक्सर घर के बाहर रहते थे। इसलिए रात में सतेंद्र के घर न लौटने पर किसी ने उसको खोजने की कोशिश नहीं की। जब बुधवार की सुबह तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू हुई। पिता ने बताया कि मंगलवार की रात शिवपाल और छोटे साहब सतेंद्र को घर से लेने आए थे। सुबह जब उन्होंने शिवपाल के घर जाकर सतेंद्र के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह तो रात में ही शराब पीकर चला गया। पूरे दिन तलाश करने के बाद भी सतेंद्र का कोई पता नहीं चला। देर शाम करीब 7 बजे गांव के कुछ किसान जब उसे रास्ते से निकले तो उन्हें सतेंद्र का शव पड़ा मिला। सतेंद्र के शव के गांव के बाहर पड़े होने की जानकारी मिलते ही परिजन व गांव के लोग वहां पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी।

# लाखों की आबादी के लिए बन रही सड़क में उड़ रहीं मानकों की धज्जियां

● प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में छह माह में नहीं पड़ पाई गिट्टी, जगह-जगह हुआ निपटाऊं काम

संवाददात। रायबरेली



**ऊंचाहार** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लाखों की आबादी के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण में भारत सरकार सड़क निर्माण नियमों को धता बताकर काम किया जा रहा है। अधिकारी इस कदर बेपरवाह है कि छह माह से इस सड़क पर अभी तक गिट्टी भी नहीं पड़ पाई है। लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग से पट्टी रहस कैथवल , कल्याणी गांव होते हुए खरौली मार्ग तक बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के साथ ही मानकों को धता बता दिया गया है। सात जून 2021 से इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ है । इसे एक साल के अंदर पूरा करना है । साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क की लंबाई करीब 12 किमी है। इसमें 34197 घन मीटर गिट्टी पड़नी है। किन्तु सड़क खोदकर उसी गिट्टी के ऊपर नाम मात्र की गिट्टी डाली जा रही है। राजमार्ग से शुरू होकर जैसे ही अड्डा गांव पहुंचेंगे आपको डाली गई गिट्टी का मानक नजर आ जाता है। पहले से बनी सड़क को खोदा गया है और इसमें पहले की गिट्टी को उखाड़ कर नए निर्माण में प्रयोग किया जा रहा है। सड़क के किनारे मिट्टी की भराई भी नहीं की गई है । जिससे सड़क के जीवन पर अभी से सवाल उठने शुरू हो गए है।

### काली बालू के साथ मिट्टी भी

सड़क में गिट्टी के साथ काली बालू का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमे मिट्टी मिली हुई है। इसी के ऊपर आगे का निर्माण होना है। किन्तु जब शुरुआती गुणवत्ता के साथ समझौता किया जा रहा है तो आगे का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है।

### काफी हिस्से में अभी भी गिट्टी नहीं

राजमार्ग से शुरू होकर खरौली मार्ग तक पूर्व में निर्मित सड़क में कई स्थानों पर ऊंचाई है । जहां अभी तक गिट्टी नहीं डाली गई है । आसपास के लोगों ने आशंका जाहिर की है कि यहां पर बिना गिट्टी डाले ही सड़क निर्माण करने की तैयारी है। कल्याणी गांव निवासी बुधराम ने बताया कि गांव के अंदर जहां सड़क बनाई जा रही है, उसके किनारे नाली निर्माण जरूरी है, किन्तु नाली बनाने के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है। जिससे निर्माण एजेंसी की नियति पर सवाल खड़ा होता है।

### गंगा के कछारी क्षेत्र में होता है कटान

यह सड़क पूरी तरह गंगा नदी के कछारी क्षेत्र में हो रहा है। यहां की मिट्टी में बालू है। जिससे बरसात के दिनों में काफी मिट्टी का कटान होता है। बनाई जा रही सड़क के किनारों को यदि मजबूत नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में सड़क बहने का खतरा बना रहेगा।

## जहरीले कीड़े के काटने से युवक की हुई मौत

**लालगंज, रायबरेली।** विकासखड लालगंज के सरांय बैरिहाखेडा गांव में जहरीले कीड़े के काटने से एक छात्र की मौत हो गई है।मिली जानकारी के अनुसार प्रीतू (18) पुत्र अवध बिहारी अपने खेत में पानी लगा रहा था।तभी अचानक पानी मेड से कटकर बाहर जाने लगा।जिसको रोकने के लिये प्रीतू हाथों से मिट्टी के द्वारा कटे बंधे को बांधने लगा।तभी किसी कीड़े ने उसकी उंगुली में काट लिया।प्रीतू के चीखने पर अन्य मौजूद लोगों ने उसे लालगंज सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद डाक्टरों ने प्रीतू को जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया।जहां दौरान इलाज उसकी मौत हो गई।प्रीतू के पिता किसान हैं।प्रीतू चार भाइयों में सबसे छोटा है।वह डा0 राम मनोहर लोहिया विद्यालय खजूरगांव मे बीए प्रथम वर्ष की पढाई कर रहा था।उसकी अचानक मौत से परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बछरावां प्रीमियर लीग में ग्लोबल स्टार्स और एनडीबीजी ने हासिल की उम्दा जीत

संवाददाता। बछरावां, रायबरेली



**बछरावां** कस्बे के किदवई पार्क में खेले जा रहे बछरावां प्रीमियर लीग टी20 मैचों की श्रृंखला में गुरुवार को दो मैच खेले गए, जिसमें पहली पाली में ग्लोबल स्टार्स लखनऊ आई एम ए के बीच मैच खेला गया। जिसमें ग्लोबल स्टार्स के कप्तान अभिषेक मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 32 रनों की पारी खेली और जीत के लिए आई एम् ए को 114 रनों का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करने उतरी आई एम् ए 80 रनों पर सिमट गई। विजई टीम के हीरो रहे सत्यम साहू जिन्होंने चार विकेट लेकर मात्र 6 रन ही दिए और 33 रनों से अपनी टीम को जीत दिलाई।दूसरी पाली में एनडीबीजी लखनऊ ने श्री शारदा स्पोर्ट्स स्पोर्ट्स रायबरेली के सामने 101 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जिसका पीछा करने उतरी एनडीबीजी लखनऊ ने 7ओवर शेष रहते 5 विकेट से मैच जीत लिया। जिस के हीरो रहे फैजनुल रहमान जिन्होंने चार ओवर में 3 विकेट झटके और अपनी टीम को 5 विकेट से जीत दिलाई।निर्णायक की भूमिका में अभिषेक शुक्ला तथा पंकज तिवारी ने सूझ बूझ के साथ मैचों को संपन्न कराया। आयोजक मंडल से नगर पंचायत अध्यक्ष राम जी, सचिव दीप चंद्र मिश्रा, मोहम्मद साहिल, सोनू सिंह, जितेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर ले जाया गया जहां दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर निवासी कासिम पुत्र असीम एवम अलीराज पुत्र दोष मोहम्मद हैदरगढ़ से इन्हौना की तरफ आ रहे थे तभी चिलौली गांव के निकट गलत दिशा की ओर से आ रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर ले जाया गया जहां चिकित्सक डॉ सन्तोषगुप्ता ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## जूनियर हाईस्कूल भिनगा में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित

संवाददाता। श्रावस्ती, भिनगा

**विकास** खण्ड हरिहरपुर रानी के जू0 हा0 स्कूल भिनगा के प्रांगण में गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान में एलिम्को कानपुर के तकनीकी सहयोग से आयोजित विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग बच्चों के उपकरण वितरण कैम्प लगाकर उन्हें उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार किया जाये उन बच्चों में दिव्यांग बच्चे भी शामिल हैं। जरूरत इस बात की है कि हम इन बच्चों को चिन्हित करते हुए लोगों को इस भावना से अवगत कराएं कि ये बच्चे भी समाज के मत्वपूर्ण अंग हैं एवं इनके अन्दर भी अद्भुत आत्मविश्वास है प्रायः हम ऐसे बच्चों को कमजोर समझकर इन्हें वंचित वर्ग में रखते हैं जिससे एक तो इनके अन्दर का आत्मविश्वास समाप्त होता है वहीं दूसरी तरफये बच्चे कभी



भी अपने समाज का महत्वपूर्ण अंग नहीं बन पाते है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम समाज को सही दिशा दे सकते हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अनिवार्यता है चाहे वह बच्चा दिव्यांग ही क्यों न हो। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को दिये जा रहे उपकरणों के सहारे ये बच्चे अपने समस्त कार्य सम्पादित कर पायेंगे और शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ पायेंगे। जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि जू0हा0 स्कूल में वितरण हेतु 28 व्हील चेयरए 26 ट्राईसिकिलए 14 ब्रेल किटए 36 बैशाखीए 24 सी0पी0 चेयरए 41 रोलेटरए 16 ब्रेल स्लेट एवं 16 ब्रेल किटए 102 हियरिंग एड के लिए बच्चों का चयन किया था जिन्हें आज उपकरण वितरित किया जा रहा है। कैम्प में एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञ नीरज कुमारए प्रास्थेटिक एण्ड ऑस्थेटिकए सचिन सक्सेना एंव हसनैनए फेब्रीकेटर एवं मनोज कुमार ऑडियोलॉजिस्ट के द्वारा बच्चों को उपकरण दिये जाने हेतु पात्रता की जांच की गयी।

## छिनैती गिरोह के दो बदमाश असलहे समेत गिरफ्तार

**नसीराबाद सलोन, रायबरेली।** विभागीय सक्षम अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध सक्रिय सलोन कोतवाली पुलिस ने लूट व छिनैती गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी और उपनिरीक्षक पंकज सोनकर मय हमराही आरक्षीगण अनिल कुमार, योगेन्द्र और धर्मवीर आदि गुरुवार को अगई बार्डर पर वाहनों की जाँच व संदिग्धों की तलाशी कर रहे थे, उसी दौरान लूट व छिनैती करने वाले दो लोग हत्थे चढ़ गये। प्रतापगढ़ जनपद के थाना लालगंज क्षेत्र के रामपुर बावली गाँव निवासी मोहम्मद असलम उर्फ आजम उर्फ गोलू पुत्र मोहम्मद शाहिद और ऊँचाहार क्षेत्र के लक्ष्मीगंज बाजार निवासी तसव्वर पुत्र मोहम्मद हबीब को हिरासत में लेकर पुलिस ने उनके पास से एक अदद 315 बोर तमंचा, दो जीवित कारतूस, एक मोटर साइकिल तथा लूट के 2100 की नकदी बरामद कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष का निधन

**नसीराबाद/डीह,रायबरेली।** काँग्रेस के लिये समर्पित, हँसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व, सबके सुख-दुःख का भागीदार अब नहीं रहा।सलोन विधानसभा क्षेत्र के डीह ब्लॉक काँग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजय मिश्र का आज गुरुवार को दोपहर में घर पर ही दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।जिस समय उन्हें दौरा पड़ा, उनकी पत्नी श्रीमती मोहिनी मिश्रा स्कूल में थीं।वे प्राथमिक विद्यालय बिरनाव दयालपुर में शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत हैं। सूचना मिलते ही वे आनन-फानन में घर पहुँचीं लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।संजय मिश्र ग्राम पंचायत बिरनाव, विकास क्षेत्र डीह के निवासी थे। वे काँग्रेस के लिए समर्पित और क्षेत्र में विशेष रूप से लोकप्रिय थे।

### तीन दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण जागरूकता प्रशिक्षण

**रायबरेली।** महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण स्वरोजगार के अन्तर्गत तीन दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण जागरूकता प्रशिक्षण का समापन राजकीय फल सरंक्षण केंद्र, द्वारा चलाये जा रहें जागरूकत प्रशिक्षण का समापन हुआ इस बीच छोटे लाल सेनि प्रभारी एसऽएम असकरी पूर्व प्रभारी फल सरंक्षण केंद्र, अरविन्द कुमार वैश्य, बाला जी सेवा संस्थान की टेनर श्रीमती सपना तिवारी रायबरेली विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे प्रेयोगात्मक कार्य के अतिरिक्त सेब का जैम, संतरा स्कैश, चिप्स, पापड़, बरी बनवाई गई प्रतिनिधि प्रधान, रामपुर सुदौली सुरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण का समापन किया गया प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### इन्हौना को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तिलोई,अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत इन्हौना को नगर पंचायत बनाने को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी तिलोई को ज्ञापन सौंपा है। सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र इन्हौना कस्बे के निवासी नगर पंचायत बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष मो0 आदिल के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी तिलोई शिवानी सिंह को ज्ञापन सौंप इन्हौना कस्बे को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में समिति के सदस्यों ने नगर पंचायत बनाने सम्बंधी तर्क भी प्रस्तुत किये है। दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में 1985.86 में इन्हौना कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया था किंतु जिसे शासन ने 15 दिनों के भीतर पुनः वापस ले लिया गया था। कस्बे को नगर पंचायत बनाने के लिए पर्याप्त जनसंख्या भी मानक के अनुरूप है।इन्हौना कस्बे की वर्तमान में जनसंख्या लगभग बीस से पच्चीस हजार के करीब है।ग्राम सभा इन्हौना की आबादी को देखते हुए नगर पंचायत बनाया जाय जिससे इन्हौना की जनता को नगरीय सुविधा मिल सके।उपजिलाधिकारी तिलोई शिवानी सिंह ने बताया कि नगर पंचायत बनाने संबंधी प्रस्ताव को उच्चाधिकारियों को भेज दिया जाएगा।

### कस्बे से दो बाइक हुई चोरी

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर में दो बाइक चोरी की घटनाएं हुई हैं।निराला नगर आलमपुर निवासी सुशील कुमार की हीरो हांडा स्प्लेंडर बाइक दरवाजे से चोरी चली गई है।वहीं कोरिहाई लालगंज निवासी हर्ष सोनी पुत्र संतोष सोनी की भी बाइक चोरी चली गई है।दोनों बाइक चोरी की घटनाओं की शिकायत पीड़ितों ने लालगंज पुलिस से की है।

### ढाबे पर खड़े दो खडे ट्रकों से 50 हजार का डीजल चोरी

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के शोभवापुर स्थित शर्मा ढाबा पर खडे दो ट्रकों से 50 हजार रूपये का डीजल चोरी चला गया है।यह चोरी की घटना बुधवार की रात हुई है।मामले की जानकारी देते हुये ट्रक मालिक शोभवापुर निवासी गुड्डू द्विवेदी पुत्र गणेश प्रसाद ने बताया कि उनके दो ट्रक शर्मा ढाबा पर खडे थे।रात में अज्ञात लोगों ने डीजल चोरी किया है। उन्होंने मामले में शर्मा ढाबा की मिली भगत की शिकायत की है।

### चुनाव को लेकर बूथों की जांच-पड़ताल शुरू

**लालगंज, रायबरेली।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बूथों की सघन जांच शुरू हो गई है।इस बाबत जानकारी देते हुए 179 हरचन्दपुर विधानसभा के उपनिर्वाचन अधिकारी एसडीएम लालगंज विजय कुमार ने बताया कि आयोग के निर्देशो के तहत प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई।बैठक में सीओ लालगंज महिपाल पाठक,तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह सहित सम्बंधित थानो के प्रभारी निरीक्षक और राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।बैठक में संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों को लेकर चर्चा हुई है।एसडीएम ने बताया कि मौके पर जाकर सभी बूथों का निरीक्षण कर स्थलीय जानकारी ली जायेगी और बूथों के बाबत सही जानकारी आयोग को भेजी जायेगी।

### 28 नवम्बर को श्री फाउंडेशन के नेतृत्व में लग रहा है स्वास्थ्य मेला

**लालगंज, रायबरेली।** श्री फाउंडेशन के तत्वाधान में एक विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज के परिसर में आयोजित हो रहा है।यह जानकारी देते हुए श्री फाउंडेशन के चेयरमैन मनोज द्विवेदी ने बताया कि 28 नवम्बर दिन रविवार को स्वास्थ्य मेला लगेगा, जिसमें लोगों को प्रसिद्ध विशेषज्ञ डाक्टरों से इलाज का अवसर उपलब्ध होगा।शिविर में सर्जन,फिजीशियन,हड्डी रोग विशेषज्ञ,बाल रोग विशेषज्ञ,महिला रोग विशेषज्ञ,नाक कान गला विशेषज्ञ आदि चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।सभी तरह की जांच व दवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी।समाजसेवी मनोज द्विवेदी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की है।

### अनुश्रवण समिति की बैठक केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी की अध्यक्षता में 27 नवम्बर को

रायबरेली जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक 27 नवम्बर 2021 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन सभागार में मा0 भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओ कार्यो की अद्यावधिक प्रगति रिपोर्ट के साथ उक्त तिथि के समय से बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें।

### अन्तिम बार 27 नवम्बर को बैठेंगे बीएलओ

**लालगंज, रायबरेली।** 27 नवम्बर को अंतिम बार बीएलओ बूथों पर मौजूद रहेंगे।इस बाबत जानकारी देते हुए एसडीएम विजय कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। बीते एक माह से दावे और आपत्तियां प्राप्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। एक जनवरी 2022 को जिन लोगों की आयु 18 वर्ष पूरी हो रही है वे 27 नवम्बर को बूथ पर जाकर फार्म भरकर अपना नाम बढ़वा सकते है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की अहम बैठक

**श्रावस्ती।** आगामी 28 नवम्बर को आयोजित होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बैठक की उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)- 2021 की परीक्षा का आयोजन आगामी 28 नवंबर को दो सत्र में आयोजित होगा। प्रथम पाली में प्राथमिक स्तर प्रात: 10 बजे से साढ़े बारह बजे एवं द्वितीय पाली उच्च प्राथमिक स्तर अपरान्ह ढाई से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में निर्धारित प्रथम पाली में 5 केन्द्रों पर व द्वितीय पाली में 3 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होनी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलए सचल दल प्रभारी एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर दो पर्यवेक्षक ;प्रशासन व शिक्षा विभागद्ध को परीक्षा केन्द्रवार तैनात करने हेतु निर्देश दिया गया है। जिले में अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगाए चौधरी राम बिहारी बुद्ध इण्टर कालेज श्रावस्तीए जनता इण्टर कालेज पटना खरगौराए जगतजीत इण्टर कालेज इकौना एवं राजा वीरेन्द्रकान्त महाविद्यालय भिनगा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। प्रथम पाली में सभी पांचो परीक्षा केन्द्रों पर 3216 तथा द्वितीय पाली में तीन परीक्षा केन्द्रो पर 1783 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उक्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की शुचिता बनाए रखनेए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं शान्ति विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने व परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रध्गोपनीय परीक्षा सामग्री पहुंचाने हेतु प्रति परीक्षा केन्द्र एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है।

## विशाल ट्रैक्टर रैली आयोजित करेगा किसान मोर्चा: सचेन्द्र प्रताप सिंह

**अमेठी।** आज जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज पर बीजेपी किसान मोर्चा अमेठी की बैठक संपन्न हुयी जिसमें 28 नवम्बर को गौरीगंज के रणंजय इंटर कॉलेज मैदान मे होने वाली ट्रैक्टर रैली की तैयारी का जायजा लिया गया। जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सचेंद्र प्रताप सिंह जी ने किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों से ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने की अपील की। केंद्रीय मंत्री एवम स्थानीय सांसद स्मृति इरानी जी ट्रैक्टर रैली को हरी झंडी दिखायेंगी। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा ए वरिष्ठ नेता विजय किशोर तिवारी के अलावा प्रियंक हरि विजय त्रिपाठी ने भी संबोधित किया और दावा किया कि यह ट्रैक्टर रैली ऐतिहासिक होगी।

## अवैध खनन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली सीज की

संवाददाता। श्रावस्ती, इकौना

**थाना** इकौना अंतर्गत ग्राम कोंडरी दीगर मे अवैध तरीके से राप्ती नदी मे बालू खनन की सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस ने मौके पर पहुचकर अबैध रूप से बालू खनन करते पकड़ लिया चालक व मजदूर मौके से भागने में कामयाब हो गए पुलिस ने पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली को थाने पर लाकर सीज कर कार्यवाही कर रही है। ग्राम कोंडरी दीगर क्षेत्र में राप्ती नदी में अवैध रेत खनन की सूचना मिल रही थी इस दौरान वाछिंत अभियुक्त की तलाश मे समगढ़ा मे भ्रमण कर रहे पुलिस दल को मुखबिर ने ग्राम कोंडरी दीगर के निकट राप्ती नदी से अवैध बालू खनन करने की सूचना दी सूचना मिलते ही



पुलिस टीम हरकत में आ गई टीम बिना समय गवाए मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच कर मौके पर रेत खनन करते समय पहुंच गई। बिना नंबर की पावर ट्रैक ट्रैक्टर ट्राली मे मजदूर रेत भर रहे थे पुलिस टीम पहुँचने की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालक व मजदूर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर इकौना थाने पर लाकर सीज कर कार्यवाही में जुटी है।

## खेल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी: मयंकेश्वर

● विधायक ने किया अशर्फी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

● एक सप्ताह तक चलेगा टूर्नामेंट शुरुआती मैच में मोहनगंज एकादश की एकतरफा जीत

संवाददाता। तिलोई, अमेठी

**स्वस्थ** जीवन के लिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है खेलों से जहां मनोरंजन होता है वहीं सवास्थ्य भी दुरुस्त रहता है। यह उद्गार तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने सिंहपुर विकास क्षेत्र के सातन पुरवा गांव में अशर्फी क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों के समक्ष व्यक्त किए। विधायक ने कहा अभी




क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन के अवसर पर एमएलए — पायनियर

कोरोनाकाल काल में सबसे सुरक्षित वहीं लोग थे जिनका स्वास्थ्य अच्छा था उसमें खासकर व्यायाम व खेलों से जुड़े लोग ज्यादा ही सुरक्षित थे।इसके पूर्व तिलोई विधायक का सातन पुरवा में जबरदस्त स्वागत हुआ। शुक्ला क्रिकेट मैदान पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता पहले मैच की शुरवात से पहले सातन पुरवा प्रधान की गेंद पर चौका मारकर विधायक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अशर्फी क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में अकबर गंज एकादश की टीम को मोहन गंज एकादश ने एक तरफा मुकाबले में दस विकेट से रौंदा। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अकबर गंज की टीम ने निर्धारित बारह ओवर भी नहीं खेल सकी और आठ ओवर में सिर्फ चौबीस रन पर ढेर हो गई। जवाब में मोहनगंज एकादश की टीम सिर्फ तीन ओवर में बिना कोई विकेट खोए पच्चीस रन बना लिए।इस अवसर पर सिंहपुर प्रमुख अंकित पासीएसातन पुरवा के प्रधान अनिल पांडेयएजिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह एप्रधान संघ अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तवए पूर्व प्रधान सकील अहमदएमो शरीफुल्लाएकमर अहमदए विनय शुक्लएरिजवान अहमद प्रधानएकमलेश सिंह आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लूट का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज उ0नि0 राम कृपाल सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह व उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार वर्मा एसओजी प्रभारी द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिए वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर सवार 02अभियुक्त धर्मेन्द्र सरोज पुत्र जोखू नि0 ग्राम बौजलपुर दल्लापट्टी थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ व राम अवध सरोज को मनीपुर के पास से समय करीब 7रू30 बजे प्रातरू गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तो राम अवध के कब्जे से एक अदद बैटराए व अभियुक्त धर्मेन्द्र सरोज को कब्जे से 01 अदद तमंचा 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों लोग अपने गांव के एक अन्य साथी सुरेन्द्र पुत्र चन्दुल के साथ मिलकर 01 नवंबर की रात्रि में इसी मोटरसाइकिल से श्री राम ट्रेडर्स सैठा



रोड आर0टी0ओ0 आफिस गौरीगंज के यहां चौकीदार को मारपीट कर बांधकर गोदाम के अन्दर से 01 अदद धान की मशीनए 01 अदद एल0सी0डी0 टीवीए 01 अदद बैट्रा व इन्वर्टर उठा ले गये थे बरामद बैटरा उसी लूट का है तथा अन्य सामन अपने गाव के तालाब के किनारे में झाडियों मे छुपा कर रख दिया है । अभियुक्तों के निसानदेही पर तानाब के किनारे झाडियों से 01 अदद धान की मशीनए 01 अदद एल0सी0डी0 टीवीए व इन्वर्टर बरामद हुआ । थाना गौरीगंज द्वारा मु0अ0स0 476ध्21 धारा 452ए342ए394 भादवि थाना गौरीगंज मे पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# बेलगाम है यहां की सारी व्यवस्था!

## हाल हरैंया तहसील का

● बिना सुविधा शुल्क लिए काम न करने का आरोप ●आवेदन रिसीव करने तक के लिए तय है रकम ● पैसा न देने वालों को हैसियत प्रमाण-पत्र पर रिपोर्ट के लिए सालभर करना पड़ता है इंतजार●फौजियों को भी नहीं छोड़ जाता, सीएम से की गई उगाही की शिकायत

संवाददाता। बस्ती

**भुक्तभोगियों की मानें तो** हरैंया तहसील की हकीकत यही है। यहां कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क दिए नहीं होता, और अगर किसी ने ऐतराज या विरोध किया तो समझो उसकी खैर नहीं, काम होने लायक भी होगा तो उसे बिगाड़ दिया जाएगा। हालत यह है, कि यहांपर आवेदन रिसीव करने के लिए भी सुविधा शुल्क लिया जाता हैं, और जो नहीं देता उसे रिसिविगं देने से ही इंकार कर दिया जाता है। सरकारी कर्मचारियों के कामकाज का यह आलम हैं, कि अगर उनकी डिमांड पूरी नहीं हुई तो सालभर में भी हैसियत प्रमाण-पत्र पर रिपोर्ट नहीं लग पाएगी। पीड़ित पक्षों की मानें तो ऐसा लगता है, कि पूरा तहसील अनियत्रित हो गया, कोई किसी पर कोई अंकुश नहीं है। अधिकारी इस बात तक की समीक्षा नहीं करते कि क्यों और किस कारण से एक साल बाद भी हैसियत प्रमाण-पत्र पर रिपोर्ट नहीं लगाई जाती? मुख्यालय स्तर पर भी इसकी समीक्षा नहीं होती कि क्यों नहीं आनलाइन के द्वारा आवेदन किए गए प्रार्थना पत्रों का निरस्तारण होता? इस मामले में जब आईएएस अधिकारी एवं एसडीएम हरैंया से बात करने का प्रयास किया गया, तो सीयूजी नंबर 9454415904 बंद मिला। जबकि योगी सरकार कहती है, कि अगर कोई अधिकारी सीयूजी नंबर बंद रखता या फिर जबाव नहीं देता तो उस अधिकारी की शिकायत मुख्यालय करें। अब जरा हैसियत प्रमाण-पत्र के बारे में तहसील के जिम्मेदारों का सच जान लीजिए। करमडाडे निवासी पूर्व सैनिक अमृतनाथ तिवारी ने लगभग दो माह पहले आनलाइन के जरिए आवेदन किया, जब भी वह तहसील रिपोर्ट के बारे में जानने के लिए जाते तो कोई जबाव नहीं मिलता। मामला लेनदेन में अटक गया और रिपोर्ट भी। यहां रुपया मांगने की शिकायत शपथ-पत्र के साथ में सीएम से की गई। यहां तक कि इनके आवेदन तक लेने से यह कहते हुए इंकार का दिया जाता रहा है, कि आवेदन देना हो तो देकर जाओ मगर इसकी प्राप्ति नहीं मिलेगी। बेचारे कई दिन से यह हरैंया के मैडम से मिलना चाह रहे, मगर उनसे मुलाकात ही नहीं हो रही। अब कप्तानगंज के मरवटिया तिवारी निवासी नीतू तिवारी पत्नी धर्म शंकर त्रिपाठी की पीड़ा सुनिए। इन्होंने 28 जनवरी 21 को आनलाइन के जरिए हैसियत प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन किया, मगर आज तक रिपोर्ट नहीं भेजा गया, जबकि पुलिस की रिपोर्ट मुख्यालय पहुंच चुकी। इस महिला को तहसील वालों ने इतना दौड़ाया कि महिला ने तहसील जाना ही छोड़ दिया। इस महिला ने भी सीएम पोर्टल पर शिकायत की, फिर भी कुछ नहीं हुआ।

### जनप्रतिनिधियों का रवैया भी ठीक नहीं

**जिस जिले** में भाजपा के सांसद, पांच विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और 12 ब्लॉक प्रमुख हो, सत्ता प्रशासन उनके साथ हो इसके बावजूद अगर आम जनता का हर स्तर पर शोषण और उत्पीड़न हो रहा हैं, तो इसे आम जनता क्या समझे। पीड़ितों का कहना है, कि अधिकारी और नेताओं को 'महोत्सवो' से अलग होकर आम जनता के दुख दर्द को समझना और उसका निस्तारण करना चाहिए, नहीं तो जिले की जनता जवाब देना भी जानती है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लगेगा

**करनैलगंज** (गोंडा)। नगर के श्रीभगवान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर द्वारा शुक्रवार से एक सप्ताह के लिए निःशुल्क आपरेशन एवं डिलीवरी शिविर का आयोजन किया जायेगा। श्रीभगवान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर ने एक नयी शुरुआत कर क्षेत्रवासियों को तोहफा देने का निर्णय लिया है।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा 27 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक क्षेत्रवासियों की सुविधा हेतु एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। अस्पताल के प्रबन्धक डॉ.रवि वैश्य ने बताया कि शिविर में नार्मल डिलीवरी, हड्डी के समस्त आपरेशन तथा हाइड्रोसील आपरेशन निरूशुल्क किये जायेंगे। साथ ही खून की जांच में विशेष छूट दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक लोग श्रीभगवान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर पर आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं और इस सम्बन्ध में पूरी जानकारी प्राप्त कर शिविर का लाभ ले सकते हैं।

## भाजपा किसान मोर्चा की ट्रैक्टर रैली 28 को

संवाददाता। बस्ती

**केंद्र** और प्रदेश सरकार की नीतियों से लोगों को अवगत कराने के लिए 28 नवम्बर को भाजपा किसान मोर्चा की ओर से जिगिना चौराहे से ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा ने बताया कि यह ट्रैक्टर रैली जिगिना चौराहे से रोडवेज, मालवीय मार्ग से होते हुए कटरा चुंगी आईटीआई ग्राउण्ड पहुंचेंगी। कार्यकर्ताओ द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। टैक्टर रैली शुरू होने से पहले स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री श्रीराम चौहान किसानों को संबोधित करेंगे। उसके बाद हरी झंडी दिखाकर टैक्टर रैली रवाना की जाएगी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भाजपा मण्डलों में बैठक हो चुकी है। यह टैक्टर रैली ऐतिहासिक हो इसके लिए किसान मोर्चा के पदाधिकारी गाँव गाँव जाकर किसानों से टैक्टर लेकर रैली में सम्मलित होने के लिए आग्रह कर रहे है।

## आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**गोंडा।** आगामी 27 नवंबर को बलरामपुर चीनी मिल यूनिट-मैजापुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा एथेनॉल प्लांट के उद्घाटन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आयुक्त देवीपाटन मंडल एस.वी.एस रंगाराव व उप पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने हेलीपैड व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिये।

# जेडीई कार्यालय पर कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार आज



डीआईओएस कार्यालय पर मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**यूपी** एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफीसर्स एसोसियेशन द्वारा 22 सूत्रीय मांगों का वर्षों से निस्तारण न किये जाने के विरोध में प्रांतीय नेतृत्व द्वारा 22 नवंबर 21 से प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव द्वारा अन्न व जल का त्याग कर आमरण अनशन किया जा रहा है। कर्मचारियों की मांगों पर शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण 26 नवम्बर 2021 को मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक, कार्यालय पर कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया है। धरने को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल शिक्षणेत्तर संघ, उप्र द्वारा समर्थन किया गया। कार्य बहिष्कार में कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उप शिक्षा निदेशक (मा), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं राजकीय इका/उमावि के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपदीय अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने धरने की अध्यक्षता की। धरने में अनवर आलम, प्रांतीय संयुक्त मंत्री एवं मण्डलीय अध्यक्ष, अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि शासन/विभाग की तानाशाही रवैये के कारण यह संघर्ष आगे भी चल सकता है, इसलिये तन-मन-धन से संगठन के प्रति एकजुट होकर इस संघर्ष को सफल बनाना हैं। धरने में जेपी सिंह, नफीस अहमद, प्रदीप कुमार, चंद्रेश यादव, अनवर आलम, साधु यादव, आलोक कुमार, प्रभात कुमार, आशीष मिश्रा, बाबूराम चौधरी, अब्दुल्लाह शाह, विमल कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार गौतम, विजय प्रकाश, रमाकांत गौतम, कीर्तेश कुमार मिश्रा, हरिश्चन्द्र, राजेश कुमार, श्रवण कुमार, दयाराम, नवनीत वर्मा, राम जगन, रघुवंश मणि यादव, राम भवन, अजय शर्मा, जमुना प्रसाद, संतोष सिंह, रवीन्द्र कुमार, विनय कुमार उपाध्याय, अजय शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# डोंगे में गन्ना डालकर बजाज चीनी मिल के पेराई सत्र का किया शुभारम्भ

संवाददाता। गोंडा

**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड-कुन्दरखी में पेराई सत्र 2021-22 का शुभारम्भ गुरूवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ इकाई प्रमुख जी0वी0 सिंह द्वारा मिल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नारियल फोड़कर एवं डोंगे में गन्ना डालकर किया गया। इस मौके पर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन भी हुआ। समस्त पूजा-अर्चना आचार्य अनिल कुमार तिवारी एवं पं0 रमाकान्त दूबे द्वारा विधि विधान पूर्वक सम्पन्न करायी गयी। इस दौरान इकाई प्रमुख श्री सिंह ने तौलकांटे की विधिवत पूजा कर उस पर चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुरवा निवासी कृषक राम निरंजन की बैलगाड़ी चढ़वाकर बैलों को माल्यापर्ण कर कृषक को अंगवस्त्र उपहार स्वरूप दिया।

इस दौरान इकाई प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल किसान हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित कृषकों से अपील किया कि चीनी मिल को साफ-सुथरा, ताजा एवं जड़, पत्ती व आगोला रहित गन्ना आपूर्ति करें। यह भी बताया कि कृषकों की समस्याओं के समाधान हेतु मिल परिसर में किसान समस्या समाधान केन्द्र की व्यवस्था है। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के लिए सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इस मौके पर चीनी मिल परिक्षेत्र के कृषक शेषदत्त तिवारी, देवेन्द्र सिंह, जीत बहादुर सिंह, राजेन्द्र प्रकाश तिवारी तथा चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक (उत्पादन) आर.के. सिंघल, महाप्रबन्धक (यांत्रिकी) पी.के पाण्डेय, जोनल हेड मानव संसाधन अखिलेश्वर उपाध्याय, वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक (आई.टी), यू.के. पाण्डेय, सहायक महाप्रबन्धक (वित्त व लेखा) धर्मेन्द्र सिंह, उप महाप्रबन्धक (वित्त व लेखा) एस.एन. शुक्ला, सहायक महाप्रबन्धक (सेल्स) आर.पी. सिंह, गन्ना प्रबन्धक एन0के0 सिंह, सहायक प्रबंधक (रोकड़) आर.पी, शाही, सहायक सुरक्षा प्रबन्धक जे.एन. सिंह, मानव संशाधन के कमलेश कुमार, अर्पित शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी श्रवण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



बजाज चीनी मिल में शुभारम्भ पूजा-अर्चना करवाते यूनिट हेड जी.वी. सिंह पायनियर



डोंगे में गन्ना डालते यूनिट हेड जी.वी. सिंह व अन्य अधिकारीगण पायनियर

# फर्जी मुकदमा वापस हो व सूत की महंगाई पर बुनकरों ने किया प्रदर्शन

● बुनकरों को नहीं मिल रहा है न्यायः हाजी इमामुद्दीन

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद अंसार टोला में उ0प्र0 बुनकर सभा के जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अन्सारी मीडिया प्रभारी नसीम अंसारी के नेतृत्व में बुनकरों ने बृहस्पतिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अन्सारी ने कहा कि बुनकरों के ऊपर विद्युत विभाग द्वारा फर्जी मुकदमें की वापसी आज तक नही हुई बुनकरों के सूत के धागे की महंगाई आसमान छू रही है। 950 रूपये बण्डल मिलने वाला सूत 1550 रू0 बण्डल मिल रहा है। बुनकरों के धागों के बण्डल पर कोई रेट लिखा नहीं होता स्थानीय दुकानदार अपने स्तर से धागे के बण्डल पर बुनकरों से मूल्य लेता है। धागे की महंगाई बढ़ने के कारण पावर लूम लघु उद्योग बन्द होने के कगार पर है धागे का दाम जहां बढ़ रहा है तैयार माल पुरानी ही कीमत पर बिक रहा है। जिससे बुनकर परेशान है। बुनकरो ने कहा कि यदि 15 दिन के अन्दर सरकार ने बुनकरों की समस्याओं का समाधान हीं किया तो बुनकर मजबूर होकर अपना कारोबार बन्द कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर पर मो0 इलियास अंसारी, कौसर अली अन्सारी, सरफुद्दोजा अन्सारी, अफजल हुसेन अन्सारी, ओसामा अन्सारी, एखलाक अन्सारी, मो0 जमा अन्सारी, नबी उल्लाह अन्सारी, भादिल अन्सारी, मो0 हारून अन्सारी, समसुल इस्लाम अन्सारी, समसुलहोदा अन्सारी, वसी अहमद अन्सारी, मो0 शमीम अन्सारी, हिमायतुल्लाह अन्सारी सहित बुनकर शामिल रहे।

# समय-समय पर की जाएं खाद्य सामग्रियों की सैंपलिंग

● डीएम ने खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग के अधिकारियों के संग की बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के जिला स्तरीय कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुयी। जिलाधिकारी द्वारा अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देशित किया गया कि एफ0एस0एम0आई0 के ईट-राईट कैम्पस, ईट-राईट स्कूल, क्लीन एण्ड फ्रेस फ्रूट वेजीटेबिल मार्केट, भोग, क्लीन स्ट्रीट फूड हब के लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होंने अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देशित किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विद्यालय व कोटेदारों को जागरूकता कार्यक्रम करा कर जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं तत्सम्बन्धी विनियम 2011 के बारे में जागरूक करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आवश्यक खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरान्त ही कारोबारी अपने खाद्य कारोबार का संचालन करें, खाद्य पदार्थों जैसे कि मिठाईयों इत्यादि में आवश्यकतानुसार केवल खाद्य रंग का निर्धारित मात्रा के अनुसार ही प्रयोग सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखे कि करोबारी के प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/ऋय/विक्रय/भण्डारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) राम आशरे, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्बंधित अधिकारी व व्यापार मण्डल अन्य स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण उपस्थित रहें।




बैठक करती जिलाधिकारी पायनियर

## विधायक ने बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

# बच्चों ने मोह लिया सबका मन



**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक विद्यालय खलीलाबद के प्रागंण में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी उर्फ जय चौबे ने दीप प्रज्वलित एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उसके बाद हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए विधायक श्री चौबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद अति आवश्यक है इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है। उन्होने कहा कि खेल अनुशासन सिखाने के साथ-साथ नये ऊर्जा का संचार करने में भी सहायक है। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित अन्य मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक इंद्रेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय अध्यक्ष श्रीमती अम्बिका देवी यादव, जिला उपाध्यक्ष सुयेब अहमद, विशिष्ट बीटीसी संघ के अध्यक्ष हरविन्द चौधरी, अमरेश चौधरी, मनोज पाण्डेय, राकेश कुमार, तथा अनुदेशक संघ के पदाधिकारीगण सहित ब्लाक के अधिकांश शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# दलित प्रमुख के गांव 'बायपोखर' के दलितों की बदकिस्मती तो देखिए!

संवाददाता। बस्ती

पायनियर टीम की पड़ताल

● खुले में शौच और चारपाई और फटी साड़ी की आड़ में स्नान करने को मजबूर गांव की महिलाएं

● दलित बस्ती की महिलाएं आजादी के बाद से ही झोपड़ी में रह रही हैं

● पचौरा और बायपोखर दलित बस्ती में अब तक मात्र पांच को मिला आवास









**ब्लॉक** प्रमुखों के गांव के विकास का सच जानने के लिए 'पायनियर' टीम पिछले कई दिनों से गांव का पड़ताल कर रही है। इसी क्रम में साउंघाट के दलित ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार के गांव 'बायपोखर' का पड़ताल किया गया। वैसे विकास के मामले में यह गांव अन्य ब्लॉक प्रमुखों के गांवों से बेहतर हैं, मगर अन्य गांव की तरह इस गांव के दो दलित बस्ती में रहने वाली महिलाओं और बच्चों का बुरा हाल है। इन दलित परिवार को आजादी के बाद से ही आवास नहीं मिला, आज भी दलित परिवार की बहु-बेटियों को चारपाई या फिर फटी हुई साड़ी के आड़ में खुले में स्नान करना पड़ रहा है। हालत यह है, कि झोपड़ी में दरवाजा न होने से महिलाओं को हमेशा अपने साथ होने वाली अनहोनी घटनाओं का डर रहता। एक तरह से इस वीआईपी गांव की महिलाओं के चेहरे से मायूसी और दुख स्पष्ट देखा जा सकता है। यह पहला ऐसी दलित बस्ती है, जहां पर चार अविवाहित महिलाएं अपने मां के साथ खुली झोपड़ी में सिलाई का काम करके किसी तरह जीवन यापन कर रही है। इन दलित परिवारों के बच्चों और उनकी महिलाओं को देखकर नहीं लगता कि अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने इनके विकास के लिए कभी कुछ किया हो। पूर्व प्रधान ने यह कहकर चौंका दिया कि इस गांव में अब तक पांच लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिला। जबकि आवश्यकता 50 की है, क्यों नहीं बीडीओ, एडीओ और सेक्रेटरी की नजर सबसे अधिक जरुरतमंदों पर पड़ी यह आसानी से समझा जा सकता है। गांव वालों ने सबसे अधिक शिकायत कोटेदार के खिलाफ की, कहा कि भले ही सरकार उन्हें निःशुल्क अनाज दे रही है, मगर यहां के कोटेदार पैसा लेकर ही निःशुल्क वाला अनाज देते है। जब इसकी जानकारी प्रधान और ब्लॉक प्रमुख को दी गई तो वह हरकत में आएं, सवाल उठ रहा है, कि जनप्रतिनिधि क्या कर रहे हैं? क्यों नहीं शिकायत करने के बाद भी अनाज नहीं दिलाया जा रहा है। कोटेदार के दंबगई का आलम यह कि कैमरे के सामने कोटेदार गरीबों से निःशुल्क वाले राशन का पैसा ले रही है। गांव में अंडरग्राउंड नाली काफी दिनों बाद देखने को मिली। मगर सफाईकर्मी के न आने से नालियां जाम हो गई। सड़कों का जाल बिछा मिला। मनरेगा श्रमिकों को काम और पूरी मजदूरी मिलने की बाते भी सामने आई।

### अब जरा दलित परिवार की महिलाओं का दर्द सुन लीजिए

**गोविंद कुमार** पत्नी और चार के साथ झोपडी में किसी तरह जीवन बसर कर रही है। कहते हैं, कि शौचालय तो मिला मगर आवास नहीं मिला। पत्नी कहती है, कि खुला होने के कारण कभी-कभी खाना कुत्ता और बिल्ली खा लेती है। खुले में एक स्थान दिखाते हुए कहती है, कि इसी स्थान में फटा कपड़ा डाल कर स्नान करती है। राजेश कुमार को पशुचरनी नहीं मिला। गीता-सुभाष कहते हैं, कि उन्हें आवास और शौचालय दोनों नहीं मिला। खाता कु त्ता खा लेता है। विधावती ने पशुचरनी न मिलने की बात कही। कहा कि एक साल हो गया, गांव की सफाई नहीं हुई। कहती है, जब लेखपाल और सेक्रेटरी नहीं आते तो बीडीओ और एसडीएम कहां से आएंगें। शाती-अमरनाथ ने कहा कि आवास न मिलने से खुले में टूटी-फूटी चारपाई की आड़ में महिलाएं स्नान करने को मजबूर हैं। चार बच्चों के साथ झोपड़ी में रहने वाले शांती-शम्भू ने बताया कि आवास न मिलने से खाना कुत्ता खा लेता है। बिना पिता के बूढ़ी मां के साथ झोपड़ी में रहने वाली चार जवान लड़कियां पूजा, मोनी, प्रेमलता एवं अंजू ने बताया कि कभी-कभी तो झोपड़ी के घर में इज्जत बचाना मुस्लिक लगते लगता हैं,? हमेशा किसी अप्रिय घटना की आशंका से दिन घबड़ा जाता है। फूलचंद्र-शुभम के पास आवास, शौचालय और मनरेगा का जॉब कार्ड तक नहीं है, जबकि यह लोग बाजार में जाकर दिहाड़ी मजदूरी कर रहे है। कहते हैं कि राशन नहीं दिया जाता, जब भी जाओ तो कहा जाता है, कि राशन समाप्त हो गया। रामलखन के पास आवास और शौचालय नहीं। उषा देवी पशुचरनी कर मांग करती। अन्नू-विंदरेवरी को आवास और शौचालय नहीं मिला, कहा कि पांच साल से मनरेगा में काम नहीं मिला। शेषनरायन शुक्ल और उनकी चाची बब्बन शुक्ल कहते हैं कि एक साल से राशन नहीं मिला, बताया कि चुनावी रंजिश का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### ब्लॉक प्रमुख के कार्य और व्यवहार को गांव वालों ने सराहा

**ब्लॉक** प्रमुख बहादुरपुर के रामकुमार के गांव खलीलपटटी, बनकटी मेवाती देवी के गांव देवमी और कुदरहा ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे के गांव छरदही और साउंघाट के प्रमुख अभिषेक कुमार के गांव बायपोखर के पड़ताल में सबसे अधिक गांव वालों ने साउंघाट के ब्लॉक प्रमुख के कार्य और उनके व्यवहार की खुलकर प्रशसा की। सबसे अधिक अंक इन्हीं को मिला। कहा कि यह पहले ऐसे ब्लॉक प्रमुख है, जो नियमित गांव में आकर लोगों से मिलकर उनका हालचाल लेते है। सुखदुख में हमेशा खड़े रहते है। नौजवान अभिषेक कुमार को उन ब्लॉक प्रमुखों में से एक माना जा रहा है, जो भाजपा की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे है। अभी तक इन पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। माना जा रहा है, कि 2022 के चुनाव में भाजपा को इनके होने का लाभ साउंघाट ब्लॉक से मिलेगा। कहा जा रहा है, कि अगर साउंघाट के ब्लॉक प्रमुख की तरह अन्य प्रमुख भी कार्य करने लगे तो भाजपा का मकसद हल हो जाए, मगर इसके लिए मोहमाया को त्यागने की जरुरत है, जो अधिकतर ब्लॉक प्रमुख नहीं कर पा रहे है। गांव वालों ने सभी ब्लॉक प्रमुखों को नशीहत देते हुए कहा कि अगर यह लोग ब्लॉक को माडल नहीं बना सकते तो कम से कम अपने गांव को तो भ्रष्टाचार से मुक्त करा ही सकते हैं। तभी आगामी चुनाव में भाजपा को लाभ पहुंच पाएगा।

# अय्यर और जडेजा ने भारत को संभाला

**कानपुर टेस्ट- पहला दिन**

- टीम इंडिया ने चार विकेट के नुकसान पर 258 रन बनाए
- पुजारा और कप्तान रहाणे बड़ी पारी खेलने में असफल रहे

**भाषा** । कानपुर

**श्रेयस** अय्यर ने अपने पदार्पण मैच में ही छाप छोड़कर नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और रविंद्र जडेजा के साथ अटूट शतकीय साझेदारी निभाई जिससे भारत ने काइल जैमीसन के झटकों से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 258 रन बनाए।

कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टेस्ट कैप हासिल करने वाले अय्यर 75 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। अय्यर ने अब तक 136 गेंदों का सामना करके सात चौके और दो छक्के लगाए हैं। उन्होंने जडेजा (100 गेंदों पर नाबाद 50 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए अब तक 113 रन जोड़े हैं। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल छह ओवर पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया।

इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (93 गेंदों पर 52 रन) की पारी आकर्षण का केंद्र रही। चेतेश्वर पुजारा (88 गेंदों पर 26 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 गेंदों पर 35 रन) अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाए जबकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (28 गेंदों पर 13 रन) मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन (47 रन देकर तीन) ने फिर से भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। उन्होंने सुबह के सत्र में अग्रवाल को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराने के बाद गिल और रहाणे को बोल्ड किया। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी (43 रन देकर एक) ने इस बीच पुजारा की एकाग्रता भंग की। पिच धीमी थी और उस पर गेंद नीचे रह रही थी लेकिन उस पर अपेक्षित टर्न नहीं मिल रहा था जिससे न्यूजीलैंड के तीनों स्पिनरों अयाज पटेल (21 ओवर में 78 रन), विलियम सोमरविले (24 ओवर में 60 रन) और रचिन रविंद्र (सात ओवर में 28 रन) को जूझना पड़ा। गिल और अय्यर दोनों ने स्पिनरों के सामने खुलकर बल्लेबाजी की। अय्यर शुरू में थोड़ा सा असहज दिखे लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी शुरू कर दी तथा संयमित आक्रामकता के साथ रन बटोरे। उन्होंने रविंद्र के खिलाफ खूबसूरत कट और ड्राइव लगाकर 94 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद पटेल और सोमरविले की बारी थी जिन पर उन्होंने लांग ऑन और मिडविकेट पर छक्के लगाए। जडेजा के जैमीसन पर लगाए गए लगातार दो चौके दर्शनीय थे। उन्होंने 99 गेंदों पर अपना 17वां टेस्ट अर्धशतक पूरा करने के बाद चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। जडेजा ने अपनी पारी में छह चौके लगाए हैं।

गिल ने अपने कट और डाइव का शानदार नमूना पेश करके पहले सत्र में न्यूजीलैंड के मुख्य स्पिनर पटेल को बैकफुट पर रखा था लेकिन जैमीसन की फुललैंग्थ गेंद को रक्षात्मक रूप से खेलने के लिए गिल आगे बढ़े लेकिन गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकलकर विकेटों में समा गई। जेम्स एंडरसन ने इस साल के शुरू में उन्हें इसी तरह से आउट किया था। गिल ने अपनी पारी में पांच चौके और पटेल पर छक्का लगाया। पुजारा के पास शतक का लंबा इंतजार समाप्त करने का यह बेहतरीन मौका था। उन्होंने जैमीसन और पटेल पर चौका लगाकर अभी हाथ खोलने का प्रयास किया था कि साउदी की पांचवें स्टंप की लाइन पर की गई गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई ब्लंडेल के दस्तानों में समा गई।

पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2019 में लगाया था। वह पिछले 23 टेस्ट और 39 पारियों से तिहरे अंक में नहीं पहुंचे हैं और इस बीच उनका औसत 28.78 रहा है। रहाणे ने जैमीसन की बाहर जाती गेंद को बैकफुट पर जाकर कट करने के प्रयास में अपने विकेटों पर खेला। इससे ठीक पहली गेंद पर वह डीआरएस लेने के कारण आउट होने से बचे थे। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। इससे पहले रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन भारत ने आठवें ओवर में ही अग्रवाल का विकेट गंवा दिया।



रविंद्र जडेजा को अर्धशतक बनाने की बधाई देते श्रेयस अय्यर



मुंबई के सीसीआई क्लब में बल्लेबाजी का अभ्यास करते टेस्ट कप्तान विराट कोहली



अर्धशतक पूरा करने के बाद शुभमन गिल

## गावस्कर ने सौंपी श्रेयस को पदार्पण पर भारतीय कैप

**भाषा** । कानपुर

**पूर्व** कप्तान सुनील गावस्कर ने गुरुवार को श्रेयस अय्यर को भारत की टेस्ट कैप प्रदान की। इस तरह से मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों से नए खिलाड़ियों को यह प्रतिष्ठित कैप दिलाने की पुरानी परंपरा फिर से जीवंत कर दी। अय्यर भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 303वें खिलाड़ी बने। न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस से पहले अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने उन्हें कैप प्रदान की। द्रविड़ ने गावस्कर को इस विशेष कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। इससे पहले टी-20 श्रृंखला के दौरान द्रविड़ ने हर्षल पटेल को राष्ट्रीय टीम की कैप प्रदान करने के लिए सीमित ओवरों के सबसे सफल भारतीय गेंदबाजों में से एक अजित अगरकर को आमंत्रित किया था। आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों से राष्ट्रीय कैप हासिल करने की परंपरा रही है। भारत में भी पहले ऐसी परंपरा थी लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान या कोई सीनियर खिलाड़ी या सहयोगी स्टॉफ का सदस्य ही पदार्पण करने वाले खिलाड़ी को कैप सौंपता था।



### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: मयंक अग्रवाल का ब्लंडेल बो जैमीसन 13, शुभमन गिल बो जैमीसन 52, चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो साउदी 26, अजिंक्य रहाणे बो जैमीसन 35, श्रेयस अय्यर खेल रहे हैं 75, रविंद्र जडेजा खेल रहे हैं 50

अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 01, नोबॉल 04, वाइड 01) 07

कुल (84 ओवर में, चार विकेट पर) 258

विकेट पतन : 1-21, 2-82, 3-106, 4-145

गेंदबाजी : साउदी 16.4-3-43-1, जैमीसन 15.2-6-47-3, पटेल 21-6-78-0, सोमरविले 24-2-60-0, रविंद्र 7-1-28-0

## अय्यर और गिल के रन जुटाने से पुजारा-रहाणे पर दबाव बढ़ा

**कानपुर**। एक बार फिर विफल होने से चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के लिय समय निकलता जा रहा है और इस बार वे घरेलू परिस्थितियों में ऐसे आक्रमण के खिलाफ अच्छा नहीं कर सके जो आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जितना खतरनाक नहीं था। पुजारा और रहाणे दोनों यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके जबकि पदार्पण करने वाले श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने अर्धशतक जड़ दिए। दोनों ऐसे आक्रमण के खिलाफ जल्दी आउट हुए जिसमें प्रतिभाशाली ट्रेंट बोल्ट शामिल नहीं थे जिनकी सुबह की नमी पर बनाना इनस्विंग बल्लेबाजों के लिए खेलना मुश्किल कर देती है। अय्यर के टेस्ट मैच में इस शानदार पदार्पण से और गिल के बतौर सलामी बल्लेबाज रन जुटाने से निश्चित रूप से कप्तान रहाणे और उप कप्तान पुजारा के लिए इस टेस्ट मैच से खतरे की घंटी जरूर बज जाएगी। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा भी कुछ ही दिनों में कर दी जाएगी और अगर इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को जोहानिसबर्ग जाने के लिए चुना जाता है तो कप्तान विराट कोहली, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सफेद गेंद के कप्तान रोहित शर्मा (जो लाल गेंद के क्रिकेट की थिंक टैंक का अहम हिस्सा हैं) को उन्हें पूरी श्रृंखला देने के लिए काफी भरोसा दिखाना होगा। केएल राहुल के चोटिल होने से पहले गिल को मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उतारने के लिए विचार किया जा रहा था और इस विकल्प को लंबे समय में देखना चाहते थे। वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेले लेकिन गिल का विदेशी सरजमीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रथम श्रेणी स्कोर वेस्टइंडीज में ए टीम के लिए पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 204 रन का है। वह युवा हैं और टीम की इच्छानुसार कोई भी भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे। और अय्यर ने भी अपनी पहली परीक्षा अच्छे स्कोर से पास की है।

## साथियान विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन**। भारत के जी साथियान ने रूस के व्लादीमीर सिडोरेंको को 4-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। विश्व में 37वें नंबर के भारतीय ने 179वीं रैंकिंग के अपने प्रतिद्वंद्वी को 11-9, 11-9, 11-8, 11-6 से हराया। उनका अगला मुकाबला विश्व में 17वें नंबर के नाइजीरियाई खिलाड़ी अरुणा कादरी से होगा। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और विश्व में 30वें नंबर पर काबिज शरत कमल मंगलवार को पहले दौर में हार गए थे। शरत हालांकि साथियान के साथ पुरुष युगल और अर्चना कामथ के साथ मिश्रित युगल में अब भी अपनी छाप छोड़ सकते हैं। शरत और अर्चना ने अल्जीरिया के सामी खेरोफ और कातिया केसाकी को 3-0 से हराकर अंतिम 32 में जगह बना ली है।

## सुबह दूसरी नई गेंद से फायदा उठाने की कोशिश करेंगे: काइल जैमीसन

**भाषा** । कानपुर

**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने गुरूवार को कहा कि भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में जब उनकी टीम दूसरी सुबह गेंदबाजी के लिए उतरेगी तो उन्हें दूसरी नई गेंद से फायदा उठाने की कोशिश करनी होगी। न्यूजीलैंड का पहला प्रयास श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा के बीच बन रही बड़ी भागीदारी को तोड़ना होगा। पहले दिन स्टंप तक इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 113 रन बनाकर भारत को दूसरे सत्र में मिले झटकों के बाद चार विकेट पर 254 रन तक पहुंचा दिया था।

जैमीसन ने 47 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि सुबह नई गेंद थोड़ी ज्यादा स्विंग करेगी और हम उन्हें आउट कर सकेंगे। हम सुबह अच्छी शुरूआत की जरूरत है। मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल और अजिंक्य रहाणे के विकेट झटककर इस लंबे कद के गेंदबाज ने दूसरे सत्र में भारत का स्कोर चार विकेट पर 145 रन कर दिया था। हालांकि पदार्पण कर रहे अय्यर और जडेजा ने अच्छी भागीदारी निभाकर भारत को फिर से लय में ला दिया और न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने भी यह बात स्वीकार की।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत थोड़ा सा आगे चल रहा है। हमने उन्हें झटके देकर अच्छी तरह रोक दिया था। विविधता भरी उछाल वाली पिच पर भारत ने दूसरे सत्र में तीन विकेट गंवाने के बावजूद दिन का अंत अच्छी तरह किया।



## टी-20 विश्व कप को दुनिया भर में रिकॉर्ड दर्शक मिले

**भाषा** । दुबई

**आईसीसी** पुरुषों के टी-20 विश्व को दुनिया भर में रिकॉर्ड दर्शक मिले और 16 करोड़ 70 लाख से अधिक लोगों ने इसे टीवी पर देखा। पांच साल बाद हुए टूर्नामेंट का करीब 10000 घंटे टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 200 देशों में प्रसारण किया गया।

भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ। भरत-पाकिस्तान मैच को भारत में स्टार इंडिया नेटवर्क पर 15.9 अरब मिनट देखा गया। यह मैच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच हो गया। इससे पहले भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2016 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल मैच सबसे ज्यादा देखा गया था। भारत के जल्दी बाहर होने के बावजूद भारत में टूर्नामेंट को टीवी पर 112 अरब मिनट देखा गया।

## भारत ने कनाडा को 13-1 गोलों से हराया

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

**भाषा** । भुवनेश्वर

**पहले** मैच में मिली अप्रत्याशित हार से उबरते हुए गत चैम्पियन भारत ने जूनियर हॉकी विश्व कप के करो या मरो के मैच में बृहस्पतिवार को कनाडा को 13-1 गोलों से हरा दिया। भारत को पहले दिन फ्रांस ने 5-4 से शिकस्त दी थी।

लगातार दूसरे दिन खेलते हुए भारतीय टीम ने आज शुरू ही से आक्रामक तेवर अपनाए और कनाडा को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

दर्शकों के बिना कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए मैच में भारत के लिए संजय ने एक बार फिर हैट्रिक (17वां, 32वां, 59वां मिनट)लगाई। उनके अलावा अराइजीत सिंह हुंडल ने भी तीन गोल (40वां, 50वां, 51वां मिनट) दागे। उत्तम सिंह (छठा और 47वां मिनट)और शारदानंद तिवारी (35वां और 53वां) ने दो दो गोल किए जबकि कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने आठवें, मनिंदर सिंह ने 27वें, अभिषेक लाकड़ा ने 55वें मिनट में गोल किए। कनाडा के लिए एकमात्र गोल 30वें मिनट में टार्डिफ क्रिस्टोफर ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। इससे पहले अन्य मैचों में अर्जेंटीना ने मिस्र को 14-0 से, नीदरलैंड ने कोरिया को 12-5 से, स्पेन ने अमेरिका को 17-0 से, फ्रांस ने पोलेंड को 7-1 से हराया। भारत को अब शनिवार को पोलैंड से खेलना है।



## श्रीलंका की विंडीज पर 187 रनों से जीत

**एपी** । गॉल (श्रीलंका)

**लसिथ** एम्बुल्डेनिया के पांच विकेट और साथी स्पिनर रमेश मेंडिस के चार विकेट की बदौलत श्रीलंका ने गुरूवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 160 रन पर समेटकर पहले क्रिकेट टेस्ट में 187 रन की शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 348 रन की जरूरत थी, उसने पांचवें और अंतिम दिन छह विकेट पर 52 रन से खेलना शुरू किया और लंच के थोड़ी देर बाद ही उसकी दूसरी पारी सिमट गई।

एम्बुल्डेनिया ने पारी में 46 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे उनके मैच में कुल छह विकेट रहे। मेंडिस ने 64 रन देकर चार विकेट से मैच में कुल सात विकेट हासिल किए। एनक्रुमार बोनर और जोशुआ डि सिल्वा छह विकेट पर 18 रन के स्कोर पर उतरे थे, उन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों को थोड़ा निराश किया। इन दोनों ने सुबह के सत्र में 62 रन और जोड़े। लेकिन एम्बुल्डेनिया ने डा सिल्वा को 54 रन पर आउट कर 100 रन की भागीदारी का अंत किया। बोनर 220 गेंद में सात चौके से नाबाद 68 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। यह उनका तीसरा टेस्ट अर्धशतक था। श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारात्ने को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने 147 और 83 रन की पारी खेली।



## सिंधू इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**बाली**। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू ने गुरूवार को यहां जर्मनी की युवोने ली पर आसानी से सीधे गेम में जीत दर्ज कर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन और तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दूसरे दौर के मैच में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने 850,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी को 37 मिनट में 21-12, 21-18 से शिकस्त दी। ली के खिलाफ पहली बार खेल रहीं दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरू से पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं। सिंधू का दबदबा इस तरह का था कि दो बार की इस ओलंपिक पदक विजेता ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया जिसमें उन्होंने लगातार सात अंक जुटाए। दूसरे गेम में हालांकि लि ने अच्छी वापसी की कोशिश की जिससे यह गेम बराबर की टक्कर वाला रहा।

## मैनचेस्टर सिटी, रीयल मैड्रिड व पीएसजी अंतिम 16 में

**चैंपियन्स लीग**

**एपी** । लंदन

**यूरोप** की शीर्ष टीमों मैनचेस्टर सिटी और रीयल मैड्रिड ने बुधवार को अपने अपने मैच जीतकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह सुरक्षित की, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड बाहर होने की कगार पर है। पेरिस सेंट जर्मेन की टीम काइलन एमबापे के गोल से शुरुआती बढ़त हासिल करने का फायदा नहीं उठा सकी और सिटी से 2-1 से हार गई। इसके बावजूद फ्रांस की यह टीम ग्रुप ए से नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रही।

रीयल मैड्रिड ने शेरिफ को 3-0 से हराकर मोलदोवा की टीम से दो महीने पहले मिली 2-1 से हार का बदला चुकता किया और अंतिम 16 में जगह बनाई। रीयल की तरफ से डेविड अलाबा, टोनी क्रूस और करीम बेंजेमा ने गोल किए। ग्रुप डी से रीयाल के अलावा इंटर मिलान ने नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। उसने एक अन्य मैच में शख्तार डोनेस्क को 2-0 से पराजित किया।

तीन बार के यूरोपीय चैंपियन इंटर मिलान ने 10 साल के बाद अंतिम 16 में जगह बनाई। इस बीच स्पोर्टिंग लिस्बन ने पेड्रो गोंजालेज के दो गोल की मदद से बोरुसिया डोर्टमंड को 3-1 से हराकर नॉकआउट में पहुंचने का 13 साल का इंतजार खत्म किया।

स्पोर्टिंग को ग्रुप सी में सितंबर में एजाक्स और डोर्टमंड से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन लगातार तीन जीत से पुर्तगाल की यह चैंपियन टीम एक मैच शेष रहते ही आगे बढ़ने में सफल रही। एजाक्स इस ग्रुप से पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुका था। एजाक्स और लिवरपूल ने अपने अपने ग्रुप में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। एजाक्स ने सेबेस्टियन हालेर के दो गोल की मदद से बेसिकतास को 2-1 से हराया जबकि लिवरपूल ने ग्रुप बी में पोर्तो को 2-0 से पराजित किया। लिवरपूल ने अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर काबिज पोर्तो पर 10 अंक की बढ़त बना ली है। इस ग्रुप में सात दिसंबर को होने वाले आखिरी दौर के मैच काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं क्योंकि पोर्तो के अलावा एसी मिलान और एटलेटिको मैड्रिड नॉकआउट में पहुंचने की दौड़ में हैं। एसी मिलान ने जूनियर मेसियास के 87वें मिनट में किए गए गोल से एटलेटिको को 1-0 से हराकर आगे बढ़ने की उम्मीदें बरकरार रखी। मिलान को अब लिवरपूल की मेजबानी करनी है जबकि एटलेटिको को पोर्तो से उसके घरेलू मैदान पर मैच खेलना है।

### किमिच और चोपो मोटिंग कोविड-19 से संक्रमित



जोशुआ किमिच


**म्यूनिख**। कोविड-19 का टीका लगाने को लेकर हिचकिचाहट दिखाने के कारण पिछले महीने जर्मनी में चर्चा का विषय रहे बायर्न म्यूनिख के स्टार फुटबॉलर जोशुआ किमिच और उनके साथी एरिक मैक्सिम चोपो मोटिंग को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। क्लब ने कहा कि ए दोनों खिलाड़ी वायरस से संक्रमित लोगों के संपर्क में आने के कारण पहले से ही पृथकवास पर हैं। इसके बाद उनका परीक्षण करवाया गया जो पॉजिटिव आया है। क्लब के अनुसार दोनों खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं। किमिच ने पिछले महीने टीवी साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने टीका लगाने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं किया है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई थी जबकि जर्मनी में टीकाकरण की गति धीमी पड़ी हुई थी। चिकित्सा विशेषज्ञों ने तब उनकी टिप्पणी पर चिंता जताई थी जबकि टीकाकरण का विरोध करने वालों ने उनका समर्थन किया था।

## इनके भी बयां, जुदा-जुदा




### अनुष्का शर्मा

**मेरा** शरीर वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था; यह जैसा था वैसा टोंड नहीं है। और मैं इसके लिए काम कर रहा हूं क्योंकि मुझे फिट रहना पसंद है। ऐसा कहने के बाद, मैं पहले की तुलना में आज अपनी त्वचा में बहुत अधिक सहज हूं, तब भी जब मेरे पास वह संपूर्ण शरीर था। मैंने महसूस किया है कि यह एक मन:स्थिति है, इसका आपके दिखने के तरीके से कोई लेना-देना नहीं है।



### सारा अली खान

**मेरा करियर** आज एक व्यावसायिक फिल्म की योजना बनाने, एक गंभीर कल करने या एक दिन बाद एक एकल फिल्म पर काम करने या रणवीर (सिंह) के साथ काम करने के बारे में नहीं रहा है। यह उस तरह से काम नहीं करता है। मेरे लिए, यह उन कहानियों को बताने के बारे में है जो मुझे लगता है कि बताई जानी चाहिए। अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह फिल्म सोलो है या मेरे पास इसमें खेलने के लिए एक छोटा सा पार्ट है।



### आर माधवन

**रंग दे बसंती** में मेरा नौ मिनट का रोल था। अब भी जब वे फिल्म के बारे में बात करते हैं तो मेरा नाम इसका पर्याय बन जाता है। इन सज्जनों ने वर्षों तक इतनी मेहनत की, मैंने केवल आठ दिन काम किया। मैंने महसूस किया कि अमरता, एक चरित्र के रूप में पहचाने जाने के संदर्भ में, इस बात पर निर्भर करती है कि आप कैसे भूमिका निभाते हैं, उस चरित्र को कैसे लिखा और प्रस्तुत किया जाता है।



### एमिली ब्लंट

**ड्वेन** जॉनसन की इतनी असाधारण उपस्थिति है। उनमें एक अद्भुत, सहज गुण है, और वह इतनी आसानी से भूमिका निभाते हैं। वह फ्रेंक की अजीब विचित्रताओं, स्वार्थी प्रवृत्तियों और उसकी भेद्यता और उसके अतीत से बेखबर है। ये सभी परतें उसे खेलने के लिए बहुत कुछ देती हैं। मुझे लगता है कि वह वास्तव में इसका आनंद ले रहा है।

### एडेल



मेरे तलाक के बाद, इतने सारे लोग होने के कारण, जिन्हें मैं नहीं जानती, यह जान लें कि मैंने वह काम नहीं किया ... इसने मुझे तबाह कर दिया। मैं शर्मिंदा थी। किसी ने मुझे शर्मिंदा नहीं किया, लेकिन आपको ऐसा लगता है कि आपने अच्छा काम नहीं किया। मुझे नहीं पता कि यह मेरे शनि की वापसी के कारण था या ऐसा इसलिए था क्योंकि मैं अपने 30 के दशक में जा रही थी, लेकिन मुझे यह पसंद नहीं था कि मैं कौन थी। मैं वास्तव में खुद को नहीं जानती थी। मुझे लगता है मेने कर दिया। लेकिन मैंने नहीं किया।

# एक गायक की खोज

## सुरेश वाडकर, जिन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया, ने सैमी सत्तार को बताया कि तकनीक ने संगीत की मिठास को छीन लिया है।



*सीने में जलन, आंखों में तूफ़ान सा क्यूं है*
*इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है।*

मुजफ्फर अली की गमन (1978) के लिए शहरयार की काव्यात्मक अभिव्यक्ति व्यस्त शहर के जीवन के भंवर में फंसी एक कोमल आत्मा का उपयुक्त प्रतिबिंब थी। लेकिन यह गायक सुरेश वाडेकर की समृद्ध, बनावट वाली आवाज थी, जिन्होंने अपनी फिल्म की शुरुआत की, जिसने फारूक शेख द्वारा पर्दे पर पूरी तरह से चित्रित किए गए पथ को जोड़ा।

वाडकर, जिन्होंने अपने 47 साल से अधिक के करियर के दौरान अंग्रेजी और जर्मन के अलावा लगभग सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में गाया है, उन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। एक सम्मेलन में बोलते हुए, वे कहते हैं, ''मुझे लगा, मुझे इसे पहले मिल जाना चाहिए था। मैं देरी के पीछे का कारण नहीं जानता। यह केवल सर्वशक्तिमान और चयन समिति ही जान सकती है। लेकिन डर ऐ दुरस्त ऐ। जब चीजें समय पर होती हैं, तो महत्व अलग होता है क्योंकि कलाकार का आत्मविश्वास और साहस कई गुना बढ़ जाता है।''

छोड़ आए हम वो गलियां (माचिस) हुजूर इस कदर (मासूम) ऐ जिंदगी गले लगा ले, सांझ ढले (उत्सव), तुम से दूधर (परिंदा) जैसे बेहद लोकप्रिय गीतों के गायक को लगता है कि संगीत प्रेमियों को मान्यता मिलने पर खुशी होती है, ''पद्म श्री जैसे सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक प्राप्त करना आपको अच्छा लगता है कि हमारे देश और सरकार ने हमें मान्यता दी है। हमारे देशवासियों का प्यार जगजाहिर है,'' वे कहते हैं।

चार दशकों से अधिक समय तक संगीतमय दृश्य का हिस्सा रहे – जहां उन्होंने फिल्मी गीत, भजन, ग़ज़ल और लोक गीत गाए हैं – वाडकर ने समय के साथ इसके विकास को देखा है। वे कहते हैं, ''लोगों को बहुत सारी चीजों में बदलाव पसंद है लेकिन आपको इतना नहीं बदलना चाहिए कि आप अपनी संस्कृति को भूल जाएं। अगर आप कपड़ों में बहुत पाश्चात्य हैं, तो यह ठीक है। लेकिन हमें ऐसा संगीत चाहिए जो कानों को मीठा लगे।''

वह आगे कहते हैं, ''पहले एक फिल्म में शब्द, धुन और स्थिति महत्वपूर्ण थी। अब गाने वहां डाल दिए जाते हैं जहां उनका कोई मतलब ही नहीं है। यही कारण है कि पुराने गीत आज भी लोकप्रिय हैं जबकि आज रचित गीत लंबे समय तक नहीं चलते हैं।''

उनका मानना है कि यह समकालीन गीतों की क्षणभंगुर अपील है, जिसने निर्देशकों को पुराने गीतों तक पहुंचने और उन्हें रीसायकल करने के लिए प्रेरित किया है। ''पहले के अच्छे अरेंजर्स म्यूजिक कंपोजर बन गए हैं इसलिए गाने अरेंजमेंट स्टाइल में बनाए गए हैं। गीत को एक आकार और रूप की आवश्यकता होती है। अगर किसी चीज़ को व्यवस्था कहा जाता है, तो आप बस इतना कर रहे होंगे कि उसे फिर से व्यवस्थित कर दिया जाए।''

ऑटो-ट्यून के बड़े पैमाने पर उपयोग ने अक्सर प्रशिक्षित गायकों के बीच गुस्सा पैदा किया है। वाडकर कोई अपवाद नहीं हैं।

''आजकल, 90 प्रतिशत गाने ऑटो-ट्यून पर हैं। जब आप गाने को कृत्रिम रूप से धुन में लाने की कोशिश करते हैं, तो यह इलेक्ट्रॉनिक रूप में खराब हो जाता है। ऐसा करना सही नहीं है क्योंकि गायक अपनी काबिलियत दिखाना चाहते हैं। ऑटो-ट्यून के लिए धन्यवाद, आजकल हर कोई गा सकता है, जिसमें अभिनेता भी शामिल हैं, ''वे आगे कहते हैं, ''हमें अवसरों को वितरित करना चाहिए। अगर इतने सारे अभिनेताओं ने एक गाना गाया है, तो उतनी ही संख्या में गायकों को एक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का मौका दिया जाना चाहिए।'' मैं रेखा के दूसरे छोर पर उसके मुस्कुराते हुए लगभग चित्र बना सकता हूं।



वाडकर को गुरु जियालाल वसंत द्वारा विभिन्न शैलियों को गाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था ''महात्मा गांधी के शताब्दी वर्ष (1969) के दौरान, गुरुजी को सरकार द्वारा भारत दौरे के लिए आमंत्रित किया गया था। मैं उनके साथ गया और दिल्ली के प्रगति मैदान सहित 13 भाषाओं में गाया। मुझे जो भी काम मिला, मैंने उसे भगवान के आशीर्वाद के रूप में लिया है।''

तालाबंदी के दौरान मनोरंजन उद्योग ठप हो गया था और सभी काम बंद हो गए थे। वाडकर ने इस समय का उस तरह से उपयोग किया जैसे वह सबसे अच्छे से जानते हैं – गायन। ''मुझे कड़ी मेहनत करने का समय मिला। मेरे पास घर पर एक स्टूडियो है। इसलिए, हर दिन और हर पल, मैंने इसका इस्तेमाल किया। मैं हमेशा से अपने पसंदीदा दिग्गजों के गाने गाना चाहता था। लॉकडाउन के दौरान मैंने अपने स्टूडियो में करीब 150-200 ऐसे गाने रिकॉर्ड किए।

मेरी पत्नी और बेटियों ने भी समय का सदुपयोग किया। सुबह रूटीन रियाज के बाद हमने अपनी रिकॉर्डिंग की। मैं उन गानों को धीरे-धीरे यूट्यूब पर रिलीज करूंगा।''

गायक को भी कोविड के कारण 10 दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जो उनकी बेटी, एक संगीतकार से प्रसारित हुआ था। ''अस्पताल में, मैंने गायकों को देखा जो मेरे लिए भगवान के समान हैं : लताजी, आशाजी, मन्ना डे, रफ़ी साब और बहुत कुछ।''

जबकि वाडकर ने पिछले गायकों से सीखा, वह अपने संगीत विद्यालय, अजीवासन के माध्यम से एक नई पीढ़ी को प्रशिक्षित कर रहे हैं। पहले सिर्फ मुंबई में ही नहीं बल्कि न्यू जर्सी और दुबई में भी फिजिकल क्लासेस होती थीं। ''महामारी आने से पहले ही, चूंकि अक्सर वीजा से संबंधित समस्याएं होती थीं, इसलिए हम ऑनलाइन शिफ्ट हो गए थे। हालांकि एक ऑनलाइन क्लास के दौरान थोड़ी देरी होती है लेकिन यह लगभग एक-से-एक क्लास की तरह है'', वे कहते हैं।


हालाँकि, मुंबई में ऑफ़लाइन कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं क्योंकि छात्र भी बहुत परेशान थे और शारीरिक कक्षाओं के लिए आना चाहते थे। ''मेरा एक छोटा सा हॉस्टल है और मुंबई के बाहर से आने वाले बच्चे यहां रहते हैं। मेरी बड़ी बहन सितार पढ़ाती है, मेरी पत्नी गायन सिखाती है और मैं भी'', वह आगे बेहतर समय की उम्मीद करते हुए कहते हैं।

# इन टू दि वाइल्ड

## करण जौहर ने बेयर ग्रिल्स को विक्की कौशल को एक आकर्षक भोजन परोसने की चुनौती दी, जबकि कियारा आडवाणी ने अपने नवीनतम स्टंट के लिए अभिनेता के आत्मविश्वास को बढ़ाया।



अभिनेता विकी कौशल, जो डिस्कवरी+ की सर्वाइवल फ्रैंचाइज़ी, इनटू द वाइल्ड विद बियर ग्रिल्स के सीज़न 2 में दिखाई देंगे, को उनके पिता और उद्योग के दोस्तों ने सबसे प्रसिद्ध उत्तरजीविता, बेयर ग्रिल्स के साथ जंगली में उनके विदेशी अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। एड्रेनालाईन पंपिंग और चुनौतीपूर्ण उत्तरजीविता शो का प्रीमियर 12 नवंबर को हुआ। इस विशेष में, बेयर ग्रिल्स प्रेरणा के रूप में विभिन्न मील के पत्थर तक पहुंचने पर इन संदेशों को विक्की के साथ साझा करते हैं। एपिसोड में उन्हें प्रोत्साहित करने और शुभकामनाएं देने वालों में उनके पिता शाम कौशल, कियारा आडवाणी और करण जौहर शामिल हैं।



भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और टेलीविजन होस्ट जौहर ने व्यक्त किया, ''तो विकी, मैंने आपके चने पर बहुत सारे विदेशी, अद्भुत भोजन व्यंजन देखे हैं। और अब आप बेयर ग्रिल्स के साथ हैं। तो, जाहिर है, यह समय है कि आप वास्तव में उसके साथ एक विदेशी भोजन करें। तो, भालू, विक्की को एक ऐसा भोजन बनाओ जिसे वह कभी नहीं भूलता! मेरे साथ तो बहुत कॉफी पी लिए तुमने विक्की, अब आपके लिए बेयर ग्रिल्स के साथ एक आकर्षक भोजन करने का समय है। तो, ऑल द बेस्ट। मेरे सारे प्यार और इसे मार डालो!''

अपने अभियान के लिए कौशल को शुभकामनाएं देते हुए, आडवाणी ने साझा किया, ''मेरे प्यारे विकी, आपके पास इस तरह की साहसिक यात्रा करने के लिए दुनिया का सारा जोश और हिम्मत है। लेकिन आज आपका खेल का मैदान फिल्म का सेट नहीं है, यह गहरा, गहरा सागर है। आपने मुझे बताया है कि आपको गहरे समुद्र और गहरे पानी का फोबिया है। लेकिन, मुझे पता है कि अगर कोई है जिसके पास जोश है तो यह आप ही हैं कि आप आगे बढ़ें और इस डर को जीतें और दूसरी तरफ से विजेता बनें। इसलिए, मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं और मैं आपको दूसरी तरफ देखने जा रहा हूं।''

# पिता की मौजूदगी का एहसास

## इरफ़ान खान के बेटे, बाबिल का लड़कपन से भरा और स्वप्निल रूप, परिवार के फार्महाउस को एक फोटोशूट सेट में बदल देता है।





फोटोग्राफी सिनेमा की बड़ी दुनिया में प्रवेश करने की दिशा में पहला कदम है। इरफान खान के बेटे बाबिल ने हाल ही में अपने परिवार के नासिक फार्महाउस में एक फोटोशूट करवाया है और दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। वह कच्चा, स्वप्निल दिखता है और वह निश्चित रूप से तस्वीरों में अपने पिता की कृपा का एक उदासीन संकेत देता है। इक्का-दुक्का फोटोग्राफर शिवाजी सेन ने भव्य फार्महाउस के आसपास बाबिल के कई मूड को खूबसूरती से कैद किया है। ईशा भंसाली द्वारा स्टाइल किया गया आवश्यक लुक के लिए शीर्ष पर आइसिंग था।



फोटोशूट के बारे में बात करते हुए, बाबिल ने साझा किया, ''फार्महाउस मेरे परिवार के लिए एक विशेष स्थान है। यह वह विश्राम का ठिकाना है जहां मेरे पिता जब भी आराम करने की जरूरत महसूस करते थे, लौट जाते थे। मैं पूरे क्षेत्र में उनकी मौजूदगी को मजबूती से महसूस करता हूं। यही कारण है कि मैंने इसे अपनी शूटिंग की जगह के रूप में भी चुना।''

उन्होंने आगे कहा, ''शिवाजी सेन ने मेरे कई मूड को कैप्चर करने का शानदार काम किया है। मैं जो हासिल करना चाहता था, उसके बारे में हमने बहुत बात की और मुझे लगता है कि परिणाम उन सभी के बराबर हैं जिन्हें हमने हासिल करने के बारे में सोचा था।'' बाबिल को अभी अपनी पहली फिल्म के बारे में आधिकारिक घोषणा करना बाकी है और दर्शक इसके लिए उत्सुक हैं। उनके पास एक मजबूत विरासत है और उनमें एक पूर्णतावादी के जीन चल रहे हैं।

# इतिहास के पन्नों से

## लेखिका और इतिहासकार, सुभद्रा सेन गुप्ता, अपने प्रशंसकों को उनके मरणोपरांत काम - मेसोपोटामिया से एज़्टेक तक पहली सभ्यताओं की कहानी के रूप में अंतिम विदाई उपहार देती हैं। बता रही हैं खुशबू कीर्ति:

*'क्योंकि कोई नहीं बचा है। उन दिनों सबसे अच्छा पत्थर'*


सुभद्रा सेन गुप्ता (1952 – 3 मई, 2021), एक प्रिय भारतीय लेखिका और प्रसिद्ध इतिहासकार, जो इस साल की शुरुआत में कोविड से लड़ाई हार गईं, ने अपने प्रशंसकों को अपने अंतिम काम के रूप में अंतिम बिदाई उपहार दिया है – द स्टोरी मेसोपोटामिया से एज़्टेक तक की पहली सभ्यताओं में से। पुस्तक बच्चों के लिए ऐतिहासिक तथ्यों की एक गहन शोध क्षमता है। अपनी सुस्त और स्पष्ट लेखन शैली में, गुप्ता ने अपने पाठकों को जादुई इतिहास की दुनिया के माध्यम से अंतिम यात्रा पर ले लिया है। उन्होंने मानव उत्पत्ति और विकासवादी तत्वों के बारे में कहानियों को सबसे चंचल और दिलचस्प तरीके से प्रसारित किया है।

उनके लिए इतिहास का क्या अर्थ है, इस बारे में बात करते हुए, सबसे सरल तरीके से, गुप्ता ने कहा, ''जल्द ही हमने शब्दों को वाक्यों में बदलना शुरू कर दिया और फिर जानकारी साझा करना, अपनी भावनाओं को व्यक्त करना और गपशप करना शुरू कर दिया। और आज, स्कूल से लेकर ऑफिस में काम करने से लेकर रेसिपी शेयर करने तक हर चीज के लिए जरूरी है कि हम बात करें। यह संज्ञानात्मक क्रांति हमारे दिमाग में शुरू हुई और इसे ही हम भाषा कहते हैं।''

उसने जारी रखा, ''अगला चरण महत्वपूर्ण था क्योंकि अब हमने एक लिखित स्क्रिप्ट विकसित की और सब कुछ लिखना सीख लिया – और हमने तब से लिखना बंद नहीं किया है। हमने रिकॉर्ड रखे, पत्र लिखे, किताबें छपीं, और अब हमारे पास व्हाट्सएप और ईमेल है। लोगों का इतिहास बनाने के लिए यह पहला कदम था ... राजाओं और लड़ाइयों, देवी-देवताओं का; हमने क्या खाया और क्या कपड़े पहने; हमारे गाने और हमारे खेल। यह हमारे दैनिक जीवन और दुनिया की घटनाओं के बारे में है। और वह, मेरे दोस्त, जिसे हम इतिहास कहते हैं।''



चीनी सभ्यता ने परीक्षाओं की अवधारणा को सबसे पहले कैसे पेश किया, इस बारे में मनोरंजक तथ्यों से, आर्किमिडीज के बारे में 'यूरेका' चिल्लाते हुए सड़कों पर नग्न दौड़ना, और आलू इंकास से एक उपहार होने के बारे में, आधा बैल और आधा आदमी मिनोटौर की किंवदंतियों और षड्यंत्र के सिद्धांत अटलांटिस के आसपास, पुस्तक मेसोपोटामिया से लेकर एज़्टेक तक सभी को कवर करती है। पुस्तक में देवाशीष वर्मा के चित्र शामिल हैं, जो पठन को अलंकृत करते हैं।




टॉकिंग क्लब की प्रकाशक, सुदेशना शोम घोष, जिन्होंने काम को एक साथ रखा था, ने व्यक्त किया, ''यह एक ऐसी परियोजना थी जिसने उन्हें (लेखक) रोमांचित और उत्साहित किया था और उन्होंने इसे अपने सामान्य उत्साह और सावधानीपूर्वक शोध के साथ निपटाया था। हमेशा की तरह, यहां लेखन ताजा, सुलभ, विनोदी रहा – इतिहास की किताबों से जो उम्मीद की जाती है उससे कहीं ज्यादा दूर। इस साल की शुरुआत में उनके दुखद निधन के बाद इस पुस्तक को प्रकाशित करना हमारे लिए एक सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी थी।''

गुप्ता ने बच्चों के लिए 40 से अधिक किताबें लिखीं क्योंकि उन्हें लगा कि वे सबसे अच्छे पाठक हैं। इतिहासकार की कृतियाँ इतिहास के उन तथ्यों से सुशोभित हैं जो सभी पाठकों को एक ही बैठक में कहानियों के माध्यम से पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

उनकी कुछ कृतियों में अलविदा पाशा बेगम शामिल हैं!, एक डरावनी कहानी जहां दिल्ली में छुट्टी पर नायक अचानक खुद को मुगल युग में एक गुलाम के रूप में पाता है, बिष्णु – धोबी गायक एक धोबी लड़के के बारे में जिसे संरक्षण के तहत समर्थित और लिया जाता है तानसेन का, एक मौर्य साहसिक जहां अशोक की सेना में एक सैनिक की बेटी दुनिया भर में उद्यम करती है, और इसी तरह। उनकी किताब, मिस्ट्री ऑफ द हाउस ऑफ पिजन्स, को दूरदर्शन के लिए खोज खजाना खोजर के रूप में एक टेलीविजन श्रृंखला में रूपांतरित किया गया था। उन्होंने बच्चों के लिए भारत का संविधान प्रकाशित करने पर भी लोकप्रियता हासिल की, जिसके लिए उन्होंने कई शोधकर्ताओं को भी जिम्मेदार ठहराया था। उसका काम महल- मुगल हरम में शक्ति और तमाशा एक मुगल हरम के सामाजिक जीवन के इर्द-गिर्द घूमता था।